RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 18
लखनऊ, बुधवार, 4 नवंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




फिल्म परिंदा एक रोमांचकारी अनुभव थी : माधुरी दीक्षित
विविध-12

# गांवों में ज्यादा, शहरों में कम निकले मतदाता

● तेजस्वी, तेजप्रताप यादव और नीतीश सरकार के कई मंत्रियों का भाग्य ईवीएम में बंद

## बिहार विस चुनाव का दूसरा चरण संपन्न



पटना में मंगलवार को एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के लिए पंक्तिबद्ध खड़े मतदाता

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना

**बिहार** में मंगलवार को दूसरे चरण के लिए मतदान हुआ। लेकिन मतदान केंद्रों में ग्रामीण बनाम शहरी विभाजन साफ दिखा जिससे राज्य में चुनाव लड़ रहे पक्ष और विपक्ष के गठबंधनों को उम्मीद और निराशा दोनों हो रही है। चुनाव आयोग ने कहा कि बिहार चुनाव के दूसरे चरण में मंगलवार को 94 सीटों के लिए 53.51 फीसदी वोटिंग हुई और कई स्थानों पर निर्धारित समय के बाद भी वोटिंग जारी है लिहाजा मतदान का फीसदी और बढ़ सकता है।

इन विधानसभा सीटों पर 2015 के चुनाव में 55.35 फीसदी मतदान हुआ था। बिहार के ग्रमीण इलाकों खासतौर पर यादव और मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में बड़ी संख्या में मतदाता बाहर निकले लेकिन प्रदेश की राजधानी पटना, जो दशकों से भाजपा का गढ़ रही है, वहां सिर्फ 48 फीसदी वोट पड़ा। वहीं मुजफ्फरपुर में करीब 60 फीसदी वोटिंग हुई। यदि भाजपा पटना में कम मतदान होने को लेकर चिंतित है तो जदयू की भी अपनी चिंता है क्योंकि नीतीश कुमार के गृह जनपद में दूसरा सबसे कम मतदान 51 फीसदी हुआ। 2015 में जदयू ने इस जिले में सात में पांच सीटें जीती थीं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी एचआर श्रीनिवास ने मंगलवार की देर शाम पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में कुल 94 सीटों पर मतदान हुआ और अभी तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 54.05 प्रतिशत वोट पड़े हैं। उन्होंने बताया कि विगत 2015 विधानसभा चुनाव के दौरान यह प्रतिशत 56.17 था। श्रीनिवासन ने बताया कि अभी भी 13 विधानसभा क्षेत्रों का मतदान प्रतिशत अपडेट होना बाकी है तथा इन आंकड़ों के आ जाने के बाद मतदान प्रतिशत और बढेगा। बुधवार को सुबह 10 से 11 बजे हम लोगों को सटीक आंकड़े प्राप्त हो जाएंगे। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत प्रदेश के 17 जिलों की 94 विधानसभा सीटों पर कोविड-19 से बचाव के निर्धारित मापदंड का पालन करते हुए मंगलवार को कड़ी निगरानी और पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान सुबह सात बजे शुरू हो गया था।

यह 94 विधानसभा क्षेत्र 17 जिलों पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, भागलपुर, नालंदा तथा पटना में पड़ते हैं। दरभंगा जिला का कुशेश्वरस्थान एवं गौडाबौराम, मुजफ्फरपुर का मीनापुर, पारू एवं साहेबगंज, वैशाली जिला का राघोपुर तथा खगड़िया जिला के अलौली एवं बेलदौर विधानसभा क्षेत्र में मतदान अपराह्न 4 बजे ही संपन्न हो गया था जबकि बाकी अन्य विधानसभा क्षेत्रों में शाम छह बजे तक मतदान जारी रहा था। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी मतदान केंद्रों पर अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती सुनिश्चित किए जाने के साथ मतदान के लिए कोविड-19 संबंधी ( शेष पेज 9 )

## प्रदेश की सात विस सीटों पर 53.62 प्रतिशत मतदान

● उप चुनाव में 88 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** की सात विधान सभाा सीटों पर हुए उप चुनाव में शाम 6 बजे तक मतदान 53.62 प्रतिशत मतदान हुआ है। उप चुनाव में मतदान थोड़ा धीरे रहा लेकिन दोपहर 12 बजे के बाद मतदान में तेजी आई और शाम तक कुल मतदान का प्रतिशत 53.62 प्रतिशत रहा। चुनाव आयोग के अनुसार अमरोहा की नौगांवा सादात सीट पर 61.50 प्रतिशत, बुलंदशहर सीट पर 52.10 प्रतिशत, फिरोजाबाद की टूंडला सीट पर 54 प्रतिशत, उन्नाव की बांगरमऊ सीट पर 50.59 प्रतिशत, कानपुर नगर घाटमपुर सीट पर 49.42 प्रतिशत, देवरिया सीट पर 51.05 तथा जौनपुर की मल्हनी सीट पर 56.65 प्रतिशत वोट पड़े। उपचुनाव में कुल 88 प्रत्याशी मैदान में हैं। बांगरमऊ सीट भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को उम्र कैद की सजा सुनाये जाने के कारण उनकी सदन की सदस्यता समाप्त होने जबकि टूंडला की सीट यहां से विधायक चुने गए एसपी सिंह बघेल के आगरा से सांसद बनने के बाद खाली हुई है।

वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में इन सात सीटों में से छह पर भाजपा ने जबकि मल्हनी सीट पर सपा ने जीत हासिल की थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने ट्वीट कर मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बनने की अपील की। उधर सपा ने भी मतदाताओं से वोट का आह्वान किया। फिरोजाबाद में टूंडला विधानसभा उप चुनाव में कुछ स्थानों पर मतदाताओं ने विकास कार्य न होने की शिकायत करते हुए मतदान का बहिष्कार ( शेष पेज 9 )

## ज्ञानोदय से राष्ट्रोदय का माध्यम है नई शिक्षा नीतिः मुख्यमंत्री

● नई शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन के लिए शिक्षाविदों के साथ सीएम ने किया विमर्श



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लंबे इंतज़ार के बाद देश में एक ऐसी शिक्षा नीति लागू हुई है, जो सच्चे अर्थों में भारतीय है। जिसका फोकस सिर्फशिक्षा नहीं, बल्कि एक पूरी पीढ़ी को विकसित करने पर है। यह नीति ज्ञानोदय से राष्ट्रोदय का माध्यम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के पदाधिकारियों व शिक्षाविदों के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों और उसके क्रियान्वयन के लिए जरूरी प्रयासों पर विमर्श कर रहे थे।

सीएम ने कहा कि विश्वविद्यालय सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन के लिए शिक्षा से जुड़े सभी प्रकल्पों को कार्ययोजना बनाकर काम करना होगा। पाठ्यक्रम तय करने से लेकर पठन-पाठन और मूल्यांकन की व्यवस्था तक में हर स्तर पर भविष्य की जरूरतों के अनुसार बदलाव करते हुए ऐसी शिक्षण प्रणाली विकसित करें जो औरों के लिए अनुकरणीय बने। इसके लिए शिक्षाविदों, छात्रों, अभिभावकों सहित सभी संबंधित पक्षों की सलाह ली जानी चाहिए।

सीएम ने न्यास के पदाधिकारियों को भविष्य की जरूरतों के हिसाब से पिछले पौने चार वर्ष में प्रदेश के शिक्षा जगत में गुणात्मक सुधार के लिए किए गए प्रयासों से अवगत कराया। सीएम ने कहा कि नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए प्रदेश में काम शुरू हो चुका है। इसके एक्शन प्लान को एक टाइमलाइन से जोड़ना होगा। सीएम ने कहा कि स्कूली स्तर के पाठ्यक्रम, ग्रामीण स्तर में पढ़ने वाले विद्यालयों के बच्चों के मनोभावों के आधार पर भी तैयार होना चाहिए। बच्चों का स्तर, भाषा शैली, परिवार और परिवेश का विशेष ध्यान रखना चाहिए। हमारी शिक्षा व्यवस्था महज रटने वाली नहीं बल्कि ज्ञान बढ़ाने वाली हो। इन सभी बदलावों से यह नई शिक्षा नीति को क्रियान्वयन कराना और अच्छा और सुगम हो सकता है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करती है। आत्मनिर्भरता की संकल्पना महात्मा गांधी की जीवन दृष्टि का सार तत्व है।

## मुख्तार से जुड़े विवादित निर्णय देने वाले दो आईएएस हटाए गए

**लखनऊ ( पीएनएस )।** प्रदेश सरकार ने राजस्व परिषद में तैनात दो आईएएस अधिकारियों को हटाकर प्रतीक्षारत कर दिया है। राजस्व परिषद में लखनऊ जिले से जुड़े एक वाद के निर्णय को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए गए हैं। सरकार ने मंगलवार को 1985 बैच के आईएएस अधिकारी व राजस्व परिषद में सदस्य डॉ. गुरदीप सिंह व 2006 बैच के आईएएस अधिकारी व परिषद में सदस्य न्यायिक राजीव शर्मा को हटाकर प्रतीक्षारत कर दिया गया है। गुरदीप अगले महीने दिसंबर में और राजीव अगले वर्ष जुलाई में प्रशासनिक सेवा पूरी कर रिटायर होने वाले हैं। इन अफसरों पर विवादित फैसले लेने के आरोप हैं। इनके फैसलों से सांसद अफजाल अंसारी, मुख्तार अंसारी और कैरियर मेडिकल कालेज व डेंटल कालेज के मालिकों को फायदा पहुंचने की बात कही जा रही है। राजीव शर्मा अभी कुछ समय पहले विशेष सचिव नगर विकास से राजस्व परिषद भेजे गए थे। राजस्व परिषद के सदस्य के पास न्यायिक अधिकार होता है ( शेष पेज 9 )

## वियना में आतंकी हमले में पांच की मौत हमलावर इस्लामिक स्टेट का हमदर्द



वियना में आतंकी हमले के बाद घटना स्थल पर कार्रवाई को पहुंची पुलिस

**एजेंसी।** वियना

● 17 जख्मी, फर्जी आत्मघाती जैकेट पहने संदिग्ध को पुलिस ने मार गिराया

**ऑस्ट्रिया** की राजधानी वियना में एक बंदूकधारी ने सोमवार की शाम को, लॉकडाउन लागू होने से पहले लोगों पर गोलीबारी कर दी। इस हमले में एक हमलावर समेत पांच लोगों की मौत हुई है और 17 अन्य जख्मी हुए हैं। गृह मंत्री कार्ल नेहम्मर ने बताया कि हमले में मरने वालों में दो पुरुष और दो महिलाएं हैं। असॉल्ट राइफल थामे और फर्जी आत्मघाती जैकेट पहने हुए संदिग्ध को पुलिस ने मार गिराया। ऑस्ट्रिया की समाचार एजेंसी एपीए के मुताबिक, वियना की अस्पताल सेवा ने बताया कि हमले में जख्मी हुए सात लोगों की हालत नाजुक है। अस्पताल में 17 ( शेष पेज 9 )

### फ्रांस ने माली में 50 इस्लामिक चरमपंथियों को मार गिराया

**पेरिस।** फ्रांस की रक्षामंत्री ने कहा कि पश्चिमी अफ्रीका के माली में इस्लामिक चरमपंथियों के खिलाफ लड़ रहे फ्रांसीसी सैन्य बलों ने हाल के अभियान में 50 से अधिक जिहादियों को मार गिराया है। रक्षामंत्री फ्लोरेंस पार्ली ने सोमवार को ट्वीट कर बताया कि फ्रांसीसी बलों ने गत शुक्रवार को बारखाने इलाके में की गई कार्वाई में लड़ाकों से हथियार जब्त किए हैं। उन्होंने कहा, यह एक बार फिर दिखाता है कि आतंकवादी दंड मुक्त नहीं हो सकते। पार्ली इस समय माली की राजधानी बमाको में हैं जहां पर वह अंतरिम सरकार के प्रमुख से बात करेंगी। उल्लेखनीय है कि अगस्त में माली के राष्ट्रपति का सेना ने तख्ता पलट कर दिया था। पार्ली ने माली में यथाशीघ्र लोकतांत्रिक चुनाव कराने का आह्वान किया और कहा कि मौजूदा नेतृत्व ने इसका भरोसा दिया है।

## प्याज भंडारण की स्टॉक सीमा तय करने के निर्देश

**लखनऊ( पीएनएस )।** प्याज की बढ़ती कीमतों को देखते हुये सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्याज की स्टॉक लिमिट तय करने के निर्देश दिए हैं। जल्द ही इस बारे में सरकार अधिसूचना जारी करेगी। सरकार के इस कदम से प्याज की जमाखोरी पर अंकुश लगने के साथ ही लोगों को यह कम कीमत पर आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। सूत्रों के मुताबिक खुदरा व्यापारी दो मीट्रिक टन तक प्याज भंडारण कर सकते हैं, जबकि थोक व्यापारी अधिकतम 25 मीट्रिक टन तक प्याज रख सकते हैं। यह सीमा दिसंबर अंत तक लागू रहेगी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी है। इससे पहले बीते 23 अक्टूबर को केंद्र सरकार ने इस संबंध में एडवाइजरी जारी की थी। स्टॉक लिमिट लागू करने से पहले व्यापारियों को तीन दिन का समय दिया जाएगा। व्यापारियों को छंटाई और पैकिंग का काम तीन दिन में पूरा कर लेना होगा। उसके बाद स्टॉक की सीमा लागू होगी। कुछ जनपदों में प्याज की कीमतों में अचानक आई उछाल को नियंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं।

## चीन ने नेपाली क्षेत्र में हड़पी 150 हेक्टेयर से अधिक जमीन

● ब्रिटिश अखबार का दावा, चीन का इनकार

**भाषा।** बीजिंग

**ब्रिटेन** के एक प्रमुख अखबार ने दावा किया है कि चीन ने नेपाल के क्षेत्र में 150 हेक्टेयर से अधिक जमीन हड़प ली है, जिस पर चीन के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि यह पूरी तरह बेबुनियाद अफवाह है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन की प्रतिक्रिया द टेलीग्राफ अखबार की खबर पर आई है जिसने नेपाल के राजनेताओं के हवाले से खबर प्रकाशित की थी कि चीन ने सीमा के पास पांच क्षेत्रों में 150 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन पर कब्जा कर लिया है और उसने पूर्ववर्ती डूब क्षेत्र पर दावे के लिए एक नदी के बहाव की दिशा को भी बदला है। खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए वांग ने कहा, मैं बताना चाहता हूं कि खबर पूरी तरह बेबुनियाद अफवाह है। जब वांग से इस बारे में साक्ष्यों के लिए कहा गया तो उन्होंने कहा, जब यह अफवाह है तो इस खबर को जारी करने वालों को पहले सबूत पेश करने चाहिए। द टेलीग्राफ अखबार के संवाददाता ने इस संदर्भ में कहा, हमारे पास प्रमाण हैं। हमने नेपाल के राजनेताओं से बात की है और उन्होंने ऐसा कहा है। हम चाहते हैं कि चीनी पक्ष प्रतिक्रिया दे।

इस पर वांग ने कहा कि रिपोर्टिंग से पहले तथ्यों का सत्यापन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मेरा सुझाव है कि इस तरह की खबर प्रकाशित करने से पहले आपको चीजों का सत्यापन करते हुए जिम्मेदारी पूर्ण कार्वाई करनी चाहिए। मैं कह सकता हूं कि यह खबर पूरी तरह बेबुनियाद अफवाह है। द टेलीग्राफ के संवाददाता ने कहा, हमने नेपाल में चीनी दूतावास से प्रतिक्रिया के लिए संपर्क किया था लेकिन उन्होंने जवाब नहीं दिया। इसलिए हम आज यहां हैं। हमें उम्मीद है कि चीन का विदेश मंत्रालय प्रतिक्रिया देगा। वांग ने जवाब में कहा, मेरे पास आपके लिए स्पष्ट और सटीक जवाब है कि आपकी खबर तथ्यों पर आधारित नहीं ( शेष पेज 9 )

## किसानों के बच्चों की पढ़ाई के लिए 4% ब्याज पर ऋण देगा ग्राम विकास बैंक

**भाषा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक बच्चों की पढ़ाई के लिए किसानों को 4 प्रतिशत ब्याज पर कर्ज देगा। बैंक के सभापति संतराज यादव ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह बैंक किसानों की आय दोगुनी करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करने की दिशा में सक्रिय हैं। हाल में उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के सभापति चुने गए यादव ने कहा, सहकारिता आंदोलन के जरिए किसानों को समृद्ध बनाने के लिए वह लगातार पहल कर रहे हैं। ग्राम विकास बैंक सामान्य वर्ग के किसानों को खेती के विकास और संसाधनों के लिए 13.50 प्रतिशत, पिछड़े वर्ग के किसान को 6 प्रतिशत और अनुसूचित वर्ग के किसानों को 4 प्रतिशत ब्याज पर कर्ज दे रहा है। उन्होंने कहा कि आर्थिक अभाव में बच्चों की पढ़ाई बाधित हो जाती है। इसलिए उनकी कोशिश है कि सभी वर्ग के किसानों को बच्चों की पढ़ाई के लिए कर्ज मिले। इसके लिए उनके पास सिर्फ अपनी खेती ( शेष पेज 9 )

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 40,261 | ↑ | 503 | |
| निफ्टी | 11,813 | ↑ | 144 | |
| सोना | 51,735 | ↑ | 55 | /10g |
| चांदी | 61,610 | ↑ | 170 | /kg |

### क्विक न्यूज

**देश में कोरोना के 38,310 नए मामले, 490 की मौत**

**नई दिल्ली।** भारत में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 40 हजार से कम नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 82.67 लाख हो गए। वहीं अभी तक 76 लाख से अधिक लोग संक्रमण मुक्त भी हो चुके है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार देश में कोविड-19 के 38,310 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमण के मामले बढ़कर 82,67,623 हो गए। वही 490 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,23,097 हो गई। आंकड़ों के अनुसार देश में 76,03,121 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के बाद देश में मरीजों के ठीक होने की दर 91.96 फीसदी हो गई। वही कोविड-19 से मृत्यु दर 1.49 प्रतिशत है। वही देश में लगातार पांचवे दिन उपचाराधीन लोगों की संख्या छह लाख से कम रही।

## मालाबार युद्धाभ्यास शुरू, पहली बार आस्ट्रेलिया भी ले रहा भाग

● विशाखापट्नम के पास बंगाल की खाड़ी में लगा क्वाड देशों की नौसेनाओं का जमावड़ा

● चीन का सुर नरम, जताई उम्मीद अभ्यास क्षेत्रीय स्थायित्व और शांति के विरुद्ध नहीं होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



फाइल फोटो

**वास्तविक** नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर जारी तनाव के बीच मालाबार नौसेना अभ्यास मंगलवार को शुरू हो गया। विशाखापट्नम के पास बंगाल की खाड़ी में चल रहे इस युद्धाभ्यास में भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया भाग ले रहे हैं।

आस्ट्रेलिया पहली बार इसमें भाग ले रहा है। इससे पहले भारत ने आस्ट्रेलिया को शामिल करने पर चीन के एतराज को खारिज कर दिया था। आस्ट्रेलिया इस युद्धाभ्यास में शामिल होने के लिए उत्सुक था तथा दो अन्य क्वाड देश अमेरिका और जापान ने आस्ट्रेलिया को शामिल करने के लिए समर्थन किया था।

सालाना होने वाला यह युद्धाभ्यास इस बार दो चरणों में होगा। पहला चरण तीन से छह नवंबर तक बंगाल की खाड़ी में होगा जबकि दूसरा चरण नवंबर के मध्य में अरब सागर में होगा। युद्धाभ्यास का मौजूदा संस्करण पिछली बार से अलग होगा ( शेष पेज 9 )

## बिहार में भारी मात्रा में नशीले पदार्थों की जब्ती

● चुनाव के दौरान विपक्ष ने सरकार पर हमले का मुद्दा बनाया

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**प्रवर्तन** एजेंसियां मुंबई में बॉलीवुड कलाकारों के नशीले पदार्थ रखने और उसके सेवन को लेकर शिकंजा कसने के कारण सुर्खियों में हैं लेकिन बिहार जहां पर विधानसभा चुनावों के लिए मतदान चल रहा है, भारी मात्रा में नशीले पदार्थों की बरामदगी की ओर उसका ध्यान नहीं जा रहा है।

अधिकारियों ने भारी मात्रा में गांजा, भांग, अफीम, तंबाकू बरामद किया है, जिससे समझ में आता है कि इस बार चुनावों में निषेध इतना बड़ा मुद्दा क्यों बन गया है। बिहार में दूसरे चरण के मतदान तक चुनाव आयुक्त द्वारा 7.79 लाख लीटर शराब, 4871.99 किलो गांजा, 3350 किलो भांग, 12.50 किलो अफीम और 150 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त किया गया है।

इसके अलावा ईसी ने 24.84 करोड़ की नकदी, 90 लाख रुपये नेपाली करेंसी, 19.68 किलो सोना और कीमती आभूषण तथा 275 किलो चांदी बरामद किया है। इससे संबंधित घटनाक्रम में मैठानी से जनता दलयू के विधायक नरेंद्र कुमार सिंह उर्फ भागो सिंह को सोमवार को बिहार के बेगुसराय जिले में दूसरे चरण के मतदान से कुछ घंटे पूर्व कथित तौर पर वोटरों को धन बांटने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक प्रवर्तन एजेंसियों 52.89 करोड़ रुपये जब्त किए हैं। यह जब्ती 2015 विधानसभा तथा 2019 लोकसभा चुनावों में जब्त की गई राशि से अधिक है। 19.52 करोड़ रुपये पूरे राज्य में वाहनों की जांच के दौरान जब्त किए गए। पहले चरण के चुनाव के दौरान 10.78 लीटर शराब बरामद की गई थी। विपक्ष अब इस मुद्दे को लेकर नीतीश कुमार पर लगातार हमला कर रहा है। आबकारी विभाग के आंकड़ों के मुताबिक प्रतिबंध से पहले बिहार में हर महीने 26 करोड़ लीटर शराब की खपत होती थी।

इस साल पूरे देश में 5.70 अरब लीटर शराब की खपत हुई थी। प्रतिबंध के बाद से बिहार में पिछले साढ़े चार सालों में तीस लाख लीटर शराब जब्त की जा चुकी है। इसमें 14 लाख लीटर देसी तथा 16 लाख लीटर विदेशी शराब थी। ईसी के मुताबिक चुनाव के दौरा राज्य में 3.54 लाख लोगों (खराब व्यवहार या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले) को नोटिस जारी किया गया है। आंकड़ों के मुताबिक ( शेष पेज 9 )

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 4 नवंबर, 2020



# कोरोना प्रोटोकाल का अनिवार्य रूप से पालन हो

## सभी सावधानियां बरतते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति कोरोना कैरियर न बनने पाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोविड 19 के नियंत्रण के लिए प्रदेश में किए जा रहे प्रयासों पर संतोष व्यक्त करते हुए आगे भी इसी गति से कार्य किए जाने पर बल दिया है। कोविड 19 के प्रसार को रोकने के लिए अभी भी पूरी सतर्कता और सावधानी बरतने पर जोर देते हुये सीएम योगी ने कहा कि त्योहारों पर बाजारों में दुकानदार और ग्राहक कोरोना प्रोटोकाल पर पालन करें और मास्क पहनें।

मुख्यमंत्री मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर अनलाक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी समय में प्रदेश में कई पर्व आयोजित किए जाएंगे। त्यौहारों को मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग बाजार में खरीददारी कर रहे हैं। ऐसे में संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए कोविड 19 के प्रोटोकाल तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण पालन कराना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बाजारों में दुकानदार तथा ग्राहक दोनों मास्क अवश्य पहनें। दुकान में सेनिटाइजर भी उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि सभी सावधानियां बरतते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति कोरोना कैरियर न बनने पाए। उन्होंने पर्वों और त्यौहारों के दृष्टिगत पब्लिक एड्रेस सिस्टम को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसके माध्यम से लोगों को कोविड.19 से बचाव की निरन्तर जानकारी दी जाए। संचारी रोगों के नियंत्रण, महिला सुरक्षा व सम्मान तथा सड़क सुरक्षा के बारे में भी पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा जागरूक किया जाए।

उन्होंने कहा कि संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए साफ-सफाई का कार्य पूरी सक्रियता से संचालित किया जाए। सेनिटाइजेशन, एण्टीलार्वा रसायनों का छिड़काव एवं फागिंग के कार्य नियमित तौर पर किए जाएं। नालियों की सफाई इस प्रकार की जाए जिसमें सफाई के दौरान निकले मलवे का भी समुचित निस्तारण हो। उन्होंने गो आश्रय स्थलों पर भी साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी क्रय केन्द्रों पर पूरी पारदर्शिता के साथ धान खरीद की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसान को अपनी उपज बेचने में कोई असुविधा न हो। किसानों की उपज का भुगतान 72 घण्टे में कर दिया जाए। अधिकारियों द्वारा धान खरीद प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग तथा धान क्रय केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया जाए। उन्होंने आलू, प्याज के दामों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी दिए।

बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे, अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव महिला कल्याण एवं बाल विकास एस राधा चौहान, प्रमुख सचिव पशुपालन भुवनेश कुमार, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## उर्दू भाषा में उत्कृष्ट काम करने वालों को योगी सरकार ने किया सम्मानित

**लखनऊ।** सबका साथ सबका विकास नारे को आगे बढ़ाते हुये योगी सरकार ने उर्दू भाषा लेखकों को आर्थिक सहायता दी है। फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल समिति की ओर से उर्दू भाषा में उत्कृष्ट काम करने वाले 80 लेखकों को सम्मानित किया गया। इन सभी लेखकों को 22 लाख 25 हजार की आर्थिक सहायता उपहार स्वरूप दी गई। फखरूद्दीन अली अहमद समिति के सदस्य दानिश आजाद ने बताया कि उर्दू भाषा के विकास के लिए प्रदेश की योगी सरकार ने कई अहम कदम उठाए हैं। सरकार के निर्देश पर भाषा समिति व फखरूद्दीन अली अहमद समिति की बैठक में प्रदेश के 80 उर्दू लेखकों अब्दुररहमान फैसल, नफीस वारसी, नसीर अंसारी, अख्तर काजमी आदि को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा देश भर के विश्वविद्यालयों से आए आवेदनों में से चयन करके 12 छात्रों को स्कालरशिप प्रदान की गई। सम्मान पाने वालों में सुमैया बानो, बिलाल अहमद शेख, नजराना शफी, मो रशीद इकबाल, मो रजा अजहरी, मो इरफान, शोएब अली, तारिक अहमद, वसीक अहमद डार, शाइस्ता रियाज, मो अहसन, रियाज अहमद थे। विदित हो कि योगी सरकार लगातार अल्पसंख्यक समुदाय के विकास के लिए काम करती आ रही है। स्कालरशिप पाने वाले छात्रों में कश्मीर विश्वविद्यालय से लेकर अलीगढ़ विश्विद्यालय व पंजाब यूनिवर्सिटी तक के छात्र शामिल हैं। सरकार अल्पसंख्यक युवाओं की शिक्षा के लिये कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है जिससे वो शिक्षित होकर समाज के मुख्यधारा में शामिल हो सकें।

## यूपी कोऑपरेटिव बैंक भर्ती घोटाले के मामले में तीन अधिकारी निलंबित

**लखनऊ।** यूपी को ऑपरेटिव बैंक भर्ती घोटाले में मामले में मंगलवार को दो उप महाप्रबंधक समेत तीन अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। यूपी को ऑपरेटिव बैंक प्रबंध निदेशक भूपेंद्र कुमार ने बताया कि उप महाप्रबंधक दिलीप कुमार तथा शैलेश यादव तथा सहायक महाप्रबंधक सिद्धार्थ को निलंबित किया गया है। निलंबित अधिकारियों पर भर्ती के दौरान शैक्षिक अहर्ता बदले जाने से संबंधित पत्रावली बैंक प्रबंध समिति की बैठक में प्रस्तुत नहीं करने का आरोप है। भूपेंद्र कुमार ने बताया है कि इस मामले में अभी और कई अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। निलंबित किए गए अधिकारियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक स्टाफसर्विस रूल्स के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही भी प्रारंभ की गई है। इन अधिकारियों को मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। इस मामले की जांच महाप्रबंधक स्तर के अधिकारी को दी गई है। 15 दिन के अंदर जांच रिपोर्ट तलब की गई है। गौरतलब है कि इस मामले में बैंक के तत्कालिन प्रबंध निदेशक रहे दो अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई पहले ही हो चुकी है। एसआईटी जांच के आधार पर इन दोनों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कराई जा चुकी है।

## शासन ने तलब की विकास दुबे के खिलाफ दर्ज मुकदमों में कार्रवाई की जानकारी

**लखनऊ।** कानपुर के चर्चित बिकरू कांड के मुख्य अभियुक्त और एनकाउंटर में मारे गए हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे के खिलाफ दर्ज 5 दर्जन से अधिक मुकदमों में की गई कार्रवाई की जानकारी शासन ने मांगी है। सूत्रों का कहना है कि शासन ने कई मुकदमों में विकास के बरी होने और जमानत मिलने के बाद अपील की कार्रवाई सहित छह बिंदुओं पर कानपुर प्रशासन से रिपोर्ट मांगी है। शासन इस बात से हतप्रभ है कि जघन्य अपराधों में शामिल होने के बावजूद विकास कई मामलों में बरी हो गया था जबकि अन्य तमाम मामलों में उसे जमानत मिल चुकी थी। यही वजह है कि शासन की ओर से उस दौरान तैनात रहे सरकारी अधिवक्ताओं के संबंध में भी जानकारी तलब की गई है। कानपुर प्रशासन का कहना है कि इस बारे में डीजीसी से जानकारी मांगी गई है और रिपोर्ट आते ही शासन को भेज दी जाएगी।

कानपुर देहात व कानपुर नगर में विकास दुबे के खिलाफ दर्ज मामलों एक बार फिर से छानबीन हो रही है और हफ्ते भर के अंदर रिपोर्ट शासन को भेजे जाने की उम्मीद है।

## जर्मनी की वॉन वेलेक्स कंपनी विभिन्न चरणों में करेगी 300 करोड़ का निवेश



### आगरा में कंपनी की दो फुटवियर इकाइयों में उत्पादन शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** में बने निवेश के सार्थक माहौल के परिणामस्वरूप जर्मनी की वॉन वेलक्स कम्पनी की दो फुटवियर इकाइयों ने उत्पादन शुरू कर दिया। इसका उदघाटन एसीएस अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग आलोक कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि वॉन वेलेक्स द्वारा प्रदेश में विभिन्न चरणों में तीन परियोजनाओं में लगभग 300 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। जिनमें लगभग 10000 रोज़गार के अवसर सृजित होंगे। इन परियोजनाओं में कम्पनी द्वारा विभिन्न प्रकार के 50 लाख जोड़ी जूतों के वार्षिक उत्पादन का लक्ष्य है।

इन इकाइयों की स्थापना एक्सपोर्ट प्रमोशन इंडस्ट्रियल पार्क आगरा में भारत के इआट्रिक इण्डस्ट्रीज ग्रुप के साथ साझेदारी में की गई हैं। इन दोनों इकाइयों में कुल 2000 रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। 25 लाख जोड़ी जूतों की वार्षिक उत्पादन क्षमता है। आलोक कुमार ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में संकट को अवसर में बदलने के विजन के परिणाम मिलने प्रारम्भ हो गए हैं। कोविड–19 के बाद के कालखण्ड में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जिसमें मात्र पांच माह के अल्प समय में निवेश–प्रस्ताव क्रियान्वित होकर उत्पादन भी प्रारम्भ हो गया है। निवेशकों की सुविधा के लिए नए संस्थागत सुधारों के विषय में बताते हुए आलोक कुमार ने कहा कि अब एक नई एकीकृत निवेश एवं सुगमता संस्था इन्वेस्ट यूपी का गठन किया गया है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ईआट्रिक इण्डस्ट्रीज आशीष जैन ने बताया कि इस परियोजना में विभिन्न प्रकार के 25 लाख जोड़े जूतों का वार्षिक उत्पादन किया जाएगा। यह जर्मन प्रौद्योगिकी और उत्तर प्रदेश के जनसांख्यिकीय लाभांश के तालमेल का एक अनुपम उदाहरण है।

## लखनऊ व अलीगढ़ नोड के लिए 75 करोड़ के दो अनुबंधों पर हुए हस्ताक्षर



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### यूपी में डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर का मामला

**यूपी** डिफेंस इण्डस्ट्रियल कारीडोर को लेकर सोमवार को यूपीडा मुख्यालय में जेएनवी एरिका प्राईवेट लिमिटेड के साथ यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी ने 2 अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। 1 अनुबंध में उक्त कंपनी द्वारा लखनऊ नोड में 10 एकड़ भूमि पर 50 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव रखा है। कम्पनी द्वारा अलीगढ़ नोड में 25 करोड़ निवेश के साथ 5 एकड़ भूमि की मांग की है। जिस पर अवनीश कुमार अवस्थी ने कम्पनी को आश्वासन दिया कि कम्पनी को उसके द्वारा प्रस्तावित भूमि उपलब्ध करायी जाएगी। कंपनी के प्रतिनिधि विजय सुजान ने अत्यन्त खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का माहौल बदल गया है डिफेंस कॉरिडोर की प्रगति को देखते हुए निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश करने के लिए अति उत्साहित हैं। अवनीश अवस्थी ने कहा कि भारतीय रक्षा उद्योग तेजी से बदलाव के दौर से गुजर रहा है। मेक इन इंडिया योजना के हिस्से के रूप में डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर की घोषणा देश में रक्षा विनिर्माण क्षमता का विस्तार करने और विदेशी निर्भरता को कम करने उद्देश्य से की गई थी।

## सड़क दुर्घटना में मृत्यु पर सीएम ने शोक जताया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा के सोनीपत में हुई एक सड़क दुर्घटना में प्रदेश के निवासियों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने हादसे में मरने वालों के शवों को यहां लाने तथा घायलों के समुचित इलाज को लिये हरियाणा सरकार से बात की है। सीएम योगी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

पत्रांक :– 77 / नि0अनु0 / 2020 दिनांक :– 03 / 11 / 2020

R.F.P. (Request For Proposal)

नगर निगम, शाहजहाँपुर में राज्य स्मार्ट सिटी परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए परियोजना प्रबंधन सलाहकार फर्म का चयन किये जाने हेतु "Selection of PMC (Project Managment Consultant) to Design, Develop, Manage and Implement Smart City Project for Shahjahanpur City" इच्छुक एवं अनुभवी फर्मों से दिनांक 24.11.2020 तक समस्त विवरण सहित प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है

उक्त के संबंध में अन्य जानकारी नगर निगम के सहायक अभियन्ता श्री विपुल कुमार (मो0नं0–8317084487) से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। नगर निगम, शाहजहाँपुर की वेबसाइट www.nagar-nigamshahjahanpur.in पर विस्तृत जानकारी हेतु प्रपत्र उपलब्ध है। उपयुक्त प्रस्ताव पर विचार किया जायेगा। बिना कारण बताये प्रस्ताव स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, शाहजहाँपुर में निहित होगा।

नगर आयुक्त

IS 15700:2005

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत खण्ड–प्रथम
आफिस काम्पलेक्स, द्वितीय तल (भूतनाथ मन्दिर मार्ग) इन्दिरा नगर, लखनऊ-226016

पत्र सं0–1571 / A–3 / 160 **अल्पकालीन ई–निविदा सूचना** दिनांक : 02.11.2020

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु निम्न विवरणानुसार परिषद में विद्युत / यौंत्रिक कार्यों हेतु अर्ह श्रेणी में पंजीकृत फर्मों से ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि डबल बिड प्रणाली के अंतर्गत ई–प्रीक्योरमेंट सोल्यूशन प्रणाली द्वारा खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमनित लागत (रु0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रु0 लाख में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ई निविदा डाउनलोड करने की तिथि | टेक्निकल बिड खुलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मझोला योजना संख्या–4 भाग–2 (विस्तार) मुरादाबाद के सेक्टर–16 में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत निर्मित किये जा रहे भवनों के क्षेत्र में वाह्य विद्युतीकरण का कार्य। | 133.00 | 2.66 | 4500.00 +18% GST | 03 माह | 13.11.2020 | 23.11.2020 11:00 बजे पूर्वान्ह |

नियम व शर्तें:– 1. निविदा प्रपत्र एवं अन्य नियम व शर्तें परिषद की वेबसाइट www.upavp.com के निविदा लिंक पर, उ0प्र0 इलेक्ट्रोनिक्स कार्पोरेशन की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर देखे जा सकते हैं। इच्छुक ठेकेदारों से अनुरोध है कि वह नियमित रूप से उक्त वेबसाइट पर देखते रहें क्योंकि निविदाओं के सम्बन्ध में कोई बदलाव अथवा सूचना मात्र उक्त वेबसाइट पर ही उपलब्ध करायी जायेगी। डिजिटल सिग्नेचर धारक ठेकेदारों द्वारा ही ऑनलाइन निविदा डाली जा सकती है। 2. उक्त कार्य के क्रियान्वयन के समय विद्युत विभाग से समय–समय पर शट डाउन की आवश्यकता पड़ेगी अतः विद्युत विभाग से शट डाउन इत्यादि प्राप्त करने की पूर्ण जिम्मेदारी फर्म की होगी। कार्य कराते समय यदि कोई दुर्घटना होती है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी फर्म की होगी। शट डाउन की वजह से उक्त फीडर से पोषित होने वाले क्षेत्र को यदि किसी अन्य फीडर से जोड़ने हेतु विद्युत विभाग द्वारा कहा जाता है तो उक्त हेतु यदि कोई अस्थायी विद्युतीकरण कार्य कराने की आवश्यकता पड़ती है तो उक्त कार्य फर्म को कराना पड़ेगा जिसके लिए कोई अतिरिक्त भुगतान फर्म को नहीं किया जायेगा। इस सम्बन्ध में फर्म को कोई क्लेम मान्य नहीं होगा। 3. तकनीकी बिड का परीक्षणोपरांत फाइनेन्सियल बिड खोलने की तिथि परिषद की वेबसाइट www.upavp.com के निविदा लिंक पर उ0प्र0 इलैक्ट्रिोनिक्स कार्पोरेशन की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर अपलोड की जायेगी। 4. भू–संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 (यथासंशोधित) के पैरा 14(3) के अनुसार "यदि कब्जा सौंपे जाने की तारीख से पाँच वर्ष की अवधि के भीतर आबंटिती द्वारा, ऐसे विकास से संबंधित किसी संरचनात्मक त्रुटि या सेवाओं के कर्मकौशल, क्वालिटी या उपबंध या संप्रवर्तक की किन्हीं अन्य बाध्यताओं की ओर संप्रवर्तक का ध्यान दिलाया जाता है तो संप्रवर्तक का यह कर्तव्य होगा कि वह ऐसी त्रुटियों को बिना किन्हीं अतिरिक्त प्रभारों के तीस दिन के भीतर दूर कराए और संप्रवर्तक द्वारा ऐसी त्रुटियों को ऐसे समय के भीतर दूर करने में असफल रहने की देशा में व्यक्ति आबंटिती वह समुचित प्रतिकर पाने का हकदार होगा, जो इस अधिनियम के अधीन उपबंधित हो।" अतः निविदादाता को उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करनी होगी। 5. उक्त भवन रेरा के अंतर्गत पंजीकृत है। अतः यदि अनुबंध में उल्लेखित समयान्तर्गत कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है एवं रेरा इत्यादि किसी भी विभाग द्वारा कोई पेनाल्टी अध्यारोपित की जाती है तो उसकी कटौती बीजक से करके धनराशि संबंधित विभाग को प्रेषित कर दी जायेगी जिसके लिए फर्म का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।

अधिशासी अभियन्ता

## मतदाताओं के रुझान से उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की जीत सुनिश्चित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की सातों विधानसभा के उपचुनावों में सभी मतदाताओं ने सत्तारूढ़ भाजपा के तमाम हथकंडों और दबावों को नकारते हुए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान किया। मतदाताओं के रुझान से समाजवादी पार्टी की जीत सुनिश्चित हो गई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सभी मतदाताओं को इसके लिए बधाई दी है और निर्भीकता से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए उनकी प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को अपनी स्वच्छ छवि के कारण जनता का प्रबल समर्थन मिला है। यद्यपि मतदाता समाजवादी के पक्ष में मतदान के लिए सुबह से ही मतदान केन्द्रों पर लाइन में लग गए थे किन्तु कई स्थानों पर धांधली कर उनके उत्साह पर पानी फेरने के प्रयास किए गए। सत्तादल ने अपनी हार का संकेत पाकर मतदाताओं का उत्पीड़न शुरू कर दिया है। अमरोहा की नौगवां सादात विधानसभा सीट पर मतदान के दौरान वोटरों पर पुलिस का लाठीचार्ज सत्तापक्ष को सामने दिख रही हार के बाद जनता पर किया वार है।

अखिलेश ने कहा कि सत्तारूढ़ दल ने चुनाव में आज धांधलेबाजी की हद कर दी है। कहीं ईवीएम मशीन में गड़बड़ी रही, कहीं समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं का खुलेआम उत्पीड़न हुआ। कई पुलिस कर्मी, ठेकेदार सत्तादल के प्रचारक की भूमिका में नज़र आए। चुनाव आयोग को इन सभी शिकायतों से अवगत करा दिया गया है। प्राप्त सूचनाओं के अनुसार कई मतदान केन्द्रों पर थर्मल स्कैनिंग के बहाने पीठासीन अधिकारी द्वारा 30 प्रतिशत से ज्यादा मतदाताओं को मतदान से वंचित किया गया। कई मतदान केन्द्रों पर ईवीएम मशीन खराब होने से मतदान बाधित हुआ।

## राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के लम्बित प्रकरण जल्द निस्तारित करें: रमापति शास्त्री

**लखनऊ । प्रदेश** समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत जनपद आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी, प्रयागराज, कौशांबी, प्रतापगढ़, फतेहपुर, कुशीनगर, गोरखपुर, देवरिया, महाराजगंज में लम्बित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि निदेशक समाज कल्याण को निर्देश दिये गये है कि वह भी इन जनपदों के जिला समाज कल्याण अधिकारियों को अपने स्तर से निर्देशित करें कि इस योजना के तहत प्राप्त प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय में कराया जाना सुनिश्चित करें।

मंगलवार को समाज कल्याण मंत्री ने बताया कि जिन जनपदों में इस योजना के तहत प्राप्त प्रकरणों का निराकरण समयानुसार नहीं कराया जाएगा तो उस जनपद के जिला समाज कल्याण अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। शास्त्री ने कहा कि राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत गरीबी रेखा के नीचे निवासरत परिवार के मुख्य कमाऊ मुखिया की मृत्यु होने पर मृतक के आश्रित को आर्थिक सहायता दिए जाने की व्यवस्था है, जिसके तहत 30 हजार रूपये प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत यदि कोई आवेदन प्राप्त हो तो उसको प्राथमिकता के आधार पर सभी आवश्यक कार्रवाई कराते हुए आवेदन का निराकरण करा कर पात्र लाभार्थी को अवश्य लाभान्वित किया जाए।

## दागदार पुलिस अधिकारी पर सरकार मेहरबान क्यों: लल्लू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा महोबा के निलम्बित पुलिस अधीक्षक मणिलाल पाटीदार की एफआईआर रद्द करने और गिरफ्तारी पर रोक की याचिका खारिज करने का स्वागत करते हुए कहा कि यह बात समझ से परे है कि प्रदेश की योगी सरकार इस भ्रष्ट अफसर को बचाने की कोशिशें क्यों कर रही है। उन्होंने योगी सरकार से पूछा है की कि अदालत से याचिका रद्द हो जाने के बाद इस पुलिस अधिकारी को तुरन्त गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा है। आखिर किसके इशारे पर योगी सरकार इस पुलिस अधिकारी पर मेहरबानी दिखा रही है। अपराध और अपराधियों पर जीरो टोलरेंस का दावा करने वाली सरकार आखिर क्यों दागदार पुलिस पर मेहरबान है। प्रदेश की योगी सरकार बताए कि खनन के अवैध कारोबार में उनके मंत्रिमंडल के कौन कौन मंत्री लिप्त हैं।

कार्यालय उपजिलाधिकारी सदर बस्ती

पत्रॉक–861(4) / वा0वा0न0–2020 दिनॉक–03 नवम्बर 2020

प्रेस विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स गोविन्द नगर शुगर मिल (ए यूनिट आफ फेनिल शुगर लि0) वाल्टरगंज एवं बस्ती शुगर मिल (ए यूनिट आफ फेनिल शुगर लि0) बस्ती के विरुद्ध विभिन्न विभागों से निर्गत वसूली प्रमाण पत्रों का बकाया मु0 5857.74 (लाख रु0 में) व अन्य न जमा करने की दशा में मेसर्स बस्ती शुगर मिल (ए यूनिट आफ फेनिल शुगर लि0) बस्ती की कुर्कशुदा चल सम्पत्ति जिसका मूल्यांकन 257983162.00 है एवं बस्ती शुगर मिल बस्ती की ग्राम करमा तप्पा कड़र स्थित भूमि रक्बा 9.1840 हे0 जिसका मूल्यांकन 16500000.00 (एक करोड पैसठ लाख मात्र) प्रति हे0 की दर से लगभग 160000000.00 (सोलह करोड़ मात्र) है, की नीलामी दिनॉक 11.11.2020 को तहसील बस्ती सदर के सभागार में समय 02.00 बजे अपरान्ह होगी। नीलामी में इच्छुक व्यक्ति मूल्यांकन धनराशि के 10 प्रतिशत धनराशि (पृथक पृथक रूप से) डिमान्ड ड्राफ्ट तहसीलदार बस्ती सदर के नाम जमाकर नीलामी बोली में भाग लेने हेतु अधिकृत होगें। नियम एवं शर्तो के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में संग्रह कार्यालय तहसील बस्ती सदर में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

नीलामी में सर्वाधिकार नीलाम अधिकारी / स्वीकृत अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

उपजिलाधिकारी
सदर बस्ती।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मेरा पूरा नाम मोहम्मद रिजवान अंसारी है परन्तु त्रुटिवश मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम मोहम्मद रिजवान अंकित हो गया है, जिसे सुधारना नितान्त आवश्यक है। भविष्य में मुझे मेरे पूरे नाम मोहम्मद रिजवान अंसारी पुत्र मोहम्मद इदरीश अंसारी, निवासी – 1, ए–ब्लाक, आजाद नगर, बालागंज कैम्पवेल रोड, लखनऊ के नाम से जाना जाये।

सूचना

सूच्य हो कि मैंने अपना नाम मीरान अजीज अन्सारी से बदल कर मीरान अजीज कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना व सम्बोधित किया जाये। मीरान अजीज पुत्र अजीजुर रहमान अन्सारी, निवासी – 229 / 85 / 1–4, सुबतियाबाग पाटा नाला, चौक, लखनऊ।

सूचना

सूच्य हो कि मैंने अपना नाम रशीदा बानो अन्सारी से बदल कर रशीदा बानो कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना व सम्बोधित किया जाये। रशीदा बानो पत्नी अजीजुर रहमान अन्सारी, निवासी–229 / 85 / 1–4, सुबतियाबाग पाटा नाला, चौक, लखनऊ।

सूचना

सूचित किया जाता है कि शादी से पहले मेरा नाम गीता पाण्डेय था जिसे बदलकर मैंने अपना नाम गीता मिश्रा रख लिया है और भविष्य में मुझे गीता मिश्रा के नाम से जाना व पहचाना जाये।

सूचना

मैं, आर्मी नं0 4200961K L/NK संजय सिंह पुत्र श्री गुलाब सिंह युनिट 15 कुमांऊ (Indore) मार्फत 56 एपीओ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम LALITA DEVI त्रुटिवश दर्ज हो गया है जबकि उनका वास्तविक नाम LALITA KANWAR है जिसे मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाना नितान्त आवश्यक है।

### कन्या भ्रूण हत्या व बाल अधिकार होगी थीम

# 14 से शुरू होगा मिशन शक्ति अभियान का दूसरा चरण

### बाल अधिकारों का उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार का मिशन शक्ति अभियान अपने दूसरे चरण में एक नए कलेवर में नजर आएगा। बाल दिवस से शुरू हो रहे हैं दूसरे चरण में महिला अधिकारों के साथ बाल अधिकार कन्या भ्रूण हत्या, यौन अपराधों की रोकथाम के साथ महिलाओं के साथ होने वाली घरेलू हिंसा के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। मिशन शक्ति अभियान का दूसरा चरण पूरे प्रदेश में 14 नवम्बर 2020 से शुरू होगा जो 21 अप्रैल 2021 को समाप्त होगा। बाल दिवस पर शुरू हो रहे मिशन शक्ति अभियान में इस बार बालिकाओं व महिलाओं के साथ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कन्या भ्रूण हत्या और बाल अपराधों को रोकने के लिए, जागरूकता अभियान के साथ प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। उत्तर प्रदेश के 75 जिलों, 822 ब्लाकों, 59163 ग्राम सभाओं, 189204 आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से प्रदेश की 24 करोड़ जनता को बाल व महिला अपराधों को रोकने के लिए प्रदेश सरकार 180 दिनों तक विशेष अभियान चलाएगी।

**छह महीने चलेगा विशेष अभियान:** उत्तर प्रदेश सरकार महि?ला एवं बालिकाओं के साथ बाल अधिकारों व बाल श्रम कराने वालों पर सख्त कार्रवाई करेगी। बाल दिवस पर शुरू हो रहे मिशन शक्ति अभियान के दूसरे चरण में एक सतत् मिशन के रूप में चलाए जाने के निर्देश प्रदेश सरकार ने दिए हैं। इसे 180 दिनों तक चलाया जाएगा। बाकायदा सभी कार्यक्रम थीम वार आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की जिम्मेदारी महिला कल्याण तथा बाल विकास पुष्टाहार समेत अन्य विभागों को दी गई है।

## पहले चरण में आठ घरों को टूटने से बचाया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार एक ओर महिलाओं के सुरक्षा व स्वावलंबन के लिए काम कर रही है वहीं दूसरी ओर पारिवारिक विवादों के चलते टूटने वाले घरों को जोड़ने का काम भी कर रही है। मिशन शक्ति अभियान के तहत वुमेन पावर हेल्पलाइन में पारिवारिक विवाद के प्रकरणों को निपटाने के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग की सेवा को शुरू किया गया है।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि वुमेन पावर हेल्पलाइन में 17 अक्टूबर से शुरू हुई इस सेवा से महिलाओं व बेटियों को लाभ मिल रहा है। ऑनलाइन काउंसलिंग के लिए घरेलू और कामकाजी महिलाओं की कॉल आ रही हैं। काउंसलर्स पति पत्नी की ऑनलाइन काउंसलिंग कर बिखर चुके रिश्तों को दोबारा जोड़ रहे हैं। मिशन शक्ति के साथ शुरू हुई इस सेवा से नौ दिनों में काउंसलर्स ने आठ पारिवारिक विवाद के मामलों को निपटा कर उनका घरौंदा बचाया है। वुमेन पावर हेल्पलाइन 1090 में ऑनलाइन काउंसलिंग के जरिए बिखरे रिश्तों को बचाया जा रहा है। जिससे मानसिक तौर पर टूट चुकी महिलाओं का मनोबल बढ़ाने का काम काउंसलर्स कर रहे हैं। घरेलू हिंसा, पारिवारिक मतभेद का त्वरित निपटारा करके रिश्तों में पड़ चुकी गांठ को सुलझाया जा रहा है। 1090 हेल्पलाइन नंबर पर आने वाली शिकायतों को दर्ज किया जाता है जिन प्रकरणों में काउंसलिंग की जरूरत लगती है। उन कॉल को काउंसलर्स को ट्रांसफर कर दिया जाता है। जिसके बाद तीन चरणों में काउंसलर्स काउंसलिंग कर परिवार को बिखरने से बचाने की कोशिश करते हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# मॉर्निंग वाक पर निकले बीडीसी सदस्य की स्कार्पियो से कुचल कर हत्या

## सपा नेता और उसके साथी पर एफआईआर

## ग्रामीणों ने पांच घण्टे तक नहीं उठाने दिया शव

संवाददाता। मोहनलालगंज

**मॉर्निंग** वाक पर निकले पूरनपुर गांव के बीडीसी सदस्य विजय प्रताप रावत की मंगलवार सुबह बगहनखेड़ा निवासी सपा नेता मनोज यादव ने स्कार्पियो से कुचल कर हत्या कर दी। परिजनों ने फायरिंग का आरोप भी लगाया है। हत्याकाण्ड की भनक लगते ही मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस की भूमिका से नाराज ग्रामीणों ने हत्यारोपी को मौके पर बुलाने की मांग लेकर पांच घण्टे तक शव नहीं उठाने दिया। काफी मान मनौव्वल के बाद पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया तब जाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका।

मोहनलालगंज के पूरनपुर गांव निवासी विजय प्रताप रावत (33) और बगहनखेड़ा निवासी सपा नेता और अधिवक्ता मनोज यादव के बीच पिछले कुछ महीनों से जमीनी विवाद को लेकर अनबन चल रही थी। ग्रामीणों की मानें तो मामले की शिकायत पुलिस तक पहुंच चुकी थी। लेकिन पुख्ता कार्रवाई के अभाव में तनाव बढ़ता गया। परिजनों का आरोप है कि मंगलवार की सुबह टहलने निकले विजय प्रताप रावत सुबह करीब 6 बजे पैदल ही वापस घर लौट रहे थे तभी निर्माणाधीन आउटर रिंग रोड के समीप आरोपी मनोज यादव ने अपनी स्कार्पियो से विजय प्रताप को कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। हत्यारोपी ने दो राउण्ड फायरिंग भी की। हत्याकांड को अंजाम देकर भागने की कोशिश कर रहे मनोज की स्कार्पियो हड़बड़ी में रोड किनारे लगे पिलर से टकराकर पलट गई जिससे मनोज भी जख्मी हो गया। परिजनों के मुताबिक निलमथा निवासी लल्लू यादव की मदद से मनोज घटनास्थल से भाग निकलने में कामयाब रहा। वारदात की सूचना मिलते ही एडीसीपी सुरेन्द्र चन्द्र रावत और डीसीपी रईश अख्तर ने फारेन्सिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर गहनता से पड़ताल की। मृतक की पत्नी रेखा ने हत्यारोपी मनोज यादव और उसके साथी लल्लू यादव के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस को घटनास्थल से बुलेट के दो खोखे और चप्पलें बरामद हुई हैं। एसीपी प्रवीण मलिक ने बताया मृतक विजय प्रताप के सिर और पैर में चोट नजर आ रही है। उसकी पत्नी की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है। फिलहाल आरोपी मनोज यादव का निजी अस्पताल में पुलिस हिरासत में इलाज चल रहा है। उधर डीसीपी रईश अख्तर ने बताया पीएम रिपोर्ट में मृतक के शरीर पर गोली लगने की बात सामने नहीं आई है।



घटनास्थल पर जांच करते पुलिस अधिकारी व इनसेट में मृतक की फाइल फोटो

बीडीसी सदस्य विजय प्रताप रावत की हत्या की सूचना फैलते ही घटनास्थल पर आसपास के गांव से सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस अधिकारियों की बातचीत में एक्सीडेन्ट का जिक्र सुनते ही ग्रामीण भड़क उठे और पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाकर हत्यारोपी को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे। आक्रोश बढ़ता देख कई थाने की पुलिस और पीएसी बुलाकर घटनास्थल को छावनी में तब्दील कर दिया गया। पुलिस अफसरों ने मुआवजा दिलाने समेत ग्रामीणों को समझाने की हरसंभव कोशिश की लेकिन भीड़ टस से मस नहीं हुई। आखिरकार आरोपी मनोज यादव को हिरासत में लिए जाने की जानकारी देकर पुलिस अधिकारियों ने हत्या की तहरीर ली और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया तब जाकर परिवारीजनों ने पांच घण्टे बाद करीब 11 बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने दिया।

उधर वारदात के बाद मोहनलालगंज कोतवाली पहुंचे जेसीपी नवीन अरोड़ा ने घटनाक्रम से जुड़े सभी लोगों को बारी-बारी से बुलाकर गहनता से पूछताछ की। जेसीपी ने मातहतों से भी क्राइम सीन की पूरी जानकारी ली। जमीनी विवाद की वजह और ब्योरा पता लगाने के लिए भी पुलिस टीम भेजी। मृतक की पत्नी रेखा, बेटे शुभम और बेटियों श्वेता व नेहा समेत अन्य परिवारीजन से बातचीत कर पूरी जानकारी लेने के निर्देश दिए।

# युवक की करेंट से मौत, शव रखकर प्रदर्शन की कोशिश

**लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार थाना इलाके के छोटा भरवारा में काम के लिए गए प्राइवेट विद्युत कर्मी की करंट लगने से मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। मंगलवार दोपहर बाद स्थानीय लोगों की मदद से रोड पर रखकर पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन के लिए चिनहट चौराहे पहुंचे तो स्थानीय पुलिस ने समझा बुझाकर शांत करवाया।

मिली जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय आदर्श गोमतीनगर विस्तार थाना इलाके के मानखेड़ा का रहने वाला था। इसके साथ ही उसकी छोटा भरवारा इलाके में इलेक्ट्रिक की दुकान चलाता था। परिजनों ने बताया कि सोमवार शाम करीब 5 बजे आदर्श गोमतीनगर विस्तार के दुर्गापुरी स्थित साईं अपार्टमेंट में एजाज अहमद के मकान में काम करने गया था। इस दौरान करंट लगने से युवक बुरी तरह झुलस गया। लोगों ने उसे फौरन इलाज के लिए लोहिया अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि उक्त लोगों ने ना सिर्फ अस्पताल पहुंचाने और इलाज में लापरवाही बरती बल्कि उसे परिजनों के सुपुर्द करना भी मुनासिब नहीं समझा। ऐसे में मृतक युवक के परिजन देर रात तक चिनहट, विभूतिखंड और गोमतीनगर विस्तार थाना का चक्कर लगाते रहे। बावजूद इसके पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इससे नाराज परिजनों ने मंगलवार दोपहर बाद शव को चिनहट तिराहे पर रखकर पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करने की कोशिश की।

# वैश्विक स्तर पर राजधानी के वैज्ञानिकों ने बनाई जगह, किया नाम रौशन

## जर्नल में राजधानी के 25 वैज्ञानिक शामिल, केजीएमयू, पीजीआई, सीडीआरआई, आईटीआर को मिली जगह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वैश्विक** स्तर पर प्रकाशित पब्लिक लाइब्रेरी आफसाइंस नामक जर्नल में राजधानी के 25 वैज्ञानिकों ने जगह बनाई है। इस जर्नल को 16 अक्टूबर को संयुक्त राज्य अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य के प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के डॉ जोन्ह के नेतृत्व में तीन वैज्ञानिकों के दल ने एक अध्ययन जरिये प्रकाशित किया है। इस अध्ययन में विश्व के 100000 वैज्ञानिकों और चिकित्सा विज्ञान, इंजीनियरिंग व अन्य मौलिक विज्ञान के क्षेत्र के सर्वोच्च 2 फीसदी वैज्ञानिकों को शामिल किया गया है।

इस सूची में लखनऊ शहर से 25 वैज्ञानिकों के नाम हैं। इन 25 वैज्ञानिकों में से 6 सीडीआरआई, 4 आईटीआर, 3 केजीएमयू, 3 लखनऊ विश्वविद्यालय और 3 संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के वैज्ञानिक हैं। पीजीआई लखनऊ के गैस्ट्रोइंट्रोलॉजी विभाग के प्रोफेसर राकेश अग्रवाल सूची में सर्वोच्च स्थान पर हैं, जिनके 263 प्रकाशन हैं और विश्व में गैस्ट्रोइंट्रोलॉजी व हेपेटोलाजी के क्षेत्र में उनकी 490 रैंक है। डाक्टर अग्रवाल वर्तमान में जीपमर पुडुचेरी में प्रतिनियुक्ति पर निदेशक के पद पर कार्य कर रहे हैं। संस्थान के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के दूसरे प्रोफेसर डॉक्टर उदय चंद्र घोषाल के 288 प्रकाशन हैं और विश्व की सूची में उनका 931 वां स्थान है। डाक्टर घोषाल को आंत संबंधी रोगों के क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल है और वे रोम फाउंडेशन के सह अध्यक्ष भी है। रोम फाउंडेशन विशेषज्ञों का समूह है जो आंतों के रोगों के प्रबंधन के लिए गाइडलाइंस बनाता है। सर्जिकल गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी के प्रोफेसर डॉ वीके कपूर के 233 प्रकाशन हैं और सर्जरी के क्षेत्र में विश्व में इनकी 968 रैंक है। गॉलब्लैडर कैंसर पर डाक्टर कपूर का कार्य अंतरराष्ट्रीय रूप से मान्यता प्राप्त है। सूची में एसजीपीजीआई के पूर्व विद्यार्थी डॉक्टर नैवेद्य चट्टोपाध्याय का भी नाम है जिन्होंने 1989-1992 में प्रोफेसर गोडबोले के सक्षम मार्गदर्शन में अपना शोध कार्य पूरा किया और आज वह सीडीआरआई में कार्य कर रहे हैं। इनकी एंडॉक्रिनलॉजी और मेटाबॉलिज्म में विश्व की सूची में 201 रैंक है। अस्थि स्वास्थ्य और ऑस्टियोपोरेसिस क्षेत्र में शोध पर उनका विश्व स्तरीय कार्य है। पीजीआई चंडीगढ़ में लिवर के क्षेत्र में किये गये अपने उत्कृष्ट कार्य के आधार पर डॉक्टर धीमन भी इस सूची में स्थान रखते हैं। लिवर ट्रांसप्लांट की जटिलताएं, जनसामान्य में होने वाला क्रॉनिक वायरल हेपेटाइटिस इत्यादि क्षेत्र में उनका योगदान उल्लेखनीय है। उनके 320 प्रकाशनों के साथ विश्व सूची में उनका 1154 स्थान है।

वही किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के तीन चिकित्सकों को दुनिया के टॉप 2 प्रतिशत साइंटिस्ट की लिस्ट में शामिल किया गया है। सूची में विभागाध्यक्ष, बाल विभाग प्रो शैली अवस्थी को 536 वां स्थान दिया गया है। उनका पहला रिसर्च 1987 में पब्लिश हुआ था। इसके साथ ही अधिष्ठाता, रिसर्च सेल, डॉ आरके गर्ग को इस लिस्ट में 3500 वां स्थान प्राप्त हुआ है। उनका पहला रिसर्च 1987 में पब्लिश हुआ था। केजीएमयू का गौरव बढ़ाने वाले तीसरे चिकित्सक है न्यूरोलॉजी विभाग के डॉ नीरज कुमार, जिन्हें इस लिस्ट में 3891वां स्थान प्राप्त हुआ है। उनकी पहली रिसर्च वर्ष 2003 में पब्लिश हुई थी। जर्नल में लखनऊ विश्वविद्यालय के विवि के अप्लाइड फिजिक्स के डॉ एके श्रीवास्तव को 978 रैंक पर रखा गया है।

### इन्हें भी मिली जगह

सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टीट्यूट के डॉ. एके सक्सेना, डॉ. नवेद्या चटोपाध्याय, डीएस भुकुनी डॉ. चंदन डॉ. बीएन धवन डॉ. पीएमएस चौहान। सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ मेडिसिनल एरोमेटिक प्लांट के डॉ. रूबेन रसेल। नेशनल बोटेनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट के डॉ. सरिता सिन्हा, डॉ. सीएस नौटियाल, डॉ. अनिल कुमार। इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी डॉ. राजीव। भारतीय प्रबन्ध संस्थान के डॉ. समीर कुमार श्रीवास्तव हैं।

# नौ से राजधानी के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को मिलेंगे स्वेटर

**लखनऊ( पीएनएस )।** राजधानी सहित पूरे प्रदेश में ठंड की दस्तक के साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को स्वेटर उपलब्ध कराने की दिशा में जुट गया है। राजधानी में बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार ने 9 नवम्बर से स्कूलों में वितरण कार्यक्रम शुरू होने की उम्मीद जताई है। बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन परिषदीय और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा एक से कक्षा 8 तक के सभी बच्चों को हर साल ठंड शुरू होने से पहले स्वेटर वितरण किए जाने की व्यवस्था है। विभाग की ओर से टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से स्वेटर वितरण कराया जाता है। इस बार तीन कंपनियों को स्वेटर वितरण के लिए चुना गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि स्वेटर तैयार करके देने में कोई एक कंपनी मनमाना रवैया न अपना सके, इसी कारण शासन स्तर पर तीन कंपनियों को टेंडर आवंटित किया गया है। इन्हें क्रय आदेश भी जारी किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि राजधानी में एक लाख 90 हजार बच्चों को स्वेटर वितरित होने है। उन्होंने बताया अगले सप्ताह से स्कूलों में वितरण कार्यक्रम शुरू करा दिया जाएगा।

## 32 साल बाद लोकगायिका मालिनी अवस्थी को मिलेगा मेडल

**लखनऊ।** शताब्दी वर्ष में 32 वर्ष पूर्व लखनऊ विश्वविद्यालय में बीए आनर्स में अपने बैच की टॉपर रही लोकगायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी को मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने लविवि से करीब 32 साल पहले वर्ष 1987 में बीए ऑनर्स की न सिर्फ पढ़ाई की थी बल्कि अपने बैच की वे टॉपर भी रहीं। पद्मश्री को पदक देने के लिए विवि प्रशासन ने भी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## लविवि में अगले सप्ताह से शुरू होंगी स्नातक की ऑनलाइन क्लास

**लखनऊ।** स्नातक स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया के समापन के दौर को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय अगले सप्ताह से कक्षाओं के संचालन की तैयारी में है। शुरुआत ऑनलाइन क्लासेज से की जाएगी। इस बाबत मंगलवार को हुई बैठक में निर्णय लिया गया है। स्नातक प्रवेश शुल्क जमा करने की प्रक्रिया दो नवम्बर को पूरी हो गई है। ऐसे में अब कक्षाएं शुरू की जा सकती हैं। आज हुई बैठक में सभी अधिकारियों ने निर्णय लिया है कि जल्द से जल्द सभी विभागों में नए प्रवेशित छात्रों के वाट्सएप नंबर विभागवार व कोर्सवार एकत्रित कर लेने को कहा गया है।

# अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य हुए कोरोना संक्रमित

## राजधानी में 215 व सूबे में कोरोना के 1948 एक्टिव केस मिले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सूबे में** सोमवार को कोरोना वायरस के 1948 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि राजधानी लखनऊ में 215 केस सामने आए हैं। सूबे में 22538 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3078 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7089 मरीजों की और राजधानी में 893 की मौत हो चुकी है। वहीं कोरोना वायरस की घटती रफ्तार के बीच अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद में संक्रमण की पुष्टि हुई है। जिसके बाद इलाज के लिए उन्हें एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया है। संस्थान के निदेशक ने उनकी हालत ठीक बताई है।

विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 487335 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2210 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 457708 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 215, कानपुर में 61, प्रयागराज में 114, गोरखपुर में 29, गाजियाबाद में 115 , नोएडा में 169, वाराणसी में 83, मेरठ में 115, बरेली में 26, मुरादाबाद में 25, अलीगढ़ में 31, झांसी में 37 , सहारनपुर में 20, आगरा में 64, अयोध्या में 11, बाराबंकी में 13, बलिया में 16, लखीमपुर खीरी में 17, शाहजहांपुर में 16, देवरिया में 10, मुजफ्फरनगर में 21, जौनपुर में 10, महाराजगंज में 7, आजमगढ़ में 16, कुशीनगर में 5, मथुरा में 37, , इटावा में 17, बुलंदशहर में 31, बस्ती में 20, प्रतापगढ़ में 14, गोंडा में 11, गाजीपुर में 6, सीतापुर में 12, उन्नाव में 10, सुल्तानपुर में 17 फर्रुखाबाद में 23, रायबरेली में 25 , चंदौली में 17, सोनभद्र में 17, कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

### कोरोना संक्रमित मिलने पर सहारा व रिवर साइड मॉल 24 घंटे के लिए बन्द

**लखनऊ।** कोरोना संक्रमित मरीज के मिलने पर मंगलवार शाम को जिलाधिकारी के निर्देश पर सहारा व रिवरसाइड मॉल को 24 घण्टे के लिए बन्द कर दिया। जिससे सेनिटाइजेशन का कार्य कराया जा सके। सहारागंज से 3 मरीजों के मिलने की पुष्टि हुई है। डीएम अभिषेक प्रकाश के मुताबिक सैनिटाइजेशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद दोनों मॉल पहले की तरह फिर खुल जाएंगे। पिछले एक सप्ताह से लक्ष्य आधारित टेस्टिंग की जा रही है। अब तक ट्रांसपोर्ट कार्य से जुड़े ऑटो रिक्शा, ई रिक्शा, टेम्पो संचालकों से लेकर ब्यूटी पार्लर और सैलून में काम करने वालों के टेस्ट किए हैं। इसी क्रम में रेस्त्रां और मॉल में काम करने वालों के नमूने लिए जा रहे हैं। इन दोनों मॉल से लिए गए नमूनों में पॉजिटिव केस मिलने के बाद सीएमओ की टीम ने जिलाधिकारी को जानकारी दी थी।

### अगले सप्ताह से स्वदेशी कोरोना वैक्सीन के ट्रायल की संभावना

**लखनऊ।** भारत बायोटेक की तरफसे निर्मित स्वदेशी कोरोना वैक्सीन के यूपी में अगले सप्ताह से ट्रायल शुरू होने की उम्मीद है। पूर्व में 15 अक्टूबर से ट्रायल शुरू होने की बात कही गई थी। लेकिन अब इस वैक्सीन के ट्रायल को लेकर एसजीपीजीआई की तरफसे जल्द तिथि घोषित की जाएगी। एसजीपीजीआई के निदेशकए प्रोफेसर राधा कृष्ण धीमान ने बताया कि कोवा-वैक्सीन के चरण 2 के ट्रायल के परिणाम आ चुके हैं। अब अगले चरण के ट्रायल शुरू किये जाएंगे। बता दें कि कोवा-वैक्सीन के नाम से निर्मित इस वैक्सीन का भारत बायोटेक और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफवायरोलॉजी द्वारा देश भर के 12 केंद्रों पर चरण 1 और 2 का ट्रायल किया गया था। उन्होंने बताया कि कोवावैक्सिन के चरण 3 ट्रायल का बहुत महत्वपूर्ण है। यह वैक्सीन के उत्पादन के लिए हरी झंडी देने से पहले अंतिम फैसला होगा।

# ऑनलाइन होंगे निजी चिकित्सालयों के रजिस्ट्रेशन व रिनुअल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रमुख** सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग आलोक कुमार ने कहा कि प्रदेश में निजी चिकित्सालयों एवं चिकित्सा इकाइयों आदि के पंजीकरण और नवीनीकरण की सभी कार्यवाही को आनलाइन किये जाने की व्यवस्था पूर्ण हो गई है। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर क्लीनिकल स्टेब्लिशमेंट के आनलाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई है और इसे निवेश मित्र पोर्टल से जोड़ लिया गया है।

मंगलवार को निजी चिकित्सालयों एवं चिकित्सा इकाइयों आदि के पंजीकरण और नवीनीकरण सम्बंधी समस्त कार्यवाही पोर्टल के अन्तर्गत आनलाइन किये जाने के सम्बंध में समीक्षा बैठक में आलोक कुमार ने निजी चिकित्सालयों के पंजीकरण के लिए बनाये गये नियमों से अव्यवहारिकता समाप्त किये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सम्बंधित अधिकारी इसके लिए काउंसिल के साथ बैठक कर समय समय पर वार्ता करें और पंजीकरण प्रक्रिया को व्यवहारिक बनाएं। उन्होंने कहा कि सिंगल क्लीनिक और अस्पतालों के पंजीकरण के नियमों में श्रेणियां बनाने की व्यवस्था की जाय। बैठक में महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण देवेन्द्र नेगी ने निजी चिकित्सालयों और चिकित्सा इकाइयों के पंजीकरण के समय फायर फाइटिंग सिस्टम की आवश्यकता सम्बंधी नियम की व्यवस्था न होने की समस्या बताया।

# 75 नई साइकिल माउंटेड फॉगिंग मशीनों से होगा डेंगू पर वार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर** में डेंगू के फैलाव को रोकने के लिए नगर निगम द्वारा 75 नई साइकिल माउंटेड फॉगिंग मशीनों को क्षेत्रों में भेजी गई हैं। साइकिलों पर माउंटेड फॉगिंग मशीनों से डेंगू पर फॉगिंग शुरू करने का निदेश दिए हैं। वहीं साथ ही साथ अतिरिक्त 110 नई साइकिल माउंटेड फगिंग मशीनों के खरीद के टेंडर किया जा चुका हैए जिनके दीपावली के पूर्व आने की सम्भावना है।

मंगलवार को क्षेत्र में डेंगू सहित दूसरे वेक्टर जनित संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए 75 नई साइकिल माउंटेड फगिंग मशीनों को जोनो के विभिन्न वार्डो में फगिंग कार्य के लिए वितरित की गयी हैं। नगर निगम द्वारा पूर्व से ही संचालित 50 साइकिल माउंटेड एवं 32 टाटा एस माउंटेड मैकेनिकल फगिंग मशीनों से फगिंग का कार्य किया जा रहा है लेकिन बड़े क्षेत्र के तहत फगिंग की कमी को दूर करने के लिए 75 फगिंग मशीनों से क्षेत्र में बड़े स्तर पर फगिंग अभियान के रूप में करायी जा रही है। साथ ही साथ अतिरिक्त 110 नई साइकिल माउंटेड फगिंग मशीनो के खरीद के टेंडर किया जा चुका हैए जिनके दीपावली के पूर्व आने की सम्भावना है। पूर्व वर्षो की भाँति इस वर्ष भी नगर निगम लखनऊ द्वारा फगिंग एवं एंटी लार्वा छिड़काव की कार्यवाही स्वास्थ्य विभाग का सहयोग प्राप्त करते हुए किया जा रहा है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि अभी तक कुल लगभग 500 डेंगू के केस आ चुके है जिसमें प्रमुख रूप से प्रभावित क्षेत्र जोन.3 के फैजुल्लागंज द्वितीय व तृतीय एवं अन्य जोन के कुछ वार्ड है जहाँ ज्यादा केस आने पर अधिक संख्या में इन मशीनों को संचालित किया जा रहा है। गौरतलब है कि फैजुल्लागंज में बच्चे अंश ;9 वर्षद्ध व सिमरन ;8 वर्षद्ध की मृत्यु डेंगू से हो गई थी। होना बताया गया। क्षेत्र फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड के नयापुरवा मोहल्ले का सीएमओ की टीमए नगर निगम के नगर स्वास्थ्य अधिकारीए मलेरिया निरीक्षक के संयुक्त निरीक्षण किया गया।

### राजधानी में मिले डेंगू के नौ नए मरीज

**लखनऊ।** राजधानी में डेंगू के मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग की दिक्कतें बढ़ा दी है। मंगलवार को राजधानी लखनऊ में डेंगू के 9 नए मरीज सामने आए हैं। लगातार मिल रहे मरीजो की संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर रही हैं। जनपद लखनऊ में पाए 9 डेंगू के धनात्मक मरीजो में जानकीपुरम, गोमतीनगर, इन्दिरानगर के मरीज शामिल है। इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा सोर्स रिडक्शन तथा स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी तथा नगर निगम को उक्त क्षेत्रों में सघन फागिग अभियान एवं व्यापक सफाई व्यवस्था कराये जाने हेतु सूचित किया गया। वही आज मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश के क्रम में डा. केपी त्रिपाठी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने खदरा का निरीक्षण किया।

# वनस्थली अपार्टमेंट व साईं सिटी सहित काकोरी में अवैध निर्माण ध्वस्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एलडीए** और जिला प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में अवैध वनस्थली अपार्टमेंट व साईं सिटी सहित कई जगहों पर अवैध निर्माण ध्वस्त किये गए। साथ ही काकोरी क्षेत्र में 8000 वर्ग मीटर मीटर क्षेत्र में अवैध रूप से विकसित की जा रही साईं सिटी का भी ध्वस्तीकरण किया गया। तहसीलों द्वारा 99 लाख 66 हज़ार 4 सौ रुपये मूल्य की 0.531हे. भूमि खाली कराई गई। अभियान में अभी तक 42 करोड़ 37 लाख 55 हज़ार 8 सौ रुपये मूल्य की 27.151 हे. भूमि खाली कराई गई।

मंगलवार को शहर में जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने किए गए अवैध निर्माणों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर जिला प्रशासन एवं प्राधिकरण की संयुक्त टीमों ने कार्रवाई की।

### ड्रैगन मार्ट के ध्वस्तीकरण पर रोक

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने ड्रैगन मार्ट के ध्वस्तीकरण पर रोक लगा दी है। पीठ ने कहा है कि इस मामले में ड्रैगन की अपील व उसकी स्थगन अर्जी एलडीए चेयरमैन के समक्ष विचाराधीन है। लिहाजा अपील अथवा उसकी स्थगन अर्जी पर निर्णय होने तक रोक लगाई जाती है। पीठ ने निर्देश दिया है कि इस माह के अंत तक अपील अथवा स्थगन अर्जी पर निर्णय लिया जाए। जस्टिस पंकज मित्तल एवं जस्टिस सौरभ लवानिया की पीठ ने यह आदेश मोहम्मद सलीम खान की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। याचिका में ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा गया था कि यह विवाद लालबाग क्रिश्चन एजुकेशनल सोसायटी में स्थित प्लॉट संख्या पी1, पी2, पी3 व पी4 से संबधित है। 15 अक्टूबरए 2019 को इन भूखंडों पर हुए निर्माण को ढहाने का आदेश जारी किया गया। इस आदेश के खिलाफ अपील दाखिल की गई। जो एलडीए चेयरमैन के समक्ष विचाराधीन है। अपील के साथ ही स्थगन प्रार्थना पत्र भी दाखिल किया गया था। लेकिन आज तक इस पर सुनवाई नहीं हो सकी है।

# एलयू में लॉ कॉलेजों के स्टूडेंट्स ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** एलएलबी में गलत रिजल्ट को लेकर मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में आधा दर्जन से ऊपर लॉ कालेजों के स्टूडेंट्स ने रिजल्ट गलत जारी किए जाने का आरोप लगाते हुए परिसर में हंगामा काटा। मौके पर पहुंचे प्रॉक्टोरियल बोर्ड और पुलिस अधिकारियों ने स्टूडेंट्स को समझा.बुझाकर मामला शांत कराया। प्रदर्शनकरी स्टूडेंट्स सही रिजल्ट जारी करने की मांग कर रहे थे। विवि में प्रदर्शन कर रहे डीएवी कालेज, शिया पीजी कालेज सहित अन्य कालेजों से आये हुए एलएलबी थर्ड इयर के छठवें सेमेस्टर के छात्र छात्राओं ने बताया कि गत परीक्षा में उनके नंबर अच्छे आये थे। इसके बावजूद इस परीक्षा में उनके उन्हीं विषयों में कम नंबर आये हैं। ऐसे ही दर्जनों की संख्या में मौजूद स्टूडेंट्स ने अपनी व्यथा पुलिस अधिकारियों और प्रॉक्टोरियल बोर्ड के समक्ष रखी।

# शताब्दी वर्ष में देखने को मिलेगा लखनऊ का पहला ट्री-हाउस

## 20 दिन की मेहनत से विवि के फाइन आर्ट्स संकाय ने तैयार किया

सतीश सिंह। लखनऊ

**शताब्दी** वर्ष के समारोह की शुरुआत के साथ ही लखनऊ विश्वविद्यालय ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया। हर संकाय को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऐसे में विवि के फाइन आर्ट्स संकाय ने कोविड 19 के पेनडेमिक दौर पर आधारित लखनऊ का पहला ट्री-हाउस तैयार किया है। यह ट्री-हाउस एक साथ 10 लोगों का वजन झेलने में सक्षम है। सबसे बड़ी एक और विशेषता है कि इसे बनाने में न तो एक कील का प्रयोग किया गया है और न ही इसका कोई जोर पेड़ पर है।



ट्री-हाउस को तैयार करने वाली टीम का दावा है कि स्टॉलेशन आर्ट के तहत यह लखनऊ का पहला ट्री-हाउस होने के साथ ही प्रदेश के किसी शिक्षण संस्थान में तैयार किया गया पहला मॉडल है। इसे बनाने में बांसए बल्ली और घास की रस्सियों का प्रयोग किया गया है। पेड़ से कोई मतलब नही है। यह ट्री-हाउस डीन डॉ आलोक कुमार और मूर्तिकला विभाग के शिक्षक डॉ धर्मेंद्र कुमार के निर्देशन में तैयार किया गया है। इसे बनाने के लिए छात्रों में अजय कुमार, विशाल गुप्ता, अरुणेश वसीदेव, सुनील कुमार और संतोष ने योगदान दिया है। अजय कुमार का कहना है कि इसे बनाने में पूरे 20 दिन लगे हैं। इसका उद्घाटन 19 नवम्बर को विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय करेंगे। शताब्दी वर्ष में विवि की तरफ से कला एवं शिल्प महाविद्यालय को हैंडमेड निमंत्रण कार्ड और टीशर्ट पर लोगो डिजाइन करने की भी जिम्मेदारी दी गई है। वही शताब्दी वर्ष में महाविद्यालय से निकले देश विदेश के 100 नामचीन कलाकारों के साथ वर्चुअल वेविनार और प्रदर्शनी कराने के साथ विवि के मुख्य परिसर में भी एक प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

**यह है विशेषता:** ट्री-हाउस में जाने के लिए बाकायदा सीढ़ियां बनी हुई हैं। खिड़कियों के साथ ही वास्तुकला आधारित बांस की घण्टिया बनाई गई हैं। जो हवा के चलने पर प्राकृतिक रूप से आवाज करते हैं। कोविड 19 के दौर में गांव के बाहर यदा कदा पेड़ पर मचान बनने की खबरें सुर्खियों में आई थी। उसी की तर्ज पर ट्री-हाउस के ठीक सामने तकरीबन पांच मीटर की दूरी पर बांस की ऊंची कुर्सी बनाई गई है।

## 50 से ऊपर वाले मरीजों को मिलेगा निशुल्क बत्तीसी लगवाने का मौका

**लखनऊ।** ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या से जूझ रहे बुजुर्ग मरीजों की अब किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में नि:शुल्क जांच की जाएगी। इसके लिए, डिपार्टमेंट ऑफ प्रास्थोडोंटिक्स, डिपार्टमेंट ऑफ ओरलबायोकेमिस्ट्री, डिपार्टमेंट ऑफ आर्थोपेडिक्स के रिसर्च प्रोजेक्ट कोरिलेशन ऑफ विटामिन डी एंड सिनाइल ऑस्टियोपोरोसिस इन रिलेशन टू डेंटल इम्प्लांट को तीन वर्ष तक फंडिंग के लिए भारत सरकार ने स्वीकृति दे दी है। इसमें दांत के मरीजों को लाभ प्राप्त होगा। आस्टियोपोरिसस से पीड़ित 50 से ऊपर की उम्र वाले मरीजों की हड्डी से जुडी जांचे नि:शुल्क की जाएंगी। विटामिन डी की कमी पाई जाने पर उत्तम क्वालिटी की खुराक दी जाएगी। प्रोजेक्ट के लिए उपयुक्त पाए जाने पर मरीजों कें दांतों का इलाज (स्थायी दांतों से लेकर बत्तीस दांत लगाने की प्रकिया) नि:शुल्क की जाएगी। प्रोजेक्ट के द्वारा कम से कम 100 मरीजों को लाभ होगा।

# योगी देंगे पूर्वांचल के विकास को नयी उड़ान

## मुख्यमंत्री ने की आर्थिक सलाहकार डॉ. केवी राजू से गहन मंत्रणा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सीएम** योगी पूर्वांचल की तरक्की का रोडमैप बना रहे हैं। इस बारे में उन्होंने अपने आर्थिक सलाहकार डॉ केवी राजू से गहन मंत्रणा की है। इस मंत्रणा में नवम्बर में 27 और 28 तारीख को पूर्वांचल विकास: मुद्दे, रणनीतियां और भावी दिशा पर होने वाले दो दिवसीय वेबिनार के स्वरूप पर चर्चा भी हुई। इस दौरान गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राजेश सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान सीएम ने पूर्वांचल के स्थानीय उत्पादों जैसे गोरखपुर के टेराकोटा, भदोही के कालीन, वाराणसी की साड़ी, आजमगढ़ के ब्लैक पॉटरी, देवरिया के सजावटी उत्पाद, बस्ती के लकड़ी के शिल्प आदि को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए इन उत्पादों को बनाने वाले छोटे उद्योगों को बैंकिंग क्रेडिट सिस्टम से जोड़ने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि बैंकर्स और निवेशकों को भी वेबिनार में आमंत्रित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राजेश सिंह ने बताया कि पूर्वांचल के विकासशील और संसाधनयुक्त जिलों के विकास का रोडमैप तैयार करने के लिए विवि परिसर में पूर्वांचल विकास बोर्ड का दफ्तर खोला गया है। इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के योजना विभाग और गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया है। इसका लक्ष्य विकसित पूर्वांचल के रोडमैप का ब्लू प्रिंट तैयार करना है। पूर्वांचल विकास: मुद्दे, रणनीतियां और भावी दिशा विषय पर आयोजित होने वाले इस वेबिनार को पांच क्षेत्रों में बांटा गया है।

## पारदर्शिता के साथ बांटे जाएं गरीबों को कम्बल: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● सरकार ने सभी जिलों को जारी की सवा उन्नीस करोड़ की धनराशि

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शीतलहर के दौरान गरीबों और निराश्रितों को राहत पहुंचाने के लिए जरूरतमन्दों को कम्बल बांटने तथा सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाने की व्यवस्था समय से करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि कम्बल वितरण का कार्य पूरी पारदर्शिता से सुनिश्चित किया जाए। शीतलहर के दौरान गरीबों और निराश्रितों को राहत पहुंचाने का कार्य पूरी तत्परता से करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए धनराशि की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। यदि किसी जनपद को अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता पड़ेगी, तो शासन द्वारा समय से धनराशि आवंटित कर दी जाएगी।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश के राजस्व विभाग द्वारा आगामी शीतलहर में राहत कार्य संचालित करने हेतु धनराशि जारी कर दी गई है। इसके अन्तर्गत कम्बल वितरण हेतु समस्त जनपदों को प्रति तहसील 5-5 लाख रुपये तथा अलाव हेतु प्रति तहसील 50 हजार रुपये की धनराशि इस प्रकार कुल 19.25 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी गयी है। प्रवक्ता ने कहा कि शीतलहर से बचने हेतु व्यक्ति द्वारा नजदीकी रैनबसेरे को आसानी से खोज की जा सके, इसके लिए इस वर्ष पहली बार शीतलहर में स्थापित की जाने वाले रैनबसेरों का विवरण आनलाइन दर्ज कराया जाएगा। रैनबसेरों की जियो टैगिंग के साथ-साथ इनको गूगल मैप पर भी दर्ज किया जाएगा। कम्बल का वितरण पात्र व्यक्तियों को हो यह सुनिश्चित किया जाएगा। कम्बल प्राप्त करने वाले व्यक्ति का विवरण दर्ज किये जाने हेतु एनआईसी के सहयोग से आनलाइन प्रारूप तैयार किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

## उपकेंद्रों का निरीक्षण करने के साथ घर घर जाकर ऊर्जा मंत्री ने लिया फीडबैक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने जानकीपुरम सेक्टर 6 व सीतापुर रोड स्थित अहिबरनपुर विद्युत उपकेंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने उपकेंद्र के पास स्थित मोहल्लों में लोगों से फीडबैक लिया साथ ही बकायेदार उपभोक्ताओं को समय से बिल जमा करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। कई उपभोक्ताओं ने मौके पर ही बिल भी जमा कर दिया। ऊर्जा मंत्री ने अपील की कि उपभोक्ता समय पर बिल दें, उपभोक्ताओं की यही कोशिश न केवल घाटे में चल रहे बिजली विभाग को उबारेगी बल्कि ऐसा होने से सस्ती बिजली देने का भी रास्ता साफ होगा। उन्होंने कहा कि ऊर्जा विभाग ने प्रदेश के हर घर-घर में बिजली पहुंचाई है। आने वाला दशक प्रदेश को 24 घंटे बिजली की सुविधा देने वाला है। ऊर्जा मंत्री ने पहले जानकीपुरम सेक्टर 6 बिजलीघर का दौरा किया। वहां कमियों को सुधारने के निर्देश के साथ ही अफसरों को नियमित पेट्रोलिंग करने, उपभोक्ताओं से संवाद करने और उनके फीडबैक के आधार पर सिस्टम को ठीक करने को कहा। इसके बाद उन्होंने पास के क्षेत्रों में लोगों से बिजली व्यवस्था को लेकर बात की। ऊर्जा मंत्री साइकिल से जानकीपुरम सेक्टर 6 में घूमे वहां उन्होंने लोगों को प्रोत्साहित किया कि सभी समय से बिजली का बिल जमा करें। उन्होंने लोगों से व्यवस्था की दिक्कतों और उनमें सुधार को लेकर बात की। इसके बाद उन्होंने सीतापुर रोड स्थित अहिबरनपुर बिजलीघर का दौरा किया। उपकेंद्र पर ऊर्जा मंत्री ने सभी कार्मिकों को साइकिल से पेट्रोलिंग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक बकायेदार उपभोक्ताओं के घर जाएं उनके घर की घंटी बजाएं और उन्हें बताएं। घर की बिजली काटना कोई सुविधाजनक विकल्प नहीं है।

एम0 सी0 जे0 फार्म नं0 33 भाग 7
हेतु सन्दर्शित करने के सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय कलेक्टर महोदय, सीतापुर
वाद संख्या 138/डी 201810640002320
नियत तिथि 12-11-2020

1-सर्वश्री परमेश्वर, 2-रामकुमार 3-भालू 4-अरविन्द कुमार पुत्रगण लालू 5-राजेन्द्र 6-दीपू 7-ज्ञानू पुत्रगण रामविलास 8-श्रीमती सरोजनी देवी पत्नी रामविलास 9-विपिन ना०बा० पुत्र छंगा संरक्षिका माता सनदेवी 10-मोहिनी पुत्री छंगा 11-कु0 शिल्पी नाबा0 12-कु0 शिवानी ना0बा0 सर्व 11 ता 12 पुत्रीगण छंगा संरक्षिका माता सनदेवी 13-सनदेवी पत्नी छंगा सर्व 1 ता 13 नि0 ग्राम फिरोजपुर नयागांव परगना हरगांव तहसील व जिला सीतापुर 14-विशुन कुमार 15-धीरज कुमार पुत्रगण रामपाल 16-श्रीमती भुनुगा देवी पत्नी रामपाल सर्व 14 ता 16 नि0ग्राम कुरका परगना, तहसील व जिला सीतापुर 17-जैपाल पुत्र शिवराम निवासी ग्राम मढ़िया परगना, तहसील व जिला लखीमपुर 18-नत्थू राम पुत्र मंगरे निवासी ग्राम राजेपुर परगना व तहसील लहरपुर जिला सीतापुर — वादीगण

बनाम

1-प्रधान, ग्राम पंचायत फिरोजपुर नयागांव परगना हरगांव तहसील व जिला सीतापुर। 2-सर्वश्री राजकुमार मिश्रा 3-राजकिशोर मिश्रा पुत्रगण रामऔतार निवासी ग्राम भेड़ौहा मजरा नौनेर परगना हरगांव तहसील व जिला सीतापुर। —प्रतिवादीगण

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में धारा 30 उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 के अन्तर्गत गाटा संख्या 528/0.170 हे0 स्थित ग्राम फिरोजपुर नयागांव परगना हरगांव तहसील सीतापुर की नक्शा दुरुस्ती हेतु आवेदन किया है, अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2020 के 12-11-2020 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं सम्पर्क रूपेण अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप सुना जायेगा, आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दिनांक 26-10-2020 के दिवस को निकाली गई।

आज्ञा से,
रीडर
न्यायालय कलेक्टर, सीतापुर

## हाफेड ने शुरू की कम कीमत पर आलू-प्याज की बिक्री

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने प्रदेश में बढ़ते आलू एवं प्याज़ के दामों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कम कीमत पर इनकी बिक्री सुनिश्चित की है। राज्य औद्योगिक विपणन संघ (हाफेड) द्वारा प्रचलित फुटकर बाजार पर कम मूल्य पर आलू एवं प्याज़ के विक्रय की व्यवस्था की गयी है। हाफेड के प्रबन्ध निदेशक डा आरके तोमर ने बताया कि आम जनमानस के हितार्थ लखनऊ महानगर में कम कीमत पर आलू एवं प्याज की बिक्री सुनिश्चित की गयी है। इसमें किसानों से आलू चिप्सोना-1 प्रजाति का आलू क्रय करके उसका विक्रय कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाफेड द्वारा लखनऊ में तीन फुटकर बिक्री केन्द्र संचालित किये गये हैं। डा तोमर ने बताया कि यह विक्रय केन्द्र उद्यान निदेशालय, सप्रू मार्ग, राजकीय शीतगृह अलीगंज और राजकीय उद्यान आलमबाग में शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि जनमानस की सुविधा को ध्यान मे रखते हुए मोबाइल वैन के माध्यम से लखनऊ के विभिन्न आवासीय कालोनियों, परिसरों में आलू एवं प्याज का विक्रय किया जा रहा है।

## पावरग्रिड उत्तरी क्षेत्र में सतर्कता जागरूकता सप्ताह संपन्न



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पावर** ग्रिड उत्तरी क्षेत्र-3 के मुख्यालय लखनऊ समेत समस्त उपकेन्द्रों में दिनांक 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। क्षेत्रीय मुख्यालय मे सप्ताह का शुभारंभ संजय गुप्ता कार्यपालक निदेशक उत्तरी क्षेत्र 3 ने उपस्थित कार्मिकों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर किया। केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार सतर्क भारत समृद्ध भारत की थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इस सतर्कता सप्ताह के अंतर्गत कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं, पेंटिंग, निबंध, एवं क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। क्षेत्रीय मुखयालय में आयोजित समापन समारोह के मुख्य अतिथि अशोक कुमार अवस्थी, रिटायर्ड जज सीबीआई-एनसीबी ने नैतिकता एवं मूल्यो के आधार पर भ्रष्टाचार से सतर्क रहते हुये समृद्ध होने का तरीका बताया। इस अवसर पर उत्तरी क्षेत्र 3 के सभी उपकेंद्र ऑनलाइन जुड़े हुये थे। समापन समारोह मे नवीन श्रीवास्तव मुख्य महाप्रबंधक, एसआर राव, वरिष्ठ महाप्रबंधक विजिलेंस, एके शुक्ला महाप्रबंधक वित्त सहित विभिन्न अधिकारी भी उपस्थित थे।

## यूपी-112 ने घरेलू हिंसा की 651 व छेड़खानी की 97 शिकायतों पर की कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** व्यापी विशेष अभियान मिशन शक्ति के तहत वीमेन पावर लाइन 1090, यूपी.112 तथा एण्टी रोमियो स्कवायड द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में वीमेन पावर लाइन 1090 पर विगत 2 नवम्बर को कुल प्राप्त टेलीफोन काल्स में से 939 पर कार्रवाई की जा रही है। इनमें से 559 काल्स पर कार्रवाई 1090 द्वारा तथा 380 काल्स दूसरे विभागों से सम्बन्धित होने के कारण सम्बन्धित विभागों को कार्रवाई के लिए भेजी गई है।

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि वीमेन पावर लाइन द्वारा जिन 559 कॉल्स पर कार्रवाई की जा रही है उनमें 361 टेलीफोन, 149 इन्टरनेट, 8 स्टाकिंग, 10 हाट स्पाट, 5 अन्य व 26 प्रैंक काल से सम्बन्धित काल्स है। इसके अलावा 380 शिकायतों में से 246 शिकायतें 112.यूपी को त्वरित कार्रवाई के लिए भेजी गयी तथा 134 शिकायतें कार्रवाई के लिए पुलिस विभाग को भेजी गयी है। अवस्थी ने बताया कि अभियान के दौरान गत एक दिन में 112.यूपी द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित 748 शिकायतों पर कार्यवाही की गयी है जिनमें से 651 शिकायते घरेलू हिंसा तथा 97 छेड़खानी से सम्बन्धित है।

मिशन शक्ति विशेष अभियान




अपर मुख्य सचिव गृह ने यह भी बताया कि महिलाओं व बालिकाओं में सुरक्षा की भावना को और अधिक सुदृढ़ किये जाने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में एण्टी रोमियो दल सक्रिय रूप से कार्रवाई कर रहे हैं। इनके द्वारा विगत 2 नवम्बर को 10,742 स्थानों पर 39,534 व्यक्तियों की चेंकिग की गयी है। उन्होंने बताया कि चेक किए गए व्यक्तियों में से 5,049 लोगों से शपथपत्र लेकर छोड़ा गया जिनमें से 1580 अभिभावक हैं।

## सीएम योगी बिहार के चुनावी दौरे पर

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल बिहार के चुनावी दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह पूर्णिया, कटिहार, मधुबनी, दरभंगा और सहरसा का दौरा करेंगे और कई चुनावी रैलियों को सम्बोधित करेंगे। सुबह साढ़े दस बजे सीएम योगी पूर्णिया एयरपोर्ट पर उतरेंगे व पूर्णिया से कटिहार के लिए रवाना होंगे। सीएम योगी 11 बजे कटिहार विधानसभा प्रत्याशी के लिए जनसभा करेंगे। इसके बाद वह मधुबनी दरभंगा रवाना होंगे व लसहरसा तथा सिमरी बख्तियारपुर में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

## जानकीपुरम में युवक ने फांसी लगाई

**लखनऊ।** जानकीपुरम इलाके के सरस्वतीपुरम में 18 वर्षीय शोभित नामक युवक ने फांसी लगा ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसएसआई जानकीपुरम शिव नारायन सिंह ने बताया कि मड़ियांव गांव निवासी शोभित प्राइवेट जॉब करता था। वही उसकी मां मंजू पिछले 14 वर्षो से सरस्वतीपुरम निवासी सौरभ सिंह के यहां खाना बनाने का काम करती है। सुबह करीब 9.30 बजे शोभित अपनी मां को लेकर सौरभ के घर गया। मंजू चाय बनाने किचेन में चली गई। उसी दौरान शोभित बाथरूम चला गया। कुछ देर बाद चाय बनाने के बाद मंजू ने शोभित को आवाज लगाई लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इस पर मकान मालिक ने पड़ोसी की मदद से दरवाजा तोड़ा तो देखा कि शोभित ने दरवाजे के कुंडे के सहारे बेल्ट से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

## इंडियन बैंक ने लगाया एमएसएमई ऋण कैम्प




**लखनऊ।** क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय लखनऊ के द्वारा इंडियन बैंक की हजरतगंज शाखा में मंगलवार को एक एमएसएमई सूक्ष्म, लघु और मध्य उद्यम ऋण, ऋण कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें 14 ऋण खातों को कुल 880 करोड़ के ऋण का संवितरण किया गया। इस कैम्प में क्षेत्र महाप्रबंधक रविंदर सिंह द्वारा ग्राहकों को बैंक द्वारा स्वीकृत ऋण से संबंधित संस्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। उपर्युक्त ऋण के अलावा एमएसएमई के तहत अन्य 23 खातों में 1453 करोड़ का ऋण प्रस्ताव भी संगृहीत किया गया है। ऋण कैम्प में उपस्थित ग्राहकों को क्षेत्र महाप्रबंधक रविंदर सिंह ने संबोधित करते हुए एमएसएमई सेक्टर से संबंधी विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लघु उद्यमियों के वित्तपोषण हेतु इंडियन बैंक द्वारा इस माह विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत विभिन्न उद्योग धंधों एवं खुदरा व्यापार में लगे उद्यमियों हेतु बैंक विशेष ऋण योजनाएँ चला रहा है। इस कैम्प में अमरजीत सिंह हीरा उप महाप्रबंधक क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय लखनऊ, एपी वाजपेयी सहायक महाप्रबंधक, एन सुब्रह्मण्यन उप अंचल प्रमुख, अंचल कार्यालय लखनऊ से उपस्थित थे।

## मुख्य न्यायाधीशों का ऑनलाइन अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन सीएमएस में छह से

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के तत्वावधान में विश्व के मुख्य न्यायाधीशों का 21वाँ अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन 6 से 9 नवम्बर 2020 तक ऑनलाइन आयोजित किया जा रहा है। इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में विभिन्न देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद के अध्यक्ष, न्यायमंत्री, संसद सदस्य, इण्टरनेशनल कोर्ट के न्यायाधीश एवं विश्व प्रसिद्ध शान्ति संगठनों के प्रमुख समेत 63 देशों के मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश व कानूनविद् ऑनलाइन अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे। उक्त जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन 6 नवम्बर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा किया जायेगा जबकि समारोह की अध्यक्षता लखनऊ की महापौर संयुक्ता भाटिया करेंगी।

## भाजपा का मंडल प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**लखनऊ।** पश्चिम विधानसभा क्षेत्र हरदोई रोड स्थित बालागंज चौराहे से समीप जल निगम रोड सूरज पैलेस मे भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय प्रशिक्षण विभाग द्वारा पश्चिम मंडल-2 के मंडल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मंडल प्रशिक्षण शिविर के आयोजन का दीप प्रज्वलित कर विधायक सुरेश श्रीवास्तव ने शिविर शुभारंभ किया। मंडल अध्यक्ष महेंद राजपूत के नेतृव में शिविर संपन्न हुआ। दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं दर्जनों पदाधिकारियों ने आत्मनिर्भरता जैसे विषयों पर ज्ञान अर्जन किया और प्रतिभागी बने। प्रशिक्षण शिविर में बौधिक विकास, सुरक्षा सामर्थ्य के साथ साथ आत्म निर्भरता भारत की संकल्पना का सपना पूरा करने के लिए दर्जनों विषयों पर वक्ताओं और प्रशिक्षण में भाग ले रहें प्रतिभागियों के बीच विसतार में चर्चाएं की गईं। इस मंडल प्रशिक्षण में श्याम जी शाहू ने विशेष सहयोग दिया।

## अब दिल्ली के बस अड्डों तक जाएंगी रोडवेज बस

**लखनऊ।** कोरोना 19 की वजह से अभी तक यूपी रोडवेज की बस दिल्ली बॉर्डर के कौशांबी बस अड्डे तक ही यात्रियों को पहुंचाती थी। अब दिल्ली सरकार ने इंटर स्टेट बस सेवा को कुछ शर्तों के साथ शुरू करने की अनुमति दे दी है। ऐसे में लखनऊ समेत प्रदेश की बसें अब दिल्ली के भीतर तक जाएगी। जिसमें दिल्ली के आनन्द विहार बस टर्मिनल समेत आईएसबीटी और सराय काले खां बस अड्डे तक यात्रियों को पहुंचाएंगी। आरएम पल्लव बोस ने लखनऊ सहित प्रदेश भर से दिल्ली की करीब 750 एसी व साधारण बसों में 50 फीसदी बस संचालन की अनुमति मिली है। जो कि 15 नवंबर तक लागू रहेगा।

## व्यापारियों को मिलने लगा छूट का फायदा

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट के तहत व्यपारियों को दी जा रही छूट का फायदा मिलना शुरू हो गया। इसी क्रम में तमिलनाडु से लखनऊ के लिए 125 चार पहिया कार की बुकिंग हुई। यह कार मंगलवार को बख्शी का तालाब रेलवे स्टेशन पर सुरक्षित पहुंच गई। बाजार के हालात, माल गोदामों में सुधार, माल लदान में दी जा रही छूट, वैगनों की उपलब्धता तथा मालगाड़ियों की बढ़ती रफ्तार से बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। डीआरएम डा. मोनिका अग्निहोत्री ने कहा कि रेल मार्ग से माल निर्यात को काफ बढ़ावा मिल रहा है।

## पराग दूध की गाड़ी से दिनदहाड़े 45 हजार रुपए चोरी

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के तेलीबाग नेपाल गंज में एक दुकान पर खड़ी पराग दूध की गाड़ी से बेखौफबदमाशों ने 45 हजार रूपए चोरी कर लिए और फरार हो गए। चोरी का पता तब चला जब गाड़ी का चालक दुकान से मिले पैसे बैग में रखने के लिए केबिन में आयाएपीड़ित ने तत्काल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी और अपने गाड़ी मालिक, पराग के एरिया इंचार्ज को भी घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में फुटेज तलाश रही है। राम भवन निवासी गोसाईं गंज पराग दूध की गाड़ी यूपी 32 एमएन 0012 का चालक है और तेलीबाग इलाके में सुबह दूध की सप्लाई करता है और फिर दुकानों से कैश का कलेक्शन करता है। राम भवन ने बताया कि वह अपने सहायक अभिषेक के साथ मंगलवार सुबह दूध लेकर निकला था सभी दुकानों पर दूध सप्लाई करने के बाद कैश का कलेक्शन किया और करीब 11बजे नेपाल गंज तेलीबाग में पराग दूध की दुकान पर गाड़ी खड़ी कर कैश लेने दुकान में गया जब वापस लौटा तो देखा कि गाड़ी का केबिन बाईं तरफसे भी खुला है और बैग कैश सहित गायब था।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
जिला चिकित्सालय सुलतानपुर

पत्रांक-संविदा नियुक्ति/ए0आर0टी0 सेंटर/2020-21/2004-5 दिनांक-03.11.2020

विज्ञप्ति

उ0प्र0 राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के पत्र संख्या-एड्स/सोसा0/ART Staff Recruitment/2013-14/4665 दिनांक-15.10.2020 एव जिलाधिकारी महोदय सुलतानपर के पृष्ठाकंन आदेश दिनांक 21.10.2020 के अनुपालन में जिला चिकित्सालय सुलतानपुर में स्थित ए0आर0टी0 सेंटर पर निम्न मानक के अनुसार कार्मिकों की संविदा पर नियुक्ति की जानी है। जिस हेतु निम्न शैक्षिक योग्यता/अर्हता वाले अभ्यर्थियों से पंजीकृत/स्पीड पोस्ट द्वारा आवेदन पत्र जिसकी अंतिम तिथि-13.11.2020 को सांय 5.00 बजे तक है तक आमंत्रित किया जाता है। आवेदन पत्र के साथ दो लिफाफे जिस पर स्वलिखित पता पर्याप्त पंजीकृत डाक टिकट लगा हुआ संलग्न करें। आवेदन पत्र के साथ समस्त अंक पत्रों, प्रमाण पत्रो, एवं अनुभव की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

| क्र. सं. | पदनाम | शैक्षिक योग्यता | पदों की सं. | मासिक भत्ता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | काउन्सलर | a) Masters degree in Social- (Work preferably Specialized in medical & psychiatric social work/psychology). OR b) Candidates with degree in sociology may be considered. OR c) A qualified graduate nurse can be appointed as counselor but he / she must undergo 12 days counselor training at NACO designated Institute. **Note-**Qualified and competent PLHIV will be given preference. | 01 | 13000 |
| 2 | स्टाफ नर्स | B.Sc Nursing/GNM OR ANM with min 3 yrs of experience. | 01 | 13000 |

आवेदन पत्र का प्रारूप

विज्ञापन संख्या-संविदा नियुक्ति/ए0आर0टी0 सेंटर/2020-21/2004-5 दिनांक-03.11.2020

आवेदित पद का नाम :....................

स्वप्रमाणित फोटो

1. नाम (हिन्दी में) ....................
   अंग्रेजी में (कैपिटल अक्षर में) ....................
2. पिता/पति का नाम श्री ....................
3. पत्र व्यवहार का पता ....................
4. जन्म तिथि (हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार) तिथि .............. माह .............. वर्ष ..............
5. शैक्षिक अर्हता :

| क्र0सं0 | बोर्ड/संस्था का नाम | वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

6. तकनीकी अर्हता :

| क्र0सं0 | संस्था का नाम | पंजीयन सं0 | वर्ष | प्राप्तांक | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

घोषणा

प्रमाणित किया जाता है कि विज्ञापन की सभी शर्ते मान्य है, आवेदन पत्र की समस्त सूचनाएं सही है, गलत पाये जाने पर चयनोपरान्त मेरा चयन निरस्त कर दिया जाये।

स्थान ....................
दिनांक .................... अभ्यर्थी के पठनीय हस्ताक्षर

इच्छुक अभ्यर्थी द्वारा आवेदन फार्म/लिफाफे पर मोटे अक्षरो में जिस पद हेतु आवेदन किया जा रहा है, उसे लिखा जाना अति आवश्यक है। उपरोक्त पदों हेतु 18-62 वर्ष के अभ्यथियों द्वारा आवेदन किया जा सकता है। आयु की गणना दिनांक-01.11.2020 से की जायेगी। निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन पत्र कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय सुलतानपुर 228001 के पते पर प्रेषित किया जाय। अपूर्ण आवेदन पत्र/नियुक्ति निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
जिला चिकित्सालय सुलतानपुर

## नवनियुक्त शिक्षकों की सर्विस बुक अपलोड करने के निर्देश

**लखनऊ।** केजीबीवी में अनामिका शुक्ला का प्रकरण सामने आने के बाद सभी शिक्षकों की सर्विस बुक मानव सम्पदा पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। इसके तहत हाल ही में सम्पन्न हुई 31277 सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया के साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग ने इनकी सर्विस बुक एक सप्ताह के अंदर अपलोड करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। प्रदेश में नवनियुक्त 31277 सहायक शिक्षकों के लिए कार्यभार ग्रहण करने की मंगलवार को अंतिम तिथि थी। ज्यादातर जिलों में 22 से 25 ऐसे अभ्यर्थी हैं जिन पर बेसिक शिक्षा परिषद या फिर निदेशालय में निर्णय लिया जाएगा। ये ऐसे अभ्यर्थी हैं जिन्होंने नाम की वर्तनी, मां-पिता का नाम, निवास प्रमाणपत्र या पूर्णाक-प्राप्तांक लिखने में गलती कर दी है। वही शिक्षकों की ज्वाइनिंग को देखते हुए स्कूल शिक्षा महानिदेशक ने सभी बीएसए को निर्देश जारी कर एक सप्ताह के अंदर इनकी सर्विस बुक मानव सम्पदा पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं।

## मलिहाबाद धान क्रय केंद्र पहुंचे डीएम, लिया जायजा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**धान खरीद** का सत्यापन करने अचानक जिलाधिकारी मलिहाबाद धान क्रय केंद्र पहुंचे। किसानों से संवाद किया और धान खरीद का जायज़ा लिया। इलेक्ट्रानिक तौल मशीन की भी जांच की गई। तहसील स्तर पर धान क्रय का व्यापक प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान धान खरीद केन्द्र के गेट पर किसी भी प्रकार का कोई बोर्ड या फ्लैक्स नहीं लगा पाया गया। इस सम्बन्ध में उप सम्भागीय विपणन अधिकारी लखनऊ को निर्देशित किया गया कि धान क्रय केन्द्र के गेट पर तत्काल बोर्ड या फ्लैक्स लगाया जाये, साथ ही अन्य स्थानों में इसका प्रचार प्रसार कराया जाये। निरीक्षण के दौरान धान विक्रय के लिए आये किसान बाबूलाल द्वारा धान क्रय केन्द्र के बारे में अवगत कराया गया कि क्रय केन्द्र दूर होने के कारण किसानों को धान लाने में समस्या उत्पन्न होती है। पूर्व में रहीमाबाद में क्रय केन्द्र स्थापित होने के कारण वहां पर किसानों को अपना धान क्रय केन्द्र तक लाने में सुविधा रहती थी, परन्तु मलिहाबाद में धान क्रय केन्द्र स्थापित होने से किसानों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद खरीद केन्द्र में धान के तौल के लिए इलेक्ट्रानिक मशीन का निरीक्षण किया गया। इलेक्ट्रानिक मशीन में धान का खुला बोरा तौला गया, जिसका कुल वजन 40.650 किग्रा निकला। केन्द्र प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि अब तक केन्द्र में लगभग 50 किसानों से धान क्रय किया गया है, जिनका भुगतान उनके खातों में किया जा रहा है।

## राजस्वकर्मी लापरवाह, न्याय पाने के लिए भटक रहे फरियादी

सम्पूर्ण समाधान दिवस

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**चकमार्ग** से अवैध कब्जे नहीं हट रहे तो वरासत और हदबरारी के लिए लोगों को दौड़ाया जा रहा है। मंगलवार को मोहनलालगंज तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे एडीएम प्रशासन अमरपाल सिंह के सामने फरियादियों ने राजस्वकर्मियों की लापरवाही का खुलासा किया तो अफसर भी सन्न रह गए। लिहाजा सभी शिकायतें एसडीएम विकास सिंह को अपनी निगरानी में निस्तारित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

मोहनलालगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मंगलवार को डलौना के अमित कुमार, सल्लाहीमऊ के प्रयाग नारायण, हुसेनाबाद के राजेश, डेहवा के गंगाप्रसाद, मीरखनगर के आलोक ने चकमार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। कोड़रा रायपुर के चन्द्रिका प्रसाद और मीरखनगर के प्रदीप कुमार ने तहसील समाधान दिवस में शिकायत के बावजूद भी चकमार्ग अवैध कब्जा मुक्त नहीं कराए जाने की शिकायत दी। सलेमपुर की उमेरा बानो ने पट्टे में मिली जमीन संक्रमणीय कराने के लिए साल भर से फरियाद लेकर भटकने की शिकायत दी। सिर्स के सुरेन्द्र कुमार ने खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। सिठौलीकला के शिव मंगल ने दो साल से हदबरारी रिपोर्ट नहीं लग पाने की शिकायत दी। इसी तरह पकरा के वीरेन्द्र कुमार ने वरासत के लिए भटकने की शिकायत दर्ज कराई। रसूलपुर आशिक अली की रेनू ने दो साल पहले पति का हादसे में देहान्त के बावजूद तंगहाली झेल रहे परिवार को अब तक कृषक दुर्घटना बीमा योजना की आर्थिक मदद नहीं मिलने की शिकायत की।



### खनन की शिकायत पर एफआईआर के आदेश

**रसूलपुर** आशिक अली गांव के आकाश ने मंगलवार को तहसील समाधान दिवस में एडीएम प्रशासन अमरपाल सिंह से शासन के आदेश पर सिंचाई के लिए बनवाई गई नहर व नाली की मिट्टी बेच दिए जाने की शिकायत की। एडीएम ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को तलब किया तो अधिकारी नहर विभाग के नक्शे में नहीं होने की सफाई देने लगे। इस पर एसडीएम विकास सिंह ने यही बात लिखकर देने को कही तो अधिकारी जांच कराने की बात कहकर खिसकने लगे। इस पर एसडीएम ने उन्हें फटकार लगाकर मौका-मुआयना कर अवैध खनन मिलने पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए।

# सांसद ने स्टेशन व चल रहे विकास कार्यों को लेकर डीआरएम के साथ की समीक्षा

संवाददाता। अयोध्या

**रामजन्मभूमि** पर भव्य मंदिर निर्माण को देखते हुए अयोध्या व उससे जुड़े स्टेशनों पर यात्रियों को उच्चतम दर्जे की आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से सांसद लल्लू सिंह ने मण्डल रेल प्रबन्धक उत्तर रेलवे लखनऊ डा संजय त्रिपाठी व अन्य मण्डलीय अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की। स्टेशनों को विकसित करने के लिए एक समग्र योजना तैयार की गयी। इसपर आने वाले दिनों पर रेलवे विभाग के द्वारा कार्यवाही की जायेगी। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि समीक्षा के दौरान फैजाबाद रेलवे स्टेशन का नव निर्माण व सर्कुलेटिंग एरिया का विकास व सौन्दयीकरण, अयोध्या स्टेशन पर चल रहे कार्य की समीक्षा तथा स्टेशन के दक्षिण तरफ होने वाले का प्रस्ताव



तैयार करने रामघाट हाल्ट को स्टेशन के रुप में परिवर्तित कर उसके विकास व सौन्दयीकरण पर गहनता से चर्चा की गयी। बाराबंकी अयोध्या अकबरपुर दोहरीकरण कार्य व इसके अर्न्तगत स्टेशनों पर होने वाले कार्यो के सम्बंध में चर्चा, मोदहा क्रासिंग नम्बर 121 पर आरओपी निर्माण पर चर्चा हुई। उन्होने बताया कि फैजाबाद रेलवे स्टेशन का नाम अयोध्या कैंट होने जा रहा है। इस स्टेशन में यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के साथ सौन्दयीकरण हो। जिससे बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के मन में अयोध्या की पहली तस्वीर विकसित स्वरुप में जाय। इसको लेकर रेलवे के अधिकारियों के साथ वार्ता की गयी। मंडल रेल प्रबन्धक डा संजय त्रिपाठी ने बताया कि सांसद लल्लू सिंह ने स्टेशन को विकसित करने का अपना विजन प्रस्तुत किया है। रेलवे द्वारा सुविधाओं का संवर्धन व उच्चीकरण करके इसे पूरा किया जायेगा। सारे स्टेशनों के समग्र विकास के लिए योजना बनायी गयी है। इसको लेकर आगे भी विचार विमर्श चलता रहेगा। इस अवसर पर एडीआरएम इन्फ्रास्टेक्चर एके पाण्डेय, सीनीयर डीसीएम जगतोष शुक्ला, सीनियर डीओएम केके अरोड़ा, सीनियर डीएन कोआडिनेशन सुधीर सिंह, सीनियर डीएन फाईव उत्कलकांत व मण्डल उपभोक्ता सहलाहकार समिति के सदस्य मनोज श्रीवास्तव तथा रेलवे विभाग के अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही।

## सीडीओ ने मिल्कीपुर तहसील में सुनी जन शिकायतें

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील मुख्यालय पर मुख्य विकास अधिकारी प्रथमेश कुमार के अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 148 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की जिनमें से 7 मामलों का निस्तारण मौके पर ही सीडीओ ने करा दिया। कोविड.19 को लेकर सरकार की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार मंगलवार को मिल्कीपुर तहसील मुख्यालय पर सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया समाधान दिवस में पहुंचे क्षेत्रवासी पीड़ितों ने अपनी फरियाद में पेश की प्रस्तुत शिकायतों का निस्तारण करते हुए सीडीओ प्रथमेश कुमार ने शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण निर्धारित समयावधि के अंदर किए जाने के निर्देश विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों को दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में प्रस्तुत शिकायतों में सबसे ज्यादा मामले राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग से संबंधित रहे समाधान दिवस में प्रमुख रूप से उप जिलाधिकारी अशोक कुमार शर्मा, तहसीलदार अरविंद त्रिपाठी सहित अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

# ...और जब भतीजी की डोली से पहले निकली चाचा की अर्थी

- दाह संस्कार से लौटने के बाद बुझे मन से लोगों ने निभाई वैवाहिक रस्म
- कटका थाना क्षेत्र के दूलहूपुर गांव का मामला

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**बारातियों** के स्वागत व अन्य वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए शादी के शामियाने तन गए थे। तभी वह दर्दनाक मंजर सामने आया कि देखने और सुनने वालों की रूह कांप गयी। कुछ ही घण्टों की दूरी पर खड़ी खुशी को दबाकर गम की पराकाष्ठा से ओतप्रोत नजारे के बारे में पहले किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। लेकिन प्रकृति के विधान के आगे नतमस्तक लोगों ने दोनों रस्में निभायी। यानी भतीजी की डोली निकलने से पहले चाचा की अर्थी निकाली गई। मार्मिक दृश्य देखकर हर किसी की आंखें नम हो चली। इसी के साथ शादी की सारी खुशी मातम में बदल गई। मामला अंबेडकरनगर जिले के नवसृजित कटका थाना क्षेत्र के दुलहूपुर गांव का है। जहां के सिंहोंरिया पुरवा के निवासी जियाऊ के



35 वर्षीय पुत्र लालचंद उर्फ लालू की लाश मंगलवार तड़के पटियाला से लाई गई। जिसे देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सबसे बड़ी बात यह कि मृतक के बड़े भाई जयचंद की बेटी माधुरी की मंगलवार को ही शादी है और शाम को उसकी बारात आनी है। जिसकी सारी तैयारियां पूरी हो चुकी थी। ऐसे में सभी लोग हतप्रभ हैं। उल्लेखनीय है कि लालचंद बीते माह रोजी रोटी के सिलसिले में पंजाब के पटियाला शहर गया हुआ था। जहां सोमवार की सुबह अचानक उसकी मौत हो गई थी।उसका शव मंगलवार की सुबह एंबुलेंस के जरिए लाया गया। जिसके बाद परिजन बदहवास हो गए। अंततः जिस घर से एक बेटी की डोली निकलने थी उसी घर से एक दिन पूर्व अर्थी निकल गई। खास बात यह भी दाह संस्कार से लौटने के बाद लोगों ने बुझे मन से वैवाहिक रस्में भी निभाई।

## क्विक न्यूज

### दीपोत्सव की तैयारियों में जुटा विश्वविद्यालय प्रशासन

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के निर्देश पर चतुर्थ दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए स्वयंसेवकों के साथ तैयारियां शुरू कर दी है। जिला प्रशासन के सहयोग से इस बार लगभग 6 लाख दीये जलाने का लक्ष्य रखा गया गया। विश्वविद्यालय दीपोत्सव के नोडल अधिकारी प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि कोविड.19 गाइडलाइंस के अनुपालन में दीएं को जलाने की तैयारी विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा की जा रही है। कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह विगत शनिवार को अयोध्या के राम की पैड़ी के घाटों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने उन स्थानों का निरीक्षण किया जहां दीपक जलाये जायेंगे। कुलपति ने नोडल अधिकारी प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा को जिला प्रशासन के चतुर्थ दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने को कहा है। इसके लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देश प्रदान किया। इस सम्बन्ध विश्वविद्यालय ने कमेटियों का गठन कर दिया है। कमेटियां अपना कार्य शुरू कर दी है। दिनांक 04 नवम्बरए 2020 को प्रातः बजे संतकबीर सभागार में कुलपति दीपोत्सव के समन्वयकों एवं स्वयसेवकों के साथ बैठक करेंगे। विश्वविद्यालय स्तर से दीपोत्सव में सहभागिता प्रदान करने के लिए पहचान.पत्र जारी करने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी है। इस दीपोत्सव में प्रवेश के लिए पहचान.पत्र अनिवार्य कर दिया है। बिना पहचान.पत्र के कोई प्रवेश नही कर सकेगा।

### डीएम ने किया न्यू पानी टैंक निर्माण का औचक निरीक्षण

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र विकासखंड आलापुर के ग्राम मसेना मिर्जापुर में अमृत पेयजल योजना अंतर्गत नवनिर्मित पानी टैंक का औचक निरीक्षण किए। न्यू पानी टैंक का कार्य गुणवत्तापूर्ण पाया गया। कार्य पूरी तरह पूर्ण कर लिया गया था। इससे 546 परिवारों को लाभ मिलेगा अब तक 465 परिवारों को कनेक्शन दे दिया गया है। बचे हुए परिवारों को परियोजना से जोड़ने का कार्य प्रगति पर पाया। इस दौरान मौके पर उप जिला अधिकारी आलापुर, अधिशासी अभियंता जल निगम एवं संबंधित अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

### नगर विधायक मेदांता रेफर

**गोरखपुर।** भाजपा नगर विधायक डा.राधा मोहन दास अग्रवाल कोरोना से संक्रमित हैं। उनकी हालत में कोई सुधार नहीं होता देख डॉक्टरों ने उन्हें गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कालेज से मेदांता रेफर कर दिया है। इसकी पुष्टि खुद विधायक डा.राधा मोहन दास अग्रवाल ने की है। फेसबुक पर एक पोस्ट के जरिए उन्होंने बताया कि 25 अक्टूबर को कोरोना डिटेक्ट हुआ लेकिन अभी भी बुखार रहता है। बीआरडी मेडिकल कालेज की सलाह पर मेदांता हॉस्पिटल जा रहा हूं। अब पूरी तरह से ठीक होकर ही गोरखपुर लौट कर आऊंगा। ऑक्सीजन लेवल में लगातार गिरावट के चलते डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल जाने की सलाह दी है। डा.राधा मोहन दास अग्रवाल को एम्बुलेंस से मेदांता हॉस्पिटल शिफ्ट कर दिया गया है। भाजपा विधायक पिछले दिनों बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए गए थे। वहां से लौटने पर उनकी तबीयत खराब हो गई। कोरोना जांच में पॉजिटिव पाए जाने के बाद से वह होम आइसोलेशन में थे। सांस लेने में तकलीफ होने लगी तो विधायक बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती हो गए। अभी तक उनका वहीं इलाज चल रहा था।

### 16 नाबालिग बच्चे बरामद, तीन गिरफ्तार

**गोरखपुर।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा यात्रियों की सुरक्षा एवं उन्हें बेहतर यात्रा सुविधा प्रदान करने के क्रम में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, गोरखपुर को गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर गश्त के दौरान एक लड़का एवं एक लड़की आयु 13 एवं 15 वर्ष लावारिस हालत में मिले। सुपुर्दगीनामा बनाकर लड़के एवं लड़की को चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सौंप दिया गया।

# एनटीपीसी: सतर्कता जागरूकता सप्ताह समापन समारोह

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**एनटीपीसी** टांडा परियोजना परिसर स्थित सरगम प्रेक्षागृह में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन दिनांक 2.11.2020 को पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न किया गया। समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख श्री के.एस.राव एवं गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती स्वर्णलता राव द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी के अधिकारीगण, कर्मचारीगण, विद्यालयों के प्राचार्य एवं आचार्यगण तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी उपस्थित थे।



समारोह के दौरान सभी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने सतर्कता जागरुकता सप्ताह के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री एस.के.सिंह, सभी महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री एस.एन पाणिग्राही के कुशल मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही केन्द्रीय सतर्कता आयोग का जिक्र करते हुए सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को अपने कार्य में पारदर्शिता लाने पर बल दिया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में परियोजना के उप महाप्रबन्धक (सतर्कता) श्री मदन कुमार ने मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत् किया। तदोपरान्त सर्तकता अनुभाग द्वारा सप्ताह भर आयोजित किये गये कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत किया गया। श्री मदन कुमार ने कहा कि पारदर्शिता लाने के लिए भारत सरकार द्वारा हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने सप्ताह भर चलने वाले प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। ार्यक्रम के अन्त में श्री राजेश सोनी, उप महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) ने सभी का धन्यवाद् ज्ञापन किया।

# जाम से मुक्ति दिलाने के लिए स्थलों का निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**गोलघर** इलाके को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए मंगलवार सुबह कमिश्नर जयंत नर्लिकर, डीएम के विजयेंद्र पाण्डियन और नगर आयुक्त अंजनी कुमार सिंह ने शहर में दो स्थानों का निरीक्षण किया। नगर निगम परिसर में लकड़ी रखने के लिए बनाई जगह को साफ कर सब्जी की दुकान लगाने के लिए व्यवस्था करने का निर्देश दिया। साथ ही विजय चौक स्थित पुराने संभागीय खाद्य नियंत्रक (आरएफसी) कार्यालय परिसर में वाहनों की पार्किंग के लिए व्यवस्था बनाने का निर्देश दिया।

त्योहारों के कारण गोलघर इलाके में दोपहर बाद से देर रात तक जाम की समस्या खड़ी हो जा रही है। बाजार में आ रहे लोगों के वाहन खड़े करने के लिए सिटी मॉल के सामने पार्किंग की व्यवस्था की गई है लेकिन बैंक रोड और विजय चौक की तरफ जाने वाले लोगों के लिए यह पार्किंग स्थल काफी दूर है। इसे देखते हुए विजय चौक इलाके में पार्किंग की व्यवस्था बनाने पर मंथन हुआ था। मंगलवार को आरएफसी कार्यालय परिसर पहुंचे कमिश्नर ने कहा कि सिनेमा रोड, विजय चौक और बैंक रोड की तरफ आने वाले वाहनों को इसी परिसर में खड़ा कराया जाए।

शास्त्री चौक व रीड साहब की धर्मशाला में नहीं लगेंगी दुकानें

शास्त्री चौक और रीड साहब की धर्मशाला में सब्जी व फल की दुकानें लगने के कारण शाम को जाम की समस्या खड़ी हो जाती है। इसे देखते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि दुकानें नगर निगम परिसर स्थित लकड़ी के लिए बने गोदाम में लगाई जाएं। किसी भी हाल में ठेले सड़क पर नहीं लगने चाहिए।

शास्त्री चौक पर जाम की समस्या को देखते हुए पिछले साल नगर निगम परिसर में सब्जी की दुकानें लगाने की व्यवस्था की गई थी। कुछ महीने तक यह व्यवस्था चली भी। बाद में नगर निगम सदन भवन का काम शुरू होने के कारण वहां रखी लकड़ी को इस स्थान पर रख दिया गया। इसके बाद से सब्जी की दुकानें हटा दी गई थीं।

# जीएम रेलवे ने किया धरोहर कक्ष का अवलोकन



पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**पूर्वोत्तर** रेलवे के महाप्रबन्धक विनय कुमार त्रिपाठी ने वरिष्ठ रेल अधिकारियों के साथ महाप्रबन्धक कार्यालय, गोरखपुर में स्थित ''धरोहर कक्ष'' का अवलोकन किया। धरोहर कक्ष में उपलब्ध अभिलेखों एवं प्रदर्शित दुर्लभ फोटोग्राफ्स को देखकर श्री त्रिपाठी ने प्रसन्नता व्यक्त की। महाप्रबन्धक श्री त्रिपाठी ने रेलवे क्रिकेट ग्राउण्ड पर बन रहे पवेलियन भवन का निरीक्षण भी किया। इसके उपरान्त महाप्रबन्धक सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम गये। उन्होंने स्टेडियम में खेले जाने वाले विभिन्न खेलों के बारे में जानकारी ली तथा पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों की खेल जगत में उल्लेखनीय उपलब्धियों से अवगत हुये।

महाप्रबन्धक श्री त्रिपाठी ने पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) के तत्वावधान में उपलब्ध खेलकूद की सुविधाओं एवं प्रशिक्षण का उपयोग कर खिलाड़ियों द्वारा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय जगत में अपनी पहचान बनाने की सराहना की। श्री त्रिपाठी ने स्टेडियम में निर्माणाधीन प्रेक्षागृह का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रमुख मुख्य इंजीनियर सतीष कुमार पाण्डेय, अध्यक्ष/नरसा एवं मुख्य चल स्टाक इंजीनियर योगेश मोहन, सचिव/महाप्रबन्धक डी.के.खरे, महासचिव/नरसा एवं मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह, उप मुख्य इंजीनियर/गोरखपुर क्षेत्र रविन्दर मेहरा तथा सहायक क्रीड़ाधिकारी आदि उपस्थित थे।

दीवान हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड

Changing Rules Changing Lives

राष्ट्रीय कार्यालय : एचडीआईएल टावर्स, बी-विंग, छठा तल, अनंत कानेकर मार्ग, स्टेशन रोड, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051
शाखा कार्यालय : धीरज बाग, बिल्डिंग ''ए'' भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरी निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)-400602.

माँग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधिन अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधिन दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थी, जिनमें निम्नलिखीत कर्जदार(रों) (उक्त कर्जदार(रों) से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई है। चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों)को एक बार पुन:डीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान , उक्त कर्जदार(रों)द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज / प्रलेख, यदी काई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से भुगतान तथा / अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों)द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रुप में निम्नलिखित आस्तियां डीएचएफएल के पास बंधक रखी गई है।

| कर्जदार (रो)/ गारंटर (रो) का नाम/लोन कोड | माँग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| (एल.सी. नं. 00004160 लखनऊ शाखा) रामप्रताप यादव (कर्जदार) ममता देवी (सह-कर्जदार 1) | 26-09-2020 /₹ 2368393/- (₹ तेईस लाख अड़सठ हजार तीन सौ तिरानवे) एनपीए(01-07-2020) | प्लॉट नं. सी-62, खसरा नं. 960 केए का हिस्सा, गांव सरसावन, परगना-लखनऊ, तहसील-सरोजीनी नगर, लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226020 |
| (एल.सी. नं. 00005248 लखनऊ शाखा) उदय झिलु हंजनकर (कर्जदार) नंदिता हंजनकर (सह-कर्जदार 1) | 26-09-2020 /₹ 2291651/- (₹ बाईस लाख इक्यानवे हजार छह सौ इक्यावन) एनपीए (01-08-2020) | खसरा नं. 45 एसए पर घर, गांव भैसोरा, लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226020 |
| (एल.सी. नं. 00005805 लखनऊ शाखा) मोहम्मद अहसान (कर्जदार) नाझीया अहसान (सह-कर्जदार 1) | 26-09-2020 /₹ 14946877/- (₹ एक करोड़ उनचास लाख छियालिस हजार आठ सौ सतहत्तर) एनपीए (01-07-2020) | खसरा नं. 580 मिंज के उपर के प्लॉट का हिस्सा, ग्राम मदियान, परगना-महोना, तहसिल - बी के टी, लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226020 |
| (एल.सी. नं. 00005345 लखनऊ शाखा) हरिंदर कुमार (कर्जदार) ग्यानती देवी (सह-कर्जदार 1) | 26-09-2020 /₹ 2218591/- (₹ बाईस लाख अठारह हजार पांच सौ इक्यानवे) एनपीए (01-08-2020) | प्लॉट नं. 25, खसरा नं. 1772 का हिस्सा, गांव जुगौर, परगना तहसिल, लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226020 |
| (एल.सी. नं. 00003050 वाराणसी शाखा) पुष्पा देवी (कर्जदार) दीपक जैसवाल (सह-कर्जदार 1) | 26-09-2020 /₹ 651570/- (₹ छह लाख इक्यावन हजार पांच सौ सत्तर) एनपीए (01-07-2020) | प्लॉट हाऊस नं. युआई 129, लालपूर अवसिय, योजना फेज एक, मौजा लालपूर, परगना शिवपूर, वारानसी, वारानसी, उत्तर प्रदेश - 221010 |
| (एल.सी. नं. 00005628 लखनऊ शाखा) मुकेश कुमार (कर्जदार) सिता देवी (सह-कर्जदार 1) | 26-09-2020 /₹ 1277483/- (₹ बारह लाख सतहत्तर हजार चार सौ तिरासी) एनपीए (01-07-2020) | प्लॉट नं. ई 3/95-ए/एच, सेक्टर एच, एल डी ए कॉलोनी, कानपुर रोड योजना, पावर हाऊस चौराह के पास, लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226001 |
| (एल.सी. नं. 00001379 राज नगर शाखा) अफसाना मलिक (कर्जदार) मोहम्मद अल्ताफ (सह-कर्जदार 1) | 26-09-2020 /₹ 748913/- (₹ सात लाख अड़तालीस हजार नौ सौ तेरह) एनपीए(01-08-2020) | फ्लैट नं. 5 एफ, पहली मंजिल, ब्लॉक-डी, सेक्टर ओमिक्रॉन 1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश - 201308 |
| (एल.सी. नं. 00003650 वाराणसी शाखा) ब्रजेश कुमार (कर्जदार) उर्मिला देवी (सह-कर्जदार 1) | 26-09-2020 /₹ 3907042/- (₹ उनतालीस लाख सात हजार बयालीस) एनपीए (01-07-2020) | एच नं. एन 8/810ए-के-14, अरजी नं. 35, मौजा नेवाडा, परगना देहात अमानत, वारानसी, वारानसी, उत्तर प्रदेश 221005 |
| (एल.सी. नं. 00000135 अलाहाबाद शाखा) रोशन सिंह (कर्जदार) पूनम सिंह (सह-कर्जदार 1) | 26-09-2020 /₹ 2056569/- (₹ बीस लाख छप्पन हजार पांच सौ उनहत्तर) एनपीए (01-07-2020) | अरजी नं. 256, मौजा शोहा उर्फ, पिपलगांव, परगना और तहसिल सदर, इलाहाबाद, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश - 211012 |
| (एल.सी. नं. 00042825 लखनऊ-लालबाग शाखा) रितेश कुमार गुप्ता (कर्जदार) ज्ञान मती गुप्ता (सह-कर्जदार 1) | 26-09-2020 /₹ 853461/- (₹ आठ लाख तिरपन हजार चार सौ इकसठ) एनपीए (01-07-2020) | प्लॉट नं. 36, खसरा नं. 70 का हिस्सा, गांव- हासेमाउ परगना तेहसिल और जिला, लखनऊ, लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226020 |
| (एल.सी. नं. 00006478 लखनऊ शाखा) सुरेन्द्र यादवा (कर्जदार) धरमेन्द्र डी (सह-कर्जदार 1) | 26-09-2020 /₹ 1594044/- (₹ पंद्रह लाख चौरानवे हजार चवालीस) एनपीए (01-08-2020) | प्लॉट नं. 47, 48 और 49 खसरा नं. 987 और 988 की हिस्सा, गांव अमरैगांव, वार्ड शहिद भगत सिंह, परगना, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226020 |
| (एल.सी. नं. 00006853 लखनऊ शाखा) महन्द्रा पांडे (कर्जदार) ममता पांडे (सह-कर्जदार 1) | 26-09-2020 /₹ 786314/- (₹ सात लाख छियासी हजार तीन सौ चौदह) एनपीए (01-08-2020) | खसरा नं. 256 के प्लाट का हिस्सा, ग्राम खारागपूर, फरिदी नगर, वार्ड - बाबु जगजिवन राम, लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226020 |
| (एल.सी. नं. 00006995 लखनऊ शाखा) सर्वजीत यादव (कर्जदार) सुगंती देवी (सह-कर्जदार 1) | 26-09-2020 /₹ 1111106/- (₹ ग्यारह लाख ग्यारह हजार एक सौ छह) एनपीए (01-08-2020) | प्लॉट नं. 31, खसरा नं. 218 का हिस्सा, गांव - लोनपूर, परगना और तहसिल, लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226020 |
| (एल.सी. नं. 00043214 लखनऊ-लालबाग शाखा) राजेश कुमार (कर्जदार) प्रियांका गौतम (सह-कर्जदार 1) | 26-09-2020 /₹ 751825/- (₹ सात लाख इक्यावन हजार आठ सौ पच्चीस) एनपीए (01-08-2020) | प्लॉट नं. ए-5, खसरा नं. 265एसए का हिस्सा, ग्राम - अलीनगर, वार्ड सरोजीनी नगर, लखनऊ, लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226020 |
| (एल.सी. नं. 00002517 आग्रा शाखा) सुनीता ब्रिजमोहन तपारिया (कर्जदार) केशव तपारिया (सह-कर्जदार 1) राइसिंग सन फूड्स प्रॉडक्ट्स (सह-कर्जदार 2) झपाटो एक्सपोर्ट्स प्रायव्हेट लिमिटेड (गारंटर 1) तन्वी गोयल (गारंटर 2) | 26-09-2020 /₹ 19567356/- (₹ एक करोड़ पचानवे लाख सड़सठ हजार तीन सौ छप्पन) एनपीए (01-07-2020) | संपत्ती क्र. एफ-639बी(एमआईजी), कार्पोरेशन नं. 32ए/एफ639बी, एफ ब्लॉक, कमला नगर, हरीपर्वत, आगरा, उत्तर प्रदेश - 282005 |
| (एल.सी. नं. 00002021 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) नेटसोल वाटर सोल्युशन्स प्रा. लि. (कर्जदार) प्रविन कुमार तिवारी (सह-कर्जदार 1) देवमती (सह-कर्जदार 2) | 26-09-2020 /₹ 3666742/- (₹ छत्तीस लाख छियासठ हजार सात सौ बयालीस) एनपीए (01-08-2020) | फ्लैट नं. 304, तिसरी मंजिल, विंग का नाम और नं. टी-10, एलडेको सौभाग्यम, रायबरैली रोड इब्राहिमपूर, वृन्दावन योजना लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226005 |
| (एल.सी. नं. 00000792 करकरदुमा नोएडा शाखा) ओमवीर सिंह (कर्जदार) ममता देवी (सह-कर्जदार 1) | 26-09-2020 /₹ 691697/- (₹ छह लाख इक्यानवे हजार छे सौ सत्तानवे) एनपीए (01-01-2020) | दुकान नं. 52, तल मंजिल (दोगुनी ऊंचाई), प्लॉट नं. ए-13 दुर्गा टावर, आरडीसी राज नगर, गाज़ियाबाद युपी, उत्तर प्रदेश - 201010 |
| (एल.सी. नं. 00043731 लखनऊ लालबाग शाखा) मनीष देव शुक्ला (कर्जदार) मुक्ता शुक्ला (सह-कर्जदार 1) शशांक देव शुक्ला (सह-कर्जदार 2) | 26-09-2020 /₹ 2489953/- (₹ चौबीस लाख नवासी हजार नौ सौ तिरपन) एनपीए (01-04-2020) | प्लॉट नं. ए-10 और 11, खसरा नं. 51, 52, 53, 54, 55, 56, मिंज बीएलके-ए, गांव हसेमाव, गोमती नगर, परगना और तहसिल और जिला लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |

यदी उक्त कर्जदार डीएचएफएल को उपरोक्तनुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, डीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पुर्णरुपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण डीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई व्यक्ती, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा अर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथी : 04/11/2020
स्थान : उत्तर प्रदेश

हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी)
दीवान हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड

# जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सभी का दायित्व: डीएम

- समाधान दिवस में आयी 186 शिकायतों में से 8 का ही हुआ निस्तारण
- सभी तहसीलों में आयोजित हुआ समाधान दिवस

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**शासन** की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र तथा आलापुर विधायक अनीता कमल की उपस्थिति में तहसील आलापुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने तथा मास्क लगाने का निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारीगण निर्भीक होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। मजबूर एवं असहाय लोगों का



समाधान दिवस में शिकायतों को सुनते डीएम — पायनियर

मदद करना हमारी प्रथम प्राथमिकता है। इस दौरान जिलाधिकारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भूमि अधिग्रहण, अवैध कब्जा से संबंधित शिकायतों का मौके पर टीम भेज करके ,पैमाइश करा कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। धान क्रय केंद्रों को लेकर जिलाधिकारी ने धान तौल अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी किसान को क्रय केंद्रों पर कोई दिक्कत नहीं होना चाहिए। बोरे ,पैसों की उपलब्धता सुनिश्चित रहनी चाहिए। इस दौरान पराली जलाने के मामले में जिलाधिकारी ने कहा कि पराली जलाने वाले लोगों पर सख्त कार्यवाही किया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस आलापुर में जिलाधिकारी के समक्ष कुल 186 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए जिसमें से आठ प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष 178 जन शिकायती पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण हेतु प्राप्त करा दिया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक तथा उप जिलाधिकारी आलापुर उपस्थित रहे। तहसील अकबरपुर में अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा के समक्ष कुल 146 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुआ जिसमें से 5 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष 141 शिकायती प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारी को प्राप्त करा दिया गया। तहसील टांडा में उप जिलाधिकारी के समक्ष 62 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुई जिसमें से 11 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष 51 जन शिकायत पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण हेतु प्राप्त करा दिया गया।

तहसील जलालपुर में उप जिलाधिकारी के समक्ष 154 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें से 15 प्रार्थना पत्र मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष 139 शिकायती पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण हेतु प्राप्त करा दिया गया। तहसील भीटी में उप जिलाधिकारी के समक्ष 143 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुई है जिसमें से 10 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष 133 शिकायती पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण हेतु प्राप्त करा दिया गया।

## यातायात के नियमों के प्रति चालकों को किया गया जागरूक

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**मंगलवार** को 'यातायात माह-नवम्बर के अवसर पर सभी थानों द्वार सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित यातायात जागरूकता रैली में यातायात प्रभारी प्रदीप सिंह द्वारा प्रभावी चेकिंग कर आम जनमानस को यातायात के विषय में जागरुक किया गया। उन्होंने लोगो से सुरक्षित यातायात के लिये यातायात के नियमो का पालन करने को कहा। इस दौरान यातायात नियमों का पालन सम्बन्धी जागरूकता जैसे सीट बेल्ट लगाना, हेलमेट पहनना, ओवर स्पीडिंग न करना, रेड लाइट जम्पिंग न करना, वाहन चलाते हुए मोबाइल फोनर्ध्ईयर फोन का प्रयोग न करना, नशे की हालत में वाहन न चलाने आदि के संबंध में जागरूक किया गया। वाहन चालकों से कहा गया कि ज्यादा तेज गति से गाड़ी चलाना भी जानलेवा साबित होता है इसलिए निर्धारित गति सीमा में ही गाड़ी चलाये।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 4 नवंबर, 2020



# अमेरिका में चुनाव
## ट्रंप और बिडेन में मुकाबला

**संयुक्त** राज्य अमेरिका दुनिया का सर्वाधिक विविधतापूर्ण देश है जहां दो वृद्ध श्वेत उम्मीदवारों के बीच मुकाबला है कि कोरोनावायरस वैश्विक महामारी की विभीषिका झेलने के बाद देश का नेतृत्व कौन करेगा। इस समय अमेरिका तथा दुनिया को नेतृत्व चाहिए। यदि अमेरिका बुद्धिमानीपूर्ण निर्णय नहीं करता है तो चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनके समर्थक नई विश्व व्यवस्था पर हुकूमत के लिए तैयार हैं। क्या अमेरिका को ऐसा व्यक्ति चुनना चाहिए जिसने सारे नैतिक मानक तोड़ कर विभाजनकारी भूमिका निभाई है, हालांकि उसने चीन का घमंड तोड़ने का प्रयास भी किया है? अथवा अमेरिका को ऐसा सभ्य व्यक्ति चुनना चाहिए जिसमें वृद्धावस्था के कारण मानसिक थकान के लक्षण स्पष्ट हैं? अमेरिका में 2020 के चुनाव अमेरिकी शैली वाले लोकतंत्र की संभवत: कठिन परीक्षा भी हैं। उसकी चुनावी व्यवस्था में भयानक कमियां हैं और भारत व अनेक अन्य देशों की तरह फर्स्ट पास्ट द पोस्ट व्यवस्था नहीं है। एलेक्टोरल कालेज की व्यवस्था में कोई उम्मीदवार राष्ट्रव्यापी विविधता को तोड़ कर भी भारी बहुमत से व्हाइट हाउस पहुंच सकता है जो बाकी दुनिया के लिए आश्चर्यजनक हो सकता है। अमेरिकी व्यवस्था में दोनों पार्टियों में अतिवादी दृष्टिकोण हावी हो गए हैं। हालांकि, मध्यमार्ग की समाप्ति केवल अमेरिकी परिघटना नहीं है जहां कोका कोला व पेप्सी की तरह रिपब्लिकनों व डेमोक्रेटों ने कोई और संभावित विकल्प नहीं उभरने दिया है। लोकतंत्र के 'निर्यात' का दंभ करने वाले देश होने वाले देश के बावजूद, अमेरिकी शैली का लोकतंत्र किसी लोकतांत्रिक देश के लिए सबसे खराब हो सकता है।

भारतीय दृष्टिकोण से ट्रंप व रिपब्लिकन आमतौर से रोनाल्ड रीगन के समय से हमारे प्रति ज्यादा दयालु रहे हैं, हालांकि अपने कार्यकाल के अंतिम समय में बिल क्लिंटन ने भारत-अमेरिका संबंधों में महत्वपूर्ण सुधार शुरू किए थे। ट्रंप प्रशासन द्वारा चीन के प्रति अपनाए कठोर दृष्टिकोण का नरेन्द्र मोदी सरकार ने स्वागत किया है, हालांकि डेमोक्रेट राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ भी उन्होंने अच्छी मित्रता का परिचय दिया था। चीन के मुकाबले भारत की भू-रणनीतिक स्थिति तथा खासकर सीमान्त क्षेत्रों व हिंद महासागर में चीन की आक्रामकता व पाकिस्तान के पतन को देखते हुए ट्रंप प्रशासन ने भारत को महत्वपूर्ण भूमिका सौंपी है। अमेरिका, जापान व आस्ट्रेलिया के साथ क्वाड पहल के लिए ट्रंप सरकार ने सक्रिय प्रयास किए तथा सुरक्षा और संरक्षा सहयोग को और मजबूत करने में योगदान किया। दूसरी ओर अमेरिका पर भारत की वित्तीय निर्भरता भी बढ़ी। 2019-20 में भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार 88.75 बिलियन डालर तक पहुंचा और अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार बन गया। लेकिन बाइडेन ने चीन के प्रति व्यापार पर नरम दृष्टिकोण अपनाया है। उन्होंने चीनी आयातों से वे टैरिफ हटाने के भी संकेत दिए हैं जिनको ट्रंप ने लगाया है। इस प्रकार बाइडेन के चयन से भारत को अपेक्षित आर्थिक लाभ नहीं होंगे। लेकिन संस्कृत व तमिल बोलने वाली भारतीय मूल की उप-राष्ट्रपति होना हमारे लिए लाभ की स्थिति है। डेमोक्रेटिक पार्टी अक्सर अलगाववादी तत्वों का शिकार हो जाती है तथा धार्मिक स्वतंत्रताओं की समर्थक है। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी का झुकाव व्यक्तिगत रूप से ट्रंप की ओर है, लेकिन बाइडेन-हैरिस की विजय की स्थिति में अमेरिकी व्यावहारिकता भारत के प्रति बेहतर संबंध बनाने की ओर लक्षित होगी। बाइडेन की विजय से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर चीन का प्रभाव बढ़ सकता है। अमेरिकी चुनाव में विभिन्न राज्यों के अलग-अलग मानक हैं और संघीय स्तर पर कोई चुनाव कराने वाली संस्था नहीं है। अमेरिकी चुनावों का नतीजा चाहे जो हो, भारतीय विदेश नीति के लक्ष्यों की विजय की पूरी उम्मीद है। लेकिन अमेरिकी जनता को यह ध्यान देने की जरूरत है कि उसके लोकतांत्रिक देश में कुछ भयानक विकृतियां फैल गई हैं।



# फ्रांस में जघन्य हत्याएं

भारतीयों के रूप में हमें फ्रांस के साथ खड़े होकर आतंकवाद के खिलाफ एकजुट संघर्ष छेड़ना चाहिए। इसके साथ ही हमें अपने सेक्युलर व लोकतांत्रिक मूल्य बनाए रखने चाहिए।



ए. सूर्यप्रकाश
(लेखक लोकतांत्रिक अध्ययनों के विशेषज्ञ हैं)



चरमपंथी मुस्लिमों द्वारा एक स्कूल शिक्षक तथा कुछ अन्य लोगों की नृशंस हत्याओं के बाद फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रान ने अपने देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा करने का फैसला किया है। इसके विरोध में अनेक इस्लामी देशों में हिंसक प्रदर्शन हुए हैं। समझा जाता है कि फ्रांस में इन हिंसक गतिविधियों के पीछे एक फ्रांसीसी पत्रिका में पैगंबर हजरत मुहम्मद का कार्टून प्रकाशित होना है। इस प्रकार यह एक ऐसे देश में ईशनिन्दा बनाम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मुद्दा बन गया है जिसका मूल आधार स्वतंत्रता, समानता व बंधुत्व है। इस्लामी दुनिया के अधिकांश प्रदर्शनकारी सिर काटने जैसे कृत्यों को सही ठहरा रहे हैं तथा फ्रांसीसी राष्ट्रपति के खून के प्यासे हैं। मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री महातिर बिन मुहम्मद सबसे बड़े अपराधी हैं जिन्होंने कहा है कि मुसलमानों को 'अतीत में किए नरसंहारों के जवाब में गुस्सा होने तथा लाखों फ्रांसीसी लोगों की हत्या' का अधिकार है। यह रक्तपात को खुला प्रोत्साहन है और यह ऐसे व्यक्ति का सर्वाधिक भड़काऊ व गैर-जिम्मेदाराना बयान है जो एक बड़े देश में महत्वपूर्ण पद पर रहा है। आश्चर्यजनक है कि ट्विटर ने केवल महातिर मुहम्मद का ट्वीट हटाया तथा उनके खिलाफ कोई और गंभीर कार्रवाई नहीं की।

इस्लामी देशों में जारी इन गतिविधियों को देखते हुए भारतीय नागरिकों की फ्रांस की घटनाओं पर क्या प्रतिक्रिया होनी चाहिए? अनेक भारतीय शहरों में पैगंबर का कार्टून बनाए जाने पर गुस्सा मुस्लिम नागरिकों ने प्रदर्शन किए हैं। इन प्रदर्शनों को उसी समय तक वैधता प्राप्त है जब तक ये शांतिपूर्ण व अहिंसक रहते हैं तथा सामान्य जनजीवन में बाधा नहीं पैदा करते हैं। इस दृष्टिकोण से अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय-एएमयू के छात्र नेता फरहान जुबेरी का व्यवहार निन्दनीय है जिसने फ्रांस में सिर काट कर की गई हत्याओं को उचित ठहराते हुए इस्लाम के खिलाफ बोलने वाले किसी का सिर काटने की खुलेआम धमकी दी है।

भारत ने अपनी लोकतांत्रिक पहचान के अनुरूप इस प्रकार की हिंसा के खिलाफ उचित दृष्टिकोण अपनाया है। विदेश मंत्रालय ने पेरिस में स्कूल शिक्षक का सिर काटने की निन्दा करते हुए कहा है कि 'किसी भी कारण या किसी भी परिस्थितियों में' आतंकवाद का कोई औचित्य नहीं है। मंत्रालय ने बिना किसी शब्दाडंबर के फ्रांसीसी राष्ट्रपति पर किए जा रहे व्यक्तिगत हमले की 'कठोर निन्दा' की है। उसने कहा है कि यह अंतरराष्ट्रीय विमर्श के सर्वाधिक महत्वपूर्ण मूलभूत मानकों का उल्लंघन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कठोर दृष्टिकोण अपनाया है। एक ट्वीट में उन्होंने आतंकी हमलों तथा नीस में चर्च के भीतर जघन्य हमले की निन्दा की है। उन्होंने कहा है, 'भारत आतंकवाद के खिलाफ फ्रांस के साथ खड़ा है।' सभी भारतीयों को इस मामले में स्पष्ट दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। वे इस्लामी देशों के नागरिकों जैसा व्यवहार नहीं कर सकते हैं जहां सब कुछ धर्म पर आधारित है तथा सार्वजनिक विमर्श का स्पेस अत्यधिक संकुचित हो गया है।

वर्तमान समय में कहा जा सकता है कि एएमयू छात्र नेता का हिंसक बयान एक अपवाद है। यह नियम नहीं है तथा लोकतंत्र का सम्मान करने वाले सभी लोगों की भाषा अलग होनी चाहिए। इस दृष्टिकोण से लगभग सौ भारतीयों का बयान महत्वपूर्ण है जिसमें उन्होंने धर्म के नाम पर कट्टरपंथियों द्वारा फ्रांस में की गई हालिया हत्याओं की 'स्पष्ट रूप से व बिना शर्त के' निन्दा की है। इस बयान पर हस्ताक्षर करने वालों में अभिनेता नसीरुद्दीन शाह, पूर्व भारतीय पुलिस अधिकारी जूलियो रिबेरो व संगीतकार हुसेन हैदरी शामिल हैं। इसमें कहा गया है, 'हम भारतीय मुसलमानों के कुछ स्वघोषित संरक्षकों के विकृत तर्क से अत्यधिक आहत हैं जिन्होंने इन जघन्य हत्याओं को उचित ठहराया है। हम कुछ राष्ट्रप्रमुखों की उत्तेजक टिप्पणियों की निन्दा करते हैं।' हस्ताक्षरकर्ताओं ने कुछ अन्य अपराधों से तुलना कर इनको उचित ठहराने के प्रयासों की भी निन्दा की है। उन्होंने कहा है कि यह अतार्किक व मूर्खतापूर्ण था तथा 'मनुष्यों की हत्या करने या उनको डराने को कोई ईश्वर, देवता, देवियां, पैगंबर या संत उचित नहीं ठहरा सकते हैं।'

भारत दुनिया का सबसे बड़ा सेक्युलर, उदार, लोकतांत्रिक गणतंत्र है और हम सभी लोग स्वतंत्र अभिव्यक्ति का सम्मान करते हैं। हमें उन लोगों के खिलाफ एकजुट होना चाहिए जो ऐसी क्रूरता का बचाव करते हैं। दुनिया के सर्वाधिक लोकतांत्रिक व विविधतापूर्ण देश के नागरिकों के रूप में हमारा भविष्य अपने संविधान व लोकतांत्रिक जीवनशैली के प्रमुख मूल्यों को बनाए रखने से जुड़ा है। यदि जनसंख्या का कोई हिस्सा अपने दृष्टिकोण पर जोर देते हुए दूसरों के प्रति हिंसा को सही ठहराए तो उदारवादी लोकतंत्रों का बने रहना असंभव हो जाएगा। यह बात सभी भारतीय नागरिकों पर लागू होती है। वर्तमान समय में यह खासकर उन नागरिकों पर लागू होती है जो इस्लाम का पालन करते हैं। भारत का कोई भी नागरिक इस्लामी देशों से सबक नहीं ले सकता है जिसका विविधता और समानता में कोई विश्वास नहीं है।

हम उनसे अलग हैं। वास्तव में हम विशिष्ट हैं और हमें अपनी विशिष्टता पर जोर देते हुए अपने संविधान के महत्वपूर्ण दर्जे का विस्तार करना चाहिए। विविधतापूर्ण समाज में सह-अस्तित्व के लिए उच्च श्रेणी की सहिष्णुता आवश्यक है। हमारे संविधान ने इसे स्वीकार किया है और इस दृष्टिकोण से हमारा संविधान फ्रांस से थोड़ा अलग है।

हमारी 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' में 'तार्किक नियंत्रण' शामिल हैं। हम अन्य चीजों के साथ 'सार्वजनिक व्यवस्था, सभ्यता व नैतिकता' में बाधा नहीं डाल सकते हैं अथवा 'अपमानजनक या अपराध को उकसावे' का कृत्य नहीं कर सकते हैं। भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए, 295 व 295ए से इसे और मजबूत किया गया है। इनके अनुसार ऐसी किसी गतिविधि पर प्रतिबंध है जो विभिन्न समूहों में दुश्मनी को बढ़ावा देती हो या 'उसके धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान कर किसी वर्ग की धार्मिक भावनायें भड़काने जानबूझ कर किए दुष्टतापूर्ण कृत्य' हों। इसलिए हम विशिष्ट तथा पूर्ण रूप से उस हिंसा से अलग हैं जिसे कुछ इस्लामी देश फ्रांस के खिलाफ प्रोत्साहित कर रहे हैं।

1940 के दशक में अलग मुस्लिम देश के अभियान के जोर पकड़ने के बाद डा. बी.आर. अंबेडकर काफी विचार के बाद इस नतीजे पर पहुंचे थे कि पाकिस्तान बनना अपरिहार्य है। अपनी पुस्तक 'थाट्स आन पाकिस्तान' में उन्होंने लिखा, 'मुस्लिमों का जुड़ाव किसी देश में निवास से नहीं, बल्कि उसके विश्वास से है। जहां भी इस्लाम का शासन है, वह उसका अपना देश है। इस्लाम कभी एक सच्चे मुसलमान को उसी तरह भारत को अपनी मातृभूमि स्वीकारने की अनुमति नहीं दे सकता है जिस प्रकार हिंदू समझते हैं।' डा. अंबेडकर ने 75 साल पहले यह बात एक निश्चित संदर्भ में कही थी जब भारत के मुसलमानों ने कहा था कि वे एक अलग राष्ट्र हैं और उन्होंने पाकिस्तान बनाया था। पाकिस्तान बनने के बाद भी लगभग 35 मिलियन मुसलमान भारत में इस विश्वास से बने रहे कि वे यहां पैदा हुए हैं तथा एक इस्लामी देश के बजाय उदारवादी व लोकतांत्रिक परिवेश में जीवन बेहतर है। भारतीय संविधान के संरक्षण में इन मुस्लिम परिवारों में तीसरी पीढ़ी बड़ी हो रही है।

अन्य धर्मानुयाइयों की तरह ये नागरिक सेक्युलर व लोकतांत्रिक परिवेश में पलकर बड़े हुए हैं। वे पाकिस्तान को एक विफल देश के रूप में देख रहे हैं जो अपने ही बोझ से टूट रहा है और सीमापार से आतंकवाद फैलाना उसका एकमात्र राष्ट्रीय एजेंडा है। अब पाकिस्तान बनने के समय वाले मुद्दे प्रासंगिक नहीं हैं। इस दृष्टिकोण से उनको डा. अंबेडकर की सोच को गलत सिद्ध करना चाहिए। समय बदल गया है और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व हमारे लिए सर्वोत्तम विकल्प है। भारतीयों के रूप में हम सबको फ्रांस व अन्य सभी लोकतंत्रों के साथ खड़े होना चाहिए जो आतंकवाद के खिलाफ एकजुट युद्ध छेड़े हुए हैं। हमें उन सबके खिलाफ खड़े होना है जो सेक्युलर व लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ हैं।

# विकास पर ध्यान दे महाविकास अघाड़ी

“ यदि उद्धव ठाकरे यह सुनिश्चित करते हैं कि गठबंधन में कोई टकराव न हो तो महाराष्ट्र सरकार के स्थायित्व को कोई खतरा नहीं होगा। ”

कल्याणी शंकर
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे इस महीने पद पर एक साल पूरा करेंगे। वे जिस गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं उसमें शिवसेना, कांग्रेस व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-रांकापा शामिल हैं। तीनों पार्टियों के साथ आकर सरकार बनाने पर बहुत आश्चर्य हुआ था क्योंकि उनमें कुछ भी समान नहीं है। हालांकि, कुछ मतभेदों के बावजूद सरकार साझीदारों को समाहित करने की भावना से साल भर से चल रही है। उद्धव पहली बार ठाकरे परिवार से मुख्यमंत्री बने हैं, हालांकि पहले वे इस कुर्सी पर आने से झिझक रहे थे।

वे रांकापा नेता शरद पवार की सलाह से काम कर रहे हैं जिनका मुख्यमंत्री व केन्द्रीय मंत्री के रूप में लंबा अनुभव है। पवार ने ही गठबंधन-महाराष्ट्र विकास अघाड़ी-एमवीए की स्थापना की है और उसे संचालित कर रहे हैं। सरकार के स्थायित्व को लेकर आशंकायें थीं और ज्यादातर लोगों को उम्मीद थी कि कांग्रेस या रांकापा गठबंधन से बाहर होगी जिससे सरकार गिर जाएगी। लेकिन उद्धव को एमवीए के प्रति पूरा विश्वास है, हालांकि वे बाहर से सरकार के लिए खतरे के प्रति आशंकित हैं। यह खासकर भाजपा की ओर से है जो राज्य में मुख्य विपक्षी पार्टी है। प्रशासन में अनुभवहीन उद्धव अब परिपक्व हो गए हैं। वे पवार की सहायता से शांतिपूर्ण तरीके से महाराष्ट्र गठबंधन सरकार चला रहे हैं। सवाल है कि उद्धव का कामकाज कैसा है? पहला, उनकी सरकार अब तक बची हुई है। दूसरा, वे दुनिया के अनेक अन्य मुख्यमंत्रियों व नेताओं की तरह अचानक आई वैश्विक महामारी से प्रभावित हुए हैं।

कोरोना वायरस महामारी की चुनौती उद्धव के समक्ष सबसे बड़ी थी जिसने बाकी देश की तरह महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था तहस नहस कर डाली है। इस प्रकार वे किसी समय पैदा होने वाली राजनीतिक अस्थिरता के साथ इस दुहरी चुनौती का सामना भी कर रहे हैं। देश में सबसे ज्यादा कोविड मामले महाराष्ट्र में हैं और उनसे निपटने में महीनों लगेगें। एशिया की सबसे बड़ी मलिन बस्ती धारावी के कारण मुंबई सर्वाधिक प्रभावित थी। इसके साथ ही पड़ोसी पुणे के अनेक कामगार खाड़ी देशों से संक्रमण वहां लाए तथा उसे बाहर ले गए। इसके



साथ ही हजारों प्रवासी श्रमिकों से निपटने की समस्या उनके सामने थी। बाकी भारत की तरह महाराष्ट्र में भी ऐसे हजारों प्रवासी श्रमिक थे। ये दो चुनौतियां भारत के सर्वाधिक अनुभवी प्रशासकों के लिए भी कठिन थीं। अन्तत: धारावी ने दुनिया को दिखा दिया कि वैश्विक महामारी का प्रबंधन कैसे किया जा सकता है ओर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी इसकी प्रशंसा की। उद्धव को कुछ अन्य विवादों से भी निपटना पड़ा। इनमें से एक अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत-एसएसआर की कथित हत्या थी जो बाद में आत्महत्या सिद्ध हुई। एसएसआर की मृत्यु के बाद काफी कीचड़ उछाला गया। इसके अलावा रांकापा मंत्री नवाब मलिक ने मुसलमानों को पांच प्रतिशत आरक्षण की घोषणा कर दी जो गठबंधन के न्यूनतम साझा कार्यक्रम का हिस्सा था।

मुख्यमंत्री ने शांतिपूर्वक मामले को न्यायालय के विचाराधीन बता कर गठबंधन साझीदारों को भी शांत बनाए रखा। नए मुख्यमंत्री के समक्ष एक और चुनौती यह आशंका थी कि भाजपा उनकी पार्टी को तोड़ कर महाराष्ट्र सरकार गिरा सकती है। लेकिन शिवसेना मजबूती से उनके साथ खड़ी रही और इसी कारण उद्धव ठाकरे ने विजयदशमी भाषण में आक्रात्मक दृष्टिकोण अपनाया। उन्होंने इस अवसर का प्रयोग भाजपा द्वारा उठाए अनेक मुद्दों के स्पष्टीकरण हेतु किया। उद्धव ने यह धारणा तोड़ दी कि नए पद के कारण अब उनमें आग नहीं बची है। हालांकि, विजयदशमी मुख्यमंत्री के लिए आदर्श अवसर था कि वे भविष्य के लिए अपना दृष्टिकोण पेश करें, पर उन्होंने अपने पुराने साझीदार भाजपा पर हमला करना ही ठीक समझा। उन्होंने शिवसेना की हिंदुत्व विचारधारा परिभाषित करते हुए कहा, 'मेरा हिंदुत्व केवल मंदिर पुन: खोलना नहीं है। हमारे हिंदुत्व पर सवाल उठाने वाले बाबरी मस्जिद विध्वंस को छिपाना चाहते हैं। मेरा हिंदुत्व छत्रपति शिवाजी, मेरे पिता तथा अन्य से आया है, इसका अर्थ दुश्मनों को नष्ट करना है, इसका अर्थ राष्ट्रवाद है।' उन्होंने ये बातें महाराष्ट्र के राज्यपाल के कथन का जवाब देते हुए कहीं जिन्होंने मजाक में उद्धव से पूछा था कि क्या अब वे 'सेक्युलर हो गए हैं'।

महत्वपूर्ण रूप से शिवसेना प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया कि एमवीए सरकार स्थिर है। उन्होंने कहा, 'बहुत से लोग कह रहे थे कि सरकार गिर जाएगी। लोग आज भी यही बात कर रहे हैं। मैं उनको चुनौती देता हूं कि वे इसकी हिम्मत करें। यदि आप हमारी सरकार तोड़ने का प्रयास करेंगे तो विफल हो जाएंगे।' उन्होंने व्यंग्य से कहा, 'अर्थव्यवस्था सुधारने के कदम उठाने के बजाय सरकारें गिराने के कदम उठाए जा रहे हैं। हम अराजकता की ओर बढ़ रहे हैं।' हालांकि, गठबंधन चलाना कठिन काम है, लेकिन भाजपा भी बिना गठबंधन सरकार नहीं बना सकती थी, जब तक कि वह कांग्रेस या रांकापा को तोड़ न देती। जब तक उद्धव ठाकरे यह सुनिश्चित करने में सफल रहेंगे कि एमवीए साझीदारों में कोई टकराव न हो, तब तक महाराष्ट्र सरकार की स्थिरता को कोई खतरा नहीं होगा। उद्धव को अपने कार्यकाल के दूसरे वर्ष में विकास पर ध्यान देना चाहिए।

## आप की बात

### डेंगू ने बढ़ाई चिंता

**धीमे** पड़ चुके कोरोना वायरस संक्रमण के बीच डेंगू की दस्तक ने नई परेशानी पैदा कर दी है। धीरे-धीरे ठंडे होते मौसम का असर भी चिंताजनक है। लगातार घट रही सावधानियां और बढ़ रही लापरवाही से दूसरी लहर के अंजाम का वैज्ञानिकों का संकेत आफत मुसीबत पैदा करने जैसा है। हालातों के मद्देनजर लोग सावधान रहें और दिशा निर्देशों का पूरी तरह पालन करें तभी जन स्वास्थ्य की सुरक्षा संभव है। जैसे की आशंका थी कि मौसम बदलने के साथ ही मौसमी बीमारियों का सिलसिला शुरू हो सकता है। डेंगू के मिल रहे मरीजों ने उसे सच कर दिया है। मौसम की ठंडक भी जन स्वास्थ्य के लिए अनुकूल नहीं है। लापरवाही से अक्सर सर्दी, खांसी और बुखार जानलेवा बन जाती है इस बीच सबसे अधिक चिंता कोरोना संक्रमण से उभरी है। पिछले दिनों लगातार घट रहे संक्रमण से लोगों का भय और शासन की परेशानियां दूर होते दिख रही थी मगर संक्रमण में ताजी घट-बढ़ अच्छे संकेत नहीं है। मौसमी प्रकोप के बीच कोरोना घुल मिल गया तो दूसरी लहर नई परेशानियों की वजह बन सकती है। आने वाले दिनों में त्योहार है ऐसे में भीड़ बढ़ना तय है अगर इस स्थिति में गाइडलाइन को दरकिनार किया तो हालात बिगड़ सकते हैं।

**- अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### देशों को एकजुट करें!

**पीएम** शेख हसीना द्वारा व्यक्तिगत रूप से एक अच्छा जीवन जीना बिल्कुल भी मानवता नहीं है वास्तव में मैं उनसे काफी प्रभावित हूं। हम सभी गरीबी के कारणों के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं जैसे जनसंख्या का बढ़ना, शिक्षा का अभाव, प्राकृतिक आपदा, रोजगार की कमी और बुनियादी ढांचा, राजनीतिक विकलांगता आदि। अब, योजनाएं बनाने और इस प्रमुख समस्या से निपटने का समय आ गया है। सभी के लिए पोषण सुनिश्चित करने और खाद्यान्नों के बेहतर उत्पादन की योजना के लिए कदम उठाने के लिए हसीना को सलाम। सरकार ने कृषि के मशीनीकरण पर विशेष ध्यान दिया है। गरीबी प्राकृतिक नहीं है, यह मानव निर्मित है। अगर हम सब मिलकर काम करेंगे, तो देश में गरीबी नहीं होगी। भारत की सरकार ने भी रोजगार के अवसरों, जनसंख्या को नियंत्रित करने आदि जैसे उपाय किए हैं, मै प्रत्येक देश से एक-दूसरे देशों की योजनाओं और विचारों को एकजुट करने और फिर निस्संदेह अपनाने का आग्रह किया है। निस्संदेह, हमें दुनिया भर से गरीबी को खत्म करना चाहिए। गरीबी सामाजिक बुराई है, हम इसे नियंत्रित करने में भी योगदान दे सकते हैं।

**- खुशबू वेद**, आलोट, मप्र

### द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूती

**भारत** और बांग्लादेश ने अपने रिश्ते को और मजबूत करने के लिए हाल ही में एयर बबल समझौते के तहत ढाका के लिए दो उड़ानों के साथ अपनी हवाई सेवा को फिर से शुरू कर दिया है। इन दोनों देशों के बीच लगभग 8 महीने बाद हवाई सेवाओं को फिर से शुरू किया गया है क्योंकि कोरोना वायरस महामारी के कारण यह हवाई सेवाएं बाधित हुई थी। इससे भारत-बांग्लादेश के बीच संबंधों को मजबूती मिलेगी। इसके साथ-साथ भारत ने अपने अंतर्राष्ट्रीय हवाई सेवाओं को फिर से शुरू करने और उसको और विस्तारित रूप देने के लिए 18 देशों के साथ एयर बबल समझौता किया है। यह कहीं ना कहीं अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य से बहुत ही कारगर साबित होगा। भारतीय उच्चायोग ने भी बांग्लादेशी नागरिकों के लिए पर्यटक वीजा को छोड़कर सभी श्रेणियों में वीजा शुरू कर दी। यह सुविधा मुख्य रूप से पड़ोसी देशों के बीच यात्रा करने वाले लोगों के लिए है। साथ ही साथ इस कदम को विशेष रूप से उन लोगों ने भी समर्थन दिया है जिन्हें भारत में चिकित्सा सहायता की आवश्यकता है।

**- सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

## फरमाया




“ **यदि** आप बिहार के मतदाता हैं तो क्या वो आपको बेरोजगारी, नौकरियों, नए उद्योगों, खाद्यान्नों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य के बारे में बताते हैं। जवाब है, नहीं।

**- पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता

**पैटी** की हत्या हुई क्योंकि इस्लामवादी हमारा भविष्य लेना चाहते हैं। हम फ्रांस में कुछ समुदायों पर शिकंजा कसकर इस्लामवादी आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई लड़ने का संकल्प लेते हैं।

**- इमैनुएल मैक्रों**
फ्रांस के राष्ट्रपति





**राष्ट्रपति** मैक्रों घावों पर मरहम लगाकर इस्लामवादी आतंक के लिए गुंजाइश खत्म कर सकते थे। दु:खद रूप से उन्होंने मुसलमानों को उकसाने का विकल्प चुना।

**- इमरान खान**
पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ”

# प्रधानमंत्री का काशी से विशेष लगाव: राज्यपाल आनंदी बेन पटेल

● देश के पहले आदर्श विकास खंड सेवापुरी का राज्यपाल ने किया दौरा

● प्राथमिक विद्यालयों व आंगबाड़ी केंद्र जाकर बच्चों से की मुलाकात, जांची शिक्षा की गुणवत्ता





पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**राज्यपाल आनंदीबेन** पटेल ने मंगलवार प्रात: देश पहले आदर्श विकास खंड सेवापुरी के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा एवं आंगनवाड़ी केंद्रों के स्थिति का जायजा लिया। राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केंद्र मटुका में अध्यापिका की भांति हाथों में छड़ी ले दीवारों पर लिखे वर्णमाला एवं गिनती की संख्याओं का बच्चों से पहचान कराकर शिक्षा की गुणवत्ता को भी परखा। आंगनवाड़ी केंद्र में आने वाली नन्हीं बच्चियों आराध्या एवं काव्या की केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस दौरान राज्यपाल ने बच्चों को गिफ्ट पोटली का वितरण किया। सेवापुरी विकास खण्ड दौरे के दौरान राज्यपाल महिलाओं को कुपोषण से मुक्ति के लिए गोद भराई के तहत महिलाओं को पोषण पोटली का वितरण करते हुए कहा कि जब स्वस्थ रहेंगी तभी स्वस्थ बच्चे को जन्म देंगी। राज्यपाल ने किशोरी पोषण संगिनियो के आग्रह पर उनके साथ खिंचाई सेल्फी।

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल अपने तीन दिवसीय वाराणसी दौरे के दूसरे दिन सेवापुरी विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय मटुका एवं अमिनी एवं इन्हीं विद्यालय परिसर में तथा इन्हीं विद्यालय परिसरों में स्थित आंगनवाड़ी केंद्रों निरीक्षण किया। मटुका आंगनवाड़ी केंद्र पर उन्होंने गर्भवती किरण, शकुंतला, नीलम एवं रीता का लाल चुनरी ओढ़ाकर, टीका लगाकर फल की टोकरी एवं पोषण पोटली देकर गोंद भराई का रस्म पूरा किया। इसके साथ ही उन्होंने लाल श्रेणी के 8 कुपोषित बच्चों को पोस्टिक पोषण पोटली दिया। इससे पूर्व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल प्राथमिक मटूका का पहुंचने पर वहां के नंद घर में संचालित स्मार्ट क्लास का निरीक्षण किया तथा वहां पर पढ़ रहे 32 बच्चों से उनके पढ़ाई-लिखाई के संबंध में विस्तार से बात की। इस दौरान सहायक अध्यापिका द्वारा बच्चों द्वारा गाए जा रहे प्राथमिक शिक्षा से संबंधित गीत एवं अन्य गतिविधियां संचालित करने में किए जा रहे सहायता पर उन्होंने सहायक अध्यापिका से पूछा कि क्या बच्चे स्वयं इसे बोल सकते हैं। फिर क्या था बच्चे स्वयं शुरू हो गए, जिस पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान महात्मा गांधी का रूप धारण किए एक छोटे नन्हे बालक ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा के कुछ वचनों को अपने तोतली आवाज में सुनाया। यहां पर स्मार्ट क्लास के निरीक्षण के दौरान आनंदीबेन पटेल ने कंप्यूटर के माध्यम से स्क्रीन पर चलने वाले पाठ्य सामग्री को संचालित कराकर देखा। इस दौरान कंप्यूटर चला रहे प्रशिक्षक से उन्होंने पूछा कि क्या इसे बच्चे स्वयं चला सकते हैं। जिस पर प्रशिक्षक द्वारा सकारात्मक जवाब दिये जाने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। गौरतलब है कि वाराणसी के विकासखंड सेवापुरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देशानुसार नीति आयोग द्वारा देश का पहला आदर्श विकासखंड बनाया जा रहा है। इस विकासखंड के सभी ग्राम सभाओं में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की समस्त योजनाओं को लागू कर क्रियान्वित किया गया है। इस विकास खंड में शहरों की भांति संपूर्ण बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी गई हैं। निरीक्षण के दौरान राज्य की मंत्री स्वाती सिंह, जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा के अलावा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## टीबी रोग रोकथाम के लिए रेडक्रॉस सोसाइटी को सम्मान



**वाराणसी।** टीबी उन्मूलन में उत्कृष्ट कार्य के लिये रेडक्रॉस सोसाइटी को प्रदेश की राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल ने मंगलवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा की पहल पर रेडक्रॉस सोसाइटी ने टीबी रोग से ग्रसित 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को गोद लिया है। रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डाक्टर संजय राय ने बताया कि सदस्यों द्वारा घर घर पहुंच कर इन बच्चों का नियमित देखभाल करते हुए स्वास्थ्यवर्धक गुड़, लाई, चना, मूंगफली, दाल, प्रोटीन पाउडर, बिस्किट आदि भोज्य पदार्थ युक्त पोषण पोटली उपलब्ध कराया जा रहा है। इस वर्ष अबतक रेडक्रॉस द्वारा गोद लिए गए कुल 193 टीबी ग्रसित बच्चों में 63 बच्चे स्वस्थ हो चुके हैं। रेडक्रॉस सचिव डॉ संजय राय, चेयरमैन विजय शाह, वेदमूर्ति शास्त्री, डॉ एसएस गांगुली, डॉ अकबर अली, जेपी बालानी, बिमल त्रिपाठी, शेषनाथ राय, डॉ अजय अग्रवाल, आशुतोष द्विवेदी, राम गोपाल त्रिपाठी, मनोज शर्मा, अमिता आर्या सहित रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य इस कार्य में योगदान दे रहे हैं।

## उत्तर मध्य रेलवे ने अक्टूबर में हासिल की ढेरों उपलब्धियां

● उत्तर मध्य रेलवे द्वारा प्रस्तावित निविदा समिति की संरचना समूचे रेल में कार्यान्वित

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**उत्तर मध्य** रेलवे ने माह अक्टूबर 2020 में ढेरों उपलब्धियां हासिल की हैं। उत्तर मध्य रेलवे द्वारा प्रस्तावित निविदा समिति की संरचना भी समूचे रेल में कार्यान्वित हो चुकी है। रेलवे की बड़ी परियोजनाओं को आमतौर पर कम्पोजिट कांट्रैक्ट के माध्यम से निष्पादित किया जाता है। जिसमें कार्यों में तेजी गुणवत्ता और लागत में कमी लाने के लिए एक एजेंसी के माध्यम से कई कार्यों का निष्पादन किया जाता है। ऐसी निविदाओं में तकनीकी इनपुट और मूल्यांकन के लिए विभिन्न तकनीकी शाखाओं में विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है और मौजूदा तीन सदस्यीय निविदा समिति में सभी तकनीकी क्षेत्र के विशेषज्ञों को शामिल करना हमेशा संभव नहीं था। इससे निपटने के लिये उत्तर मध्य रेलवे निर्माण संगठन द्वारा कम्पोजिट निविदा हेतु मौजूदा तीन सदस्यीय निविदा समिति के स्थान पर चार सदस्यीय निविदा समिति जिसमें तीन तकनीकी क्षेत्र के विशेषज्ञों को सम्मिलित किया गया है को रेलवे बोर्ड को प्रस्तावित किया था। जिसे अब पूरे भारतीय रेलवे में लागू करने के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। निविदा समिति संरचना में यह महत्वपूर्ण परिवर्तन रेलवे बोर्ड स्तर पर महाप्रबंधक राजीव चौधरी द्वारा उठाया गया था। अब इसे पूरे भारतीय रेलवे में लागू किया गया है और सीआरआईएस द्वारा रेलवे के आईआरएपीएस सॉफ्टवेयर में परिवर्तन कर दिया गया है। जिससे चार सदस्यीय निविदा समिति में तकनीकी क्षेत्र से तीन सदस्य और वित्त से एक सदस्य को शामिल किया जा सकता है। इस परिवर्तन से भारतीय रेल पर महत्वपूर्ण परियोजनाओं की गुणवत्ता और कार्य निष्पादन की गति में सुधार होगा साथ ही तेजी से निर्णय लेने की प्रक्रिया और बेहतर तकनीकी इनपुट से कार्य की लागत में भी कमी आयेगी। संशोधित प्रावधान का उपयोग करते हुए उत्तर मध्य रेलवे द्वारा भारतीय रेलवे की पहली चार सदस्यीय निविदा समिति को खैरार यमुना साउथ बैंक खण्ड के महत्वपूर्ण निविदा के लिए नामित किया गया है।

## गांधी मूर्ति के समक्ष सत्याग्रह पर बैठे काशी विद्यापीठ के संविदा शिक्षक

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**महात्मा गांधी** काशी विद्यापीठ के संविदा शिक्षक (कोर फैकल्टी) का सत्याग्रह दूसरे दिन भी जारी रहा। विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ हाथों में तख्तियां लिए संविदा शिक्षक काशी विद्यापीठ पंत प्रशासनिक भवन के समीप गांधी प्रतिमा के समक्ष सत्याग्रह कर रहे हैं। शिक्षकों के मुताबिक जब तक हाईकोर्ट के आदेश पर निर्मित उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश तथा कार्य परिषद के निर्णय को विश्वविद्यालय प्रशासन लागू नहीं करता तब तक सत्याग्रह चलता रहेगा। करोना महामारी के समय जब प्रधानमंत्री कॉर्पोरेट घरानों एवं देश के उद्योगपतियों से लगातार अपने कर्मचारियों को न हटाने और वेतन भुगतान की अपील कर रहे हैं ऐसे में शिक्षकों के वेतन रोकना निंदनीय है। यहां संविदा अध्यापकों चार माहिने से वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। वेतन भुगतान एवं अपने अधिकारों की रक्षा के लिए महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के तीनों परिसर (मुख्य परिसर, गंगापुर परिसर एवं एनटीपीसी परिसर) के संविदा शिक्षक (कोर फैकल्टी) महात्मा गांधी के बताए रास्ते पर चलकर शांतिपूर्ण तरीके से अनिश्चितकालीन सत्याग्रह कर रहें हैं। सत्याग्रह समर्थन देने के लिए शिक्षक नेता पूर्व अध्यापक संघ अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल उपाध्याय महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, पूर्व विधान परिषद सदस्य डॉ प्रमोद कुमार मिश्र, शिक्षक नेता नागेश्वर सिंह, डॉ राजेंद्र सिंह, छात्रसंघ अध्यक्ष संदीप यादव आदि ने सत्याग्रह स्थल पहुंचकर सत्याग्रह का समर्थन किया है। सत्याग्रह पर बैठने वालों में डॉ. मनोज कुमार गौतम, दिलीप कुमार सिंह, डॉ निर्मला. डा. अपर्णा त्रिपाठी, मनिंदर डिसूजा, डॉ रीता, अनिल दुबे, डॉ प्रदीप यादव, प्रशांत विश्वकर्मा डॉक्टर विनोद पांडे, डॉ वीरेंद्र प्रताप, डॉ. एसपीएन सिंह, डॉ शैलेश कुमार, डॉ. सुरेश त्रिपाठी, डॉ. मनोज कुमार त्यागी, मदन लाल, डॉक्टर आलोक शुक्ला, डॉ प्रभाकर लाल, डॉ. लक्ष्मी नारायण समेत दर्जनों शिक्षक शामिल हैं।

## क्विक न्यूज

### परिषद ने राज्यपाल के नाम पत्रक अधिकारियों को सौंपा

**वाराणसी।** ब्राम्हण चेतना परिषद वाराणसी के नवनियुक्त अध्यक्ष सचिन मिश्रा जी के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित पत्रक कार्यालय प्रसाशनिक अधिकारी को दिया गया आज राज्यपाल का वाराणसी आगमन के कारण जिलाधिकारी सहित समस्त अधिकारीयों के व्यस्त होने के कारण प्रसाशनिक अधिकारी को दिया गया। जैसा कि आप सभी जानते हैं की प्रदेश में ब्राम्हणों की लगातार हो रही हत्याओं व दुर्घटनाए रुकने का नाम नहीं ले रही है और प्रदेश सरकार पूर्ण रूप से विफल है अतः पत्रक के माध्यम से महामहिम राज्यपाल महोदय से आग्रह किया गया 1 कानपुर के घाटमपुर थाना क्षेत्र में पप्पू वाजपेई जी की गोली मारकर हत्या कर दी गई 2 कानपुर की ही नाबालिग बेटी खुशी दुबे का मामला तथा एटा की गरीब ब्राम्हण परिवार की बेटी 13 खुशी वशिष्ठ के हत्या के मामले को सज्ञान में लेते हुए न्यायीक जाँच कराते हुए उचित कार्यवाही का मांग किया गया मुख्य रूप से प्रजानाथ शर्मा, नारायण शुक्ला, अधिवक्ता अनिल पाठक, अधिवक्ता विनोद शुक्ला, धीरज शुक्ल, अधिवक्ता ओम शुक्ला विजय उपाध्याय, राकेश चन्द, देवेंद्र जीएराज कुमार सोनकर, अधिवक्ता अशोक सिंह आदि लोग उपस्थित थे।।

### शिक्षा से ही छात्रों के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन

**प्रयागराज।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय राजापुर बालक नगर प्रयागराज में शासन द्वारा विद्यालय को उपलब्ध कराए गए स्वेटर मंगलवार को वितरित किये गए। वितरण करने हेतु स्वेटर वितरण समारोह शहर उत्तरी के विधायक हर्षवर्धन बाजपेई तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी की उपस्थिति में हुआ। छात्रों को स्वेटर वितरण करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही छात्रों के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन आएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश शासन लगातार माध्यमिक शिक्षा परिषद की विद्यालयों को शासन की ओर से विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के सुविधाओं के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए जा रहे हैं। जो प्रशंसनीय हैं साथ ही स्वेटर प्रदान किए जाने पर शासन के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम के संयोजक प्रमिल केसरवानी रहे एवं संचालन विद्यालय के इंचार्ज मोहम्मद अमान उल्लाह ने किया। कार्यक्रम में अंशु राजेश केसरवानी विवेक अग्रवाल मुकेश लारा अमित केसरवानी एवं विद्यालय के अध्यापक एवं अभिभावक और छात्र उपस्थित रहे।

### 45 पटरी दुकानदारों को महापौर ने बांटे टोकन

**प्रयागराज।** पटरी दुकानदारों को लेकर चल रहे आंदोलन के क्रम में महापौर अभिलाषा गुप्ता ने मंगलवार को वेंडिंग जोन के तहट 45 पटरी दुकानदारों को स्थान आवंटित कर टोकन वितरित किया। मेडिकल कॉलेज के सामने की ओर महिला सुलभ से साईं मंदिर के आगे महेश नेत्रालय तक वेंडिंग जोन के तहत 45 पटरी दुकानदारों को टोकन वितरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद आकाश सोनकर बबलू अपर नगर आयुक्त मुशीर अहमद परियोजना अधिकारी डूडा वर्तिका सिंह जोनल अधिकारी जोन तीन रवींद्र सिंह अधीक्षक मनोज यादव रविशंकर द्विवेदी सदस्य पीवीसी कमेटी विमल गुप्ता एवं क्षेत्रीय वेंडिंग जोन के दुकानदार उपस्थित रहे।

### करवाचौथ की पूर्व संध्या बाजारों में हुई जमकर खरीदारी

**उन्नाव।** करवाचौथ की पूर्व संध्या पर मंगलवार को शहर के बाजारों में जमकर भीड़ रही। ब्यूटी पार्लर्स से लेकर बाजार में खरीदारी और मेहंदी लगवाने के लिए हर तरफमहिलाओं की चहल-पहल दिखी। बाजारों व जगह-जगह पर लगी दुकानों पर मिट्टी के करवा की खूब बिक्री हुई। हर तरफखुशी का माहौल था। वहीं करवाचौथ से एक दिन पहले मंगलवार को बाजारों में खूब खरीदारी हुई। महिलाओं ने मेहंदी लगवाई और मेकअप कराया। मिठाई की दुकानों पर भी भीड़ रही। ज्वैलरी शॉप व आर्टफिशियल ज्वेलरी की दुकानों पर मनपसंद आभूषण खरीदने के लिए महिलाओं की गहमागहमी भी दिखी। इसके अलावा शहर के ब्यूटी पार्लरों में भी महिलाओं के सजने-धजने को लेकर आवाजाही रही। लेकिन इसकी वजह से धोबी बाजार, माल रोड, सदर बाजार आदि में जाम लग गया। उधर, सुबह से देर शाम तक जमकर खरीदारी हुई। बाजारों में महिलाओं की खूब चहल पहल रही। मिठाई, कपड़ा, ज्वेलरी, ब्यूटी पार्लर आदि की दुकानों पर महिलाएं अपने पतियों के साथ सजने संवरने के साथ खरीदारी करती नजर आईं।

## बांगरमऊ उपचुनाव-2020: मतदान के बाद हार जीत के गणित में जुटे प्रत्याशियों के समर्थक

● मतदाताओं ने जीत का सेहरा किसे बांधा, 10 नवंबर को होगा फैसला

सूरज पांडेय। उन्नाव

**बांगरमऊ उपचुनाव** का मतदान मंगलवार को शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। लेकिन जैसे ही छह बजे मतदान समाप्त हुआ, वैसे ही मुकाबले के मुख्य प्रत्याशियों के कार्यालयों पर उनके समर्थक हार-जीत का आंकड़ा निकालने में लग गये। उनके द्वारा मतदान केंद्रवार पक्ष व विपक्ष में पड़ने वाले मत का आंकड़ा निकाला जाने लगा। जबकि मतदान के दिन सुबह से ही मुख्य मुकाबले के प्रत्याशी मतदान केंद्रों पर जा-जाकर जायजा लेते रहे। इसके साथ ही मोबाइल के माध्यम से अपने समर्थकों से संपर्क स्थापित कर जानकारियां प्राप्त करते रहे। प्रत्याशियों के द्वारा लगातार आने समर्थकों को अधिक से अधिक मतदाताओं को घरों से बाहर निकालकर मतदान करने को लेकर निर्देश दिया जा रहा था। स्थानीय प्रत्याशियों ने भी मतदान केन्द्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग परिवार के साथ किया। मताधिकार का प्रयोग करने के बाद प्रत्याशी एक बार फिर विभिन्न मतदान केंद्रों के भ्रमण पर निकले और समर्थक कार्यकर्ताओं से लगातार मोबाइल पर संपर्क स्थापित करते दिखाई दिये। प्रत्याशी मतदान केंद्र का निरीक्षण करने के क्रम में अपनो को विधानसभा क्षेत्र के अन्य मतदान केंद्रों पर एक तरफ उनके पक्ष में मत जाने की जानकारी भी दे रहे थे। इसके बाद जैसे ही छह बजे, वैसे ही प्रत्याशी व उनके नजदीकी मतदान केंद्र वार पड़े हुए मतदान का आंकड़ा एकत्रित करने लगे। इसके बाद मतदान केंद्र वार अपने को प्राप्त न्यूनतम मत को जोड़कर हार जीत का गणित जोड़ने में समर्थको के साथ लगे दिखाई दिये। हांलाकि समर्थक अपने अपने चहेते प्रत्याशी की जीत का दावा करते नजर आए, लेकिन मतदाताओं ने जीत का सेहरा किसे बांधा है इसका फैसला तो ईवीएम खुलने के बाद ही होगा।

### पहली बार मतदान कर उत्साहित दिखे युवा





**उपचुनाव** में युवा वोटरों की धूम रही। इस बार युवा जहां लोकतंत्र का एक बड़ा हिस्सा रहे, वहीं युवाओं ने वोट डालने के लिए भी जमकर उत्साह दिखाया। फतेहपुर खालसा गांव के रहने वाले शशांक पुत्र अनिल ने बताया कि वह काफी अच्छा महसूस कर रहे है। उन्हे लगा है कि वह लोकतंत्र का हिस्सा बने है। चोहलिया गांव निवासी सफरूद्दीन बताया कि पहली बार वोट डालने के बाद उन्हे काफी संतुष्टि मिल रही है। मताधिकार का प्रयोग अपनी मर्जी से किया है।

### इन प्रत्याशियों के भाग्या का फैसला हुआ बंद

1-आरती बाजपेयी - कांग्रेस
2-श्रीकांत कटियार- भाजपा
3-सुरेश कुमार पाल- सपा
4-महेस कुमार पाल- बसपा
5 उमर खां -नागरिक एकता पार्टी
6-रामकरण -भारतीय वंचित पार्टी
7- रामप्रकाश -राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी
8-आशुतोष पांडेय -मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल
9- महेंद्र कुमार - निर्दलीय
10-मोहम्मद सब्बन - निर्दलीय

## करवा चौथ का व्रत आज महिलाएं रखेंगी उपवास

● पूजन अर्चन के साथ कथा सुनकर तोड़ेंगी व्रत

**प्रयागराज।** करवा चौथ व्रत बुधवार को है। इसमें महिलाएं पति की मंगल कामना के लिए व्रत रखेंगी। व्रत के साथ पूजन करेंगी। व्रत को लेकर कई दिनों से तैयारियां चल रही हैं। वर्ष भर में होने वाला यह व्रत बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। कुछ महिलाएं तीज का तो कुछ चौथ का व्रत रखती हैं। लॉकडाउन में ढील के बाद जहां सभी न्यू नॉर्मल को अपना रहे हैं। ज़ी टीवी ने पॉपुलर शो की शूटिंग शुरू करके एक बार फिर लोगों को उनके पसंदीदा किरदारों से जोड़ा है। पिछले कुछ वर्षों से भारतीय टेलीविजन के टॉप शो बने कुंडली भाग्य की वापसी के बाद अब इस शो भी लोगों को दिलचस्प लग रहा है। रूही चतुर्वेदी कुंडली भाग्य में शर्लिन का रोल निभा रही हैं। उन्होंने कहा पहले हमारी जयपुर जाने की योजना थी। लेकिन महामारी के कारण मुंबई में रहकर ही चौथ को घर पर सेलिब्रेट करना बेहतर समझा। हर साल एक परंपरा होती है जिसमें शाम को सूर्यास्त के बाद कथा होती है और फिर सभी रस्में पूरी की जाती हैं। हम सभी वीडियो कॉल पर शिवेंद्र की फैमिली से भी जुड़ेंगे। ज्यादा जानने के लिए कुंडली भाग्य हर सोमवार से शनिवार रात साढ़े नौ बजे ज़ी टीवी पर देखें। कहा ऐसे में हमारे लिए करवा चौथ एक भव्य वर्चुअल फैमिली उत्सव रहेगा। मैं पहले करवा चौथ को लेकर बहुत उत्साहित हूं। हालांकि मुझे यकीन है कि मैं मैनेज कर लूंगी। मैं इतनी उत्साहित हूं कि मैंने अपना करवा चौथ का परिधान भी तय कर लिया है। मुझे लगता है कि यह इस खास अवसर पर अच्छी तरह सूट करेगी। तीज के साथ चौथ का व्रत भी आज धूमधाम से मनाया जाएगा।

## बांगरमऊ उपचुनाव में 50.84 फीसद लोगों ने किया मतदान

● मतदान में युवाओं, महिलाओं व बुजुर्गों ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा

● मतदाताओं की बूथों पर सुबह से ही लगने लगी थी कतारें

संवाददाता। उन्नाव





**बांगरमऊ उपचुनाव** में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से मंगलवार को संपन्न हो गया। मतदाता सुबह से लेकर शाम तक लाइन में लगकर मतदान करते रहे। मतदान में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। बांगरमऊ सीट पर कुल 50.84 प्रतिशत मतदान हुआ है। बांगरमऊ सीट पर सुबह सात बजे शुरू हुआ मतदान शाम छह बजे तक चलता रहा। मतदाताओं में वोट करने को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। यही वजह है कि मतदान शुरू होने के साथ ही मतदाताओं की बूथों पर सुबह से ही कतारें लगनी शुरू हो गईं थीं। सुबह नौ बजे तक इस सीट पर करीब 8.27 प्रतिशत मतदान हुआ है। 11 बजते-बजते वोटिंग प्रतिशत बढ़कर 22.24 पर पहुंच गया। दोपहर एक बजे यहां का वोटिंग प्रतिशत 33 प्रतिशत हो गया था। तीन बजे तक इस सीट पर 42.99 प्रतिशत लोगो ने मतदान किया। वहीं शाम पांच बजे तक 49.45 फीसद मतदान लोगो ने मतदान किया। उधर, शाम छह बजे तक कुल 50.84 फीसद लोगो ने मतदान किया है।

**507 बूथों पर हुआ मतदान, लेते रहे जायजा:** बांगरमऊ उपचुनाव में 507 बूथों पर मतदान हुआ। मतदान के लिए बांगरमऊ को 7 जोन व 56 सेक्टर में बांटा गया था। जोन की मानीटरिंग के लिए जोनल व सेक्टर की मानीटरिंग के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट सुबह से देरशाम तक जायजा लेते हुए। उधर, चुनाव कराने के लिए 507 पार्टियों में 2028 कार्मिकों की ड्यूटी लगाई थी। जबकि 10 फीसदी कार्मिक रिर्जव में रखे गए थे।

**एडीजी ने पहुंच स्थित का लिया जायजा:** डीएम रवीन्द्र कुमार, एसपी आनन्द कुलकर्णी, सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, एडीएम राकेश कुमार, एएसपी विनोद कुमार पांडेय सुबह से लेकर शाम तक कई कई पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। डीएम ने पोलिंग बूथों पर हो रहे मतदान प्रतिक्रिया के साथ-साथ कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन अनिवार्य रूप से कराए जाने के भी निर्देश दिए। उधर, देरशाम एडीजी एसएन साबत बांगरमऊ स्थित सुभाष इंटर कालेज पहुंचे और स्थित का जायजा लिया। सकुशल चुनाव सम्पन्न होने पर एडीजी ने अधिकारियों की प्रशंसा की है। निरीक्षण करने के बाद एडीजी लखनऊ वापस लौट गए।

**तीसरे नंबर की बटन दबाने के लिए प्रेरित करने का आरोप:** क्षेत्र के ग्राम भटियापुर में बूथ संख्या 108 पर मौजूद मतदाताओं ने एक मतदान कर्मी पर आरोप लगाया कि वह सभी मतदाताओं से ईवीएम मशीन में तीसरे नंबर की बटन दबाने के लिए प्रेरित कर रहा। सूचना पर एसडीएम, सीओ भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों समझाबुझा कर मामला शांत कराया।

**सूची में नाम न होने से मतदान से हुए वंचित:** नगर व क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों पर मौजूद मतदाताओं ने बताया कि दो दिन पूर्व संबंधित बीएलओ ने मतदान के लिए पर्ची दी थी। लेकिन जब मंगलवार को वह पर्ची लेकर मतदेय स्थल पर पहुंचे तो मतदान कर्मियों के पास मौजूद मतदाता सूची में नाम ही नहीं निकला। जिससे वह लोग मतदान से वंचित हो गए ।

**सीडीओ के समझाने पर ग्रामीणों ने डाला वोट:** ब्लाक के बूचागाड़ा गांव के ग्रामीणों ने सडक नाली को लेकर पहले मतदान का बहिस्कार किया लेकिन सीडीओ डा राजेश कुमार प्रजापति के समझाने के बाद मतदान करने को राजी हो गये। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की सड़क के दोनों तरफ नाली का निर्माण नही हुआ है। सडक क्षतिग्रस्त है निकलने में समस्या का सामना करना पडता है। मामले की जानकारी मिलने पर जिला प्रशासन में हडकंप मच गया। सूचना पर सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति मौके पर पहुंचे और ग्रामीणो को किसी तरह समझाया। सीडीओ ने गांव की समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने की बात कही। जिसके बाद ग्रामीणों नें वोट डालना प्रारम्भ किया।

## बांगरमऊ विधान सभा उप निर्वाचन: लगातार डीएम एसपी करते रहे स्थलीय निरीक्षण





**उन्नाव।** 162 विधान सभा उप निर्वाचन बांगरमऊ की चुनावी प्रकिया को सकुशल सम्पन्न कराने के इरादे से लगातार जिला प्रशासन के दोनो अधिकारी डीएम और एसपी लगातार स्थलीय निरीक्षण करते रहे। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक आनन्द कुलकर्णी ने कई पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लोगों से निष्पक्ष चुनाव को लेकर संवाद भी करते रहे।

चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो इस उद्देश्य से बांगरमऊ विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रो पर पहुंचकर दोनों अधिकारियों ने स्थित का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कई मतदेय स्थलों पर जाकर बारीकी से उपस्थित सेक्टर, जोनल, पीठासीन अधिकारियों आदि को निर्वाचन शान्ति पूर्ण एवं निर्विघ्न तरीके से सम्पन्न कराये जाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने पोलिंग बूथों पर हो रहे मतदान प्रतिक्रिया के साथ-साथ कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन अनिवार्य रूप से कराये जाने के निर्देश दिये। कई मतदेय स्थलों पर डस्टबिन न रखे होने के कारण तत्काल रखवाये जाने के निर्देश दिये। सभी पूलिंग बूथों पर कोविड-19 के तहत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन करते देखा गया।

**इस तरह पड़े वोट-**

- 9 बजे तक 8.27 प्रतिशत मतदान हुआ।
-11 बजे तक 22.24 प्रतिशत मतदान हुआ।
-1 बजे तक 33 प्रतिशत मतदान हुआ।
-3 बजे तक 42.99 प्रतिशत मतदान हुआ।
-5 बजे तक 49.45 प्रतिशत मतदान हुआ।
-6 बजे तक 50.84 प्रतिशत मतदान हुआ।

# अदालत ने अंतिम सुनवाई को लेकर उसके परिपत्र को चुनौती देने वाली उमर अब्दुल्ला की अर्जी खारिज की

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली उच्च न्यायालय** ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें अप्रैल के उसके उस परिपत्र को चुनौती दी गई थी कि जिसमें कहा गया था कि किसी मामले में अंतिम सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जल्दी करने के लिए दोनों पक्षों को सहमत होना होगा। उमर ने दलील दी थी कि निचली अदालत के 2016 के उस आदेश के खिलाफ उनकी वैवाहिक अपील फरवरी 2017 से अंतिम सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है जिसमें उनकी तलाक की याचिका को खारिज कर दिया गया था।

कोविड-19 महामारी के मद्देनजर अदालतों के सीमित कामकाज के दौरान इसे सुनवाई के लिए नहीं लिया गया क्योंकि उनकी पत्नी पायल अब्दुल्ला ने वीडियो कान्फ्रेंस से सुनवाई के लिए सहमति नहीं दी। अब्दुल्ला अपनी पत्नी से अलग रह रहे हैं। अब्दुल्ला की दलील थी कि उनकी पत्नी की ओर से सहयोग नहीं मिलने की वजह से मामले में देरी हो रही है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति सुब्रमणियम प्रसाद की पीठ ने हालांकि यह कहते हुए कोई राहत देने से इनकार कर दिया कि उनकी पत्नी की ओर से सहयोग नहीं मिलना हाईकोर्ट के 26 अप्रैल के कार्यालय आदेश को चुनौती देने का कोई आधार नहीं है। केवल इसलिए कि प्रतिवादी नम्बर दो (पायल अब्दुल्ला) जल्दी सुनवाई के लिए सहमति नहीं दे रही हैं, यह कार्यालय आदेश की आलोचना करने का आधार नहीं हो सकता। याचिका खारिज की जाती है, क्योंकि इसमें कोई दम नहीं है।

उमर ने जुलाई में अपनी अपील पर जल्द सुनवाई की मांग करते हुए एक अर्जी दायर की थी। उच्च न्यायालय ने यह कहते हुए इस पर विचार करने से इनकार कर दिया था कि उसके रजिस्ट्रार जनरल ने पहले ही एक परिपत्र जारी किया है जिसमें कहा गया है कि कोविड-19 के चलते अदालतों के सीमित कामकाज के दौरान, लंबित मामलों की अंतिम सुनवाई के लिए अनुरोध पर तभी विचार किया जाएगा जब दोनों पक्ष सहमत होंगे।

उच्च न्यायालय ने अर्जी खारिज करते हुए कहा था, इस तथ्य के मद्देनजर कि यह अर्जी दूसरे पक्ष (पायल) की सहमति के साथ नहीं है और न ही सुनवाई में प्रतिवादी के वकील ही उपस्थित हैं, यद्यपि हमें सूचित किया गया है कि अर्जी की एक अग्रिम प्रति उन्हें दी गई थी, हम अर्जी में किए गए अनुरोध को स्वीकार करने की स्थिति में नहीं हैं।

गौरतलब है कि 30 अगस्त, 2016 को निचली अदालत ने पायल से तलाक की मांग करने वाली उमर की याचिका को खारिज करते हुए कहा था कि वह यह साबित करने में असफल रहे कि अब उनकी शादी के कायम रहने का कोई आधार नहीं बचा है और शादी पूरी तरह टूट चुकी है। निचली अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कहा था कि उमर अब्दुल्ला क्रूरता या अलग होने का अपना दावा साबित नहीं कर पाए जबकि इसी आधार पर तलाक की याचिका दायर की गई थी। उमर अब्दुल्ला ने तलाक की मांग करने वाली अपनी याचिका में निचली अदालत के समक्ष दावा किया था कि अब उनकी शादी के कायम रहने का कोई आधार नहीं बचा और शादी पूरी तरह टूट चुकी है।



सहरसा में बिहार विधानसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थक शंख बजाकर रैली में शंखनाद करते हुए।

# भाजपा विधायक ने केबीसी में पूछे गए प्रश्न को लेकर अमिताभ के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की मांग की

**मुंबई।** भाजपा के एक विधायक ने हिंदूओं की भावनाओं को कथित रूप से आहत करने के लिए बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन और टीवी कार्यक्रम कौन बनेगा करोड़पति के निर्माताओं के खिलाफ कार्वाई की मांग को लेकर मंगलवार को पुलिस से संपर्क किया। लातूर जिले के औसा से भाजपा विधायक अभिमन्यु पवार ने लातूर के पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले के पास की गई शिकायत में कहा कि शुक्रवार को विशेष कड़ी करमवीर के दौरान पूछे गए एक प्रश्न को लेकर बच्चन और सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

पवार ने पुलिस अधिकारी को सौंपे गए दो पृष्ठीय पत्र की प्रति पोस्ट करते हुए ट्वीट किया, हिंदुओं को अपमानित करने और सौहार्द के साथ रह रहे हिंदुओं एवं बौद्ध अनुयायियों के बीच मनमुटाव पैदा करने की कोशिश की गई। कार्यक्रम की इस कड़ी में सामाजिक कार्यकर्ता बेजवाड़ा विल्सन और अभिनेता अनूप सोनी हॉट सीट पर बच्चन के सामने बैठे थे। इस दौरान बच्चन ने छह लाख 40 हजार रुपए के लिए प्रश्न पूछा था कि 25 दिसंबर 1927 को डॉ. बी. आर. आंबेडकर और उनके अनुयायियों ने किस धर्मग्रंथ की प्रतियां जलाई थीं?। इसके लिए चार विकल्प दिए गए- (क) विष्णु पुराण (ख) भगवत गीता (ग) ऋग्वेद (घ) मनु स्मृति।

पवार ने कहा, सभी चार विकल्प हिंदू धर्म से संबंधित थे। यह स्पष्ट है कि इस प्रश्न का उद्देश्य हिंदुओं की भावनाएं आहत करना था। उन्होंने कहा, यह प्रश्न संदेश देता है कि हिंदू धर्म ग्रंथ जलाने के लिए बने हैं और इससे हिंदुओं एवं बौद्ध धर्म के अनुयायियों के बीच शत्रुता पैदा होती है। इस प्रश्न को लेकर केबीसी की सोशल मीडिया पर भी काफी आलोचना हो रही है।

# राजीव गांधी हत्याकांड: दोषी की सजा माफी याचिका दो साल से लंबित होने पर न्यायालय ने नाराजगी जताई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राजीव गांधी हत्याकांड के एक मुजरिम की सजा माफी की याचिका तमिलनाडु के राज्यपाल के पास दो साल से भी ज्यादा समय से लंबित होने पर मंगलवार को नाराजगी व्यक्त की। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता ए जी पेरारिवलन के वकील से जानना चाहा कि क्या इस मामले में न्यायालय संविधान के अनुच्छेद 142 में प्रदत्त अपने अधिकार का इस्तेमाल कर राज्यपाल से इस पर निर्णय करने का अनुरोध सकता है। इस समय उम्र कैद की सजा काट रहे पेरारिवलन ने अनुच्छेद 161 के तहत राज्यपाल के पास यह याचिका दायर की थी। इसी अनुच्छेद के तहत राज्यपाल को किसी आपराधिक मामले में क्षमा देने का अधिकार प्राप्त है।

न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी की पीठ ने कहा, हम इस समय अपने अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल नहीं करना चाहते लेकिन हम इस बात से खुश नहीं है कि तमिलनाडु सरकार की सिफारिश दो साल से लंबित है। न्यायालय 46 वर्षीय पेरारिवलन की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें उसने इस मामले में अपनी उम्र कैद की सजा सीबीआई के नेतृत्व वाली एमडीएमए की जांच पूरी होने तक निलंबित रखने का अनुरोध किया है।

इस मामले की सुनवाई के दौरान पेरारिवलन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन से पीठ ने कहा, राज्यपाल को मंत्रिपरिषद की मदद और सलाह से काम करना है। लेकिन अगर राज्यपाल आदेश पारित नहीं करें तो आप हमें बताएं कि न्यायालय क्या कर सकता है? पीठ ने शंकरनारायणन से कहा कि वह न्यायालय को इस तथ्य से अवगत कराएं कि किस तरह से वह राज्यपाल से फैसला लेने का अनुरोध कर सकता है और इस संबंध में कानून क्या कहता है।

शीर्ष अदालत ने इसके बाद तमिलनाडु की ओर से पेश अधिवक्ता बालाजी श्रीनिवासन से जानना चाहा कि राज्य सरकार न्यायालय के किसी आदेश के बगैर ही राज्यपाल से आदेश पारित करने का अनुरोध क्यों नहीं कर सकती? शंकरनारायणन ने कहा कि राज्यपाल ने एमडीएमए की रिपोर्ट मांगी है। इस पर पीठ ने केन्द्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल केएम नटराज से सवाल किया कि क्या राज्य सरकार ने एमडीएमए की रिपोर्ट भेजने के लिए कोई अनुरोध किया है।

नटराज ने कहा कि इस हत्याकांड में व्यापक साजिश की जांच अभी चल रही है। यह जांच ब्रिटेन और श्रीलंका सहित कई देशों में फैली है। पीठ ने नटराज से कहा कि व्यापक साजिश का मकसद यह पता लगाना था कि क्या इसमें दोषी ठहराए गए व्यक्तियों के अलावा अन्य लोग भी शामिल थे। पीठ ने नटराज से कहा, यह उन लोगों के संबंध में नहीं है जो दोषी ठहराए जा चुके हैं और जेल में हैं। पीठ ने कहा कि व्यापक साजिश की जांच करीब 20 साल से लंबित है।

पीठ ने व्यापक साजिश के पहलू की जांच में दो दशक बाद भी केन्द्र कह रहा है कि वह दूसरे देशों को भेजे गए अनुरोध पत्रों का जवाब प्राप्त करने की प्रक्रिया में है। इस मामले को 23 नवंबर के लिए सूचीबद्ध करते हुए पीठ ने नटराज से कहा, आप इसे देखिए और हमें बताएं। पीठ ने याचिकाकर्ता और केन्द्र सरकार को इस मामले में अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति प्रदान की है। राज्य सरकार ने इससे पहले न्यायालय को बताया था कि मंत्रिपरिषद ने नौ सितंबर, 2018 को एक प्रस्ताव पारित किया था और इस मामले में सभी सात दोषियों को उनकी सजा पूरी होने से पहले ही रिहा करने की राज्यपाल से सिफारिश की थी। शीर्ष अदालत ने 21 जनवरी को राज्य सरकार से कहा था कि वह बताए कि उसने इस मामले में एक मुजरिम की माफी की याचिका पर क्या कोई निर्णय लिया है।

## क्विक न्यूज

### पुलिस के साथ मुठभेड़ में संदिग्ध माओवादी की मौत

**वायनाड (केरल)।** केरल पुलिस और वाम चरमपंथी समूह के बीच मंगलवार तड़के हुई कथित मुठभेड़ में एक संदिग्ध माओवादी मारा गया। पुलिस ने बताया कि राज्य के विशेष पुलिस दस्ते थंडरबोल्ट और माओवादियो के बीच यह मुठभेड़ पदिजरेतरा थाना क्षेत्र के बनसुरा जंगल वाले इलाके में हुई। सूचना के अनुसार खबर लिखे जाने तक मुठभेड़ जारी थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हमें अभी मुठभेड़ की विस्तृत जानकारी मिलनी बाकी है। किसी के हताहत होने की सूचना नही है। पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस बल मौके के लिए रवाना हो गया है। वहीं स्थानीय थाना पुलिस का कहना है कि उन्हें अभी तक मुठभेड़ के संबंध में कोई सूचना नही मिली है। वेल्लामुंडा थाने के अधिकारियो ने बताया कि वे मुठभेड़ स्थल की ओर जा रहे है, अन्य सूचना मिलनी शेष है।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में चार किग्रा मादक पदार्थ जब्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले मे सीमावर्ती इलाके से सुरक्षा बलो ने चार किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किया है। अधिकारियो ने बताया कि मादक तस्करों के खिलाफ जारी अभियान के तहत पुलिस और सेना के राष्ट्रीय राइफल्स के एक संयुक्त गश्ती दल ने मेंढर तहसील के धारग्लूं मे छापेमारी की। धारग्लूं इलाके से करीब चार किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई। अधिकारियो ने बताया कि मामले की जांच जारी है और इस संबंध मे गुर्साई पुलिस थाने मे मामला दर्ज किया गया है। पुंछ जिले के धारग्लूं इलाके में पिछले 20 दिन में चौथी बार मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं।

### कार्टून विवाद में शिवसेना का फ्रांसीसी राष्ट्रपति को समर्थन

**मुंबई।** शिवसेना ने मंगलवार को कहा कि धर्म के नाम पर फ्रांस मे गला काटने के बर्बर कृत्य मे शामिल लोग मानवता के दुश्मन है और इसलिए उनके खिलाफ फ्रांसीसी राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों के समर्थन की जरूरत है। शिवसेना के मुखपत्र सामना के एक संपादकीय मे कहा गया कि भारत के राजनीतिक दलो और मुस्लिम समुदाय के फ्रांस के आंतरिक मामलों मे दखल देने की कोई वजह नही है। यह टिप्पणी फ्रांस मे पैगंबर मोहम्मद साहब के कार्टून के लेकर उपजे विवाद के मद्देनजर आई है। संपादकीय मे कहा गया कि पैगंबर मोहम्मद शांति और संयम के प्रतीक है। इसमे कहा गया कि जो लोग उनके अनुयाई होने का दावा करते है वो विचारधारा की हत्या कर रहे है और समूचे इस्लाम पर सवालिया निशान खड़े कर रहे है।

### पवार ने गोवा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की

**पणजी।** राकांपा प्रमुख शरद पवार ने गोवा की अपनी यात्रा के दौरान कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख गिरीश चोडनकर और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष दिगंबर कामत से मुलाकात की। चोडनकर ने सोमवार को पवार से मुलाकात के बाद 2022 मे होने वाले गोवा विधानसभा चुनाव से पूर्व राकांपा के साथ गठबंधन की अटकलों को खारिज कर दिया। कांग्रेस नेता ने कहा, यह शिष्टाचार मुलाकात थी। हमने बैठक के दौरान राजनीति पर चर्चा नही की। गोवा के एक होटल मे हुई इस बैठक मे पवार के साथ उनकी बेटी तथा लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले भी थी। पिछले सप्ताह राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल ने गोवा मे कांग्रेस के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन की बात से इनकार कर दिया था। पटेल ने कहा था कि राकांपा गोवा मे अगले चुनाव मे समान विचारधारा वाले दलों के साथ सरकार बनाने की स्थिति मे होगी और कांग्रेस तथा भाजपा का विकल्प प्रदान करेगी।

### प्रतिबंधित क्षेत्र से पकड़े गए दो संदिग्ध युवकों से पूछताछ

**जैसलमेर (राजस्थान)।** राज्य पुलिस की विशेष शाखा एटीएस ने सोमवार को जैसलमेर जिले के शाहगढ थाना क्षेत्र मे प्रतिबंधित क्षेत्र से दो संदिग्ध युवकों को पकड़ा है, उनसे पूछताछ की जा रही है। एटीएस के उपमहानिरीक्षक अंशुमान भोमिया ने मंगलवार को बताया कि पकड़े गए युवकों पर अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संदिग्ध गतिविधियो मे लिप्त होने का संदेह है। दोनो से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि दोनों पकड़े गए युवकों से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से मादक पदार्थों और हथियारो की तस्करी मे संलिप्तता के बारे मे पूछताछ की जा रही है। दोनो को शाहगढ थाना क्षेत्र के प्रतिबंधित क्षेत्र मे संदिग्ध रूप से देखे जाने के बाद हिरासत मे लिया गया है। उन्होंने बताया कि दोनो की पहचान फोटे खान और लाले खान के रूप मे की गई है।

### मप्र में पन्ना की खदानों में दो श्रमिकों को मिले कीमती हीरे

**पन्ना (मप्र)।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले मे स्थित विश्व प्रसिद्ध हीरा खदानो से दो मज़दूरो को दो कीमती हीरे मिलने से दीपावली से ठीक पहले उनकी किस्मत चमक गई है और वे लखपति होने वाले है। हीरा निरीक्षक अनुपम सिंह ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को दो श्रमिकों ने कार्यालय मे दो हीरे जमा कराए है। दिलीप मिस्त्री को कृष्णा कल्याणपुर इलाके की जुरापुर खदान से 7.44 कैरेट का हीरा मिला है जबकि लखन यादव को 14.98 कैरेट का हीरा मिला है। सिंह ने कहा कि हीरे का सही मूल्य अधिकारियो द्वारा तय किया जाएगा।



नई दिल्ली में एक लड़का कुम्हार द्वारा डिजाइन किया गया सामान दिखाता हुआ

# कंगना रनौत और उनकी बहन को पुलिस के सामने पेश होने के लिए मिला दूसरा नोटिस

**भाषा।** मुंबई

**मुंबई पुलिस** ने अभिनेत्री कंगना रनौत और उनकी बहन रंगोली चंदेल को अपनी टिप्पणियों के जरिए विभिन समुदायों के बीच कथित तौर पर वैमनस्य को बढ़ावा देने के मामले में बयान दर्ज कराने के लिए दूसरा नोटिस जारी किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इसके पहले बांद्रा पुलिस ने इस मामले में अभिनेत्री और उनकी बहन को बयान दर्ज कराने के लिए 21 अक्टूबर को पहला नोटिस जारी किया था।

हालांकि कंगना के वकील ने नोटिस का जवाब भेजा था जिसमें कहा गया था कि कंगना फिलहाल हिमाचल प्रदेश में हैं और अपने चचेरे भाई की शादी की तैयारियों में व्यस्त हैं। बांद्रा पुलिस ने अब दोनों को इस मामले में अपने बयान दर्ज कराने के लिए 10 नवंबर को थाने में मौजूद रहने के लिए दूसरा नोटिस भेजा है।

बांद्रा मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत ने पिछले महीने बॉलीवुड के एक कास्टिंग डायरेक्टर और फिटनेस ट्रेनर मुनव्वर अली सैयद की शिकायत पर पुलिस को जांच करने के आदेश दिए थे। यह शिकायत कंगना और उनकी बहन के कथित बयानों को लेकर की गई थी। इसके बाद बांद्रा पुलिस ने दोनों बहनों के खिलाफ भादसं की धारा 153-ए (विभिन्न धर्मों के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य को बढ़ावा देना), 295-ए (धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला कृत्य जानबूझकर करना), 124-ए (राजद्रोह), 34 (साझा इरादे) के तहत प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस ने अभिनेत्री और उनकी बहन को पुलिस के सामने पेश होने को भी कहा था।

# शादी के लिए धर्मांतरण करने पर रोक लगाने संबंधी कानून लाएगा कर्नाटक: पर्यटन मंत्री

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पर्यटन मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सी टी रवि ने मंगलवार को कहा कि राज्य शादी के नाम पर धर्मांतरण करने पर रोक लगाने के लिए कानून लाएगा। उन्होंने कहा कि जब जिहादी राज्य में महिलाओं की इज्जत से खिलवाड़ कर रहे हैं तो सरकार चुप नहीं बैठेगी। उनका बयान इलाहाबाद उच्च न्यायालय के इस फैसले के कुछ दिन बाद आया है कि शादी के लिए धर्मांतरण करना अवैध है। इससे पूर्व, भाजपा शासित राज्य उत्तर प्रदेश, हरियाणा और मध्य प्रदेश लव जिहाद के खिलाफ कानूनी प्रावधान लाने की अपनी मंशा की घोषणा कर चुके हैं। रवि ने ट्वीट किया, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश की तर्ज पर कर्नाटक शादी के नाम पर धर्मांतरण करने पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून लागू करेगा। जब जिहादी हमारी बहनों की इज्जत से खिलवाड़ कर रहे हैं तो हम चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण के कृत्य में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी एवं त्वरित कार्वाई की जाएगी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 31 अक्टूबर को अपने आदेश में कहा था कि सिर्फ शादी के लिए धर्म बदलना वैध नहीं है।

# निजी मदरसे कभी बंद नही किए जाएंगे, यह मुसलमानों को जिंदा रखेंगे: अमीनुल हक

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा के उपाध्यक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमीनुल हक लश्कर ने कहा कि निजी मदरसे कभी बंद नहीं किए जाएंगे क्योंकि इन्होंने मुसलमानों को जीवित रखा है। असम सरकार ने सरकार द्वारा संचालित सभी मदरसों और संस्कृत स्कूलों को बंद करने का फैसला किया है और इस संबंध में अधिसूचना के इस महीने जारी होने की उम्मीद है।

कछार जिले में रविवार को एक मदरसे की आधारशिला रखने के दौरान उन्होंने कहा, क्या कोई मदरसा बंद हुआ है? ए मदरसे कभी बंद नहीं होंगे क्योंकि इन्होंने मुसलमानों को जीवित रखा है। उन्होंने कहा, इन मदरसों से मौलाना और काजी निकले हैं। इन मदरसों में मस्जिदों के इमाम पढ़े हैं। उन्होंने कहा कि इन्हें कभी भी बंद नहीं किया गया।

शिक्षा मंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने घोषणा की थी कि सभी सरकारी मदरसे बंद होंगे क्योंकि सरकार धर्मनिरपेक्ष समाज में धार्मिक शिक्षा का समर्थन नहीं कर सकती। उनके इस बयान पर विपक्षी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया की थी। विधानसभा उपाध्यक्ष ने कहा, अगर मदरसे बंद हों तब प्रदर्शन कीजिए। जब भाजपा सरकार द्वारा मदरसे बंद करने के लिए कांग्रेस प्रदर्शन करे तब उन्हें बताइए कि सिर्फ सरकारी मदरसे बंद होंगे।

सोशल मीडिया पर काफी प्रसारित हो रहे उनके इस बयान पर जब उनसे संपर्क किया गया तो लश्कर ने कहा कि सरकारी मदरसों को बंद करने से मुस्लिम समुदाय की धार्मिक शिक्षा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने सोमवार को बताया, सरकारी मदरसों से आकर कोई भी मस्जिद में शामिल नहीं हुआ। विपक्षी कांग्रेस और एआईयूडीएफ इस मुद्दे पर सिर्फ राजनीति कर रहे हैं। सरमा ने पूर्व में कहा था कि असम में 610 सरकारी मदरसे हैं जिन पर सरकार 260 करोड़ रुपए वार्षिक खर्च करती है।

# सुशांत की बहनों के खिलाफ शिकायत से अपराध का खुलासा हुआ: पुलिस ने अदालत को बताया

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने बंबई उच्च न्यायालय को बताया कि दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की बहनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करना उसका कर्तव्य था, क्योंकि अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती द्वारा उनके खिलाफ दर्ज कराई गई शिकायत ने अपराध होने का खुलासा किया। पुलिस ने अदालत में सोमवार को एक शपथ पत्र दायर किया, जिसमें राजपूत की बहनों- प्रियंका सिंह और मीतू सिंह की याचिका खारिज करने का अनुरोध किया गया है। राजपूत की बहनों ने कथित धोखाधड़ी और अपने भाई के लिए दवाइयों का फर्जी पर्चा बनाने को लेकर दर्ज प्राथमिकी खारिज करने का अनुरोध किया है।

बांद्रा पुलिस ने चक्रवर्ती से शिकायत मिलने के बाद यहां सितंबर में राजपूत की बहनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। बांद्रा पुलिस के वरिष्ठ निरीक्षक निखिल कापसे द्वारा दायर हलफनामे में इन आरोपों से इनकार किया गया कि पुलिस याचिकाकर्ताओं या किसी मृतक व्यक्ति की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने की कोशिश कर रही है। हलफनामे में कहा गया है कि राजपूत की बहनों के खिलाफ प्राथमिकी दायर करके पुलिस सीबीआई द्वारा की जा रही जांच को प्रभावित करने या पटरी से उतारने की कोशिश नहीं कर रही। इसमें कहा गया है, (प्रियंका एवं मीतू के खिलाफ) प्राथमिकी प्रथम सूचना देने वाले (चक्रवर्ती) द्वारा मुहैया कराई गई जानकारी के आधार पर दर्ज की गई, जिसमें अपराध होने का खुलासा हुआ। शिकायतकर्ता (चक्रवर्ती) के अनुसार, याचिकाकर्ता ने दिल्ली के एक डॉक्टर की मदद से फर्जी मेडिकल पर्चा भेजा जिसमें राजपूत को घबराहट दूर करने वाली दवाइयां देने की बात की गई थी। पुलिस ने हलफनामे में कहा कि इसकी मदद से चिकित्सक द्वारा राजपूत की असल में जांच किए बिना संभवत: मन:प्रभावी पदार्थ दिए गए और राजपूत की आत्महत्या में संभवत: इसका भी हाथ था।

हलफनामे में कहा गया, सूचना मुहैया कराने वाला यह विवरण संज्ञेय अपराध का खुलासा करता है, जिसकी जांच की आवश्यकता है। इसलिए मुंबई पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने के लिए बाध्य थी। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार प्राथमिकी संबंधी सभी प्रासंगिक दस्तावेज सीबीआई को भेजे। पुलिस ने सीबीआई के इस रुख का विरोध किया कि उसे उसी मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं करनी चाहिए, जिसकी जांच केंद्रीय एजेंसी पहले से ही कर रही है। सीबीआई जिस मामले की जांच कर रही है, वह बिहार में मृतक के पिता ने दर्ज कराया था। इसमें कहा गया है, दूसरी ओर, रिया चक्रवर्ती की शिकायत पर मुंबई पुलिस द्वारा दर्ज की गई शिकायत में सुशांत सिंह राजपूत की बहनों प्रियंका, मीतू और चिकित्सक तरुण कुमार के खिलाफ फर्जीवाड़े, धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र को लेकर जांच की मांग की गई है। उसने कहा कि अब यह सीबीआई को फैसला करना है कि वह दोनों प्राथमिकियों की जांच करे या उचित रिपोर्ट दायर करे।

# सरकार ने खालिस्तान समर्थक 12 वेबसाइटों पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** सरकार ने खालिस्तान समर्थक संगठनों से संबद्ध 12 वेबसाइटों को प्रतिबंधित करने की घोषणा की है। मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि प्रतिबंधित वेबसाइटों में से कुछ को सीधे तौर पर गैरकानूनी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) द्वारा संचालित किया जा रहा था। वेबसाइटों पर खालिस्तान समर्थक सामग्री थी। नाम उजागर ना करने की शर्त पर एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय ने आईटी अधिनियम की धारा 69ए के तहत 12 वेबसाइटों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को भारत में साइबरस्पेस की निगरानी का अधिकार प्राप्त है। एसएफजे, फार्मर्स, पीबीटीम, सेवा 413, पीबीक्यू, साडापिंड प्रतिबंधित वेबसाइटों में शामिल हैं। इनमें से कुछ प्रतिबंधित वेबसाइटों को खोजने पर अब यह संदेश आ रहा है, आपके द्वारा जिस यूआरएल का अनुरोध किया गया है, उसे भारत सरकार के दूरसंचार विभाग से प्राप्त निर्देशों के तहत प्रतिबंधित कर दिया गया है। अधिक जानकारी के लिए प्रशासक से सम्पर्क करें। गृह मंत्रालय ने पिछले साल राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए एसएफजे पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार ने अलगाववादी गतिविधियों का समर्थन करने के लिए एसएफजे से संबद्ध 40 वेबसाइटों पर जुलाई में प्रतिबंध लगा दिया था।

# संसद में घटती ताकत के लिए मोदी ने कांग्रेस पर कसा तंज

**भाषा।** फारबिसगंज, सहरसा (बिहार)

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को विपक्षी महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि इनका एकमात्र सपना लोगों को डराकर, अफवाहें फैलाकर, लोगों को बांटकर किसी भी तरह से सत्ता हथियाना है। साथ ही संसद के दोनों सदनों में घटती ताकत के लिए कांग्रेस का मखौल उड़ाते हुए उन्होंने कहा कि लोग गरीबी उन्मूलन और कृषि ऋण माफी जैसे झूठे वादों के लिए उसे दंडित कर रहे हैं।

बिहार के फारबिसगंज और सहरसा में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ए बातें कहीं। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, झूठ बोलकर कांग्रेस ने देश के लोगों को क्या-क्या सपने दिखाए। याद कीजिए दशकों पहले के दिन, चुनाव से पहले कहते थे गरीबी हटाएंगे, किसान का कर्जा माफ करेंगे, टैक्स कम करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि इतिहास गवाह है,

## ● आज लोकसभा और राज्यसभा को मिला कर भी कांग्रेस के पास 100 सांसद नहीं हैं

दस्तावेज गवाह हैं कि इन्होंने इसमें से एक भी काम नहीं किया, सिर्फ लोगों को गुमराह किया, जिससे लोग नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि अब जहां भी लोगों को मौका मिलता है वे कांग्रेस को दंडित करते हैं। लोगों के गुस्से की वजह से पार्टी की इतनी खराब हालत हो गई है कि लोकसभा और राज्यसभा को मिला दें, तो भी उसके पास 100 सांसद नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि अनेक राज्यों ने कांग्रेस के एक भी व्यक्ति को लोकसभा और राज्यसभा में नहीं भेजा और उत्तर प्रदेश, बिहार में कांग्रेस तीसरे, चौथे, पांचवें स्थान पर किसी के पीछे लगकर बचने की कोशिश में है। मोदी ने कहा कि इससे स्पष्ट होता



है कि देश की जनता इनसे कितनी नाराज है। गौरतलब है कि भाजपा ने हाल में राज्यसभा की 11 सीटों पर हुए चुनाव में नौ पर जीत दर्ज की, जिसके परिणाम सोमवार को घोषित किए गए। इससे संसद के उच्च सदन में उसके सांसदों की संख्या 92 हो गई है, जबकि कांग्रेस के सांसदों की संख्या महज 38 बची है।

कांग्रेस के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि जब संसद के दोनों सदनों को मिलाकर उसके सांसदों की संख्या महज 89 रह गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार में जंगलराज लाने वालों को भारत माता और जय श्रीराम से दिक्कत है और ये एकजुट होकर वोट मांग रहे हैं, ऐसे में प्रदेश के लोगों को इनसे सतर्क रहने की जरूरत है।

पूर्ववर्ती राजद सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जंगल राज चलाने वालों ने एक समय बिहार में मतदान केन्द्र पर कब्जा करने की संस्कृति के जरिए गरीबों के मताधिकार को छीन लिया था लेकिन राजग ने गरीबों को उनका वह अधिकार फिर से दिलाया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यही कारण है कि आज बिहार में अराजकता, जबरन वसूली की हार हो रही है जबकि विकास और कानून का शासन जीत रहा है। मोदी ने अपनी चुनावी रैली में जोर देकर कहा कि पहले चरण के मतदान के रूझान से स्पष्ट है कि बिहार के लोगों ने जंगलराज के डबल-डबल युवराजों को सिरे से नकार दिया है। समझा जाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार चुनाव में डबल डबल युवराज शब्दावली कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव के लिए गढ़ा है। मोदी ने कहा, बिहार अब उन लोगों को पहचान चुका है जिनका एकमात्र सपना किसी तरह लोगों को डराकर, अफवाह फैलाकर, लोगों को बांटकर किसी भी तरह से सत्ता हथिया लेना है। इनकी तो बरसों से यही सोच है, इन्होंने यही देखा है, यही समझा है, यही सीखा है।

राजद नीत महागठबंधन पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि आज राजग के विरोध में जो लोग खड़े हैं, वो इतना कुछ खाने-पीने के बाद अब फिर से बिहार को लालच भरी नजरों से देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन बिहार की जनता जानती है कि कौन बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और कौन अपने परिवार के विकास के लिए। युवा मतदाताओं में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को लेकर असंतोष की खबरों की पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछला दशक बिहार की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए था और 2021-30 तक का दशक राज्य के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए है।

# मोदी-नीतीश ने बिहार को लूटा, वादे पूरे नहीं किए, जनता देगी जवाबः राहुल



सिलीगुडी में मंगलवार को बिहार चुनावी सभाओं में भाग लेने के बाद सिलीगुडी के पास बागडोगरा हवाई अड्डे पर पहुंचे कांगेस नेता राहुल गांधी

**भाषा।** कोरहा, कटिहार, (बिहार)

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने केंद्र और बिहार सरकार पर कोरोना वायरस, बेरोजगारी, किसानों एवं छोटे व्यापारियों की समस्याओं से निपटने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि इन दोनों ने मिलकर बिहार को लूटा, वादे पूरे नहीं किए और अब राज्य की जनता इनको जवाब देगी। राहुल गांधी ने दावा किया कि बिहार की जनता ने दोनों को सत्ता से बाहर करने का फैसला कर लिया है और इस बार राज्य में महागठबंधन की सरकार बनेगी।

कटिहार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि लॉकडाउन के दौरान जब लाखों मजदूर हजारों किलोमीटर का सफर पैदल तय करते हुए अपने घर आ रहे थे, तब नीतीश जी और मोदी जी कहां थे? तब मदद नहीं की और अब वोट मांगने आ रहे हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने प्रवासी मजदूरों की मदद के लिए बसों का इंतजाम किया। हम सत्ता में नहीं थे, इसलिए लाखों मजदूरों की मदद नहीं कर सके लेकिन हमने अपनी क्षमता अनुसार ज्यादा से ज्यादा लोगों की मदद की।

कांग्रेस नेता ने यह भी दावा किया कि प्रधानमंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री विकास तथा रोजगार सृजन के वादे को पूरा करने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां आए युवाओं से मैं पूछना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वादा किया था कि हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार दूंगा, नीतीश जी ने भी यही कहा था, लेकिन कहां हैं नौकरियां ? आज युवा बेरोजगार क्यों है? किसी ने अपना वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि किसान हाल ही में लागू किए गए तीन कानूनों को लेकर मोदी से खफा हैं। राहुल ने कहा कि पहले नोटबंदी, फिर जीएसटी और अब किसानों को खत्म करने का कानून बनाया गया। इसलिए इस दशहरे पर पंजाब में किसानों ने नरेन्द्र मोदी, अंबानी, अडाणी (उद्योगपति) का पुतला जलाया। उन्होंने कहा, इन कानूनों की सच्चाई पंजाब में सामने आ गई है। और बिहार में भी सामने आ गई है। कांग्रेस नेता ने नोटबंदी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इससे गरीब को नुकसान हुआ लेकिन बड़े चुनिंदा कॉरपोरेट को फायदा पहुंचा और इसी तरह जीएसटी ने छोटे दुकानदारों को तबाह कर दिया।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने रैली में मौजूद लोगों से पूछा कि क्या उन्हें मक्का का उचित दाम मिल रहा है? उन्होंने कहा कि देश में मक्का उत्पादन में बिहार की बीस फीसदी भागीदारी है लेकिन क्या आपको सही दाम मिलता है? मोदी जी और नीतीश जी ने सही दाम दिलाने के लिए क्या किया? उन्होंने कहा, बिहार का हर युवा जानता है कि नरेन्द्र मोदी और नीतीश जी ने मिलकर बिहार को लूटा है। उन्होंने बिहार के छोटे दुकानदारों को तबाह कर दिया। और इसीलिए अब बिहार के युवाओं और किसानों ने महागठबंधन को वोट देने का फैसला किया है।



नई दिल्ली में करवा चौथ की पूर्व संध्या पर मेंहदी से सजे अपने हाथों को दिखाती एक महिला



अमृतसर में मंगलवार को करवा चौथ की पूर्व संध्या पर मेंहदी लगे अपने हाथों को दिखाती एक महिला

# तमिलनाडु के गांव में हैरिस की जीत के लिए विशेष प्रार्थना

**भाषा।** चेन्नई

**अमेरिका** में जारी चुनाव में उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस की जीत के लिए तमिलनाडु के तुलासेंतिरापुरम गांव के लोगों ने मंगलवार को विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया। हैरिस इस छोटे से गांव से संबंध रखती हैं।

राज्य के तिरुवरूर जिले में स्थित इस गांव में कई जगह पोस्टर लगे हुए हैं, जिसमें हैरिस को जीत के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं। इसके अलावा स्थानीय लोग उनकी सफलता के लिए विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित कर रहे हैं। अमेरिका में होने वाले चुनाव में इस बार राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी की ओर से डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से जो बाइडेन उम्मीदवार हैं। उपराष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार माइक पेंस का सामना डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार



कमला हैरिस से है। हैरिस के पिता जमैका से जबकि मां भारत से संबंध रखती थीं। हैरिस के नाना पीवी गोपालन पूर्व राजनयिक तथा इस गांव के निवासी थे। इस गांव के निवासी अपनी नवासी को चुनाव में जीतते हुए देखना चाहते हैं।

हैरिस के लिए स्थानीय धर्मशास्थ मंदिर में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें गांव वासियों ने हिस्सा लिया। विशेष प्रार्थना में शरीक हुए तुलासेंतिरापुरम गांव के निवासी ने कहा, हम बस यही चाहते हैं कि वह जीत जाएं। उनका जीतना भारत, तमिलनाडु और हमारे गांव के लिए गौरव का क्षण होगा।

# अधिक योग्यता हो सकती है अयोग्यता का आधार

## ● उच्चतम न्यायालय ने बैंक में स्नातक चपरासी को अयोग्य ठहराने का निर्णय बरकरार रखा

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को यह दलील अस्वीकार कर दी कि ज्यादा योग्यता अयोग्यता का आधार नहीं हो सकती और उसने पंजाब नेशनल बैंक के एक चपरासी की सेवाएं समाप्त करने का आदेश बरकरार रखा, क्योंकि उसने स्नातक होने का तथ्य छिपाया था। शीर्ष अदालत ने उड़ीसा उच्च न्यायालय के दो आदेशों को निरस्त कर दिया। इन आदेशों में न्यायालय ने बैंक से कहा था कि चपरासी को अपनी सेवाएं करते रहने दिया जाए। शीर्ष अदालत ने कहा, महत्वपूर्ण जानकारी छिपाने या गलत जानकारी देने वाला अभ्यर्थी सेवा में बने रहने का दावा नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति एम आर शाह ने बैंक की अपील पर यह फैसला सुनाया और इसमें इस तथ्य को भी इंगित किया कि



इसके लिए विज्ञापन में स्पष्ट था कि अभ्यर्थी स्नातक नहीं होना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि अमित कुमार दास ने योग्यता को चुनौती देने की बजाय अपनी योग्यता छिपाते हुए नौकरी के लिए आवेदन किया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि दास ने जानबूझकर अपने स्नातक होने की जानकारी छिपाई और इसलिए प्रतिवादी को उसे चपरासी के पद पर अपना काम करते रहने का निर्देश देकर उच्च न्यायालय ने गलती की। शीर्ष अदालत ने अपने एक पहले के फैसले का उल्लेख करते हुए कहा कि महत्पूर्ण जानकारी छिपाना और गलत बयानी करना कर्मचारी के चरित्र और उसके परिचय पर असर डालता है। पीठ ने इस तथ्य का भी जिक्र किया कि बैंक ने समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर चपरासी के पद के लिए आवेदन मंगाए थे जिसमे स्पष्ट किया गया था।

# ओपियड की लत छुड़ाने में काम आने वाली दवा टाइप-2 डायबिटीज के इलाज में भी कारगर : आईआईटी मंडी

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी के अनुसंधानकर्ताओं ने अपने अनुसंधान में पाया है कि ओपियड की लत छुड़ाने में इस्तेमाल की जाने वाली दवाएं टाइप-2 मधुमेह के कुछ गंभीर दुष्प्रभावों को भी ठीक करने में कारगर हैं। ओपियड मादक पदार्थ अफीम से निर्मित या उसके जैसे नशीले पदार्थ हैं जो दिमाग और तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करते हैं।

अनुसंधान में शामिल टीम ने उस प्रक्रिया का पता लगाने में सफलता प्राप्त की है जिसमें शरीर में इंसुलिन की अधिक मात्रा होने पर

## ● ओपियड मादक पदार्थ अफीम से निर्मित या उसके जैसे नशीले पदार्थ हैं जो दिमाग और तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करते हैं

उससे प्रतिरोध उत्पन्न होता है जो मधुमेह से जुड़ा है। विज्ञान एवं इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी) से वित्तपोषित इस अनुसंधान कार्य को हाल में जर्नल ऑफ बॉयोलॉजिकल केमिस्ट्री में प्रकाशित किया गया है। आईआईटी मंडी में मौलिक विज्ञान के स्कूल में एसोसिएट प्रोफेसर प्रसेनजीत मंडल ने कहा, इंसुलिन एक हार्मोन है जिसका स्राव अग्न्याशय से होता है और इसका इस्तेमाल कोशिकाएं रक्त से ग्लूकोज को सोखने के लिए करती हैं। टाइप-टू मधुमेह तब होता है जब कोशिकाएं विभिन्न कारणों से इंसुलिन का इस्तेमाल करने की क्षमता खो देती हैं। इंसुलिन के प्रति प्रतिरोध की स्थिति को हाइपरइंसुलिनमिया कहते हैं जिसमें रक्त में इंसुलिन की अधिकता हो जाती है।

इंसुलिन के प्रति प्रतिरोध और हाइपरइंसुलिनमिया के बीच संबंध चक्रीय है। एक के बढ़ने के साथ दूसरा भी बढ़ जाता है।

# उप्र, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु में कोरोना के मामलों में गिरावट


**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि तीन अक्टूबर और तीन नवंबर के बीच केरल, दिल्ली, पश्चिम बंगाल और मणिपुर में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बढ़े हैं। इसी अवधि में महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तरप्रदेश ऐसे शीर्ष राज्यों में रहे जहां कोविड-19 के मामलों में गिरावट दर्ज की गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले सात हफ्ते से रोजाना कोविड-19 के औसतन मामलों और मौत की संख्या में गिरावट आने का सिलसिला लगातार जारी है। इस कारण से स्वास्थ्य तंत्र पर अनावश्यक बोझ नहीं पड़ा है और अस्पतालों पर

## ● केरल, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, मणिपुर में एक महीने में कोविड-19 के मामले बढ़े

दबाव कम हुआ है। उन्होंने कहा कि 16 सितंबर से 22 सितंबर के बीच रोजाना औसतन 90,346 मामले आए जबकि 28 अक्टूबर और तीन नवंबर के बीच औसतन 45,884 मामले आए। उन्होंने बताया, 16 सितंबर से 22 सितंबर के बीच औसतन हर दिन 1165 लोगों की मौत हुई जबकि 28 अक्टूबर और तीन नवंबर के बीच 513 मौतें हुईं। स्वास्थ्य सचिव ने कहा, कोविड-19 के 11 करोड़ से ज्यादा नमूने की जांच हो चुकी है।



संक्रमण दर में भी गिरावट आना जारी है। उन्होंने कहा, संक्रमण की संख्या में गिरावट के बावजूद हमें जांच, संपर्क का पता लगाने और उपचार को लेकर नीति को जोर-शोर से बरकरार रखने की जरूरत है।

एक निजी प्रयोगशाला ने आरोप लगाया था कि कुछ जिलों में सरकारी अधिकारी मामलों को कम दिखाने के लिए जांच को सीमित करने का प्रयास कर रहे हैं। इन आरोपों को खारिज करते हुए भूषण ने कहा कि जांच की संख्या में कमी नहीं आई है। उन्होंने कहा मंगलवार को कुल 10,46,247 जांच के साथ निजी प्रयोगशाला द्वारा 1.5 लाख से ज्यादा जांच की गई। पिछले छह-सात हफ्ते से देश में रोज करीब 11 लाख जांच की जा रही है। भारत के पास रोजाना 15 लाख से ज्यादा जांच करने की क्षमता है। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) और कोविड-19 पर राष्ट्रीय कार्यबल के प्रमुख वी के पॉल ने कहा कि देश की आबादी के बड़े हिस्से के संक्रमित होने का खतरा अभी भी बना हुआ है। ऐसे में लोगों को संक्रमण से बचाव के लिए उचित व्यवहार अपनाने पर जोर देना चाहिए और किसी तरह का भी लक्षण नजर आने पर जांच करानी चाहिए।

# नीतीश ने शरद यादव की बेटी के खिलाफ कुछ भी बोलने से परहेज किया

**मधेपुरा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहारीगंज विधानसभा सीट पर एक रैली को संबोधित किया जहां से दिग्गज समाजवादी नेता शरद यादव की बेटी सुभाषिनी यादव कांग्रेस के टिकट पर मैदान में है।

लेकिन कुमार ने अपने पूर्व पार्टी सहयोगी तथा उनकी बेटी के खिलाफ कुछ भी बोलने से परहेज किया। नीतीश ने बिहारीगंज निर्वाचन क्षेत्र के उदाकिशुनगंज प्रखंड के एसबीजे हाई स्कूल में एक रैली को सोमवार को संबोधित किया, जहां से उनकी पार्टी के टिकट पर निरंजन मेहता, सुभाषिनी यादव एवं अन्य के खिलाफ चुनावी मैदान में हैं।

# पेज 1 का शेष

## गांवों में...

दिशानिर्देशों के अनुपालन के बीच 41,362-41,362 सेट इवीएम एवं वीवीपैट का प्रबंध किया गया था। इस चरण में कुल 1,463 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं जिनमें 146 महिला तथा एक ट्रान्सजेण्डर उम्मीदवार शामिल हैं जिनके राजनीतिक भाग्य का फैसला आज इवीएम में कैद हो गया। दूसरे चरण में जिन प्रमुख उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज इवीएम में कैद हो गया, उनमें विपक्षी महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव (राघोपुर), उनके बड़े भाई तेजप्रताप यादव (हसनपुर), पथ निर्माण मंत्री और भाजपा विधायक नंदकिशोर यादव (पटना साहिब), जदयू विधायक और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार (नालंदा), भाजपा विधायक और सहकारिता मंत्री राणा रणधीर सिंह (मधुबन) और जदयू नेता और राज्य मंत्री रामसेवक सिंह (हथुआ) शामिल हैं। बिहार की राजधानी पटना के बांकीपुर सीट से कांग्रेस नेता शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे लव सिन्हा और प्लुरल्स पार्टी की पुष्पम प्रिया भी इस चरण में अपना भाग्य आजमा रहे थे। उनका प्रमुख रूप से मुकाबला भाजपा के विधायक नितिन नवीन से था।

## प्रदेश की...

किया। उन्नाव में बांगरमऊ सीट के उपचुनाव में भी बूचा गाढ़ा गांव में मतदान का बहिष्कार किया गया। हालांकि प्रशासन द्वारा आश्वासन दिये जाने के बाद करीब चार घंटे बाद मतदान शुरू हुआ। नौगांवा सादात सीट पर भाजपा की प्रत्याशी संगीता चौहान ने फर्जी मतदान का आरोप लगाते हुए पर्दानशीं महिलाओं का बुर्का हटाकर ही उन्हें वोट डालने की मांग की थी। संगीता ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि फर्जी वोटिंग हो रही है लेकिन प्रशासन ने हमारे बार-बार कहने के बाद कोई सुनवाई नहीं की। बुरका हटाकर ही वोटिंग होनी चाहिये। आईडी से जांच होनी चाहिये। यह कानून के मुताबिक न्यायोचित होगा। कोविड-19 महामारी के समय प्रदेश में पहली बार हो रही इस उपचुनाव के लिए 1754 मतदान केंद्र तथा 3655 मतदेय स्थल बनाए गए। मतदान के लिए 5127 इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कंट्रोल यूनिट और 5492 वीवीपैट की प्रयोग किया गया।

## मुख्तार से...

और वो जमीन से जुड़े मामले की सुनवाई करते हैं। कुछ विवादित फैसलों की वजह से यूपी सरकार व जिला प्रशासन की काफी किरकरी हुई। गुरुदीप सिंह ने लखनऊ के तहसीलदार सदर न्यायिक और अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सीतापुर के उस आदेश को ही निरस्त कर दिया था जिसमें कैरियर मेडिकल व डेंटल कालेज के सरकारी जमीन पर बने होने की रिपोर्ट दी गई थी। राजीव शर्मा ने एसडीएम सदर के 14 अगस्त के उस आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी थी जिसमें जियामऊ के गाटा संख्या-93 की जमीन को निष्क्रान्त घोषित किया गया था। निष्क्रांत घोषित होने से यह जमीन सरकारी हो गई थी। इसी जमीन पर बाहुबली मुख्तार अंसारी के दोनों बेटों और सांसद अफजाल अंसारी की पत्नी का बंगला बना है। हालांकि इसमें से मुख्तार के बेटों के दोनों बंगले एलडीए गिरा चुका है। अफजाल अंसारी की पत्नी का बंगला अभी नहीं गिरा है।

## वियना में...

लोगों का इलाज चल रहा है। उन्हें गोली लगी है। एपीए की खबर के मुताबिक, नेहम्मर ने कहा कि शुरुआती जांच से संकेत मिलता है कि संदिग्ध इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह का हमदर्द है। पुलिस ने उसके फ्लैट और अन्य परिसरों की तलाशी ली है। गृह मंत्री ने पत्रकारों से कहा 'कल रात हम पर कम से कम एक इस्लामी आतंकवादी ने हमला किया।' उन्होंने जांच जारी रहने का हवाला देकर अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया। नेहम्मर ने कहा कि अधिकारी इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या अन्य हमलावर अब भी फरार हैं। वियना के लोगों से आग्रह किया गया है कि वे मंगलवार को जहां तक मुमकिन हो घरों में रहें और बच्चे भी स्कूल नहीं गए। वियना में मंगलवार को सुबह करीब एक हजार पुलिस अधिकारी ड्यूटी पर थे। नेहम्मर ने कहा कि घायलों में एक पुलिस अधिकारी भी हैं। 28 वर्षीय यह अधिकारी अस्पताल में भर्ती हैं और खतरे से बाहर हैं। गोलीबारी की घटना सोमवार रात आठ बजे (अंतरराष्ट्रीय समयनुसार शाम सात बजे) के बाद वियना के प्रमुख यहूदी उपासनागृह के पास हुई थी। उस वक्त महीने भर के लिए लॉकडाउन के लागू होने से पहले की अंतिम रात में लोग खुले रेस्तरां और बारों में आनंद ले रहे थे। वियना के पुलिस प्रमुख गेरहार्ड प्यूर्सटल ने बताया कि हमलावर को रात आठ बजकर 09 मिनट पर मार दिया गया था। चांसलर सेबेस्टियन कुर्ज़ ने कहा कि हम, हमारी संघीय राजधानी में घृणित आतंकी हमले के पीड़ित है।' सोशल मीडिया पर अपुष्ट वीडियो पोस्ट किए गए हैं जिनमें एक बंदूकधारी सड़कों से गुजरता हुआ दिख रहा है और लोगों को गोली मार रहा है। हालांकि यह अस्पष्ट है कि हर वीडियो में दिख रहा शख्स एक ही है या अलग अलग हैं। प्रत्यक्षदर्शी रब्बी स्क्लोमो होफमिस्टर ने बताया कि उन्होंने देखा कि सड़क पर बार के बाहर बैठे एक व्यक्ति को गोली मार दी गई। उन्होंने कहा कि हमारी इमारत के बाहर कम से कम 100 गोलियां चलाई गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सभी बारों ने बाहर मेजें लगा रखी थीं। यह लॉकडाउन लागू होने से ठीक पहले की शाम थी। अधिकारियों ने बताया कि निवासियों ने 20,000 वीडियो अपलोड किए हैं। हमले की यूरोपीय नेताओं ने निंदा की और मदद का आश्वासन दिया। इनमें फ्रांस के राष्ट्र एमैनुएल मैक्रों, जिनके देश में इस्लामी चरमपंथियों ने हाल के हफ्तों में तीन हमले किए हैं, और जर्मन चांसलर एंजेला मार्केल शामिल हैं। मार्केल के प्रवक्ता स्टेफेन सीबेरट ने ट्वीट किया कि इस्लामी आतंकवाद साझा दुश्मन है। इन हत्यारों और उन्हें उकसाने वालों के खिलाफ लड़ाई हमारी साझी लड़ाई है। अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार रात ट्वीट किया कि यूरोप में आतंकवाद के घिनौने एक और कृत्य के बाद हमारी संवेदनाएं वियना के लोगों के साथ हैं। ट्रंप ने कहा कि बेगुनाह लोगों के खिलाफ ये दुष्ट हमले रुकने चाहिए। अमेरिका, ऑस्ट्रिया, फ्रांस और यूरोप के साथ कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवादियों समेत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साथ खड़ा है।

## चीन ने...

है। यह पूरी तरह अफवाह है। अखबार की खबर के अनुसार, चीन ने मई में पांच सीमावर्ती जिलों में कथित तौर पर नेपाली जमीन को हड़पना शुरू किया था और इसके लिए उसने पीएलए जवानों को सीमा के उन क्षेत्रों में भेजा जहां पहरेदारी नहीं है।

## किसानों के...

के दस्तावेज होने चाहिए। उन्होंने कहा कि 2018-19 के ऑडिट में बैंक को सी श्रेणी मिलने से कारोबार प्रभावित हुआ है। हालांकि उनका प्रयास है कि 2019-20 की ऑडिट रिपोर्ट में बी श्रेणी मिले ताकि बैंक को फिर से राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की गारंटी मिलनी शुरू हो जाए। नाबार्ड की गारंटी मिलने से कर्ज बांटने की क्षमता बढ़ जाएगी। प्रदेश में उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक की 323 शाखाएं हैं।

## मालाबार युद्धाभ्यास...

क्योंकि पहली बार आस्ट्रेलियाई नौसेना इसमें शामिल हो रही है। चीन ने इसमें आस्ट्रेलिया की भागीदारी का पुरजोर विरोध करते हुए दावा किया था कि क्वाड देश गठबंधन का सैन्यीकरण कर रहे हैं तथा भारत-प्रशांत क्षेत्र में खतरा बन रहे हैं। 2007 में आस्ट्रेलिया को मालाबार कार्यक्रम में आमंत्रित किया था, जिस पर चीन ने भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया से तीखा विरोध जताया था। मालाबार युद्धाभ्यास 1992 में द्विपक्षीय आधार भारतीय नौसेना और अमेरिकी नौसेना के बीच हिंद महासागर में शुरू हुआ था। 2015 में जापान भी इस युद्धाभ्यास का स्थायी भागीदार बना। 2018 में सालाना युद्धाभ्यास फिलीपींस सागर के गुआम तट तथा 2019 में जापान तट पर आयोजित हुआ था। पिछले हफ्ते भारत और अमेरिका के बीच टू-प्लस-टू मंत्री स्तरीय वार्ता हुई थी जिसमें मालाबार युद्धाभ्यास को लेकर संतोष जताया गया था। इसमें क्वाड के चारों देश पहली बार हिस्सा लेंगे। इस बीच चीन मंगलवार को उम्मीद जतायी कि भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया का क्वाड मालाबार अभ्यास क्षेत्रीय शांति एवं स्थायित्व के विरूद्ध नहीं बल्कि उसके अनुकूल होगा। मालाबार अभ्यास का पहला चरण मंगलवार को विशाखापत्तनम के समीप बंगाल की खाड़ी में शुरू होने वाला है और उसका समापन छह नवंबर को होगा। उसका दूसरा चरण 17-20 नवंबर के दौरान अरब सागर में होगा। इस अभ्यास की शुरूआत के बारे में पूछे जाने पर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेंबिन ने बीजिंग में मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि हम आशा करते हैं कि प्रासंगिक देशों का सैन्य अभियान इस क्षेत्र की शांति एवं स्थायित्व के विरूद्ध नहीं बल्कि उसके अनुकूल होगा। पिछले महीने भारत ने घोषणा की थी कि आस्ट्रेलिया मालाबार अभ्यास का हिस्सा होगा जो इसे प्रभावी रूप से चतुष्पक्षीय गठबंधन के सभी चार सदस्य देशों के अभ्यास का रूप देगा। चीन को मालाबार अभ्यास के उद्देश्य के बारे में संदेह है क्योंकि वह महसूस करता है कि यह वार्षिक अभ्यास हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उसके प्रभाव को नियंत्रित करने का प्रयास है। अमेरिका चतुष्पक्षीय गठबंधन को रणनीतिक हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते दबदबे को नियंत्रण में रखने के लिए एक सुरक्षा ढांचा देने की पैरवी करता रहा है। युद्धाभ्यास का ब्योरा देते हुए अधिकारियों ने इसका 24वां संस्करण नवंबर में दो चरणों में आयोजित होगा। पहले चरण में भारतीय नौसेना अमेरिकी नौसेना पोत यूएसएस जॉन एस मैक्केन (गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रायर), बालारात (लांग रेंज फ्रिगेट) के साथ आस्ट्रेलिया का एमएच-60 हेलीकॉप्टर तथा ओनामी (डिस्ट्रायर) तथा जापान का एसएच-60 हेलीकॉप्टर शामिल होगा। पहले चरण में भारतीय नौसेना का नेतृत्व पूर्वी फ्लीट फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग संजय वात्सयायन करेंगे। भारतीय नौसेना की ओर इस युद्धाभ्यास में डिस्ट्रायर रणविजय, फ्रिगेट शिवालिक, गश्ती पोत सुकन्या, फ्लीट सपोर्ट पोत शक्ति तथा पनडुब्बी सिंधुराज भाग लेंगे। इसके अलावा एडवांस जेट ट्रेनर हॉक, लंबी दूरी का गश्ती विमान पी-81, डोर्नियर गश्ती विमान तथा हेलीकाप्टर भी युद्धाभ्यास में भाग ले रहे हैं।

## बिहार में...

25215 शस्त्रों को जमा कराया गया जबकि 3062 हथियारों के लाइसेंस रद्द किए गए। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपराध नियंत्रण कानून के तहत 4983 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की।

## स्वदेश लौटे भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी के डर के कारण जर्मनी में सारलॉरलक्स ओपन से हटने और फिर पृथकवास पर रहने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी कोरोना वायरस के दूसरे परीक्षण में नेगेटिव आने के बाद मंगलवार को स्वदेश लौट गए। इन खिलाड़ियों में लक्ष्य सेन भी शामिल है जो अपने खिताब का बचाव करने के लिए जर्मनी गए थे लेकिन उनके पिता और कोच डी के सेन के वायरस के लिए पॉजीटिव पाए जाने के बाद उन्हें सारब्रूकेन में सारलॉरलक्स ओपन से हटना पड़ा था।

## तेंदुलकर ने हेलमेट अनिवार्य करने को कहा

**नई दिल्ली।** खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने आईसीसी से अपील की कि वे पेशेवर स्तर पर खेलने के दौरान बल्लेबाजों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य करें।तेंदुलकर ने सनराइजर्स हैदराबाद के आलराउंडर विजय शंकर का वीडियो साझा किया जिनके सिर में उस समय गेंद लगी जब किंग्स इलेवन पंजाब के क्षेत्ररक्षक निकोलस पूरन ने बल्लेबाजी छोर पर गेंद फेंककर बल्लेबाज को रन आउट करने का प्रयास किया।

## लगातार मैच गंवाना सबसे मुश्किल दौर था: पोंटिंग

**अबु धाबी।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग के अंतिम लीग मैच में जीत से पहले लगातार चार मैच गंवाना सबसे मुश्किल दौर था लेकिन इस दौरान खिलाड़ियों का मनोबल बनाए रखने का फायदा मिला। दिल्ली की टीम ने टूर्नामेंट में सबसे अच्छी शुरुआत की और अपने पहले नौ मैचों में से सात में जीत दर्ज की। श्रेयस अय्यर और उनकी टीम को हालांकि इसके बाद लगातार चार हार का सामना करना पड़ा और टीम तीसरे स्थान पर खिसक गई।

## वावरिंका और गास्केट पेरिस मास्टर्स के दूसरे दौर में

**पेरिस।** तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्टेन वावरिंका ने पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में मंगलवार को यहां डेनियल इवांस को 6-3, 7-6 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। दुनिया के तीसरे नंबर के पूर्व खिलाड़ी और 12वें वरीय ने ब्रिटेन के प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 35 विनर लगाए और अपने पांचों मैच में जीत दर्ज की। वावरिंका अगले दौर में जाइल्स सिमोन और टॉमी पॉल के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे।

## दअफ्रीका दौरे के लिए स्टोक्स, आर्चर, कुरेन इंग्लैंड की वनडे टीम में नहीं

**लंदन।** बेन स्टोक्स , जोफ्रा आर्चर और सैम कुरेन को अगले महीने के दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए इंग्लैंड की एकदिवसीय क्रिकेट टीम में नही चुना गया है। वे 27 नवंबर से एक दिसंबर तक तीन मैचों की टी20 श्रृंखला खेलेंगे। चार से नौ दिसंबर तक होने वाली वनडे श्रृंखला से उन्हें आराम दिया गया है। स्टोक्स हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग के जरिए मैदान पर लौटे है।

# इंडियंस को हराकर सनराइजर्स प्लेआफ में

### ● हैदराबाद ने मुंबई को दस विकेट से रौंदा
### ●केकेआर बाहर

**भाषा।** शारजाह



तीन नवंबर (भाषा) डेविड वार्नर और रिधिमान साहा के आक्रामक अर्धशतकों और गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने लिए करो या मरो के मुकाबले में मंगलवार को मुंबई इंडियंस को दस विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेआफ में प्रवेश कर लिया।

सनराइजर्स को अंतिम चार में जगह बनाने के लिए यह मैच हर हालत में जीतना था। उसकी जीत के साथ ही कोलकाता नाइट राइडर्स टूर्नामेंट से बाहर हो गई। अंकतालिका में मुंबई इंडियंस, दिल्ली कैपिटल्स के बाद सनराइजर्स तीसरे स्थान पर आ गए और अब उसका सामना एलिमिनेटर में चौथे स्थान पर काबिज आरसीबी से होगा। सनराइजर्स ने पहले गेंदबाजी करते हुए मुंबई को आठ विकेट पर 149 रन पर रोक दिया। जवाब में वार्नर और साहा ने मुंबई के गेंदबाजों की बखिया उधेड़ते हुए 17 .1 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए 151 रन बनाए। वार्नर 58 गेंद में 85 रन बनाकर नाबाद रहे जिसमें 10 चौके और एक छक्का शामिल था जबकि साहा ने 45 गेंद में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 58 रन बनाए। वार्नर का यह आईपीएल में 48वां अर्धशतक है और वह इस लीग के सबसे सफल विदेशी बल्लेबाज बन गए। उनसे अधिक रन आईपीएल में सिर्फ विराट कोहली (191 मैचों में 5872 रन) और सुरेश रैना (193 मैचों में 5368 रन) के नाम है। वार्नर के 140 मैचों में 5210 रन हो गए हैं। इसके साथ ही आईपीएल में छह सत्रों में 500 से अधिक रन बनाने वाले वह पहले बल्लेबाज बन गए। इससे पहले उन्होंने 2014 (528 रन), 2015 (562 रन), 2016 (548 रन), 2017 (641 रन) और 2019 में (692 रन) बनाए थे। वार्नर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का सटीक फैसला लिया। उनके गेंदबाजों ने इतना अनुशासित प्रदर्शन किया कि पूरी पारी में सिर्फ एक रन ही फालतू दिया। संदीप ने चार ओवर में 34 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि शाहबाज नदीम ने बेहद किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 19 रन देकर दो विकेट चटकाए। कीरोन पोलार्ड ने अगर आखिर में 25 गेंद में 41 रन नहीं बनाए होते तो मुंबई की स्थिति खराब होती। पोलार्ड ने 19वें ओवर में टी नटराजन को लगातार तीन छक्के लगाकर मुंबई को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके और चार छक्के जड़े।

### स्कोर

**मुंबई इंडियंस पारी :** रोहित का वार्नर बो संदीप 4, डिकॉक बो संदीप 25, सूर्यकुमार का साहा बो नदीम 36,किशन बो संदीप 33, पंड्या का विलियमसन बो नदीम 0,तिवारी का साहा बो राशिद।,पोलार्ड का विलियमसन बो नदीम 41, कूल्टर नाइल का गर्ग बो होल्डर 1, पेटिंसन नाबाद 4, कुलकर्णी नाबाद 3, **अतिरिक्त :** एक रन, **कुल योग :** 20 ओवर में आठ विकेट पर 149 रन, **विकेट पतन :**1-12, 2-39, 3-81, 4-81, 5-82, 6-15, 7-116, 8-145, **गेंदबाजी :** संदीप 4-0-34-3, होल्डर 4-0-25-2, नदीम 4-0-19- 2, नटराजन 4-0-38-0,राशिद 4-0-32-1

**सनराइजर्स हैदराबाद पारी :** वार्नर नाबाद 85, साहा नाबाद 58, **अतिरिक्त :** आठ रन, **कुल योग :** 17 .। ओवर में बिना किसी नुकसान के 151 रन, **गेंदबाजी :** कुलकर्णी 3-0-22-0, नाइल 4-0-27-0, पेटिंसन 3-0-29-0, चाहर 4-0-36-0, पंड्या 3.1-0-37-0

## महिला टी20 चैलेंज : अजेय सुपरनोवाज की निगाह लगातार तीसरे खिताब पर

**भाषा।** शारजाह

भारतीय महिला क्रिकेट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के अलावा इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की खिलाड़ी बुधवार से यहां शुरू होने वाले तीसरे महिला टी20 चैलेंज में एक दूसरे के खिलाफ अपना कौशल और दमखम दिखाएंगे। इस टूर्नामेंट में चार मैच होंगे जिसमें तीन टीमें मौजूदा चैंपियन सुपरनोवाज, पिछले साल का उप विजेता वेलोसिटी और ट्रेलब्लेजर्स भाग लेंगी। ये तीनों टीमें एक दूसरे से भिड़ेंगी जिसके बाद नौ नवंबर को फाइनल होगा। टूर्नामेंट में श्रीलंका, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड की खिलाड़ी भी भाग ले रही हैं। हरमनप्रीत की अगुवाई वाली टीम सुपरनोवाज ने अब तक पिछले दोनों टूर्नामेंट में अपने सभी मैच जीते हैं। वह अपने अभियान की शुरुआत मिताली राज की अगुवाई वाले वेलोसिटी टीम के खिलाफ करेगी और उसकी निगाह लगातार तीसरा खिताब जीतने पर टिकी रहेगी। हरमनप्रीत पिछले टूर्नामेंट में शानदार फार्म में थी। उन्होंने तीन मैचों में से दो में अर्धशतक जमाए। भारत की टी20 कप्तान अपनी शानदार फार्म में वापसी करने की कोशिश करेंगी।

## वार्डी के शानदार खेल से लीसेस्टर ने लीड्स को हराया



**लीड्स।** स्ट्राइकर जेमी वार्डी ने पहले दो गोल करने में मदद की और फिर स्वयं एक गोल दागा जिससे लीसेस्टर ने लीड्स को 4-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में विरोधी टीम के घरेलू मैदान पर लगातार चौथी जीत दर्ज की और अंकतालिका में दूसरे स्थान पर जगह बनाई। पिछले सत्र में लीग में सर्वाधिक गोल करने के कारण गोल्डन बूट हासिल करने वाले 33 वर्षीय वार्डी पर उम्र का कोई असर नहीं दिख रहा है और इस सत्र में अब तक सात गोल कर चुके हैं। वार्डी की मदद से हार्वे बर्न्स ने खेल के 121वें सेकेंड में ही गोल कर दिया। यह लीसेस्टर की तरफ से अगस्त 2017 के बाद सबसे कम समय में किया गया गोल है। उन्होंने 21वें मिनट में यूरी टीलेमान्स को गोल करने में सहायता की। एस्टन विला पर 3-0 की जीत से उत्साहित लीड्स ने स्टुअर्ट डलास के 48वें मिनट में किए गए गोल से लीसेस्टर की बढ़त कम की लेकिन वार्डी ने 76वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को फिर से मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

## बराक ने वेरोना को दिलाई जीत

**वेरोना।** एंटोनिन बराक ने कोरोना वायरस से उबरने के बाद अपने दमखम और कौशल का अच्छा नजारा पेश करके दो गोल दागे जिससे हेलास वेरोना ने इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ए में बेनेवेंटो को 3-। से हराया। इस जीत से वेरोना सातवें स्थान पर पहुंच गया है। वह शीर्ष पर काबिज एसी मिलान से पांच अंक पीछे हैं। बेनेवेंटो 14वें स्थान पर है। बराक कोविड-19 से उबरने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे थे। उन्होंने 17वें मिनट में वेरोना को बढ़त दिलाई। बेनेवेंटो ने दूसरे हाफ के शुरू में जियानलुका लापाडुला के गोल से स्कोर बराबर किया। इसके सात मिनट बाद बराक ने अपना दूसरा गोल दाग दिया। वेरोना की तरफ से तीसरा गोल डार्को लाजोविच ने 77वें मिनट में किया।

## विल्लारीयाल स्पेनिश फुटबॉल लीग में तीसरे स्थान पर पहुंचा

**मैड्रिड।** सामू चकवेज और पाउ टोरेस के पहले हाफ में किए गए गोल की मदद से विल्लारीयाल ने वेल्लाडोलिड को 2-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में तीसरा स्थान हासिल कर लिया। विल्लारीयाल ने शुरू से दबदबा बनाए रखा। उसने चकवेज के 21वें मिनट में किए गए गोल से खाता खोला जबकि टोरेस ने 37वें मिनट में बढ़त दोगुनी की। इस जीत से विल्लारीयाल दूसरे स्थान पर काबिज रीयाल मैड्रिड से एक और शीर्ष पर चल रहे रीयाल सोसीडाड से दो अंक पीछे रह गया है। मैड्रिड ने हालांकि एक मैच कम खेला है। ब्राजील के दिग्गज रोनाल्डो के स्वामित्व वाले क्लब वेल्लाडोलिड ने इस सत्र में अभी तक कोई मैच नहीं जीता है। उसके आठ मैचों में केवल तीन अंक हैं और वह अंतिम स्थान पर है।

## क्रूस ने दिलाई यूनियन बर्लिन को होफेनहीम पर 3-1 से जीत

**सिनशीम।** जर्मनी के पूर्व स्ट्राइकर मैक्स क्रूस के शानदार खेल की बदौलत यूनियन बर्लिन ने जर्मन फुटबॉल लीग बुंदेसलीगा में होफेनहीम को 3-1 से हराया। इस जीत से यूनियन छह दौर के बाद नौ अंक के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गया है जबकि होफेनहीम सात अंक के साथ 12वें स्थान पर खिसक गया है। क्रूस ने 60वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया और इसके बाद स्थानापन्न जोएल पोहजानपालो और सेड्रिक टियुचर्ट को गोल करने में मदद की। बुंदेसलीगा अंकतालिका में बायर्न म्यूनिख गोल अंतर के आधार पर बोरुसिया डोर्टमंड से आगे शीर्ष पर है।

# वाटसन ने संन्यास लिया



**भाषा।** सिडनी

आस्ट्रेलिया के चोटी के आलराउंडर शेन वाटसन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी टीम चेन्नई सुपर किंग्स के बाहर होने के बाद मंगलवार को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। वाटसन ने कहा कि उन्होंने अपने 20 साल के करियर के प्रत्एक पल का भरपूर आनंद लिया और उन्होंने जो सपना देखा था उसे साकार करने के लिए वह स्वयं को भाग्यशाली मानते हैं। यह 39 वर्षीय खिलाड़ी 2016 में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुका था और उन्होंने पिछले साल आस्ट्रेलियाई बिग बैश लीग को अलविदा कह दिया था। वाटसन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, इसकी शुरुआत बचपन में तब हुई थी जब मैंने एक टेस्ट मैच देखते हुए अपनी मां से कहा था कि मैं आस्ट्रेलिया की तरफ से खेलना चाहता हूं। अब जबकि मैं आधिकारिक तौर पर सभी तरह की क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर रहा हूं तब मैं खुद को भाग्यशाली मान रहा हूं कि मैंने अपना सपना पूरा किया। इस अध्याय का समापन करना मुश्किल बनता जा रहा है लेकिन मैं कोशिश कर रहा हूं। मैं वास्तव में आभारी हूं कि मैंने यह अद्भुत सपना जिया। अब अगली रोमांचक यात्रा की तैयारी है। वाटसन ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 59 टेस्ट, 190 वनडे और 58 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। टी20 प्रारूप में उनकी काफी मांग थी और वह आईपीएल में शुरू से नियमित रूप से खेलते रहे। आईपीएल में उन्होंने 145 मैचों में 3874 रन बनाए जिसमें चार शतक और 21 अर्धशतक शतक शामिल हैं। उन्होंने इसके अलावा 92 विकेट भी लिए। वास्तव में लगता है कि यह सही समय है। मैं जानता हूं कि मैंने क्रिकेट में अपना आखिरी मैच, अपने प्रिय चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से आखिरी मैच खेल लिया है। अपने लंबे करियर में इतनी चोटों के बावजूद 39 वर्ष की उम्र में अलविदा कहने पर मैं वास्तव में खुद को भाग्यशाली मानता हूं। उन्होंने अपने करियर में अहम भूमिका निभाने वाले लोगों विशेषकर अपनी मां, पिताजी, बहन निकोल और अपनी पत्नी का आभार व्यक्त किया।

# रोहित को पता है उसका करियर लंबा : गांगुली

### ● आईपीएल ही नहीं खेलना

**भाषा।** नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली चाहते हैं कि चोटिल सीनियर सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा प्ले आफ में अपनी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम मुंबई इंडियन्स की ओर खेलने का फैसला लेने के दौरान सतर्कता बरतें क्योंकि उनकी पैर की मांसपेशियों की चोट के बढ़ने का खतरा है जिसके कारण उन्हें आस्ट्रेलिया दौरे पर जाने वाली भारतीय टीम में भी जगह नहीं दी गई। रोहित किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ दूसरे चरण के मैच के बाद से बाएं पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण नहीं खेल पाए हैं और इस कारण उन्हें इस महीने आस्ट्रेलिया दौरे पर जाने वाली भारतीय टीम में भी जगह नहीं मिली है। बीसीसीआई अध्यक्ष ने कहा कि बोर्ड रोहित जैसे खिलाड़ी की मैदान पर वापसी के लिए हर संभव प्रयास करेगा क्योंकि यह उनका काम है। मुंबई इंडियन्स को गुरुवार को प्ले आफ में दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ना है। गांगुली ने विशेष साक्षात्कार में कहा, रोहित फिलहाल चोटिल है। अन्यथा हम उसके जैसे खिलाड़ी को बाहर क्यों रखते। वह राष्ट्रीय (सीमित ओवरों की टेह्यीम) टीम के उप कप्तान हैं। हमें उसका आकलन करना होगा। हमें नहीं पता कि वह कब वापसी करेगा। चोटिल होने के बाद वह अब तक नहीं खेला है। हम चाहते हैं कि वह उबर जाए। यह बीसीसीआई का काम है कि वह अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को मैदान पर उतारे। अगर वह उबर जाता है तो वह खेलेगा। मुंबई इंडियन्स द्वारा पोस्ट किए गए उस वीडियो के बारे में पूछने पर जिसमें रोहित नेट पर बल्लेबाजी करते दिख रहे हैं, गांगुली ने इस सीनियर खिलाड़ी को सतर्क रहने को कहा। आप नहीं चाहते कि वह दोबारा चोटिल हो। उसकी मांसपेशियों में चोट है और दोबारा ऐसा हो सकता है। इसके बाद उसे वापसी करने में और अधिक समय लगेगा लेकिन हां, ऐसे लोग हैं जो उसके साथ काम कर रहे हैं। मुंबई इंडियन्स का फिजियो उनके साथ काम कर रहा है। भारतीय फिजियो (नितिन) भी वहां है। रोहित को भी पता है कि उसके सामने लंबा करियर है और यह सिर्फ इस आईपीएल की बात नहीं है। ट्रेनिंग के दौरान जो चीज सही लग रही हो जरूरी नहीं है कि मैच की स्थिति में भी वह सही हो। मैं आपको बता सकता हूं कि अभ्यास में आप जो चीजें आसानी से कर रहे हो, मैच की स्थिति के दौरान आपको इसमें जूझना पड़ सकता है। दबाव की स्थिति में मांसपेशियां अलग प्रतिक्रिया देती हैं। बीसीसीआई अध्यक्ष ने हालांकि कहा कि इशांत शर्मा मांसपेशियों में खिंचाव से अच्छी तरह उबर रहे हैं और उन्हें उम्मीद है कि यह तेज गेंदबाज दिसंबर के मध्य में आस्ट्रेलिया में शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए उपलब्ध रहेगा।

## माराडोना अवसाद के लक्षणों के कारण अस्पताल में भर्ती



**ब्यूनसआयर्स।** अपने जमाने के दिग्गज फुटबॉलर डिएगो माराडोना को अपने 60वे जन्मदिन के तीन बाद अवसाद के लक्षणो के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। माराडोना के एक कर्मचारी ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि इस पूर्व फुटबॉलर की स्थिति गंभीर नही है। इस कर्मचारी ने गोपनीयता की शर्त पर यह जानकारी दी क्योंकि वह इस मामले में बात करने के लिए अधिकृत नही है। कर्मचारी ने कहा, वह एक सप्ताह से काफी दुखी थे और कुछ खाना नही चाहते थे।

## विलियम्स और मुजरबानी चमके, जिंबाब्वे ने सुपर ओवर में पाकिस्तान को हराया

**रावलपिंडी।** सीन विलियम्स के नाबाद शतक के बाद तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी की धारदार गेंदबाजी से जिंबाब्वे ने मंगलवार को तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में पाकिस्तान को सुपर ओवर में हरा दिया। पाकिस्तान की टीम हालांकि 2-। से श्रृंखला जीतने में सफल रही। मुजरबानी ने सुपर ओवर में शानदार गेंदबाजी की जिससे इफ्तिकार अहमद और खुशदिल शाह के विकेट गंवाने वाला पाकिस्तान दो रन ही बना पाया जिसके बाद टेलर और रजा ने शाहीन शाह अफरीदी की तीसरी गेंद पर ही अपनी टीम को जीत दिला दी। यह श्रृंखला विश्व कप सुपर लीग का हिस्सा थी जिससे पाकिस्तान ने दो जीत से 20 जबकि जिंबाब्वे ने एक जीत से 10 अंक हासिल किए। पाकिस्तान ने अपना पांचवां वनडे खेल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद हसनेन की बदौलत जिंबाब्वे का स्कोर 22 रन पर तीन विकेट कर दिया था लेकिन विलियम्स के नाबाद 118, ब्रेंडन टेलर के 56 और सिकंदर रजा के 45 रन की बदौलत टीम छह विकेट पर 278 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने में सफल रही। विलियम्स ने टेलर के साथ चौथे विकेट के लिए 84, वेस्ली माधवेरे (33) के साथ पांचवे विकेट के लिए 75 और रजा के साथ छठे विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी करके जिंबाब्वे को संभाला। पाकिस्तान की ओर से हसनेन ने 26 रन देकर पांच विकेट चटकाए।

## प्रधानमंत्री कल वैश्विक निवेशक गोलमेज बैठक की अध्यक्षता करेंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार को निवेशकों की गोलमेज बैठक की अध्यक्षता करेंगे। वीडियो कांफ्रेन्स के जरिए होने वाली इस बैठक में दुनिया के प्रमुख निवेशकों तथा भारत के जाने-माने उद्योगपतियों और व्यवसाय प्रमुखों को वरिष्ठ नीति निर्माताओं से जुड़ने एवं देश में वैश्विक निवेश में आगे और तेजी लाने के उपायों पर चर्चा का अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के बयान के अनुसार ऑनलाइन वैश्विक निवेशक गोलमेज बैठक का आयोजन वित्त मंत्रालय और राष्ट्रीय निवेश और बुनियादी ढांचा कोष (एनआईआईएफ) कर रहा है बयान में कहा गया है कि बैठक में अग्रणी वैश्विक संस्थागत निवेशकों, देश के कारोबारी दिग्गजों तथा सरकार के नीति निर्माताओं और वित्तीय बाजार नियामकों के बीच बातचीत होगी। बैठक में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास समेत अन्य मौजूद रहेंगे।

## सेबी ने म्यूचुअल फंड प्रबंधकों, डीलरों के लिए आचार संहिता पेश की

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एव विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कोष प्रबंधकों और संपत्ति प्रबंधन कपनियों (एएमसी) के डीलरों के लिए अचार संहिता पेश की है। इस पहल का मकसद उन्हें और जवाबदेह बनाना है। इसके अलावा एएमसी को अपनी म्यूचुअल फंड योजनाओं की तरफ से बांड खंड में व्यापार के समाशोधन और निपटान को लेकर स्वयं-समाशोधन सदस्य बनने की अनुमति दी गई है। सेबी निदेशक मंडल ने इस संदर्भ में प्रस्ताव को सितंबर में मंजूरी दी थी। नियामक ने 29 अक्टूबर को जारी अधिसूचना में कहा कि एएमसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) को यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी होगी कि कोष प्रबंधक और डीलर आचार संहिता का पालन करे।

# देश का निर्यात अक्टूबर में 5.4 प्रतिशत गिरा

### ● व्यापार घाटा 8.78 अरब डॉलर

**भाषा।** नई दिल्ली




देश का निर्यात अक्टूबर में 5.4 प्रतिशत गिरकर 24.82 अरब डॉलर पर आ गया। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इसकी वजह पेट्रोलियम उत्पादों, रत्न एवं आभूषणों, इंजीनियरिंग सामान और चमड़े की निर्यात आय में कमी आना है।

अक्टूबर में देश शुद्ध तौर पर आयातक रहा। देश का व्यापार घाटा 8.78 अरब डॉलर रहा। जबकि पिछले साल इसी माह में यह 11.76 अरब डॉलर था। इस दौरान देश का आयात भी 11.56 प्रतिशत गिरकर 33.6 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, देश से वस्तुओं का निर्यात अक्टूबर 2020 में 24.82 अरब डॉलर रहा। यह पिछले साल अक्टूबर के 26.23 अरब डॉलर के निर्यात से 5.4 प्रतिशत कम है। समीक्षावधि में विभिन्न वस्तुओं के निर्यात में गिरावट रही। पेट्रोलियम निर्यात में यह 53.30 प्रतिशत, काजू में 21.57 प्रतिशत, रत्न और आभूषण में 21.27 प्रतिशत, चमड़ा में 16.69 प्रतिशत, मानव निर्मित धागोकपड़े में 12.82 प्रतिशत, इलेक्ट्रॉनिक सामान में 9.40 प्रतिशत, कॉफी में 9.25 प्रतिशत, समुद्री उत्पादों में 8.09 प्रतिशत और इंजीनियरिंग सामान के निर्यात में 3.84 प्रतिशत की गिरावट रही। कुछ वस्तुओं में निर्यात की स्थिति सुधरी भी है। इनमें चावल, ऑयल मील, लौह अयस्क, तिलहन, कालीन, दवा, मसाले, कपास और रसायन शामिल हैं। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अक्टूबर अवधि में देश का निर्यात सालाना आधार पर 19.05 प्रतिशत घटकर 150.07 अरब डॉलर जबकि आयात 36.28 प्रतिशत गिरकर 182.29 अरब डॉलर रहा। अक्टूबर में तेल आयात 38.52 प्रतिशत गिरकर 5.98 अरब डॉलर रहा। अप्रैल-अक्टूबर अवधि में यह 49.5 प्रतिशत गिरकर 37.84 अरब डॉलर रहा। लगातार छह महीने की गिरावट के बाद देश का निर्यात सितंबर में 5.99 प्रतिशत बढ़कर 27.58 अरब डॉलर था। भारतीय निर्यातकों के संघ फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) के अध्यक्ष शरद कुमार सर्राफ ने कहा कि अक्टूबर में निर्यात में मामूली गिरावट की वजह कंटेनरों की कम उपलब्धता और समुद्री मालभाड़े का बढ़ना है।

## सोने में 55 , चांदी में 170 रुपए की तेजी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूती के रुख के अनुरूप दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 55 रुपए की तेजी के साथ 51,735 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 50,680 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 170 रुपए की तेजी के साथ 61,780 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई जो इससे पहले के कारोबारी सत्र में 61,610 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था।

## कच्चातेल कीमतों में तेजी, डॉलर की लिवाली से रुपया 74.41 रुपए प्रति डॉलर पर अपरिवर्तित

**मुंबई।** कच्चातेल कीमतों में तेजी तथा बैंकों की डॉलर लिवाली से विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपए की विनिमय दर 74.41 रुपए प्रति डॉलर पर लगभग अपरिवर्तित बंद हुई। स्थानीय शेयर बाजार में भारी लिवाली के बीच अंतरबैंक विदेशी-मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 74.34 पर काफी मजबूत खुला और कारोबार के दौरान 74.25 तक मजबूत हो गया। सत्र के उत्तरार्द्ध में उतार-चढ़ाव के बीच स्थानीय मुद्रा की तेजी लुप्त हो गई। रुपया अंत में अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले महज एक पैसे की तेजी के साथ 74.41 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.42 प्रतिशत घटकर 93.75 के स्तर पर रह गया।

## अडाणी पोट्रस एण्ड सेज का दूसरी तिमाही मुनाफा 32 प्रतिशत बढ़कर 1,394 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। अडाणी पोर्ट्स एण्ड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजैड) ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की 30 सितंबर 2020 को समाप्त दूसरी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 31.57 प्रतिशत बढ़कर।,393.69 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने बीएसई को भेजी सूचना में कहा कि एक साल पहले इसी अवधि में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ।,059.20 करोड़ रुपए रहा था। एपीएसईजैड देश की सबसे बड़ी एकीकृत लाजिस्टिक्स कंपनी है।

## सरकार ने एफसीआई को, पोषणतत्व मिश्रित चावल मिलों से समझौता करने को कहा

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को कहा कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को राशन की दुकानों और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के जरिए अतिरिक्त पोषक तत्वों से युक्त चावल की आपूर्ति बढ़ाने के लिए चावल मिलो के साथ समझौता करने के लिए कहा गया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से ऐसे चावल के वितरण के लिए 15 राज्यों की पहचान की गई है।

## फ्यूचर ने अमेजन के साथ कानूनी वाद के बीच दिल्ली उच्च न्यायालय में केवियट याचिका दायर की

**नई दिल्ली।** किशोर बियानी के नेतृत्व वाले फ्यूचर समूह ने दिल्ली उच्च न्यायालय में केवियट याचिका दायर की है। समूह ने यह याचिका रिलायंस के साथ उसके 24,713 करोड़ रुपए के सौदे पर अमेजन की ओर से कानूनी विवाद उठाए जाने के संदर्भ में दर्ज की है। केवियट याचिका उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में किसी वादी द्वारा उसका पक्ष सुने बिना किसी भी तरह का फैसला आने से रोकने के लिए दायर की जाती है।

## निजी कंपनियों पर एलटीसी योजना के अनुपालन का अतिरिक्त बोझ नहीं: वित्त सचिव

**नई दिल्ली।** सरकार की नई एलटीसी नकद वाउचर योजना का लाभ अपने कर्मचारियों को देने वाली निजी क्षेत्र की कंपनियों को किसी तरह का अतिरिक्त बोझ वहन नहीं करना पड़ेगा। वित्त सचिव अजय भूषण पांडे ने मंगलवार को यह कहा। एलटीसी के तहत कंपनियों को कर्मचारियों द्वारा सौंपे गए दस्तावेज और यात्रा का पूरा रिकार्ड रखना होता है। एलटीसी की नई योजना के तहत कर्मचारियों को उनके एलटीसी लागत के तीन गुणा तक राशि के बिल सौंपने होंगे। कंपनियों को पहले की तरह इनका रिकार्ड रखना होगा और मांगे जाने पर ही आयकर विभाग को इन्हें देना होगा। केन्द्र सरकार ने 12 अक्टूबर को अपने कर्मचारियों को एलटीसी किराए के बराबर नकद भत्ता देने की घोषणा की।

### जीएसटी कर्ज का स्तर उचित रखने की जरूरत, नहीं तो बढ़ेगा ब्याज का बोझ : वित्त सचिव

**नई दिल्ली।** वित्त सचिव अजय भूषण पांडेय ने कहा है कि राज्यों के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व में कमी की भरपाई के लिए कर्ज की मात्रा इसके आर्थिक प्रभाव को देखते हुए उचित रहनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र विपक्ष शासित राज्यों से प्रस्तावित ऋण योजना का विकल्प चुनने का आग्रह करता रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र राज्यों से यह आश्वासन लेगा कि इस ऋण का भुगतान सिर्फ जीएसटी मुआवजा उपकर से किया जाएगा।

# लिवाली से सेंसेक्स 504 अंक उछला

### ●निफ्टी 11,800 अंक से ऊपर निकला

**भाषा।** मुंबई




अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के दिन वैश्विक बाजारों से सकारात्मक संकेत मिलने और घरेलू बाजारों में बैंक एवं वित्तीय कंपनियों में लिवाली निकलने से शेयर बाजारों में तेजी का रुख रहा। इसके चलते बंबई शेयर बाजार (बीएसई) का सेंसेक्स मंगलवार को 504 अंक उछल गया वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 11,800 अंक से ऊपर निकल गया। बाजार सूत्रों ने कहा कि कंपनियों के दूसरी तिमाही के उत्सावर्धक परिणाम आने और विदेशी पूंजी प्रवाह जारी रहने से घरेलू बाजार में लिवाली का जोर रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स मंगलवार को लगातार दूसरे दिन चढ़ता हुआ 503.55 अंक यानी 1.27 प्रतिशत उछलकर 40,261.13 अंक पर पहुंच गया। वहीं व्यापक आधार वाला एनएसई निफ्टी 144.35 अंक यानी 1.24 प्रतिशत बढ़कर 11,813.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में 6.51 प्रतिशत वृद्धि के साथ आईसीआईसीआई बैंक सबसे आगे रहा। इसके अलावा स्टेट बैंक, एचडीएफसी, पावर ग्रिड, सन फार्मा, इंडसइंड बैंक, टाइटन, बजाज आटो, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक में भी लाभ रहा। इसके विपरीत एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, नेस्ले इंडिया, एचसीएल टेक, हिन्दुस्तान यूनिलीवर और इन्फोसिस के शेयरों में गिरावट रही। इनके शेयर मूल्य में 3.75 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई। बाजार सूत्रों ने बताया कि अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के दिन घरेलू शेयर बाजारों में वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख का अनुसरण किया। शंघाई, हांग कांग, सोल और तोक्यो के बाजारों में भी तेजी का रुख रहा।

# भारत और अमेरिका के संबंध रहेंगे मजबूत

**भाषा।** वाशिंगटन

● **अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में विजेता चाहे जो भी हो, संबंध रहेंगे बेहतर**

**अमेरिका में** मंगलवार को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम चाहे जो भी हों, भारत के साथ अमेरिका के रणनीतिक संबंधों की वर्तमान गति बरकरार रहने की उम्मीद है। यह संकेत नीतिगत दस्तावेजों और राष्ट्रपति पद के लिए दोनों प्रत्याशियों के प्रचार के दौरान की गई टिप्पणियों से मिलता है।

डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति के तौर पर अपने पहले कार्यकाल में व्हाइट हाउस में भारत के सबसे अच्छे दोस्त के रूप में उभरे और इस संबंध को एक नए स्तर पर ले गए। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ट्रंप की मित्रता जगजाहिर है। दोनों नेताओं की यह मित्रता उन रैलियों में परिलक्षित हुई जिन्हें उन्होंने एक वर्ष से कम समय में अमेरिका और भारत में संबोधित किया।

ट्रंप ने मोदी के साथ बने संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा था कि उन्हें भारत का अच्छा समर्थन हासिल है।ट्रंप ने ह्यूस्टन में हाउडी मोदी कार्यक्रम में अपने ऐतिहासिक संबोधन को याद करते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी मेरे एक मित्र हैं और वह बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। कुछ भी आसान नहीं है, लेकिन उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है।

अमेरिका के पूर्व उप राष्ट्रपति एवं डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन के पास तीन दशक से अधिक समय के लिए डेलावेयर से सीनेटर के रूप में और फिर बराक ओबामा के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान उप-राष्ट्रपति के रूप में आठ वर्षों के दौरान मजबूत भारत-अमेरिका संबंधों की वकालत करने एक मजबूत रिकॉर्ड है।

रिपब्लिकन प्रशासन के दौरान भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते के पारित होने और द्विपक्षीय व्यापार में 500 अरब अमरीकी डालर का लक्ष्य निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने से लेकर, बाइडेन के भारतीय नेतृत्व के साथ मजबूत संबंध हैं और उनके करीबियों में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के अमेरिकी हैं। बाइडेन ने गत जुलाई में एक फंडरेजर में कहा था कि भारत और अमेरिका स्वाभाविक साझेदार हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या भारत अमेरिका की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, उन्होंने कहा था, यह साझेदारी, एक रणनीतिक साझेदारी है, हमारी सुरक्षा में आवश्यक और महत्वपूर्ण है।उपराष्ट्रपति के रूप में अपने आठ वर्षों का उल्लेख करते हुए बाइडेन ने कहा था कि उन्हें गर्व है कि उन्होंने अमेरिका-भारत असैन्य परमाणु समझौते के लिए कांग्रेस की मंजूरी हासिल करने में एक भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि वह एक बड़ा समझौता था। बाइडेन ने कहा था, हमारे संबंधों की प्रगति के लिए दरवाजे खोलना और भारत के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने में मदद करना ओबामा-बाइडेन प्रशासन में एक उच्च प्राथमिकता थी और यदि मैं राष्ट्रपति चुना जाता हूं तो यह उच्च प्राथमिकता होगी। तीन नवंबर के बाद भारत-अमेरिका संबंध के लिए आधार हाल में नई दिल्ली में संपन्न 2 ़ 2 मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान बना था।

मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान और बाद में दोनों देशों के अधिकारियों ने इस बात को रेखांकित किया कि संबंधों को द्विदलीय समर्थन प्राप्त है और यह इस आधार पर नहीं है कि कौन सी पार्टी व्हाइट हाउस पर में आती है या किसका प्रतिनिधि सभा और सीनेट में बहुमत है।

यह अपेक्षित है कि संबंधों के कुछ तत्वों पर बारीकियों या जोर देने पर इसको लेकर परिवर्तन हो सकता है, कि व्हाइट हाउस में कौन आता है या कांग्रेस में किसका बहुमत होता है। लोकतंत्र और चीन की ओर से उत्पन्न खतरे के मामले में दोनों देशों का साझा राष्ट्रीय हित भारत और अमेरिका के बीच संबंध के गति को संचालित करेगा। ट्रंप प्रशासन के तहत, रक्षा और ऊर्जा को रणनीतिक संबंधों के दो प्रमुख स्तंभों के रूप में पहचाना जा रहा है। साथ ही कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग भी संबंधों में महत्वपूर्ण है। हालांकि, द्विपक्षीय व्यापार, विदेशी कामगारों के वीजा संबंधी मुद्दों पर मतभेद बने रहेंगे।

विशेष रूप से, भारत एकमात्र प्रमुख देश है जिसके साथ ट्रंप प्रशासन कोई व्यापार समझौते पर पहुंचने में विफल रहा। यहां तक कि वह कोई लघु-व्यापार समझौता भी नहीं कर पाया, इस तथ्य के बावजूद कि भारत और अमेरिका दोनों के शीर्ष नेतृत्व ने ऐसा करने की इच्छा व्यक्त की। पिछले तीन दशकों से दोनों देशों के बीच मतभेदों के रिकॉर्ड को देखते हुए बाइडेन प्रशासन के दौरान भी मतभेद बने रहने की संभावना है।

हालांकि, भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार तेज गति से बढ़ने की संभावना है, चाहे जो भी सत्ता में आए। दोनों देशों के अधिकारियों द्वारा व्यापार वार्ता को इस वर्ष समाप्त हुई वार्ता से आगे ले जाने की संभावना है।

भारत रक्षा उपकरणों की खरीद के लिए बड़े पैमाने पर आर्डर देना जारी रखेगा और द्विपक्षीय ऊर्जा व्यापार को एक नए स्तर पर ले जाएगा।उम्मीद की जाती है कि अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में विजेता का पता चलने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के उन कुछ नेताओं में से होंगे जो फोन पर बात करके विजेता को बधाई देंगे।



साल्ट लेक सिटी में अपना मतपत्र मतदान पेटी में डालतीं डेबी सोरेनसन

# ब्रिटिश अदालत ने सीबीआई, ईडी के सबूतों को स्वीकारा

**भाषा।** लंदन

**नीरव मोदी प्रत्यर्पण मामला**

नीरव मोदी के प्रत्यर्पण की कार्यवाही की सुनवाई कर रहे ब्रिटिश न्यायाधीश ने मंगलवार को फैसला दिया कि भगोड़े हीरा कारोबारी के खिलाफ धोखाधड़ी और धनशोधन का प्रथम दृष्टया मामला स्थापित करने के लिए भारतीय अधिकारियों द्वारा पेश सबूत व्यापक रूप से स्वीकार्य हैं।जिला न्यायाधीश सैमुअल गूजी ने यहां वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पेश कुछ गवाहों के बयानों की स्वीकार्यता के खिलाफ और पक्ष में दलीलें सुनीं। इसके बाद न्यायाधीश ने कहा कि वह अपने आपको किंगफिशर एयरलाइंस के पूर्व प्रमुख विजय माल्या के प्रत्यर्पण मामले में ब्रिटिश अदालतों के फैसलों से बंधा हुआ मानते हैं। मामले की अगली सुनवाई अगले साल सात और आठ जनवरी को दो दिनों तक होगी। उस समय मामले में अंतिम दलीलें सुनी जाएंगी। उसके कुछ हफ्ते बाद मामले में फैसला सुनाया जाएगा। नीरव मोदी भारत में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ करीब दो अरब डॉलर के घोटाला मामले में वांछित हैं। नीरव मोदी (49) दक्षिण-पश्चिम लंदन के वैंड्सवर्थ जेल से वीडियो लिंक के माध्यम से कार्यवाही में शामिल हुए। उन्होंने जेल प्रशासन द्वारा मुहैया कराए गए कपड़े पहन रखे थे और उनकी दाढ़ी बढ़ी हुई थी। भारतीय अधिकारियों की ओर से बहस करते हुए क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) ने जोर दिया कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 161 के तहत गवाहों के बयान सहित अन्य साक्ष्य ब्रिटिश अदालत के लिए आवश्यक सीमा को पूरा करते हैं।

# नेपाल की तीन दिन की यात्रा पर आएंगे सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे

**भाषा।** काठमांडू

भारतीय सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे बुधवार को तीन दिवसीय यात्रा पर नेपाल पहुंचेंगे और यहां भारतीय अधिकारियों के अनुसार उनकी यात्रा दोनों देशों की सेनाओं के बीच मित्रता के लंबे समय से जारी संबंधों को गहरा करेगी तथा दोनों पक्षों को आपसी लाभ के लिए द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को और मजबूत करने के रास्ते तलाशने का अवसर देगी। नरवणे की यात्रा का प्रमुख उद्देश्य दोनों देशों के बीच सीमा विवाद से उपजे तनाव की पृष्ठभूमि में संबंधों में पुन: सामंजस्य स्थापित करना है। जनरल नरवणे नेपाल के सेना प्रमुख जनरल पूर्ण चंद्र थापा के निमंत्रण पर नेपाल की यात्रा करेंगे। भारतीय दूतावास के प्रवक्ता नवीन कुमार ने कहा कि जनरल नरवणे की यात्रा दोनों देशों की सेनाओं के बीच मित्रता के लंबे समय से जारी और परंपरागत बंधन को और गहरा करेगी। नरवणे एक चल अस्पताल के लिए एक एम्बुलेंस और चिकित्सा उपकरण भेंट करेंगे, अस्पताल का संचालन नेपाली सेना करेगी। नेपाल की सेना के सूत्रों ने बताया कि भारतीय सेना प्रमुख बृहस्पतिवार सुबह सेना के पवेलियन में शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि देंगे।

अधिकारियों ने कहा कि सेना प्रमुख का इस यात्रा के दौरान नेपाल की राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी और प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली से मुलाकात करने के अलावा कई अन्य असैन्य एवं सैन्य नेताओं के साथ बातचीत करने का कार्यक्रम है। जनरल नरवणे ने कहा, मैं नेपाल की यात्रा करने और अपने समकक्ष नेपाल के सेना प्रमुख जनरल पूर्ण चंद्र थापा से मुलाकात के लिए उनकी ओर से मिले निमंत्रण को लेकर उत्साहित हूं। मुझे विश्वास है कि यह यात्रा दोनों देशों की सेनाओं के बीच मित्रता के बंधन को और मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सेना प्रमुख ने कहा कि वह प्रधानमंत्री ओली से मुलाकात के अवसर के लिए भी आभारी हैं।


काबुल विवि में हुए आत्मघाती हमले के बाद घटनास्थल का फोटोग्राफ लेते पत्रकार

# सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए कोरोना वायरस का फायदा उठा रहा है पाकिस्तान : भारत

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

● **भारत ने पाकिस्तान से अपील की कि वह अपने देश में सह अस्तित्व कायम करने की कोशिश करे और अपने लोगों में भेदभाव साम्प्रदायिक हिंसा एवं असहिष्णुता को दूर करे**

**भारत ने** पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि वह सीमा-पार आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए कोरोना वायरस वैश्विक महामारी का फायदा उठा रहा है। उसने साथ ही कहा कि पाकिस्तान भारत के धार्मिक समुदायों के बीच फूट पैदा करने के लिए घृणा पैदा करने वाले भाषणों का बेलगाम इस्तेमाल कर रहा है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन के प्रथम सचिव आशीष शर्मा ने नस्लवाद, अन्य संस्कृतियों या देशों के लोगों से घृणा और संबंधित असहिष्णुता के समकालीन प्रारूपों पर विशेष प्रतिवेदक के साथ संवाद को संबोधित करते हुए सोमवार को कहा कि पाकिस्तान भारत में केवल एक समुदाय के खिलाफ ही घृणा पैदा करने वाले बयान नहीं दे रहा, बल्कि संगठनों, व्यक्तियों और शीर्ष नेताओं के खिलाफ भी ऐसा कर रहा है।उसने कहा, वैश्विक महामारी के कारण दुनिया थम गई है, लेकिन पाकिस्तान ने इस महामारी का फायदा उठाते हुए सीमा पार आतंकवाद के लिए अपना समर्थन और बढ़ाया है। शर्मा ने संयुक्त राष्ट्र मंच पर कहा कि पाकिस्तान ने हमारे देश में हिंसा और असहिष्णुता को बढ़ावा देने की कोशिश करते हुए घृणा पैदा करने वाले बेलगाम भाषण दिए।उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हमारे धार्मिक समुदायों के बीच फूट पैदा करने की कोशिश कर रहा है। सौभाग्य से, उसकी कोशिशों का किसी पर असर नहीं पड़ा, क्योंकि भारत में बहुलवाद और सह-अस्तित्व की परंपरा है, जहां सभी समुदाय एक लोकतांत्रिक ढांचे के तहत सद्भावनापूर्ण तरीके से रह रहे हैं।

भारत ने पाकिस्तान से अपील की कि वह अपने देश में सह-अस्तित्व कायम करने की कोशिश करे और अपने लोगों में भेदभाव, साम्प्रदायिक हिंसा एवं असहिष्णुता को दूर करे।

शर्मा ने कहा कि दुनिया के सामने इस समय केवल कोविड-19 वैश्विक महामारी से निपटने की ही चुनौती नहीं है, लेकिन गलत सूचना के प्रसार की भी चुनौती है, जिसके कारण घृणा पैदा करने वाले भाषणों के मामले बढ़ रहे हैं और समुदायों के बीच नफरत बढ़ रही है।

उन्होंने कहा, भारत सबसे पारदर्शी तरीके से कोविड-19 वैश्विक महामारी से लड़ रहा है और सभी नागरिकों की चिकित्सा सुविधाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित की है।

## हैरिस राष्ट्रपति बनना चाहती हैं : डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि कमला हैरिस देश की पहली महिला राष्ट्रपति बनाना चाहती हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने समर्थकों से कहा कि यह कारण पर्याप्त है जिसके चलते वे उनके प्रतिद्वंद्वी एवं डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन के पक्ष में मतदान नहीं करें। राष्ट्रपति पद का चुनाव मंगलवार को होने वाला है। इसकी पूर्वसंध्या पर चुनावी नजरिए से अहम विस्कोंसिन राज्य के केनोशा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, वह बहुत शानदार महिला हैं, वह पहली महिला राष्ट्रपति बनना चाहती हैं। मैं ऐसा नहीं मानता। मैं ऐसा नहीं मानता, आप जानते हो, यह एक वाजिब कारण है कि सोए हुए जो के पक्ष में भी मतदान नहीं करें, सही? आप ऐसा नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, बाइडेन और कमलाउ क्या कोई जानता था कि यह कमला कौन हैं? ट्रंप ने दावा किया कि अगर 77 वर्षीय बाइडेन मंगलवार को होने वाला चुनाव जीतते हैं , तो उनके साथ उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हैरिस कुछ महीनों में ही राष्ट्रपति का पद हासिल कर लेंगी।

# अमेरिका में चुनावी हिंसा की आशंका व्हाइट हाउस को किले में बदला

**भाषा।** वाशिंगटन

● **ट्रंप ने ट्वीट कर कहा कि पेंसिल्वेनिया में मतगणना को लेकर उच्चतम न्यायालय के फैसले से हिंसा भड़क सकती है**

**अमेरिका में** चुनाव के दिन हिंसा की आशंका के बीच व्हाइट हाउस, प्रमुख वाणिज्य क्षेत्रों और बाजारों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

मंगलवार को होने वाले मतदान से पहले अहम सरकारी प्रतिष्ठान हाई अलर्ट पर हैं। सीक्रेट सर्विस (खुफिया सेवा) ने व्हाइट हाउस को किले में तब्दील कर दिया है। इसके बाद राष्ट्रपति के आवास के परिसर के चारों तरफ एक अस्थाई ऊंची दीवार खड़ी की गई है। चुनाव की पूर्व संध्या पर, हिंसा की आशंका के मद्देनजर, कामगार प्रमुख दुकानों और स्टोरों पर सुरक्षा के लिए लकड़ी के फ्रेम लगाते दिखे। यह स्थिति न्यूयॉर्क से लेकर बोस्टन और ह्यूस्टन से लेकर वाशिंगटन एवं शिकागो तक देखने को मिली। अमेरिका के 2020 के राष्ट्रपति पद के चुनावों को देश के हाल के इतिहास के सबसे विभाजनकारी चुनावों में से एक बताया जा रहा है।दोनों पक्षों के समर्थकों ने ऐलान किया है कि वे मंगलवार रात को मतगणना शुरू होने के बाद से वाशिंगटन के मध्य जुटेंगे, इनमें ब्लैक लाइवज़ मैटर आंदोलन से जुड़े लोग भी शामिल हैं। इस साल शुरू में जॉर्ज फ्लायड की पुलिस हिरासत में हुई मौत के बाद भड़के हिंसक प्रदर्शनों में वाशिंगटन में कई दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचा था। वाशिंगटन पोस्ट ने खबर दी है कि चुनाव बाद हिंसा की आशंका के मद्देनजर दुकानदार अपनी दुकानों की खिड़कियों पर लकड़ी के बोर्ड लगवा रहे हैं और अतिरिक्त सुरक्षा ले रहे हैं। इस हफ्ते के शुरू में वॉलमार्ट ने अपनी दुकानों से बंदूकें और गोलियां हटा ली थीं। कैलिफोर्निया के बेवर्ली हिल्स के पुलिस प्रमुख ने सीबीएस न्यूज से बात करते हुए चुनाव संबंधित हिंसा को लेकर आगाह किया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी 12 घंटे की ड्यूटी कर रहे हैं और उन्हें कोई छुट्टी नहीं मिल रही है। डोमिनिक रिवेती ने समाचार चैनल से कहा कि हम बुरी से बुरी स्थिति से निपटने की तैयारी कर रहे है और अच्छे की उम्मीद कर रहे हैं। सोमवार की देर शाम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्वीट कर कहा कि पेंसिल्वेनिया में मतगणना को लेकर उच्चतम न्यायालय के फैसले से हिंसा भड़क सकती है। शीर्ष अदालत ने पेंसिल्वेनिया में चुनावी दिन के तीन दिन बाद तक मतगणना की इजाजत दे दी है। राष्ट्रपति के इस ट्वीट को ट्विटर ने चिन्हित करते हुए कहा कि इस ट्वीट में साझा की गई जानकारी विवादित है और यह चुनाव को लेकर गुमराह कर सकती है।डोमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

## अमेरिका में मतदान केंद्रों के बाहर लंबी कतारें

**वाशिंगटन।** अमेरिका में पिछले कुछ दशकों में सबसे अधिक आरोप-प्रत्यारोप वाले राष्ट्रपति चुनावों में से एक के लिए मंगलवार को बड़ी संख्या में मतदाता मतदान करने के लिए निकल रहे हैं और कई मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कतारें देखी जा रही हैं। इस चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप के सामने जो बाइडेन हैं। कोविड-19 महामारी के प्रकोप के बीच करीब 10 करोड़ अमेरिकी पहले ही पूर्व-मतदान में अपना वोट डाल चुके हैं और माना जा रहा है कि देश के एक सदी के इतिहास में इस बार सर्वाधिक मतदान हो सकता है। इस साल करीब 23.9 करोड़ लोग मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। डाक मतपत्रों की गिनती में कुछ राज्यों में कुछ दिन या सप्ताह लग सकते हैं और इससे तय है कि मंगलवार को मतदान संपन्न होने के कुछ ही घंटे बाद विजेता की घोषणा होने की संभावना नहीं है। अमेरिका में करीब 40 लाख भारतीय मूल के लोग हैं जिनमें से 25 लाख मतदान के अधिकारी हैं। 13 लाख से अधिक भारतीय-अमेरिकी टेक्सास, मिशिगन, फ्लोरिडा और पेनसिल्वेनिया जैसे अहम राज्यों के मतदाता हैं।

# अब भी मन नहीं बना पाए अमेरिकी मतदाताओं को लुभाने का ट्रंप और बाइडेन ने किया आखिरी प्रयास

**भाषा।** वाशिंगटन



**निवर्तमान राष्ट्रपति** और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप तथा उन्हें चुनौती देने वाले डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बाइडेन ने किसे मत डालना है इसे लेकर अब भी अपना मन नहीं बना पाए अमेरिकी मतदाताओं को लुभाने के आखिरी प्रयास के तहत सोशल मीडिया पर अपने पक्ष में मतदान की अपील की। इसी के साथ प्रचार अभियान खत्म हो गया और अब हर किसी की निगाह मतदान और नतीजों पर टिकी है।

अमेरिका के हालिया इतिहास में तीन नवंबर को होने जा रहे चुनावों को सबसे बंटा हुआ माना जा रहा है। मतदान के लिहाज से पहले ही रिकॉर्ड बनता नजर आ रहा है और संभवत: देश के भविष्य और उसे किस दिशा में लेकर जाना चाहते हैं इस बारे में इससे पहले कभी दो प्रतिद्वंद्वियों में इतना विरोधाभास देखने को नहीं मिला।

ट्रंप (74) ने सोमवार को विस्कोंसिन, मिशिगन, नॉर्थ कैरोलिना और पेन्सिलवेनिया में सोमवार को प्रचार किया जबकि उनके 77 वर्षीय प्रतिद्वंद्वी बाइडेन ने पेन्सिलवेनिया और ओहायो में प्रचार अभियान चलाया और मतदाताओं से व्हाइट हाउस की रेस में उन्हें समर्थन देने का आग्रह किया। ट्रंप ने आधी रात के बाद ट्वीट किया, मेरे सभी समर्थकों को : हृदय की गहराइयों से शुक्रिया। आप शुरुआत से जुड़े रहे हैं और मैं आपको निराश नहीं करूंगा। आपकी उम्मीदें, मेरी उम्मीदें हैं, आपके सपने मेरे सपने हैं और आपके भविष्य के लिए मैं रोजाना जूझ रहा हूं। बाइडेन पर हमला करते हुए राष्ट्रपति ने एक अन्य ट्वीट में कहा, जो बाइडेन के लिए किया गया वोट सरकार का नियंत्रण वैश्विकता के समर्थकों, कम्युनिस्टों, समाजवादियों और अमीर उदारवादी पाखंडियों को दे देगा जो आपको खामोश करना, नियंत्रित करना, रोकना और दंडित करना चाहते हैं। जाइए और कल अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए वोट कीजिए। रिपब्लिकन पार्टी ने एक ट्वीट में कहा, आइए अमेरिका को फिर से महान बनाते हैं और हमारे शानदार राष्ट्रपति को फिर से चुनते हैं। सत्ताधारी दल ने कहा, चार साल पहले हमने साथ में इतिहास बनाया था और अब हम एक बार फिर से इतिहास बनाने जा रहे हैं। पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि वह गौरवान्वित डेमोक्रेट के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं और लेकिन सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति के तौर पर संचालित करेंगे। उन्होंने कहा, मैं डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन्स के साथ काम करूंगा और मैं मेरा समर्थन करने वालों और नहीं करने वालों के लिए भी उतनी ही मेहनत से काम करूंगा। उन्होंने लिखा, क्योंकि यह राष्ट्रपति का काम है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के शासन के दौरान 2,30,000 से ज्यादा अमेरिकियों की कोविड-19 से मौत हुई, तीन करोड़ लोगों के काम के घंटे कम हो गए, नौकरियां छूट गईं या तनख्वाह कम हो गई और हर पांच में से एक छोटा कारोबार बंद हो गय। बाइडेन ने मतदाताओं से पूछा, क्या आप चार साल पहले से बेहतर स्थिति में हैं? करीब 9.9 करोड़ मतदाताओं ने अग्रिम मतदान किया है, जिससे देश सदी में सबसे ज्यादा मतदान वाले चुनाव की तरफ बढ़ रहा है।





# गहनों की नई रेंज से करवा चौथ पर बढ़ी रौनक

### इस बार के करवा चौथ में गहनो के फैशन में परिवर्तन देखा जा रहा है। अब बड़े गहनों के स्थान पर काम चलाऊ किंतु विशिष्ट प्रकार के गहनों का चलन अधिक बढ़ा है।

ये साल का वो अवसर होता है जब महिलाएं सबसे अधिक शॉपिंग करती दिखाई देती हैं। चूड़ियों की दुकानें खचाखच भरी होती हैं और मेंहदी जैसे सोलह सिंगार के स्थानों में आपको भीड़ ही भीड़ दिखाई देगी। इसके अलावा भी आपको दूसरी एसेसरीज़ की दुकानों में भी अच्छी सजावट और ऑफर देखने को मिलते हैं। करवा चौथ का पर्व महिलाओं के लिए प्रेम और स्नेह का वो दिन होता है जब वो अपने पति की दीर्घायु के लिए उपवास करती हैं और पति-पत्नी दोनों एक दूसरे को समर्पित रहने की प्रतिबद्धता दोहराते हैं।

इन्हीं परंपराओं के पालन और उपवास रखने के बाद चंद्रमा को देखने के अलावा करवा चौथ का पर्व जेवर और गहनों के लिए भी जाना जाता है। इस पर्व पर महिलाएं विशेष रूप से गहनों को क्रय करने की ताक में रहती हैं। इस बार भी इस पर्व पर वही उत्साह देखने को मिलता लेकिन कोरोना महामारी के कारण लोगों के जीवन और बजट में काफी परिवर्तन आ गया है। यही कारण है कि गहनों के बाजार पर भी इसका प्रभाव साफ दिखाई देता है। गहनों में हर कोई सोचसमझकर ही निवेश करता है। अगीरिका हरी वैतानिका जूलरी ब्रांड के संस्थापक हैं। उनका कहना है कि 'इस बार बड़े गहनों के स्थान पर अधिक फैशनेबल और विशिष्टता लिए हीरे के जेवर अधिक बिक रहे हैं। लोग अब ऐसे गहने पसंद कर रहे हैं जिन्हें वे विभिन्न अवसरों पर पहन सकते हैं। इसी कारण से गहने की लुक महत्वपूर्ण हो जाती है। जब हम किसी को गहने उपहार में देते हैं तो हीरे के विशिष्टता लिए गहनों की बात ही कुछ और होती है। ये आधुनिक दिखते हैं और प्यार के इस अवसर के लिए सर्वथा उपयुक्त माने जा सकते हैं। छोटे पेंडेंट, ब्रेसलेट और बालियां भी धड़ाधड़ बिक रही हैं। हम रॉयल पीकॉक आकार की अंगूठी, चूड़ियां और नेकलेस लेकर आए हैं जिनकी शोभा देखते ही बनती है।'

जो बात आपकी महिला के लिए उपयुक्त होगी वो उसके लिए दिन-प्रतिदिन पहनने के अलावा उसकी डिजाइन पर भी निर्भर करता है। अगीरिका के अनुसार लोगों को अपने हृदय की सुननी चाहिये न कि रुझान क्या है, देखना चाहिये।

जूलरी डिजाइनर अर्चना अग्रवाल का मानना है कि हर साल रुझान में परिवर्तन आता रहता है। अब परंपराग गहने अधिक लोकप्रिय हैं। इस बार भी यही चलन दिख रहा है। पारंपरिक लुक वाले गहने सदाबहार होते हैं। उन गहनों को ही लेना उपयुक्त होगा जो अनेक अवसरों पर पहने जा सकें



और जिन्हें आप कई प्रकार से स्टाइल कर सकें।

तनिष्क के ब्रांड मिया के बिजनेस हेड श्यामला रमणन मानते हैं कि त्यौहारों पर उपहार देने की प्रवृत्ति होती है। उन्होंने बताया, 'इस प्रकार पर्व वो अवसर होते हैं जिनके माध्यम से लोग एक दूसरे को प्यार की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं। हम सोने के विशेष प्रकार के गहनों के प्रति रुझान अधिक देख रहे हैं। हल्के गहने जो अनेक अवसरों पर पहने जा सकें, मांग में अधिक हैं। इसके अलावा पारंपरिक परिधानों के अलावा पश्चिमी परिधानों के साथ भी पहने जा सकने वाले गहने भी खूब बिक रहे हैं इनमें बालियां, बेसलेट और चूड़ियां अधिक हैं।'

ये मौसम वैसे पारंपरिक परिधानों के लिए जाना जाता है या फिर मिश्रित स्टाइल वाले परिधान भी लोग पहने हुए दिख जाते हैं। कोहिनूर ज्वेलर्स आगरा के क्रियेटिव निर्देशक मिलिंद माथुर का अधिक जोर पारंपरिक परिधानों के साथ पहने जा सकने वाले गहनों पर अधिक होता है। उन्होंने बताया, 'आप रंगीन रत्नजड़ित गहने भी ले सकते हैं और ये पारंपरिक परिधानों पर अधिक फबते हैं। लोग भी देखते ही रह जाएंगे। ग्रेडिंग, कटिंग और पॉलिशिंग के माध्यम से रत्नों में एक अलग लुक और रंग आ जाता है जिनके कारण ये और भी आकर्षक दिखाई देते हैं।'

उनका कहना है कि 'पारंपरिक गहनो की मांग सदा बनी रहती है। विशेष थीम वाली जूलरी अलग श्रेणी में आ जाती है। इससे आप फैशनेबल होने की अपनी छवि को एक अलग कलेवर प्रदान कर सकते हैं।'

इसके बाद बारी आती है स्टैक रिंग्स की जो इस बार रुझानों में काफी आगे चल रहे हैं डिबियर्स इंडिया के प्रबंध निदेशक सचिन जैन का कहना है कि उनका फॉरएवर मार्क हीरे के गहने इस बार की नई प्रस्तुति होंगे। उन्होंने बताया, 'हम इस बार अपना ट्रिब्यूट संग्रह लेकर आए हैं जो 22 अंगूठियों का एक सेट है और उसे आवश्यकता के अनुसार धारण किया जा सकता है। इनमें से प्रत्येक विशेष है और आप प्राथमिकता के अनुसार इन्हें धारण कर सकते हैं।'

# वायलिन वादक टीएन कृष्णन नहीं रहे

भाषा। चेन्नई



**पद्म** विभूषण से सम्मानित वायलिन वादक टीएन कृष्णन का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उपराष्ट्रपति एम वेंकैंया नायडू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई हस्तियों ने कृष्णन के निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके योगदान को याद किया है।

उम्र संबंधी मसलों की वजह से कृष्णन का सोमवार को देहांत हो गया। उनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। कृष्णन ने संगीत की अपनी यात्रा अपने पिता के संरक्षण में कम उम्र में ही शुरू कर दी थी और 11 साल की उम्र में पहली प्रस्तुति दी थी। केरल में 1928 में जन्मे कृष्णन 1940 के दशक की शुरुआत में चेन्नई आ गए थे। उन्होंने शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में दिग्गज एस श्रीनिवास अय्यर से शिक्षा प्राप्त की। कृष्णन को पद्मविभूषण और संगीत कलानिधि समेत कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। उन्होंने यहां म्यूजिक कॉलेज और दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ म्यूजिक एडं फाइन आर्ट में शिक्षण का काम भी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके जाने से संगीत की दुनिया में एक बड़ा शून्य आ गया है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, जानेमाने वायलिन वादक श्री टीएन कृष्णन के निधन से संगीत की दुनिया में एक बड़ा शून्य आ गया है। उनके काम ने हमारी संस्कृति की भावनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला को खूबसूरती से समझाया। वह युवा संगीतकारों के उत्कृष्ट मार्गदर्शक रहे।

मोदी ने कहा, उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं। ओम शांति। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने कहा कि दिग्गज वायलिन वादक के निधन के बारे में सुनकर व्यथित हूं।

उन्होंने कहा, उनका निधन संगीत की दुनिया खासकर कर्नाटक संगीत के लिए बड़ा नुकसान है। वह रागों के सार को पकड़ने के लिए जाने जाते थे और दशकों तक उन्होंने दर्शकों की आत्मा को रोमांचित कर देने वाले संगीत से मंत्रमुग्ध किया है। सरोद वादक अमजद अली खान ने कृष्णन को संगीत जगत का एक असाधारण रत्न बताया। उन्होंने ट्वीट किया, यह जानकर बहुत दुख हुआ कि वायलिन वादक प्रोफेसर टीएन कृष्णन का निधन हो गया है। वह भारत के संगीत जगत के असाधारण रत्नों में शामिल थे, जिनके लिए संगीत जीवन का एक तरीका था। उनके परिवार के लिए मेरी संवेदनाएं... और प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति मिले। गृह मंत्री शाह ने कहा कि कृष्णन ने अपने संगीत के जरिए कई पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध किया। तमिलनाडु के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने कहा कि कर्नाटक संगीत में कृष्णन के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने अपने संदेश में कहा, उनका निधन भारत के लोगों के लिए एक अपूरणीय क्षति है, विशेष रूप से दुनिया भर के सभी कर्नाटक संगीत प्रेमियों के लिए।

# फिल्म परिंदा एक रोमांचकारी अनुभव थी : माधुरी दीक्षित




**मुंबई।** अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने मंगलवार को अपनी फिल्म परिंदा की 31वीं वर्षगांठ को मनाते हुए इस शानदार फिल्म को एक रोमांचकारी अनुभव करार दिया। 1989 में आई अपराध पर आधारित परिंदा का निर्देशन विधु विनोद चोपड़ा ने किया और इसमें जैकी श्रॉफ, अनिल कपूर और नाना पाटेकर ने भी किरदार निभाया। फिल्म ऐसे दो भाइयों की जिंदगी को दर्शाती है जो मुंबई की गलियों में पले-बढ़े और बाद में जाने-अनजाने अलग-अलग गैंगवार में फंस जाते हैं।

फिल्म में पारो की भूमिका अदा करने वाली माधुरी ने इस मौके पर खुशी जताने के लिए ट्विटर पर परिंदा का पोस्टर साझा किया। उन्होंने कहाकि परिंदा में पारो का किरदार एक रोमांचकारी अनुभव रहा। मैंने पहली बार मरने का सीन भी किया था। फिल्म के साथी कलाकारों और अन्य लोगों से जुड़ी शानदार यादें हैं जो कि इसे बेहद खास बनाती हैं। परिंदा ने दो राष्ट्रीय पुरस्कार भी जीते थे, जिसमें नाना पाटेकर को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता और रेनू सलूजा को सर्वश्रेष्ठ संपादन के लिए पुरस्कृत किया गया था।

# 'नियति ही मुझे यहां लेकर आई है'

**पहली बार निर्देशन कर रहे शिव हरे ने किस प्रकार से इंडस्ट्री की राह पकड़ी और कैसे उन्होंने एआर रहमान के साथ सहयोग कर प्रोजेक्ट पर काम किया। प्रस्तुत है पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना से उनकी इस रोचक बातचीत के अंश...**



**● आप अटकन चटकन के बारे में कुछ बताइये...**

मैं एक संगीतमय फिल्म बनाना चाहता था जिन लोगों ने फिल्म के बारे में नहीं सुना या इसे देखा है उन्हें बता दूं कि ये फिल्म आशा, सपने, संगीत और बच्चों के बारे में है।

**● इसका आपने यही शीर्षक क्यों दिया ?**

मैं ऐसा शीर्षक चाहता था जिसमें लय हो और जो थोड़ा हटके हो। इसी नाम का एक संगीत उपकरण हुआ करता था जो 60 और 70 के दशक मे दिखाई देता था। हर किसी ने इसे देखा है इसमें एक टीन का बक्सा और कुछ लकड़ियां होती हैं। हमनें इस उपकरण को फिल्म में उपयोग भी किया है और इसके लिए मुझे भिंडी बाजार जाना पड़ा था। उत्तर भारत में हर व्यक्ति ने अटकन चटकन के बारे में सुना होगा, चाहे उन्हें इसका संदर्भ कहां सुना है न पता हो लेकिन उन्होंने सुना अवश्य होगा।

**● आपने इसकी कहानी भी लिखी है इसकी प्रेरणा आपको कहां से मिली ?**

संगीत के प्रति मेरा प्रेम ही मुझे इस इंडस्ट्री में लाया है। मैं 1996-2000 के बीच थियेटर में था और तब हमें बहुत यात्रा करनी पड़ती थी। हमें पता है कि राजस्थान के बच्चे संगीत के प्रति अच्छी रुझान रखते हैं। वे खड़ताल सहित कई वाद्य बजाना जानते हैं, जो सामान्य व्यक्ति के लिए पकड़ना भी कठिन होता है। वहीं से हमें इसका विचार आया। इसके अलावा बचपन की हमारी कुछ स्मृतियां भी इस फिल्म में पिरोई गई हैं।

**● आपने फिल्म के नायक-नायिका किस प्रकार चुने ?**

पिछले 10 सालों से मैं कास्टिंग निर्देशक का काम कर रहा था। मैं गजराज राव के साथ सहायक निर्देशक रहा हूं। मैंने हजारों विज्ञापनो में भी काम किया है। मैंने अपने प्रोजेक्ट के लिए सीमित ऑडिशन रखे थे। इनमें से एक, सचिन, को मैंने डीआईडी में देखा था वो बहुत ऊर्जावान है। वो मेरे अनुमान से अधिक आयु का था लेकिन उसकी चपलता और तेजी ने मुझे प्रभावित किया। दुर्भाग्य से हम उसे अधिक दिनों तक इस प्रोजेक्ट में नहीं रख पाए।

**● आपका इस इंडस्ट्री में कैसे आना हुआ ?**

मैं यहां वर्ष 2001 से हूं और कई विज्ञापन फिल्मों में काम भी किया है लेकिन आपको पता ही होगा कि फिल्म बनाना तो बिलकुल अलग काम होता है। मैं कई लोगों से मिला और उन्होंने कई वादे किये लेकिन वे साकार नहीं हो सके।

**● एआर रहमान के साथ आपका सहयोग कैसे संभव हुआ ?**

वो इस फिल्म के प्रस्तुतकर्ता हैं। मैं बच्चों के बारे में एक फिल्म बनाना चाहता था। ये लैशबैक में है और जब आप किसी दिग्गज की बात करते हैं तो आपको उसे कहानी में निरंतर बनाए रखना पड़ता है। ए आर रहमान से बड़ा तो संगीत में कोई दूसरा है नहीं। जब हमनें उन्हें फिल्म दिखाई तो कुछ आशंकित थे क्योंकि एक तमिल फिल्म को छोड़कर उन्होंने अभिनय नहीं किया था। लेकिन हमारे आग्रह पर वो सहमत हो गए।

**● निर्देशन में आपका ये पहला प्रोजेक्ट है। किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने का अनुभव कैसा रहा ?**

मैंने इस प्रोजेक्ट पर इतना समय लगाया है कि अब कुछ अनुभव नहीं होता। मुझे लगता है कि नियति ही मुझे यहां तक लेकर आई है। मुझे पता है कि परदे पर ये फिल्म 2012 में ही आ गई थी लेकिन अब इसे 2020 में रिलीज किया जा सका है। लेकिन मैं प्रसन्न और संतुष्ट हूं।

**● पहले संगीत, फिर थियेटर और अब फिल्म का निर्देशन, आपकी ये यात्रा कैसी रही है ?**

संगीत के लिए मेरे परिवार ने मुझे प्रोत्साहित नहीं किया। मेरे पिता तो इसके विरुद्ध थे और इसे कॅरियर ही नहीं मानते थे। जब मैं 12-13 साल का हुआ तो मैं नाना-नानी के पास चला गया और वहीं रहकर तीन-चार सालों तक संगीत सीखा। इसके बाद थियेटर में मैं निर्देशक की मदद किया करता था और फिर आज यहां आपके सामने हूं।

**● पहली बार निर्देशन के दौरान क्या किसी प्रकार की चुनौती का भी सामना आपको करना पड़ा ?**

सच कहूं तो सब सरलता से हो गया। मैं पिछले 20 सालों से यहां हूं। विश्व सिनेमा और सहायक निर्देशक के रूप में मैंने बहुत कुछ सीखा है।

**● आगे आपकी क्या योजना है ?**

विगत समय में मैंने कई कहानियां लिखी हैं। मैं तो अब निर्देशन का आरंभ ही कर रहा हूं। फिल्मों का संग्रहण मूल्य भी होता है। मैं कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा हूं। देखते हैं कि क्या सामने आता है। संगीत, बच्चे, कल्पना और रोमांस आदि जॉनर मुझे प्रिय हैं और मैं इनमें ही कुछ करना चाहता हूं।

# करवा चौथ आज, रौनक से खिला बाजार


सीतापुर-करवा चौथ पर खरीद करती महिलाएं


सींक बेचता युवक


सीतापुर-चूड़ियां खरीदती महिलाएं


सीतापुर-बाजार में उभरी भीड़

संवाददाता। सीतापुर

### ● सजी दुकाने, लौटा व्यापार

**कोरोनाकाल में** सूनापन झेल रही बाजार की गलियां ग्राहकों की आमद से गुलजार है। सजी दुकाने, चारो तरफ त्यौहारों का सीजन है, खरीददारी के लिए लोगो की भीड़ से बाजार व्यस्त है, गुलजार है, कोई करवा के लिए कलश लिए घर जा रहा है तो कोई हाथो में मेंहदी लगाए कल की करवा चौथ की तैयारी में लगा है।

बाजार महिलाओं ने जहां व्रत के लिए सामग्री खरीदती नजर आयी वहीं पुरूष भी उनका हाथ बटाते दिखे। शहर के चूड़ी वाली गली में पूरा दिन महिलाओं का तांता लगा रहा वहीं करवा पूजन की सामग्री की जमकर खरीददारी की गई। करवा की खरीददारी से दुकानदारों में दीवाली में लेकर एक नया उत्साह देखा जा रहा है, मंदी की मार झेल रहा बाजार त्यौहारी सीजन से फिर से पटरी पर लौटेगा।

## दायित्वों के दर्पण में होगा चांद का दीदार...


सीतापुर-हमारे आपके घर की सुहागिनों की तरह ही तस्वीर में दिख रही यह महिला पुलिस कर्मी भी सुहागिन है, इनमें भी करवा चौथ को लेकर उतना ही उत्साह है जितना की अन्य घरेलू महिलाओं में। लेकिन इन पुलिस कर्मियों के सामने पति और पत्नी के बीच दात्यिव की दीवार खड़ी है, इन्होंने बताया कि ड्यूटी का फर्ज भी निभाएंगे और व्रत भी रखेंगी, भला हो सूचना तकनीक का जोकि इन्हें मोबाइल स्क्रीन पर पति का दीदार कराएगा। (फोटो-विपिन राजवंशी)

### पुआल लगाने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने महिला को बुरी तरह पीटा

**लहरपुर सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अरुवा बेनी सराय में पुआल लगाने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने एक महिला को बुरी तरह पीटा। प्राप्त जानकारी के अनुसार कौशल पुत्र भारत प्रसाद ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर गांव के इतवारी, परशुराम पुत्र गण बैजनाथ, सूरज पुत्र परशुराम, सुनील पुत्र इतवारी के विरुद्ध आरोप लगाया है कि उक्त लोगों ने मेरी पत्नी शर्मा देबी को उस समय गाली गलौज लाठी-डंडों से जम कर मारापीटा जब उसने उन लोगों को पुआल लगाने से मना किया, उक्त लोगों ने उसे गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी के अनुसार कौशल की तहरीर पर अपराध दर्ज कर घायल महिला की डॉक्टरी करा कर कार्रवाई की जा रही है।

## क्विक न्यूज

### गुलफ्शा की मौत का होगा पर्दाफाश, कब्र से निकाली गई हफ्ते भर पुरानी लाश

#### ● नायब तहसीलदार विदेह सिंह ने पिता की तहरीर पर की कार्रवाई, पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**खैराबाद देहात सीतापुर।** थाना खैराबाद इलाके में विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में मंगलवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कब्र से शव निकलवाकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया। बता दें कि खैराबाद के तुरसावां निवासी इकलॉख की बेटी गुलफ्शा की 14 अक्टूबर को संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। 15 अक्टूबर को शव को दफनाकर अन्तिम संस्कार कर दिया गया था, जिसके बाद पिता इकलॉख द्वारा बेटी के ससुरालीजनों पर डाबरीएक्ट मुकदमा दर्ज कराया गया था। गुलफ्शा का निकाह मछरेहटा के अंसार पुत्र कल्लू के साथ इसी लॉकडाउन में हुआ था। नायब तहसीलदार विदेह सिंह ने बताया कि मछरेहटा एसओ ओपी तिवारी खैराबाद पुलिस की मौजूदगी में शव को निकलवाकर पीएम के लिए भेज दिया गया है।

### 24 घंटे में निकले 12 कोरोना मरीज

**सीतापुर।** जनजागरूकता के चलते सीतापुर में कोरोना नियंत्रित होने लगा है। पिछले 24 घंटे में जिले में 12 कोरोना के मरीज मिले हैं। शहर के लोहार बाग में दो और मुंशीगंज व आई हॉस्पिटल में एक-एक नया मरीज मिला है। बिसवां के मलेदू गांव, हरगांव के दीपपुर, मछरेहटा के सकरारा, महोली की मास्टर कॉलोनी, सिधौली के बीबीपुर, पहला व परसेंडी में एक-एक नए केस की पहचान की गई है। एक केस अन्य स्थान का है। इसी के साथ अब जनपद में कुल पॉजिटिव मरीज 4,278 हो गए हैं।

### रेउसा बहराइच मार्ग पर हुआ बड़ा हादसा, मां बेटे की मौके पर ही दर्दनाक मौत

#### ● पिता व पत्रकार समेत एक मासूम भी हुई घायल

**सीतापुर।** रेउसा बहराइच मार्ग पर ट्रक ने साइकिल सवारों को टक्कर मार दी जिसमें 35 वर्षीय उषा देवी और 5 वर्षीय मासूम बेटा मुकेश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पिता सीताराम का पैर कटकर अलग हो गया। साइकिल में टक्कर मारने के बाद बाइक सवार प्रेम बाजपेई को भी टक्कर लगी और सड़क किनारे खड़ी 5 वर्षीय सपना को भी अपनी चपेट में ले लिया जिसके बाद सभी को सीएससी रेउसा में भर्ती कराया गया। मृतक उषा देवी को मॉंरू बहेड़ से दवाई दिला कर बेटे के साथ साइकिल से गांव से लौट रहा था पिता। सीताराम थाना थानगांव इलाके के रहने वाले थे।

### किसान मंच ने सौंपा ज्ञापन

**लहरपुर सीतापुर।** पिरई नदी की पीर देखकर किसान परेषान हैं। किसान मंच के जिलाध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह की अगुवाई में मंगलवार को सीएम को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को देकर नदी को कब्जामुक्त कराए जाने की मांग की गई है। इसके अलावा 4 अन्य मुद्दों पर भी जिम्मेदारों का ध्यान आकृश्ट कराया गया है। इस मौके जिला संगठन मंत्री दिनेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अंबुज श्रीवास्तव, जिला सचिव उत्तम मौर्य आदि मौजूद रहे।

### संयुक्त कृषि निदेशक की उपस्थिति में किसानों को बताया वेस्ट-डी कंपोजर से पराली निस्तारण का तरीका

**सिधौली सीतापुर।** मंगलवार को संयुक्त कृषि निदेशक लखनऊ मंडल लखनऊ के द्वारा विकास खण्ड गोंदलामऊ क्षेत्र के ग्राम खाले गढ़ी एवं बरबटपुर में कृषकों को पराली निस्तारण का लाइव डेमो वेस्ट डी कंपोजर का प्रयोग करके दिखाया गया। वेस्ट डी कंपोजर का लाइव डेमो बसन्त लाल पुत्र श्री चुन्नीलाल निवासी ग्राम बरबटपुर के खेत पर दिखाया गया। जिला कृषि अधिकारी सीतापुर अखिला नन्द पाण्डे , भूमि संरक्षण अधिकारी सीतापुर रजित राम वर्मा, विषय वस्तु विशेषज्ञ सिधौली अनुभव त्रिवेदी द्वारा 50 कृषकों को निशुल्क वेस्ट डी कंपोजर भी वितरित किए गए। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद मेवा लाल बनवारी लाल श्री कृष्ण राम जीवन मीना देवी घनश्याम आदि कृषको को वेस्ट डी कम्पोजर वितरित किये गए साथ ही मुकेश कुमार यादव प्राविधिक सहायक भी उपस्थित रहे।

प्राथमिक शिक्षक संघ चुनाव...

# दिनेश मिश्रा बने मछरेहटा प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष

संवाददाता। मछरेहटा सीतापुर


मछरेहटा-मनोनयन के बधाई देते शिक्षकगण

**दिनेश मिश्रा** मछरेहटा ब्लॉक के प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष बन गए है। मंगलवार को कसमंडा ब्लॉक के अध्यक्ष गिरजेश अवस्थी, जिला कार्यसमिति के सदस्य पीयूष कांत मिश्रा व अभय कुमार मिश्रा की देख रेख में हुए अधिवेशन में दिनेश को निर्विरोध चुन लिया गया। अध्यक्ष ने छोटे लाल यादव को ब्लॉक मंत्री के पद पर नियुक्त कर दिया। मीडिया प्रभारी अर्जित चौहान पूर्व अध्यक्ष संदीप यादव, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर द्विवेदी, विनीत अवस्थी, अनिल अवस्थी, रामेंद्र प्रताप सिंह, अरविंद यादव, संतराम, सिद्ध राव, मुकेश दीक्षित, प्रियंका त्रिपाठी, सुमन शुक्ला आदि ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई दी है।

**सातवीं बार भी कायम रवीन्द्र का राज:** वरिष्ठ शिक्षक नेता रवीन्द्र कुमार दीक्षित प्राथमिक शिक्षक संघ मिश्रिख इकाई के निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। बीआरसी पर आयोजित त्रिवार्षिक निर्वाचन का पर्यवेक्षण अमित त्रिवेदी ज्ञानेश बाजपेई, विनोद बिहारी दीक्षित व विनोद कुमार वर्मा ने किया। जीतेंद्र सिंह चौहान, शैलेश गिरी, संजय व्यास, संजय श्रीवास्तव, उमेश शुक्ला, मनमोहन शुक्ला, महेंद्र गौतम, दिनेश कुमार आदि ने रवीन्द्र को बधाई दी है।

रेउसा के प्राथमिक सिक्षक संघ इकाई के...

### पांचवी बार महेंद्र कुमार पांडे निर्विरोध निर्वाचित

**रेउसा सीतापुर।** रेउसा बीआरसी पर शिक्षकों का जमावड़ा हुआ। यहां आयोजित षिक्षक संघ के त्रिवार्षिक अधिवेषन में महेंद्र कुमार पांडे ब्लॉक अध्यक्ष चुन लिए गए है। यह उनका 5वां कार्यकाल होगा। सिक्षक संघ के वरिस्ठ उपाध्यक्ष हंसराज वर्मा, उपाध्यक्ष मो जुबेद व रज्जन कुमार पांडे ने पर्यवेक्षण किया। मेड़ी लाल त्रिवेदी, राजाराम अवस्थी, चंद्र प्रकाश शुक्ल, सच्चिदानद अवस्थी, मनोज शुक्ला, विमलेश त्रिपाठी, रमाकांत अवस्थी, सुबोध तिवारी, ओमप्रकाश उपाध्याय, सुशील कुमार, दीपक सहाय, दुर्गेश कुमार सहित ब्लॉक रेउसा के सभी अध्यापक व अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।


रेउसा में विजयी शिक्षक को बधाई देते शिक्षकगण

लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से द्विवार्षिक निर्वाचन-2020...

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एडीएम ने की बैठक

संवाददाता। सीतापुर

**अपर जिलाधिकारी** विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुयी। जिसमें उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लिये लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से द्विवार्षिक निर्वाचन-2020 एवं मतदेय स्थलों मतदान केन्द्रों के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। बैठक में समस्त उपजिलाधिकारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। सभी उपजिलाधिकारियों ने मतदाताओं के सापेक्ष मतदेय स्थलों मतदान केन्द्रों का विवरण प्रस्तुत किया। अपर जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से वार्ता कर सुझाव आमंत्रित किये। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा अभी तक मतदेय स्थलोंध्मतदान केन्द्रों से संबंधित की गयी व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया गया। अपर जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समस्त तैयारियां समय से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान समस्त उपजिलाधिकारी एवं जनपद के विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


सीतापुर-बैठक करते एडीएम विनय कुमार पाठक

## विद्युत विभाग की समस्याएं व सुधार पर हुई चर्चा



सीतापुर-कार्यशाला में मौजूद अधीक्षण अभियंता सीपी यादव व अन्य

#### ● विद्युत व्यवस्था सुधार कार्यशाला में अधीक्षण अभियंता ने रखे विचार

**सीतापुर।** पिछले माह ही सरकार से निजीकरण की जंग जीत चुके बिजली कर्मचारियों में गजब का उत्सह नजर आ रहा है। विद्युत कर्मचारियों ने निजीकरण के महाग्राफ को खत्म करने के लिए अपनी कार्यशैली में सुधार लाने का मन बना लिया है। इसी के चलते राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन उ.प्र. ने मंगलवार को ब्रम्हदीप होटल में विद्युत व्यवस्था सुधार कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जूनियर इंजीनियर रमेश सिंह ने की। उन्होने बताया कि आज की सुधार कार्यशाला का आयोजन विद्युत कर्मचारियों एवं उपभोक्ताओं दोनो के हितो को ध्यान में रख के किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एटी एंड सी हानियां कम करने हेतु परिचर्चा एंव सुझाव, कार्यक्रम स्थल पर आ रही समस्याओ पर चर्चा, बेहतर उपभोक्ता सेता हेतु सुझाव, तकनीक व वाणिज्यक पहलुओं पर व्यापक चर्चा, बेहतर राजस्व हेतु कार्ययोजना व अवर अभियंताओं की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा पर बात की गई। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता सीपी यादव, सुशील पाल, इं. केसी यादव, एपी वर्मा, सुधीर भारती, ए.के. श्रीवास्तव, राधेश्याम, वीके सिंह सहित संगठन के लोग मौजूद रहे।

गृह जनपद लखीमपुर जाते समय `पायनियर' से बोले नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद...

# बड़ी ताकत बनकर उभरने वाली है बसपा: रामजी गौतम

#### ● उपचुनाव में अच्छा प्रदर्शन करती बहुजन समाज पार्टी

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-स्वागत कार्यक्रम में मौजूद बसपा के निर्वाचित राज्यसभा सांसद रामजी गौतम

**बहुजन समाज** पार्टी बहुत बड़ी ताकत बनकर उभरने वाली है, बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश में हो रहे उपचुनाव में हर जगह बसपा बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है। राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने के बाद पहली बार लखनऊ से अपने गृहजनपद लखीमपुर जा रहे रामजी गौतम ने पायनियर' से मुखातिब होते हुए कही। कार्यकर्ताओं के स्वागत से अभिभूत नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद ने कहा कि बसपा को डाउन करने का जो षडयंत्र हो रहा था वह उजागर हो चुका है। सपा का चेहरा सामने आ चुका है, धन्नासेठ को सामने लाकर एक दलित को रोंकने का पूरा प्रयास किया गया। जीत से उत्साहित श्री गौतम ने कहा कि कार्यकर्ताओं व जनता में जोश व जुनून है। बीएसपी प्रत्याशी को जो रोंकने का मकसद था कि दलित राज्यसभा न जाने पाए व पालिटिक्स फेस सामने आ गया। उन्होंने इस जीत को महापुरूषों की कृपा, बसपा प्रमुख मायावती का आर्शीवाद व संविधान की ताकत बताया। कहा कि उनका पर्चा खारिज हुआ। सच्चाई की जीत हुई, सांसद का सिधौली में बिसवां तिराहे पर सेक्टर प्रभारी बीपी हंस, जिलाध्यक्ष विनोद गौतम, विक्रमाजीत राजवंशी, विकास राजवंशी, मनोज भाष्कर, लालजी भार्गव, इरफान डिसूजा, मुन्नूलाल मौर्य आदि ने स्वागत किया। खैराबाद टोल प्लाजा पर स्वागत में जुैनद अंसारी, रामू गुप्ता, फूलचन्द्र वर्मो, अजयपाल भारती, रामहेत कश्यप, मोती लाल गौतम, सुरेश भारती, सुरेश गौतम, विजय गौतम, रामनरेश पाल, सुदर्शनलाल भारती, सलीम एड., कौशल किशोर वर्मा, प्रदीप गौतम, प्रवीन गौतम तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नगर पालिका के अवर अभियंता पर अनियमितताओं के गंभीर आरोप

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर

**नगर पालिका** क्षेत्र के कई शिकायतकर्ताओं ने अवर अभियंता के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए नगर निकाय निदेशालय लखनऊ, उच्च न्यायालय लखनऊ व अध्यक्षा ननगर पालिका परिषद महमूदाबाद को शिकायतीपत्र सौंपे हैं। नगर पालिका ईओ द्वारा जेई को नोटिस भी भेजा गया था। शिकायतकर्ता पंकज वर्मा ने नगर निकाय निदेशालय को भेजे गए शिकायतीपत्र में बताया है कि नगर पालिका परिषद महमूदाबाद में अवर अभियंता का पद सृजित न होने के बाद भी 21 अप्रैल 1998 को चंद्रभान सिंह की नियुक्ति तत्कालीन अध्यक्ष द्वारा कर दी गई थी। रमेश चंद्र वर्मा पुत्र मेवालाल ने अध्यक्षा को भेजे गए शिकायतीपत्र में बताया है कि अवर अभियंता चंद्रभान द्वारा अपनी पत्नी रंजना सिंह के नाम पालिका परिषद क्षेत्र में अचल संपत्ति की खरीददारी की गई है। पत्र के मुताबिक तहसील के समक्ष एक कीमती प्लाट तथा सहजानी वार्ड में एक प्लाट बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के खरीदा गया। रामलखन पुत्र अशर्फी निवासी मोतीपुर ने प्रार्थनापत्र देकर बताया है कि 21 लाख 78 हजार रुपए से नाला निर्माण कराया गया था। नाले का निर्माण बेहद घटिया किस्म का कराया गया। शिकायत के बाद कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। नगर क्षेत्र में बनी कई इंटर लाकिंग बेहद घटिया किस्म की लगाई गई हैं।

### सभी आरोप बेबुनियादः चन्द्रभान सिंह

इस संबंध में जेई चंद्रभान सिंह ने बताया कि राजनैतिक द्वेष भावना के चलते उनपर आरोप लगाए जा रहे हैं। सभी आरोप निराधार हैं। नगर में जो भी विकास कार्य कराये जाते हैं उन प्रत्येक कार्य का भुगतान नियमानुसार सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी, प्रभारी अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका अध्यक्षा सहित उच्चाधिकारियों के स्थलीय निरीक्षण व अनुमति के बाद ही कराया जाता है। भुगतान में मेरी कोई भूमिका नहीं है।

# प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रति जागरूक करेगी एलईडी वैन: जिलाधिकारी

## ● डीएम ने एलईडी प्रचार वैन को दिखाई हरी झंडी

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**उप्र कौशल** विकास मिशन के अन्तर्गत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों गति प्रदान करने हेतु वृहद प्रचार-प्रसार व नुक्कड़ नाटक के लिए शासन द्वारा जनपद खीरी में भेजी गई एलईडी वैन को मंगलवार को जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने अपने कैम्प कार्यालय से प्रातः 10 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक डा. ओम प्रकाश गुप्त ने बताया कि प्रचार वाहन एक दिवस के लिए जनपद में भेजा गया है। जिसके साथ नुक्कड़ नाटक की एक टीम भी है। टीम कलेक्ट्रेट परिसर से चलकर सौजन्या चौक राजापुर चौराहा, खीरी टाउन, एलआरपी चौराहा पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें लोगों को कौशल विकास मिशन के तहत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़कर विभिन्न प्रकार के उद्यम स्थापित करने स्वावलम्बी बनने का संदेश दिया।

इस दौरान राजकीय आईटीआई लखीमपुर व चंदन चौकी के प्रधानाचार्य, स्टाफ, गुरूनानाक इण्टर कालेज, इस्लामियां इंटर कालेज के प्रधानाचार्य, कौशल विकास कार्यक्रम के जिला प्रबंधक मंगला प्रसाद त्रिवदी, अनिल कुमार व आशीष कुमार सहित डायट स्टाफ समेत छात्र/छात्राएं व आमजन लोग उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत, एक घायल

संवाददाता। बरेली

**बाइक** सवार दो लडको को सामने से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने वाली बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद दोनों मृतकों की लाशों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।भुता थाने के गांव अहरौला निवासी14 वर्षीय पवन पुत्र बाबूराम और गांव के ही रहने वाले 19 वर्षीय अरविंद पुत्र दुगपाल की आज सुबह भुता थाना क्षेत्र के गांव पड़ौली में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतकों के घर वालों ने बताया कि अरविंद आज सुबह अपनी मोटरसाइकिल पर पवन को बिठाकर जरूरी सामान खरीदने के लिए भूता जाने को गांव से चला था । बाइक को अरविंद चला रहा था। उनकी बाइक जब भुता पहुंचने से पहले ही पड़ौली गांव में पहुंची तभी अचानक सामने से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल बेकाबू हो गई और उसने अरविंद की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे अरविंद की बाइक सड़क पर गिर गई और अरविंद व पवन गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर मारने वाली बाइक भी सड़क पर गिर गई। जिससे उस पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे गांव वालों ने पुलिस को सूचना दी। लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची अरविंद और पवन की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने टक्कर मारने वाली बाइक चला रहे युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और दुर्घटना की सूचना लडको के घरवालों को दी। कुछ देर बाद मौके पर पहुंचे घर वालों ने दोनों लाशों की शिनाख्त कर ली। पवन कक्षा 9 का छात्र था जबकि अरविंद आईटीआई की पढ़ाई कर रहा था। पवन की मां हरदेईर है वह दो भाई थे। जबकि अरविंद की मां का नाम माया देवी है वह तीन भाई-बहन थे। दुर्घटना के बाद एक ही गांव के दो लडको की मौत से गांव में सन्नाटा छा गया।

# मूर्ति स्थापना व कबड्डी प्रतियोगिता में पहुंचे आशीष मिश्र



संवाददाता। निघासन-खीरी

## ● युवा भाजपा नेता ने किया पूजन व उत्साहवर्धन

**भाजपा युवा** नेता आशीष मिश्रा ने लुधौरी गांव के शिवमंदिर के मूर्ति स्थापना में पहुंच कर मत्था टेका और प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद दुबहा में हो रही कबड्डी प्रतियोगिता में पहुंच कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। वैसे भी सरकार खेल के प्रति बढ़ावा दे रही है। युवाओं को खेल में बढ़ाने का प्रयास कर रही है। कबड्डी एक परम्परागत खेल है। ग्रामीण क्षेत्रों में इसका बहुत बड़ा महत्व है। अच्छे अच्छे खिलाड़ी निकलते हैं। फाइनल मैच बोझिया और खैरीगढ़ के बीच हुआ। खबर लिखने तक अभी कोई भी टीम नहीं जीती। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, नगेंद्र सिंह सेंगर, रतीराम लोधी, हरीश पांडे, प्रधान रामपाल मौर्या, संजय गिरी, केके तिवारी, हरीशंकर शर्मा, श्रीप्रकाश कनौजिया, विपिन मौर्या, प्रदीप गुप्ता, दिनेश गुप्ता, विकास पंकज, राजकिशोर, अनमोल, अमन अवस्थी, राहुल निषाद, प्रदीप शुक्ला, मोमराज, जुगेश विश्वकर्मा व नागेश पाठक आदि तमाम कार्यक्रता मौजूद रहे।

# एसडीएम व विधायक ने किया बारात घर का निरीक्षण



**मैलानी-खीरी।** नगर पंचायत द्वारा पलिया रोड पर बने नवीन बारात घर का निरीक्षण करने के लिए एसडीएम गोला अखिलेश यादव व गोला विधायक अरविंद गिरि ने मैलानी पहुंचकर निरीक्षण किया। उन लोगों ने सभी कमरों व उसमें उपलब्ध सुविधाओं की देखभाल की। विधायक अरविंद गिरि ने बताया कि इस बारात घर का लोकार्पण भाजपा नेता सुरेश खन्ना के द्वारा 7 नवम्बर 2020 को अपराह्न चार बजे किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार की जनहित की मंशा के चलते इस बारात घर का निर्माण कराया गया है। इसका लाभ यहां की जनता को मिलेगा। इस मौके नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी बृजेश कुमार सविता, पूर्व चेयरमैन पति नीरज बाजपेई, पंचायत कर्मी दिलशाद हुसैन, राहुल शर्मा, इमरान खान, कनीज फातिमा सहित सभी सभासद व नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी




**मंगलवार को** सम्पूर्ण समाधान दिवस डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील धौरहरा के सभागार में आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक विजय ढुल मौजूद रहे। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाय और शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने फरियादियों की फरियाद एक-एक कर सुनी। उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में हैए इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाये।

**मोहम्मदी संवाददाता के अनुसार,** सम्पूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी स्वाती शुक्ला की अध्यक्षता में तहसील सभागार में हुआ। इसमें कुल 37 शिकायतें आयीं जिसमें दो राजस्व शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। इन शिकायतों में 24 राजस्व, चार चकबंदी, तीन पुलिस, नगर पालिका की तीन, बैंक विद्युत और पूर्ति विभाग की एक-एक शिकायतें आती। समाधान दिवस में तहसील व ब्लाक के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## आज बंद रहेगा न्यायालय

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद न्यायाधीश शिव शंकर प्रसाद ने बताया कि एक न्यायिक कर्मचारी के कोरोना पाजिटिव पाए जाने व उनके न्यायालय परिसर में आवागमन से संपर्क में आए लोगों में कोरोना संक्रमण की आशंका के चलते जनपद न्यायालय संपूर्ण सेंनेटाइजेशन हेतु 4 नवंबर 2020 को 24 घंटे के लिए बंद किया गया है।

## दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण शिविर का समापन

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** भाजपा के दिवसीय मंडल प्रशिक्षण शिविर का समापन पांच सत्रों के प्रशिक्षण के साथ किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री ठाकुर प्रसाद गंगवार उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष विजय माहेश्वरी, जिला मंत्री विनोद वर्मा, दीपेंद्र गुप्ता, मिश्री लाल वर्मा, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

# 10 नवंबर तक मनाया जायेगा दानोत्सव सप्ताह

संवाददाता। बरेली

**बेटी** बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना तथा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत जरूरतमंद महिलाओं, बालिकाओं एवं बच्चों के लिये दानोत्सव सप्ताह का अयोजन दिनांक 02 नवम्बर से 10 नवम्बर 2020 तक जनपद बरेली में किया जा रहा है। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कलेक्ट्रेट में फीता काटकर उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन दीपावली पर इसलिये किया जा रहा है कि गरीब, मलिन तथा जरूरतमंदो को कुछ सामान दिया जा सके और वह भी दीपावली खुशी के साथ मना सकें। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत कपड़े, किताबें, पुराने बर्तन, स्टेशनरी, खिलौना तथा इलैक्ट्रॉनिक सामान चालू हालत में एवं अन्य सामग्री आदि को दान किया जायेगा। दानोत्सव सप्ताह का आयोजन सर्वप्रथम कलैक्ट्रेट से प्रारम्भ होगा। जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा इस दानोत्सव में प्रतिभाग किया जायेगा। इस दानोत्सव सप्ताह में जो भी व्यक्ति अपना संबंधित सामान दान करेंगे उसकी सूची उपलब्ध करा दी जायेगी। उसके पैकेट बनाया जाये जिसमें उपयोगी दान की गयी वस्तुओं के नाम, साइज, कितनी मात्रा आदि अंकित हो ताकि वही पैकेट उसी प्रकार के जरूरतमंद लोगो को वितरित किया जा सके। मुख्य विकास अधिकारी पने बताया गया कि जनपद में दान केन्द्र के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट परिसर, विकास भवन परिसर नगर निगम में केन्द्र बनाये गये हैं। जनपद के अतिरिक्त समस्त ब्लॉकों में दान उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

## क्विक न्यूज

### महिला से परेशान आदमी ने एसएसपी ऑफिस में की शिकायत

**बरेली ।** महिला ने दी बलात्कार के आरोप में फंसाने की धमकी नही तो दो मुझे पांच हजार पीड़ित ने एसएसपी ऑफिस में शिकायत की न्याय दिलाने की मांग की ।जगतपुर पनबड़िया पुराना शहर थाना बारादरी जिला बरेली के रहने वाले रफीक मियां ने बताया कि उनके और महिला जो कि चंदपुर , थाना बिथरी चौनपुर की निवासी है , के मध्य एक आपसी विवाद था जिसको रामगंगा चौकी के द्वारा दिनांक 29 अक्टूबर को समाप्त करवा दिया था। जाफरी जो कि एक शातिर एवं बदचलन किस्म की महिला है वह लगातार रफीक को धमका रही है की या तो मुझे पांच हजार रुपये दो वरना तुझे बलात्कार के झूठे मुकदमे मे फंसा दूंगी। रफीक ने बताया की वह दिल का मरीज है ,और उसके घर में उसके अलावा उसकी दो बेटियां भी हैं।इन धमकियों से रफीक व पूरा परिवार दहशत में है। इसी बाबत रफीक ने आज कप्तान ऑफिस में हाजिर होकर उचित कार्यवाही व न्याय की गुहार लगाई है।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक ने दम तोड़ा

**बरेली ।** लगभग 3 माह पूर्व हुई सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक को बीती रात हालत बिगड़ने पर पिता ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लाश को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा।नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बरौर निवासी 30 वर्षीय दिनेश पुत्र छत्रपाल की बीती रात जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल में मौजूद मृतक के पिता ने बताया कि दिनेश उत्तराखंड के रुद्रपुर स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। वह नौ अगस्त को मोटरसाइकिल से अपने घर वापस लौट रहा था। लेकिन रास्ते में ही उसकी बाइक बहेडी थाना क्षेत्र में लोधी पूरे इलाके में पहुंची। तभी सामने से आ रही एक दूसरी बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर मारने वाली बाइक चला रहा युवक मौका देखकर फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां से हालत में सुधार होने पर घरवाले उसे वापस घर ले गए। लेकिन कल अचानक उसकी तबियत बिगड़ने पर पिता ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी का नाम अनीता है। वह एक बेटी का पिता था।

### 21 पर शांति भंग की कार्रवाई

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत मंगलवार की सुबह अपने-अपने क्षेत्र में आतंक व अशांति फैलाने वाले डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों के विरूद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मलवां थानाध्यक्ष तीन, धाता सात, बिन्दकी कोतवाली प्रभारी दो, जहानाबाद आठ तथा कल्यानपुर थानाध्यक्ष ने एक पर शांति भंग के तहत कार्रवाई की है।

### 600 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के दिशा-निर्देशन में चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत मंगलवार की सुबह गश्त के दौरान बहुआ चौकी इंचार्ज ने अवैध गांजा के साथ युवक को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार दुबे आज सुबह अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने के उद्देश्य से गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर राजीव गुप्ता पुत्र राम बालक निवासी कृष्ण नगर पूर्वी बहुआ को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से छह सौ ग्राम अवैध गांजा बरामद करते हुए उसके विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया।

### ओवरलोड दो ट्रैक्टरों को पुलिस ने पकड़ा, एक को सीज कर एक को छोड़ा

**चौडगरा (फतेहपुर)।** जनपद में ओवरलोडिंग के खिलाफअभियान के दौरान कल्यानपुर थाना क्षेत्र के चौडगरा चौकी इंचार्ज हेमेन्द्र प्रताप सिंह ने देर रात ओवरलोड दो ट्रैक्टरों को साई गांव के समीप से पकड़ा था। मौके की ताक पर खड़े ट्रैक्टर पुलिस के हत्थे चढ़ते ही खनन संचालकों में हड़कंप मच गया। संचालक पहले तो स्वयं हर संभव जोड़ जुगत लगाते रहे। बाद में समस्या का समाधान ना मिलने पर छुट भैय्या नेता, अधिकारियों के पास घन घनाते रहे। जहां दबाव प्रभाव व जुगलबंदी के चलते कागजों में एक ओवरलोड बालू लदे ट्रैक्टर को सीज कर दूसरे को छोड़ दिया। जिससे तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। कार्रवाई से चौकी पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लग गया।

### दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**फतेहपुर।** मलवां कस्बा में सोमवार की शाम पिकअप की टक्कर से घायल 48 वर्षीय युवक की कानपुर ले जाते समय देर शाम मौत हो गयी। वहीं उसका साथी का जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार थाने के शमशेरपुर मजरे आदमपुर गांव निवासी होरीलाल का पुत्र राम मनोहर गांव के ही नरेश पुत्र राम आसरे के साथ मोटरसाइकिल से मलवां कस्बा आ रहा था। तभी कस्बा के समीप ही पिकअप ने टक्कर मार दिया था। जिससे दोनों घायल हो गये थे। राम मनोहर की हालत गम्भीर देख कानपुर के लिए रिफर कर दिया था।

# क्षय रोग उन्मूलन को लेकर प्रदेश सरकार प्रतिबद्धः जय प्रताप सिंह

## प्रदेश के 29 जिलों में चलेगा दस दिवसीय अभियान

संवाददाता। फतेहपुर

**प्रदेश के** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने बताया कि देश से वर्ष 2025 तक क्षय रोग यानि टीबी उन्मूलन के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को समय से पहले पूरा करने को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह गंभीर है। इस संकल्प को सही मायने में धरातल पर उतारने को लेकर नए कार्यक्रम शुरू करने के साथ ही पहले से चल रहे कार्यक्रमों में और तेजी लायी जा रही है। टीबी उन्मूलन को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों और योजनाओं के बारे में उन्होंने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोविड-19 के दौरान टीबी मरीजों की खोज और पहचान के लिए चलाये जा रहे अभियान पर भी असर पड़ना स्वाभाविक था लेकिन आगामी एक नवम्बर से प्रदेश के 29 जिलों में एक बार फिर सघन टीबी रोगी खोज (एक्टिव केस फाइंडिंग) अभियान शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री एक नवम्बर को लखनऊ से इस अभियान का शुभारम्भ करेंगे। दस दिन तक चलने वाले इस अभियान के दौरान घर-घर जाकर टीम लोगों की स्क्रीनिंग करेगी और जिनमें लक्षण नजर आयेंगे उनके बलगम की जांच करायी जाएगी। उन्होंने टीबी के अलावा दस्तक अभियान और टीकाकरण अभियान के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

**लाक डाउन में भी मरीजों का रखा गया खास ख्याल:** स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि लाक डाउन के दौरान नेपाल से आये एक रोगी, अन्य राज्यों से उत्तर प्रदेश आये 443 क्षय रोगियों और प्रदेश के 649 उन मरीजों को जो अन्य जिलों में पहुंचे थे उनको समय से क्षय निरोधी औषधि मुहैया कराई गयी। इस दौरान प्रदेश के क्षय रोगियों से दूरभाष के जरिये संपर्क कर दवा उपलब्ध करायी गयी।

**निक्षय पोषण योजना बनी मददगार:** टीबी मरीजों को इलाज के दौरान पोषण के लिए पांच सौ रूपये प्रतिमाह दिए जाने के लिए अप्रैल 2018 में लायी गयी निक्षय पोषण योजना बड़ी मददगार साबित हुई है। योजना के तहत प्रदेश में अब तक 162 करोड़ रुपये की धनराशि प्रत्यक्ष लाभ हस्तातंरण के माध्यम से क्षय रोगियों को प्रदान की जा चुकी है, इसमें वर्ष 2018 में 66 करोड रूपये, वर्ष 2019 में 72 करोड रूपये और जनवरी 2020 से अब तक 21 करोड रूपये का भुगतान किया गया है। यह भुगतान सीधे बैंक खाते में किया जाता है।

## जयपुरिया स्कूल को मिली 12वीं तक सीबीएसई की मान्यता

संवाददाता। फतेहपुर

**शहर के** मलवा स्थित जयपुरिया स्कूल में बताया कि स्कूल को सीबीएसई की मान्यता मिली और अब स्कूल में एआईईई व जीईई, नीट के सभी कंपटीशन कोर्स कराए जाएंगे। स्कूल पिछले 3 वर्षों से विश्व स्तरीय पाठ्यक्रम के अनुसार संचालित होता आया है। स्कूल को कक्षा 12 तक सीबीएसई बोर्ड की मान्यता प्राप्त हो गई है।

अगले वर्ष कक्षा 9वी और 11वीं के प्रवेश लिए जाएंगे। भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए कंपटीशन कोर्स जैसे कि एआईईई व जीईई, नीट की तैयारी हेतु कोटा स्थित कोचिंग संस्थान के अध्यापकों द्वारा ऑनलाइन कक्षाओं की सुविधा प्रदान करने जा रहा है। जिसमें से अधिकांश अध्यापक वर्ग जिन्हें दस से अधिक वर्षों का अनुभव है। विद्यार्थियों से कोई भी अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा।

# मकान का मलबा रोडों के किनारे डालने वालों पर लगेगा जुर्माना: नगर आयुक्त

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने नगर निगम की टीम को महानगर की सड़कों के किनारे पड़ी रेता बजरी सहित भवन निर्माण सामग्री को चिन्हित कर उनके खिलाफजुर्माने की कार्यवाही का आदेश दिया । मंगलवार को नगर निगम के अधिकारीयों ने कई स्थानों पर रोड के किनारे अतिक्रमण को हटवाकर अतिक्रमण करने वालो को सख्त हिदायत दी नगर आयुक्त सन्तोष शर्मा के आदेश पर सहायक नगर आयुक्त ने महानगर की सड़कों पर जाम और हादसो का कारण बन रही रेता बजरी को सड़क से हटवाया गया। भवन निर्माण सामग्री को लाल इमली चौराहा से तारीन टिकली रोड, टाउनहाल ओवरब्रिज, टाउन रोड एवं अंटा चौराहा से विसरात रोड पर सड़क पर पड़ी रेता बजरी को सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता एवं प्रवर्तन टीम के साथ हटवाया गया। तथा इस दौरान भवन निर्माण सामग्री रखने बाले दुकान स्वामियों को कड़ी हिदायत दी गई।

## भाजपा के प्रांतीय नेता जेपीएस राठौर की माताजी का निधन

**शाहजहांपुर।** भाजपा के प्रांतीय नेता जेपीएस राठौर की माता श्रीमती सरोज कुमारी का आज दिल्ली में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह 75 वर्ष की थीं एवं लंबे समय से बीमार चल रहीं थीं। उनका इलाज दिल्ली के इंस्टिट्यूट ऑफ लिवर एंड वेलारी साइंस में चल रहा था जहाँ आज प्रातः 8 बजे उन्होंने अन्तिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर आज शाम 7 बजे सेठ इंकलेव स्थित आवास पर पहुँचेगा। उठावनी कल दिनाँक 04 11 2020 प्रातः 11 बजे सेठ इन्क्लेव स्थित आवास से तथा अंत्योष्टि खन्नौत घाट पर होगी।

## मंगलवार को रोजा में दो जगहों पर रेल पटरी चटकने से हड़कंप

संवाददाता। शाहजहांपुर

**मंगलवार को** रोजा में दो जगहों पर रेल पटरी चटकने से ट्रैक सर्किट लाल हो गया। इसकी खबर मिलते ही रेलवे विभग के - अधिकारियों- कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। रेलवे के अधिकारीयों के आदेश पर चुकी बाघ एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों को रोका गया जिससे एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। काठगोदाम से हावड़ा जा रही 03020 बाघ एक्सप्रेस को होम सिग्नल पर ही रोक दिया गया जिसके बाद बोगियों में यात्रियों ने गार्ड और टीईटी से संपर्क कर अचानक होने वाले रेल फ्रैक्चर के बारे में जानकारी मिली गनीमत रही की कोई हादसा नहीं हुआ इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों ने फिश प्लेट बांधकर फेक्चर को सही कर दिया। तब एक घंटे के बाद ट्रेन को रोजा के लिए रवाना किया गया। जिसके बाद इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों ने जॉगल प्लेट बांधकर रेल यातायात को बहाल किया।

# वन विभाग की आपत्ति पर खनन विभाग ने खनन संचालकों पर कसा शिकंजा, अग्रिम आदेशों तक खनन पर रोक

## ● एसडीएम ने खनन स्थलों का किया औचक निरीक्षण, खामियां मिलने पर लगाई फटकार

**चौडगरा (फतेहपुर)।** जनपद के शिवराजपुर स्थित सगुनापुर रोड में अवैध खनन बीते कई माह से संचालित हो रहा था। वन विभाग द्वारा आपत्ति दर्ज करने पर बीती रात खनन विभाग देर रात से ही जांच पड़ताल में स्थानीय प्रशासन के साथ जुटा था। सुबह 5 बजे तक की कार्रवाई के बाद खनन विभाग ने हिदायत देते हुए अग्रिम आदेशों तक खनन पर रोक लगा दी थी लेकिन जैसे ही अधिकारी व कर्मचारियों नें खनन स्थल छोड़ा वैसे ही खनन माफिया दोबारा उन्हीं संचालित जगहों में खनन कारोबार शुरू कर दिया। समाधान दिवस के बाद तहसील प्रशासन के साथ एसडीएम बिंदकी स्थानीय प्रशासन को साथ में लेकर खनन स्थल का औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। तहसील प्रशासन के पहुंचते ही खनन संचालकों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान आम रास्ते के समीप चल रही खनन के संचालक से परमिशन फाइल लेकर जांच पड़ताल की उपजिलाधिकारी बिन्दकी आशीष कुमार द्वारा खामियां मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए। सभी खनन से जुडे दस्तावेजों को तलब कर लिया। वहीं दूसरी और मौका पाकर बड़े पैमाने पर खनन करने वाले दूसरे संचालक मौके से मशीन सहित रफूचक्कर हो गए। इस बाबत खनन अधिकारी मिथलेश कुमार पांण्डेय ने बताया कि वन विभाग की आपत्ति दर्ज करने पर खनन को अग्रिम आदेशों तक बंद कराया गया है। किसी प्रकार का खनन उक्त स्थान पर नहीं किया जा सकता।

# नगर निगम की समस्त सुविधाएं अब एकल खिड़की से मिलेंगी

## नगर आयक्त ने किया शुभारम्भ



**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने नगर निगम कार्यालय में एकल खिडकी का फीता काटकर शुभारम्भ किया। लोगो को नगर निगम की समस्त सुविधाये एकल खिड़की के माध्यम से संचालित की जायेगी। नगर आयुक्त सन्तोष शर्मा ने बताया कि एकल खिड़की के संचालन से आम जनता को काफी साहुलियत मिलेगी। नगर निगम में सम्पत्तियो के नामांतरण की कार्यवाही ऑनलाइन माध्यम से ही किये जायेगें। उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213 के अन्तर्गत सम्पत्तियो के नामातंरण का प्राविधान किया। जनसामान्य को त्वरित, सुलभ एवं पारदर्शी तरीके से सेवाये उपलब्ध कराने के उददेष्य से ई- नगर सेवा के अन्तर्गत 12 सुविधाओ को समेकित करते हुये सम्पत्तियो के नामातंरण की भी ऑनलाइन व्यवस्था की गई है। जन सामान्य को सुचारू रूप से समस्त सेवाओ को उपलब्ध कराये जाने के दृश्टिगत नगर आयुक्त द्वारा नगर निगम को 04 जोनो में बाटा गया है एवं जोनल अधिकारी तैनात किये गये है। नगर आयुक्त ने समस्त सुविधाओ को आनलाइन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। एकल खिड़की पर कर्मचारियो को तैनात करते हुये आमजन को एक ही स्थान पर नामातंरण प्रार्थना पत्र देने, देय गृहकरध्जलकर को जमा करने, नकल हेतु आवेदन देने, गृहकर निर्धारण तथा इससे सम्बन्धित शिकायतो को प्राप्त करने तथा समस्त प्रकरणो का निस्तारण समय से करने हेतु निर्देशित किया गया। आज नामातंरण शुल्क, गृहकर एवं जलकर सहित कुल 305188.00 की धनराशि एकल खिड़की पर जमा की गई। एकल खिड़की के शुभारम्भ के समय नगर आयुक्त के साथ उप नगर आयुक्त आषुतोश कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त,प्रथमध्द्वितीय, महाप्रबन्धक (जल), मुख्य अभियन्ता,सिविल आदि लोग उपस्थित रहे।

## किसानों को नहीं मिला मुआवजा

**जसवंतनगर।** किसानों को कई साल बाद भी अपनी जमीन का क्लेम नहीं मिल सका है। सड़क चौड़ीकरण के लिए सम्बंधित विभाग द्वारा हाइवे से ग्राम धरवार मार्ग पर सड़क बनाने को जमीन का अधिग्रहण किया गया था लेकिन राजस्व विभाग से प्रकरण नहीं निपट पाने के कारण अब तक प्रभावितों को उनका हक नहीं मिल पाया है। पीड़ित किसान अजय कुमार आदि ने राज्य सरकार से लेकर प्रशासन व कंस्ट्रक्शन कंपनियों के सामने भी अपनी शिकायत की थी और सालों इंतजार के बाद भी मुआवजा नही मिला है । सड़क निर्माण में किसानों की निजी जमीन का भी अधिग्रहण किया गया है। सड़क चौड़ीकरण के लिए आवश्यक भूमि के अर्जन के लिए प्रक्रिया शुरू की गई थी। नाराज किसानों की शिकायत पर एडीएम ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव ए उपजिलाधिकारी ज्योत्स्ना बंधू सहित तहसीलदार अपनी राजस्व टीम लेकर मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया।

# घाटमपुर उपचुनाव में 50 प्रतिशत मतदान

### मतदान केंद्रों पर न दिखीं लम्बी लाइनें, न मतदाताओं में उत्साह, मतदाता सूची में भी गड़बड़ियां, बड़ी संख्या में लोगों के नाम गायब, कोविड-19 गाइड लाइन का दिखा असर





**संवाददाता।** घाटमपुर

**प्रदेश** की अन्य 6 सीटों के साथ आज घाटमपुर बिधान सभा सीट पर शांन्ति पूर्व मतदान संम्पन्य हो गया, प्रात: 7 बजे से शुरु हुए मतदान की रफ्तार इतनी धीमी रही की सबेरे 9 बजे तक मात्र 5 प्रतिशत मतदाताओं ने बोट डाले। यही नही 11 बजे तक 15 प्रतिशत बोट पड़े। इससे अन्दाजा लगाया जा सकता है कि मतदान कितनी धीमी गति से हुआ। इसके बाद मतदान में कुछ तेजी आयी और 3 बजे तक 36 प्रतिशत और अंन्त यानी शाम 6 बजे तक लगभग 50 प्रतिशत बोट पड़े। चुनाव को लेकर धाटमपुर तहसील में बनाये गये कंन्ट्रोल रुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर 11 बजे तक 14.79 प्रतिशत और दोपहर बाद 3 बजे तक 36.39 प्रतिशत मतदाताओं ने बोट डाले। उधर मतदान शान्ति पूर्वक संम्पन्य करने को लेकर एसएसपी प्रीतिन्दर सिंह और अपर जिलाधिकारी बित्त एंव राजस्व बीरेंन्द्र कुमार पांण्डेय पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व सीओं रबि कुमार सिह कस्बा घाटमपुर के अलाव ग्रामीण क्षेत्र के कई अति संवेदन शील मतदान केंद्रों का दौरा कर रिथत का जायजा लिया तथा पल-पल का खबर निर्वाचन कार्यालय का अवगत कराते दिखे उप चुनाव में पिछले बिधान सभा के चुनाव की तरह इस चुनाव में मतदाताओं में न तो उत्साह दिखा और न ही महिलाओं की टोली मतदान को जाते दिखी। यदपि सुबह से ही लोग अपना बोट डालने के लिये मतदाता मतदान केंद्र पर पंहुचना शुरु हो गया था लेकिन मतदाताओं की लाइनें नही दिखी। कोविड-19 की गाइड़ लाइन का असर दिखा तथा बिना मास्क के आने वालों को गेट से ही पुलिस कर्मिओं ने लौटते रहे। और जो मास्क लगाये थे मतदान के पहले स्वास्थ्य बिभाग का कर्मी उसका तापमान जांचा, इसके बाद उसकी बीएलओ द्वारा दी गयी पर्ची और आइडी का मिलन होने के बाद ईवीएम टेबिल तक जाने दिया गया।

### वोटरों में नगरीय क्षेत्र की अपेक्षा गांवों में उत्साह दिखा

**घाटमपुर।** पिछले बिधान सभा के चुनाव जैसा मतदाताओं में उत्साह और मोदी लहर तो नजर नही आयी लेकिन इस बार के चुनाव में जातीय प्रत्याशी के पक्ष में बोटर एक तरफा रुझान साफ झलका जिसके चलते गांव-गांव भाजपा, कांग्रेस, सपा और बसपा का पलड़ा भारी नजर आता दिखाई दिया। चुनाव में भाजपा से उपेंन्द्र नाथ पासवान, कांग्रेस से डा0 कृपा शंकर, सपा से पूर्ब बिधायक इन्द्रजीत कोरी और बसपा से कुलदीप संखवार के अलावा 2 लोग मैदान में थे लेकिन जाति के आगे बिकास और वादे सब दरकिनार कर बोटर बिरादरी बाद को महत्व दिया जिसका असर ये रहा कि गांव-गांव और बूथ-बूथ पर रुझान बदला-बदला रहा।

### शराब बन्दी हवाहवाई साबित

**घाटमपुर।** मतदान के दिन यानी 3 नवम्बर 48 घंटे के लिय नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र के सभी देशी और अग्रेजी शराब के ठेके बन्द करने के अलावा मतदान केन्द्र के से 8 कि0मी0 तक के सीमा वर्ती जिलों के लिये वहॉ के कप्तानों को पत्र लिखे गये थे। और अखबारों में बिज्ञप्तियॉ जारी की हुई थी। लेकिन ये आदेश हवा-हवाई नजर आये तथा गावों से लेकर तहसील मुख्यालय के कस्बे में 70 का पौवा डेढ़ सौ में बाजीगरों ने बेचे।

## सपा जिलाध्यक्ष की कोर्ट से जमानत टली, आज होगी सुनवाई

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुखी की कोर्ट में जमानत के लिए सुनवाई फ्लिहाल टल गयी है। अगली सुनवाई के लिए बुधवार की तारीख दी गयी है। शमसाबाद थाना शमसाबाद क्षेत्र के मोहल्ला कोटला निवासी एक महिला के घर के भीतर घुसकर उसके साथ लातघूसों से पिटाई करने और मुंह में तमंचा रखने और उसकी लज्जाभंग करने के आरोप में बीते दिन गिरफ्तार कर जेल भेजे गये सपा जिलाध्यक्ष की जमानत के लिए सुनवाई जिला जज के न्यायालय में होनी थी। लेकिन अभियोजन पक्ष के जिला शासकीय अधिवक्ता सुदेश प्रताप सिंह नें कोर्ट को बताया कि उन्हें केस डायरी समय से नही मिली है। जिससे वह उसका अवलोकन नही कर सके है। लिहाजा उन्होंने कोर्ट से समय माँगा। जिसके बाद कोर्ट नें बुधवार 4 नवंबर की तारीख सुनवाई के लिए दी है।

# 23 शिकायतों में एक का भी निस्तारण नहीं



**संवाददाता।** जसवंतनगर

**संपूर्ण** समाधान दिवस एसडीएम ज्योत्सना बंधु की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कुल 23 फरियादियों की शिकायतें आईं और किसी एक का भी निस्तारण मौके पर नहीं किया जा सका है।

मॉडर्न तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में आई शिकायतों में सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग से मेड़बंदीए कब्जाए पैमाइश आदि की थीं। इसके अलावा सब्जी मंडी के कुछ दुकानदारों ने फड़ व रोड पर एक विशेष दुकानदार द्वारा कब्जे की शिकायत की। नगला कन्हई के किसान सुनील कुमार द्वारा उसका धान मंडी स्थित क्रय केंद्रों द्वारा न खरीदे जाने की शिकायत की गई वह पॉलिथीन में अपने धान का नमूना लेकर एसडीएम के पास पहुंचा था जो एसडीएम ने खुद चेक किया और जानकारी ली। दर्जनों लोगों द्वारा अलग.अलग पूर्ति विभाग की मौखिक शिकायतें की गईं जिनमें बताया गया है कि पूर्ति कार्यालय में भारी पैमाने पर दलाली हो रही है और किसी भी काम के लिए रुपया मांगा जाता है। राशन कार्ड से यूनिटों को काटने जोड़ने और पैसे वसूलने का काम जारी है। जो कुछ चुनिंदा डीलर कार्यालय में बैठाकर करते हैं। उप जिलाधिकारी ने संबंधित सभी विभागों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया है। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश चंद्रए तहसीलदार रामानुजए नायब तहसीलदार अविनाश चौधरी सहित कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे वहीं कुछ विभागीय अधिकारी नदारद रहे। ताखा समाधान दिवस रू आज दिनांक 3 नवंबर को उप जिला अधिकारी सत्यप्रकाश की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ जिसमें कुल 11 शिकायतें आई जिसमें राजस्व की 6 शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित तीन शिकायतें विद्युत विभाग से संबंधित एक शिकायत चकबंदी विभाग से संबंधित एक शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में आई जिनमें दो का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया और उप जिला अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन लोगों की शिकायत आई है उनको जल्द से जल्द निपटाया जाए ताकि कानून का भरोसा लोगों में बना रहे।

### दो प्रार्थना पत्रों का हुआ मौके पर निस्तारण

**भरथना** तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिबस भरथना तहसीलदार गजराज सिंह व पुलिस क्षेत्राधिकारी चन्द्रपाल सिंह की मौजूदगी व उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर तहसील क्षेत्र के करीब तीन दर्जन पीड़ित फरियादियों ने उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह को अपने शिकायती प्रार्थना पत्र सौंप कर न्याय दिलाये जाने व कार्यवाही कराये जाने की गुहार लगाई। सम्पूर्ण समाधान दिबस में खास बात यह रही कि सबसे ज्यादा करीब दो दर्जन से अधिक पीड़ित फरियादियों ने राजस्व विभाग की समस्याओं से त्रस्त हो कर प्रार्थना पत्र सौंपे। जिसपर उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह के निर्देश पर दो फरियादियों के शिकायती प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह ने सम्बन्धित कर्मचारियों को सौपते हुए समय रहते निस्तारण के निर्देश दिए है।सम्पूर्ण समाधान तहसील दिबस में शिक्षा, स्वस्थ, पुलिस, नगर पालिका, डाउन एरिया, विकास खण्ड, विद्युत, मंडी, पूर्ति आदि सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

### एडीएम दिवस में 11 आयीं शिकायतें, निस्तारण शून्य

**चकरनगर।** अपर जिलाधिकारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में चकरनगर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपंन किया गया। जिसमें क्षेत्र से कुल 11 शिकायतें दर्ज कराई गई। जिनमें एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका।

इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार एसबीएस चौहान ने समाचार लिखे जाने से छुब्ध जान से मारने की धमकी देने वाले ग्रामीण के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। ललूपुरा से जितेंद्र आदि ने विद्यालय की वाउन्डी बाल बनवाने बावतए बहादुरपुर घार से वीरेन्द्र ने अवैध कब्जा हटाने बावतए दाउदपुर से फूल सिंह आदि ने गली को उखड़वाने बावतए अंदावा से प्रकाश चंद्र ने अवैध कब्जा रोकने बावतए कतरौली से रामेश्वर सिंह से तय शुदा भूमि से कब्जा रोके जाने बावतए मेंहदीपुर के विशुन सिंह ने भूमि पर अवैध कब्जा रोके जाने बावत सहित कुल 11 शिकायतें दर्ज कराई गई। जिसमें मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका।

### वरिष्ठ नागरिकों को रही परेशानी

**इटावा।** कांग्रेस नेता उदयभान सिंह यादव ने कहा है कि भरथना की मुख्य शाखा भारतीय स्टेट बैंक में धन निकासी के लिये एक काउन्टर होने के कारण वरिष्ठ नागरिकों व पेंशनरों समेत नारी सशक्तिकरण कही जाने बाली महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उपरोक्त सभी को बैंक के बहार घण्ड़ों लाइन में खड़े होकर बैंक में प्रवेश का इंतजार करना पढ़ता है। यहाँ तक की बैंक के बहार लम्बी लाइन में खड़े खड़े वरिष्ठ नागरिकों को थक कर जमीन में बैठना पड़ रहा है। कांग्रेस कमेटी इटावा के पूर्व जिलाध्यक्ष उदयभान सिंह यादव ने कहा है कि उक्त मार्ग से एक ओर जहाँ छोटे.बड़े भारी वाहनों का तेज आवागमन होता है।

# सांसद ने अटल बिहारी वाजपेयी को किया याद

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**जनपद** के जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर में आज सांसद निधि से लगभग 52 लाख रुपए की लागत से आरईडी विभाग द्वारा तैयार कराई गई सड़क का अकबरपुर रनिया सांसद देवेंद्र सिंह भोले द्वारा सड़क का लोकार्पण किया गया इस मौके पर एमएलसी अरूण पाठकए जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्रए मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय व अन्य अधिकारी जनप्रतिनिधि गण मौजूद रहे। बताते चलें सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत वर्ष 2019 में स्वीकृत कार्य जिला अस्पताल मेन रोड से डिवाइडर रोड तक सड़क निर्माण जिला अस्पताल में डिवाइडर रोड से होते हुए वर्न यूनिट तक सड़क निर्माण जिला अस्पताल में बर्न यूनिट से होते हुए रेन बसेरा तक सड़क निर्माण का शिलान्यास कार्यक्रम जिला अस्पताल परिसर में हुआ। इस मौके पर प्रभारी सीएमएस डॉक्टर बी पी सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी गण मौजूद थे सांसद देवेन्द्र सिंह भोले ने पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेई जी की सड़क को लेकर महत्वाकांक्षी पर कल्पना को जहां आगे बढ़ाया है वहीं सांसद निधि लोगों की निधि है इस सड़क से जहां अस्पताल आने वाले जनमानस को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी वहीं एमएलसी अरुण पाठक कहा कि अटल जी कहा करते थे कि सड़क में गड्ढा है कि गड्ढे में सड़क वह आज भी हम लोगों के दिलों में हैं इसी कड़ी में जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि वास्तव में यह सड़क बहुत खराब थी यहां से एंबुलेंस में आने वाले मरीजों को भी काफी असुविधा होती थी किंतु अब सड़क बन जाने से नहीं होगी।

# किसानों को किसी प्रकार से न करें परेशान: डीएम

### डीएम ने खाद्य विभाग के धान क्रय केन्द्र अकबरपुर व झींझक मण्डी समिति का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** डॉ0 दिनेश चंद ने अकबरपुर मण्डी समिति व झींझक मण्डी समिति में संचालित खाद्य विभाग के धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने उपस्थित किसानों से खरीदारी की जानकारी ली तथा किसानों से कोई पैसा तो नहीं ले रहा है इस बाबत भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान 2 किसान बिना टोकन धान लेकर पहुंचने की जानकारी पर जिलाधिकारी ने टोकन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि धान खरीद के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और किसानों को अनावश्यक परेशान न किया जाए। किसानों को टोकेन समय से उपलब्ध कराये तथा किसानों के धान के खेत का सत्यापन लेखपाल व सम्बन्धित विभाग के द्वारा कराया जाये। कोविड.19 के गाइडलाइन का पालन किया जाये तथा सभी लोग मास्क लगाये व सोशल डिस्टेसिंग का पालन करे हाथ धाने के लिए साबुन रहे तथा किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न की जाये तथा किसानों को पैसा समय पर उपलब्ध कराया जाये।

### डीएम ने तहसील सिकन्दरा में सुनी समस्याएं

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस सिकन्दरा तहसील में आयोजित हुई। तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कोविड.19 के गाइडलाइन का पालन कराया गया सभी को मास्क लगाने के लिए प्रेरित किया गया तथा फरियादियों आदि को मास्क भी वितरित किये गये तथा सोशल डिस्टेसिंग का पालन कराया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्यायें सुनते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिस विभाग से सम्बन्धित शिकायत प्राप्त होती है उसका निस्तारण हर हाल में कराया ताये तथा समय पर शिकायत का निस्तारण हो तथा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये।

# करवा चौथ के लिए बाजार सजकर हैं तैयार, बस 'सजना' का इंतजार



**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**कहावत** है दुल्हन वही जो पिया मन भाए। अखंड सुहागन और पति के लंबी उम्र की प्रार्थना का अवसर प्रदान करने वाले करवाचौथ पर्व में सोलह श्रृंगार का विशेष स्थान है। जीवन साथी के प्रति अद्भुत प्रेम और समर्पण के इस पर्व में चार चाँद लगाने के लिए सुहागन पूरी तैयारी में हैं। जिससे बाजार गुलजार हैं। करवाचौथ के लिए शहर के बाजार पूरी तरह सज चुके हैं। त्योहारी सीजन को भुनाने के लिए बाजारों में कई तरह की तैयारियां की गई है। करवाचौथ के नजदीक आने से पहले ही बाजारों में रौनक है। सभी ने ग्राहकों को लुभाने के लिए नई-नई स्कीम बाजार में पेश की है। नये-नये आइटम मंगाये हैं। इसके साथ ही पैकेज की घोषणा भी की जा रही है। साड़ी, ज्वैलरी, ब्यूटी पार्लर, टेलर आदि सभी जगह भीड़ है। वही शृंगार के सामानों की भी पैकिग की जा रही है। बाजारों में चमक के साथ चहल-पहल बढ़ गई है।

### दर्जी भी हुए बिजी

**साड़ियों** की खरीददारी के साथ ही उसके लिए फिटिंग के कपड़े भी सिलवाने पड़ते हैं। जिसके चलते शहर के सभी टेलर इस समय बिजी है। उनके यहां भी बुकग चालू है। कसरेठ बाजार स्थित टेलर रामनिवास ने बताया कि साड़ी के साथ पहने जाने वाले फिटिंग के कपड़े सिलवाने के लिए इन दिनों मारामारी हो रही है। टेलरों के पास इतना काम है कि उन्हें फुर्सत तक नहीं है। दिन रात काम करके ग्राहकों की डिमांड पूरी की जा रही है।

### डिजायनर करवों से होगा इस बार करवाचौथ का पूजन

**करवाचौथ** पर बाजार में इस बार डिजायनर करवों की जमकर बिक्री हो रही है। बाजार में हाथ की कारीगरी से डिजायन किये हुए करवें उपलब्ध है। जिनकी खरीददारी कर महिलाओं के चेहरे पर उत्साह नजर आ रहा है। ये करवे सामान्य करवों से ज्यादा महंगे जरूर है, लेकिन सुंदरता के लिहाज से ये सभी को अपनी तरफ आकर्षित कर रहे हैं। करवा विक्रेता नरेंद्र कुमार ने बताया कि इन करवों को खासतौर से डिजायन किया गया है ताकि महिलाएं पूजन करते समय करवों की ओर आकर्षित रहें और पूरे ध्यान के साथ पूजन कर सकें।

### गिफ्ट गैलरियों में भी बहार

**गिफ्ट** गैलरियों में भी इन दिनों पतियों और पत्नियों के लिए खास उपहार मंगाये गए हैं। पिछले कुछ सालों से करवाचौथ पर पति पत्नियों में एक दूसरे को उपहार देने का चलन बढ़ा है। इसी को ध्यान में रखते हुए टेडी बीयर, रिस्ट वाच, आर्टिफिशियल ज्वैलरी व अन्य आकर्षक उपहार मंगाये गए हैं। गिफ्ट गैलरी संचालक संजय ने बताया कि करवाचौथ पर गिफ्टों की अच्छी खासी बिक्री होती है। प्रत्येक व्यक्ति की अलग अलग पसंद होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए गिफ्ट मंगाये गए हैं।

### खूब बिकीं जलेबी और इमरती

**करवाचौथ** पर्व पर उपवास से पहले महिलाएं जलेबी अथवा इमरती का का सेवन करती हैं। इसे स्थानीय बोलचाल में सरगई खाना कहा जाता है। यह भी त्योहार की परंपरा का हिस्सा बन चुका है। सरगई खाने के बाद फिर अन्न, जल त्याग दिया जाता है। इसके बाद महिलाएं करवाचौथ पूजन और फिर चंद्र दर्शन के उपरांत ही सबसे पहले पानी पीकर अपने व्रत का पारायण करती हैं। ऐसे में शहर के बाजार में दोपहर बाद से ही मिठाई की दुकानों पर जलेबी और इमरती बनना शुरू हो गईं। मिठाई की दुकानों के अलावा अनेक लोगों ने अस्थाई तौर पर स्टाल लगाकर जलेबी व इमरती की बिक्री की। शाम के समय इन दुकानों पर ग्राहक उमड़ने लगे। देर शाम तक इन दोनों की जमकर बिक्री हुई। शहर के बढ़पुर स्थित अनोखे लाल मिष्ठान भंडार के संचालक राजेश गुप्ता नें बताया की करवाचौथ के लिए उन्होंने विशेष इमरती, गुलाब जामुन और छेना तैयार किया है।

# तीन तहसीलों में 267 शिकायतें, 35 शिकायतों का निस्तारण

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**सम्पूर्ण** समाधान दिवस (तहसील दिवस) फरियादियों के लिए केबल तसल्ली दिवस बना हुआ है। जबकि यूपी सरकार नें इस फरियादी की समस्या के तत्काल निस्तारण के लिए शुरू किया था। लेकिन तहसील दिबस में आने वाले फरियादियों को केबल कार्यवाही का भरोसा देकर चलता किया जा रहा है। अमृतपुर तहसील में एक भी फरियादी को न्याय का मुंह देखने को नही मिला। जो शासकीय व्यवस्था के प्रति फरियादी के विश्वास को कम कर रहा है।

### कायमगंज में 142 शिकायतों में 28 का निस्तारण

**जिलाधिकारी** मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में एल वाई डिग्री कॉलेज तहसील कायमगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। जिसमे सर्वाधिक ब्लॉक नवाबगंज से विवादित चकरोड की अधिक शिकायतें पंहुची। डीएम नें एसडीएम कायमगंज सुनील कुमार आदि को निर्देश दिये कि चकरोड के मामलों को प्राथमिकता के अनुसार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो। बीडीओ चकरोड की पैमाइश होने के पश्चात तत्काल मनरेगा से मिट्टी डलवायें। तहसील दिवस में कुल 142 फरियादी शिकायतें लेकर पंहुचे और जिसमे से 28 का सम्पूर्ण समाधान हो सका।

बाकी को एक सप्ताह के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश जिलाधिकारी नें दिये। ब्लॉक नवाबगंज से विवादित चकरोड के अधिक प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने ैक्ड कायमगण्ंज व् नवाबगंज को चकरोड के मामलों को प्राथमिकता के अनुसार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के दिए निर्देश। ठक्ď चकरोड की पैमाइश होने के पश्चात तत्काल मनरेगा से मिट्टी डलवाना सुनिश्चित करे। एसपी डॉ0 अनिल कुमार मिश्रा, सीएमओ डॉ0 वन्दना सिंह, सीओ कायमगंज राजवीर आदि रहे।

### तहसील सदर में 72 में केवल 7 का सम्पूर्ण समाधान

**तहसील** सदर में आयोजित हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादी कम पंहुचे। सीडीओ डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया नें समस्याओं को सुना। जिसमे कुल 72 फरियादी न्याय की आस लेकर पंहुचे लेकिन उनकी उम्मीद के दिये में न्याय की रोशनी केबल 7 को ही मिली।

### अमृतपुर में एक भी फरियादी नही देख सका न्याय का मुंह

**एसडीएम** अमृतपुर बिजेंद्र कुमार व एएसपी अजय प्रताप ने फरियादी की समस्याओं सुना। जिसमे अबैध कब्जे की अधिक शिकायतें पंहुची। कुल 53 शिकायतों में एक भी फरियादी को न्याय नही मिल सका। केबल जल्द कार्यवाही का भरोसा दिया गया

### भाजपा नेता का निधन


**कायमगंज फर्रुखाबाद ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा कायमगंज क्षेत्र के प्रमुख चिकित्सक रहे डॉक्टर बीडी शर्मा का उपचार के दौरान लखनऊ में निधन हो गया। डॉ शर्मा पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे । अस्वस्थता के चलते उचित उपचार के लिए लखनऊ ले जाए गए थे । जहां उन्होंने जीवन की अंतिम सांस ली । उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

## तीन वाहन चोर गिरफ्तार, नौ बाइकें बरामद

**इटावा( सं. )।** भरथना पुलिस ने अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के 3 सदस्यो को चोरी की 9 मोटरसाइकिल व दो 315 बोर देशी तमंचाएएक चाकू 5 जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार करने करने का दावा किया है। जिसमे दुरबीन पुत्र हरनाम निवासी ग्राम डाडीएसंजीव पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम सुल्तानपुर एवराकटरा आरैय चन्दन पुत्र शिवराम सिंह निवासी ग्राम नियातपुर सौरिख कन्नौज को गिरफ्तार किया गया है। भरथना पुलिस ने दावा करते हुए बताया कि बीती रात कोतवाली पुलिस संदिग्ध व्यक्तिव वाहन चैकिंग के दौरान पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने बाहरपुरा नहर पुल पर पहुच कर सघनता से चैकिंग शुरू करदी की इसी बीच कुछ ही देर बाद 3 अलग.अलग मोटरसाइकिल आती हुयी दिखाई दी जिन्हे पुलिस टीम ने जैसे ही रोकने का प्रयास किया। तो मोटरसाइकिल सवारों ने पीछे मुडकर भागने का प्रयास शुरू कर दिया।

# श्मशान घाट में डीएम ने लगाई झाड़ू, दिया स्वच्छता का संदेश

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**सोता** बहादुरपुर ग्राम पंचायत के समीप स्थित पांचाल घाट के तटीय छेत्र में जिलाधिकारी महोदय के सानिध्य में श्रमदान कार्यक्रम के अंतर्गत मास्क पहनकर कर विशेष सफाई अभियान एवं प्लास्टिक कलेक्शन अभियान चलाया गया जिसमें जनपद स्तरीय अधिकारियों ने 1 घंटे तक अपना पसीना बहा कर झाड़ू एवं फ़ावडो से सफाई कार्य तथा प्लास्टिक कलेक्शन का कार्य किया एवं जनपद वासियों को स्वच्छता एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने का संदेश दिया। इस अवसर कोविड.19 के अंतर्गत 2 गज की दूरी मास्क है जरूरी का संदेश देते हुए जिलाधिकारी ने सभी को अपने व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ अपने आसपास स्वयं साफ सफाई बनाए रखने की अपील की। प्रत्येक सप्ताह इस प्रकार के अभियान को चलाए रखने की अपील की । ग्राम पंचायत सोता बहादुरपुर में ग्राम वासियों को सचेत किया गया कि अगर उनके द्वारा गंगा में गंदगी फेंकी जाती है या गंगा की ओर गंदगी का प्रवहां किया जाता है तो उन सभी पर वैधानिक कार्यवाही भी ग्राम पंचायत द्वारा की जाएगी ।

श्मशान घाट स्थल पर बाल विसर्जन कुंड एवं कपड़े विसर्जन कुंड आदि का निर्माण भी परियोजना अधिकारी डूडा के माध्यम से कराया जाना प्रस्तावित है । अभियान में जिलाधिकारी के साथ अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे । जिसमे मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी,उप जिलाधिकारी सदर ,जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी ,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, खंड शिक्षा अधिकारी बिगीस गोयल ,ग्राम प्रधान सोता बहादुरपुर ग्राम सचिव सुधीर आदि मौजूद रहे।

# पुरानी रंजिश के चलते पूर्व प्रधान व उसके पुत्र की गोली मारकर हत्या

संवाददाता। राठ(हमीरपुर)

**कोतवाली** के ददरी गांव में पुरानी रंजिश के चलते पूर्व प्रधान व उसके पुत्र को गोलियों से भून उनकी हत्या कर दी। जबकि मृतक पूर्व प्रधान का सबसे छोटा पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे झांसी रिफर कर दिया गया है। दिन दहाड़े हुये डबल मर्डर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

ददरी गांव निवासी पूर्व प्रधान पृथ्वीराज यादव व उसके पुत्र जीतेंद्र और धीरेंद्र यादव पर मंगलवार की शाम गांव के कुछ लोगों घेर कर ताबड़तोड गोलिया चलाकर पूर्व प्रधान व उसके पुत्र जीतेंद्र को मौत के घाट उतार दिया। जबकि छोटा पुत्र धीरेंद्र यादव गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घर के बाहर और सड़क पर खून से लतपथ पड़े शवों को देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों शवों और घायल युवक को उपचार के लिये 108 एंबुलेंस से सीएचसी राठ पहुंचाया। जहां घायल धीरेंद्र की गंभीर हालत होने पर चिकित्सक ने झांसी रिफर कर दिया। घटना के पीछे पुरानी रंजिश बतायी जाती है। वहीं घायल धीरेंद्र यादव ने सीएचसी में इलाज के दौरान बताया कि शाम को वह अपने पिता पृथ्वीराज यादव, बड़े भाई जीतेंद्र के साथ वापस घर लौट रहा था। तभी गांव के कपिल संजय रामसेवक व दो अन्य लोगों ने अवैध असलहों से गोली चला दी। सूचना मिलने पर जरिया, मझगवा चिकासी जलालपुर व राठ का भारी फोर्स मौके पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था संभाल ली है घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गये। घटना की सूचना पर पहुंचे एएसपी संतोष कुमार सिंह ने परिजनों से वार्ता कर स्थिति जायजा लिया। पूर्व प्रधान व उसके पुत्र की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## विचित्र बुखार के चलते एक महिला की मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिजनौडा में एक विचित्र बुखार के चलते एक महिला की मौत हो गई उसका अंतिम संस्कार किया पूरे गांव में मातम का माहौल है। कोतवाली क्षेत्र के सिजनौडा गांव में घनश्याम यादव की पत्नी वंदना (32) की विचित्र बुखार के चलते कल दोपहर बाद मौत हो गई घनश्याम राठ में रहकर एक प्राइवेट शिक्षक पद पर कार्य कर रहा था। उसकी पत्नी को दो दिन पूर्व बुखार का एहसास होने पर सामु. स्वास्थ्य केंद्र राठ में प्राथमिक उपचार कराया उपचार के बाद डॉक्टरों ने झांसी के लिए रेफर कर दिया झांसी ले जाते समय मऊरानीपुर के पास महिला ने दम तोड़ दिया।

# दो मौरंग खदानों की ओटीपी पर लगाई रोक, पोकलैंड सीज



**हमीरपुर।** डीएम डॉ. ज्ञानेश्वर त्रिपाठी व एसपी नरेंद्र कुमार सिंह ने सरीला क्षेत्र में बेतवा नदी किनारे भेड़ी खरका गांव स्थित मौरंग खदान संख्या 13-23, 07-23, 14-23 व 23-23 का निरीक्षण किया साथ ही कार्रवाई को संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण दौरान उन्होंने खंड संख्या 13-23 के संचालकों द्वारा अपने खनन क्षेत्र से बाहर खंड संख्या 12҆23 में नदी की जलधारा में पोकलैंड लगाकर खनन किया जाना पाया। जिस पर खंड संख्या 13/23 की ओटीपी बंद करने व खनन कर रही पोकलैंड का सीज करने के साथ सर्वेक्षण कर भारी जुर्माना लगाने व अन्य विधिक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। वहीं खंड संख्या 23-23 में भी मानक से अधिक खनन करने पर ओटीपी बंद करने की कार्रवाई की गई है। वही तीनों खंडों 13-23, 14-23 व 23-23 द्वारा खनन स्थल पर 360 डिग्री कैमरा स्थापित न कराए जाने पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में अवैध रूप से खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध खनन करने वालों पर भारी जुर्माना लगाने के साथ ही एफआइआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ओवरलोड वाहनों पर भी लगातार प्रवर्तनीय कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर खनिज अधिकारी केके राय, एसडीएम सरीला जुबेर बेग मौजूद रहे।

## फरियादियों को न्याय दिलानें का कार्य करें जिम्मेदारः एसपी

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** पुलिस अधीक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक के साथ कोतवाली का स्थलीय निरीक्षण किया। कोतवाली की व्यवस्थाओं से पुलिस अधीक्षक संतुष्ट दिखाई दिए। इस दौरान कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाने, फरियादियों को न्याय दिलाने तथा लंबित मामलों का जल्द से जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिये।

मंगलवार को स्थानीय कोतवाली पहुंचे पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद व अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने मालखाना, कार्यालय, मेस, आरक्षी बैरक में साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मियों को अपने-अपने क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतने सहित संभ्रांत जनों से संपर्क बनाएं रखने के निर्देश दिए। जिससे आसपास हो रहे अपराधों की समय से जानकारी मिल सके और उनपर अंकुश लगाया जा सके।

## क्विक न्यूज

### कोरोना के दस लोग और पॉजिटिव पाये गये

**हमीरपुर।** आज जिले में कोरोना पाजटिव दस लोग पाये गये जिसमें छह लोग सरीला क्षेत्र के बताये जाते है। सरीला क्षेत्र में मंगलवार को पांच महिलाओं सहित आधा दर्जन लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। इसकी जानकारी देते हुए चिकित्सा अधिकारी आरपी वर्मा ने बताया कि क्षेत्र में छै लोगों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। आज सिर्फएक मरीज की छुट्टी की गयी है। पुरैनी, परछा में खेड़ा शिलाजीत में महिलाओ की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।जबकि जरिया में 27 वर्षीय युवक की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। संक्रमितों के एरिया को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है।संक्रमितों को इलाज के लिए कोबिड हास्पिटल सुमेरपुर भेजा गया है। इसी प्रकार सुमेरपुर व मौदहा क्षेत्र में चार लोग कोरोना पाजटिव पाये गये है। इस प्रकार एक्टिव मरीजों की संख्या 61 हो गयी है। अब तक 19 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

### जहरीली शराब पीने से अधेड़ की मृत्यु

**सरीला (हमीरपुर)।** जरिया थाना क्षेत्र के छिबौली व मगरौल गांव के बीच कबूतरा डेरा के पास चालीस वर्षीय अधेड़ का शव बरामद हुआ है। परिजनों का आरोप है कि उसकी मौत जहरीली शराब पीने से हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। छिबौली गांव निवासी करन सिंह (40) आज दोपहर में पत्नी उमा से शराब पीने के लिए रुपया लेकर घर से निकला था। देर शाम परिजनों को सूचना मिली कि छिबौली व मंगरौल गांव के बीच तालाब किनारे करन सिंह का शव पड़ा है। मृतक के पिता ने बताया कि उसके बेटे करन की मौत कबूतरा डेरा से खरीदी गई जहरीली शराब पीने से हुई है। या उसकी हत्या करके शव फेंका गया है गांव वालों ने बताया कि कबूतरा डेरा में अवैध शराब की बिक्री कई सालों से हो रही है। यहां पर जहरीली शराब की खुलेआम बिक्री की जाती है कई लोगों की मौत हो चुकी है मगर आबकारी विभाग ने आज तक कोई कार्यवाही नही की है जिससे कई परिवार उजड़ते जा रहे है अब तक जहरीली शराब से चार लोगों की मृत्यु हो चुकी है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

### तीन ने खाया जहर, एक रिफर

**राठ(हमीरपुर)।** क्षेत्र के पथखुरी गांव निवासी अंशू पुत्र प्रमोद कुमार ने मंगलवार की सुबह पारिवारिक टेंशन के चलते सल्फास की गोलियां खा ली। युवक की हालत बिगड़ती देख परिजन सीएचसी ले गये। युवक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उरई रिफर कर दिया।

### पास्को एक्ट के तहत जेल भेजा

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के लल्ली डेरा निवासी महिला की तहरीर पर नाबालिग आठ वर्षीय पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में गोकुल डेरा गांव निवासी किसान पुत्र हरिया के खिलाफछेड़खानी सहित पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है वहीं आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### बोर्ड परीक्षा फार्म में छात्रा की फोटो की जगह दूसरी की फोटो

**कुरारा (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के सिवनी गांव निवासी ग्रामीणों ने बालिका विद्यालय के स्टाफद्वारा हाई स्कूल बोर्ड फॉर्म में छात्रा की फोटो के स्थान पर दूसरी छात्रा की फोटो चस्पा किए जाने की शिकायत जिला विद्यालय निरीक्षक से की है। गांव के कृष्ण कांत चतुर्वेदी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को बताया कि मेरी पुत्री साक्षी कस्बा के रामनारायण बड़ा बेस बालिका इंटर कॉलेज में कक्षा 10 में पढ़ती है वही विद्यालय स्टाफद्वारा भरे गए हाई स्कूल बोर्ड फॉर्म में छात्रा की फोटो के स्थान पर दूसरी छात्रा की फोटो चस्पा कर दी गई है इसके पूर्व भी कक्षा 9 में गड़बड़ी की गई थी जिसकी जानकारी होने पर जब विद्यालय जाकर प्रधानाचार्य लिपिक से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इसका समाधान कराया जाएगा लेकिन अभी तक इसको ठीक नहीं किया गया है कृष्ण कांत ने बताया कि विद्यालय स्टाफद्वारा इसकी शिकायत करने पर संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जाता है इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा बोर्ड परीक्षा में परेशानी हो सकती है पीड़ित ने जिला विद्यालय निरीक्षक से मांग की है कि इस प्रकरण की जांच कराकर बोर्ड फॉर्म को ठीक कराया जाए।

### दर्जनों महिलाओं ने मटका लेकर काटा हंगामा

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे के पठानपुरा मोहल्ले में पेयजल की समस्या को लेकर दर्जनों महिलाओं ने तहसील परिसर में हाथों में मटका लेकर विरोध प्रदर्शन कर जमकर हंगामा काटा। मोहल्ला निवासी किरन गुप्ता, माधुरी, विमला राजपूत, सुधा सोनी, मीरा, भारती सोनी, चंदी राजपूत, चंद्रकली सहित दर्जनों महिलाओं ने बताया कि मोहल्ले में एक माह से पेयजल की समस्या है। एक हफ्ते में एक बार पर पानी आ जाता है। मोहल्ले में लगे सारे हैंडपंप खराब पड़े हुये है। उच्चाधिकारियों को कई बार शिकायत की लेकिन कोई समस्या का समाधान नहीं हुआ। मोहल्ले के लोग बूंद-बूंद पानी के लिये तरस रहे है। दूर दराज से पानी लेकर आना पड़ रहा है। अधिकारी आश्वासन देते है। लेकिन कोई समस्या समाधान नहीं होता है। मंगलवार को संपूर्ण समाधान दिवस में दर्जनों महिलाओं ने हाथों में मटका लेकर विरोध प्रदर्शन कर जमकर हंगामा काटा। हंगामा कटता देख मौके पर पहुंचे एसडीएम व तहसीलदार ने जल्द पेयजल की समस्या को दूर करने का आश्वासन देकर महिलाओं को शांत कराया।

### लाठी मार वृद्ध का तोड़ा हाथ

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के अमगांव निवासी भगवानदास पुत्र ख्यालीराम ने बताया कि सोमवार की रात करीब 9 बजे वह गांव में बने मंदिर परिसर में लेटा हुआ था। उसी दौरान गांव का राजबहादुर पुत्र रामचरन आया और गाली गलौज करने लगा। जब उसने गाली देने का विरोध किया तो उसने लाठी मार उसका हाथ तोड़ दिया। पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण के लिये सीएचसी भेज दिया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भाकियू ने दूसरे दिन भी किया धरना प्रदर्शन

**चित्रकूट।** भाकियू के प्रदेशव्यापी आन्दोलन के तहत भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह पटेल की अगुवाई में पांच सूत्रीय मांगों को लेकर बेमियादी धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। मंगलवार को सदर तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने कहा की किसान की हालत बद से बदतर हो चुकी है। सरकार दोगुनी आय का दावा ठोकती है। सत्ता में बैठे जनप्रतिनिधि कभी किसानों के हित को कोई कार्य नहीं कर रहे। सरकार किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती तो सरकार में रहने का कोई हक नहीं। मंडल सचिव रामकरण सिंह ने कहा कि यह सरकार किसान विरोधी सरकार है। तीन अध्यादेश से किसानों को कर्ज से लादकर किसानों का हक मार रही है। किसानों का चौतरफा शोषण हो रहा है। तहसील अध्यक्ष शिवदयाल सिंह बघेल ने बताया कि जिला प्रशासन किसानों का हर प्रकार का धान नहीं खरीद रहा है। डिप्टी आरएमओ संजय श्रीवास्तव गोलमोल जवाब दे रहे हैं। देवेन्द्र सिंह ने जिला प्रशासन से मांग की है कि धान खरीद केंद्रों में किसानों के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की जाए। किसानों को रजिस्ट्रेशन के नाम पर गुमराह कर दौड़ाया जा रहा है। अनपढ़ किसानों को कागज ने नाम पर किसानों का शोषण किया जा रहा है।

## सफाई कर्मियों समेत जिम्मेदारों से गाली गलौज करता प्रधान

**चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक मुख्यालय के प्रधान की मनमानी खूब देखने को मिल रही है। सफाई कर्मियों समेत जिम्मेदार अधिकारियों को गाली-गलौज करते प्रधान नजर आते हैं। रामनगर में तैनात सफाई कर्मी रामबाबू ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी के आगमन को लेकर लालापुर में ड्यूटी लगी होने से तीन दिन तक सफाई कार्य जारी रहा। इससे गांव में सफाई न होने पर प्रधान राजकरन पहलवान ने सफाई कर्मियों समेत जिम्मेदार अधिकारियों को गाली-गलौज की। सफाई कर्मियों से लेकर एडीओ पंचायत तक को गाली दी गई। प्रधान की ये हरकत पहली बार नहीं है। पहले भी कई बार सफाई कर्मियों समेत जिम्मेदार अधिकारियों के साथ गाली-गलौज की गई है। सफाई कर्मी रामबाबू ने बताया कि इस मामले को खण्ड विकास अधिकारी को बताने पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। लापरवाह प्रधान के खिलाफ जिला प्रशासन कब शिकंजा कसेगा।

# डीएम ने सिंचाई विभाग के एक्शियन का वेतन रोका शिकायतें लंबित होने पर जतायी नाराजगी

- नगर पंचायत के सभासदों ने बतायी अपनी पीड़ा, 61 में 13 शिकायतों का निस्तारण

**हमीरपुर।** आज डीएम डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सरीला में संपन्न हुआ। कुल 61 शिकायतें प्राप्त हुई , जिसमें से 13 शिकायतों का मौके पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया गया। एक माह से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बाद भी जन शिकायतो का निस्तारण न करने तथा उसे अनावश्यक रूप से लंबित रखने पर डीएम ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के साथ ही वेतन रोकने के निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह में कर दिया जाए यदि किसी कारणवश एक सप्ताह में निस्तारण न हो पाए तो उसकी अंतरिम आख्या अवश्य प्रस्तुत कर दी जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है अतः सभी अधिकारियों द्वारा शासन की मंशानुरूप कार्य किया जाए। कहा कि शिकायतों का ग्राउंड लेवल पर निस्तारण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाय । उन्होंने कहा कि जिस स्तर की शिकायत है उसका उसी स्तर पर निस्तारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक प्राप्त होने वाली शिकायतों पर सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायत की प्रकृति को देखते हुए टिप्पणी व अपना अभिमत अंकित करते हुए शिकायतकर्ता को निस्तारण की समय अवधि सहित अन्य जरूरी बातों के बारे में बताया जाए ताकि शिकायतकर्ता को तत्काल शिकायत के निस्तारण में लगने वाले समय व उसकी समस्या के समाधान संबंधी आवश्यक जानकारी तत्काल मिल सके। नगर पंचायत के सभासद जमील खां, उषा रानी, अंजू, खूबचंद, चंद्रशेखर, सिद्ध गोपाल, महेंद्र पाल नरेंद्र कुमार, कैलाश रानी ने जिलाधिकारी को बताया कि नगर पंचायत के भ्रष्टाचार व मनमानी की शिकायतें उनके द्वारा उच्चाधिकारियों से की गई है। उसके संबंध में अध्यक्ष द्वारा मीटिंग के बहाने नगर पंचायत बुलाकर धमकी दी जा रही हैं। तथा झूठे मुकदमों में फसाने की बात भी कही जाती है। वार्ड नंबर 7 के धर्मेंद्र, बृजेंद्र, अनिल, मोती, बाबूलाल सहित एक दर्जन से अधिक लोगों ने जिलाधिकारी को बताया की सामान्य आबादी की आरक्षित जमीन पर साप्ताहिक बाजार लगती हैं। बही से हम लोगों के मकानों का आम रास्ता है।

# एक से 15 नवम्बर तक मिशन शक्ति अभियान चलाएं



तहसील दिवस में समस्यायें निपटाते डीएम-एसपी आदि।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल की मौजूदगी में सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील मानिकपुर में हुआ। एसडीएम मानिकपुर से डीएम ने कहा कि राजस्व व पुलिस विभाग को मौके पर भेजकर भूमि संबंधी मामलों को अभियान चलाकर निस्तारित करायें। मंगलवार को डीएम ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि एक सप्ताह में शासन की मंशानुरुप गुणवत्तायुक्त समस्याओं का निस्तारण करायें। दो अधिकारियों की टीम बनाकर ग्राम पंचायतों में गौशाला संचालन, प्रधानमंत्री आवास, सामुदायिक शौचालय, मनरेगा के कार्य, पोषण मिशन आदि विकास कार्यों का निरीक्षण कर आख्या दें। खण्ड विकास अधिकारी मानिकपुर को निर्देश दिये कि गांवों के सचिवों को निर्देश देगी। गांवों में मौजूद रहकर विभिन्न विकास कार्यों को करायें। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि शासन से निर्देश मिले हैं कि मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन पर एक से 15 नवम्बर तक अभियान चलाकर जागरूकता फैलायें। संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# कालीघाटी के पार्क का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**चित्रकूट।** डीएम शेषमणि पाण्डेय व सीडीओ तथा पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने धान क्रय केन्द्र मानिकपुर का औचक निरीक्षण कर डिप्टी आरएमओ संजय श्रीवास्तव को निर्देश दिये कि सभी धान क्रय केन्द्रों में बोरों की व्यवस्था, साफ-सफाई, पानी, बैठने की व्यवस्था, पंडाल, तौल मशीन, छन्ना आदि दुरुस्त रखें। आठ किसानों का नम्बर लगने के बाद कोई भी किसान धान बेंचने नहीं आया। डीएम ने धान क्रय केन्द्र के निरीक्षण के बाद काली घाटी सरैंया में निर्माणाधीन पार्क के सुंदरीकरण में पराग मिल्क, काफी हाउस, सामु. शौचालय, तालाब, पार्क, सेल्फी प्वाइंट, पथ मार्ग, प्लांटेशन, बैठने की व्यवस्था, योगा स्थल आदि कार्यों को देखा। प्रधान व सचिव को निर्देश दिये कि कार्यों में तेजी लाकर पर्यटन अधिकारी से सम्पर्क कर पर्यटन को बढावा देने की योजना बना लें।



गौशाला देखते डीएम-एसपी आदि।

सरैंया गौशाला के निरीक्षण में प्रधान ने बताया कि 225 गौवंश संरक्षित हैं। चरही, भूसा, शेड का निर्माण हो चुका है। प्रधान को निर्देश दिये कि गौशाला में समतलीकरण कराकर भूसा घर का तत्काल निर्माण कराकर भूसा रखवायें। डीडीओ मानिकपुर को निर्देश दिये कि प्रधान व सचिव सरैंया को कारण बताओ नोटिस जारी रहेगी। एक सप्ताह में सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित न हों तो एसडीएम निरीक्षण कर उन्हें बतायें। अगरहुण्डा में संचालित गौशाला तथा निर्माणाधीन गौशाला का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था आरईएस को निर्देश दिये कि कार्यों में तेजी लाकर गुणवत्तापूर्ण कार्य करायें। जल जीवन मिशन के तहत वाटर सप्लाई व्यवस्था के निर्माण कार्य को भी देखा। एसडीएम मानिकपुर संगमलाल, एक्सईएन लोनिवि अरविन्द कुमार, बीडीओ मानिकपुर सुनील सिंह समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# गौवंशों के चारे-पानी को क्रमिक अनशन में बैठे समाजसेवी

संवाददाता। चित्रकूट

**रामनगर** ब्लाक के पराको की गौशाला में बंद गौवंशों को चारे पानी की व्यवस्था न होने से ग्रामीणों में खासा रोष फैल रहा है। गौवंशों के चारापानी को समाजसेवी कुलदीप मिश्रा ने क्रमिक अनशन चालू कर दिया है। प्रधान प्रतिनिधि भगवानदास ने कहा कि गौवंशों के चारा-भूसा को सभी इंतजाम किए गए थे। सौ कुंटल भूसा खत्म होने से अब चारेपानी की कोई व्यवस्था नहीं है। शासन चारेपानी का भुगतान मुश्किलों से कर रहा है।

मंगलवार को क्रमिक अनशन तोड़वाने गए बीडीओ रामनगर आसाराम सिंह ने समाजसेवी कुलदीप मिश्रा से कहा कि गांव में गौवंशों के चारेपानी को एक महीने का पैसा आया है। प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि कई महीने का पैसा शेष होने पर एक माह का पैसा देकर प्रशासन ने कोरम पूरा किया है। प्रधानों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। गौवंशों को चराने वाले चरवाहों का पैसा अभी तक नहीं मिला है। खंड विकास अधिकारी ने प्रधान प्रतिनिधि व समाजसेवी से कहा कि जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी से मिलकर गौवंशों के चारा-पानी के इंतजाम की बात रखें।

समाजसेवी कुलदीप मिश्रा ने बताया कि शासन ने गौवंशों के खाने-पीने का इंतजाम नहीं किया तो क्रमिक अनशन आमरण अनशन में बदल जाएगा। ये तब तक जारी रहेगा, जब तक समस्याओं का निदान नहीं हो जाता। योगी सरकार की महत्वकांक्षी योजना में गौवंश संरक्षण सही ढंग से नहीं हो पा रहा है। बेजुबान भूख से जान दे रहे हैं।

## कोरोना टीकाकरण को बन रही सूचीः सीएमओ

**चित्रकूट।** कोरोना से बचाव को टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सूची बनानी शुरू कर दी हैं। वैक्सीन आने के बाद सबसे पहले सरकारी व निजी अस्पतालों में कार्यरत तकनीकी एवं गैर तकनीकी स्वास्थ्य कर्मियों और आमजन के बचाव में लगे लोगों को लगाई जायेगी। मंगलवार को सीएमओ डॉ विनोद कुमार यादव ने बताया कि शासन ने टीकाकरण की तैयारियां शुरु कर दी हैं। सबसे पहले सरकारी और निजी अस्पतालों में कार्यरत लोगों की सूची बनाकर वैक्सीन लगाई जायेगी। कोरोना संक्रमण की सबसे ज्यादा सम्भावना स्वास्थ्य कर्मियों को रहती है। जिला सर्विलांस अधिकारी/कोरोना के नोडल अधिकारी डॉ विमलेश कुमार ने बताया कि जिला अस्पताल के सीएमएस सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों के साथ निजी अस्पतालों के संचालकों से कहा है कि सूची बनाकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में जल्द जमा कर दें, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।

# बाइक सवार लुटेरों ने सेवानिवृत्त सैनिक से लूटे हजारों रुपए

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** बैंक से रुपए निकालकर सेवानिवृत्त सैनिक अपनी पत्नी के साथ ई-रिक्शा से अपने गांव गौरियापुर की ओर जा रहा था। तभी रास्ते में बाइक सवार लुटेरों ने रुपयों से भरा झोला छीन लिया और भाग गए। पीड़ित की सूचना पर एसपी व एएसपी सहित कोतवाल ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से पूछताछ की। मंगलवार को नगर के तिर्वा रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा से क्षेत्र के ग्राम गौरियापुर निवासी सेवानिवृत्त सैनिक रामऔतार अग्निहोत्री ने अपनी पत्नी के साथ 49 हजार रूपये निकाले। जिसके बाद दंपति ई-रिक्शा से अपने गांव की ओर जा रहा थे। जैसे ही ई-रिक्शा तिर्वा रोड, गौरियापुर संपर्क मार्ग पर पहुंचा। तभी पीछे से आए बाइक सवार लुटेरों ने उसका रूपयों से भरा थैला छीन लिया और कोतवाली पुलिस को चुनौती देकर फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने मौके पर पहुंचकर लोगों से पूछताछ की। उन्होंनें कोतवाल को जांच कर घटना के जल्द खुलासे के निर्देश दिए। इस दौरान सबसे दिलचस्प बात यह रही कि घटनास्थल से चंद कदमों की दूरी पर कोतवाली पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। कोतवाली पुलिस द्वारा लुटेरों की तलाश में काफी खोजबीन की गई। लेकिन लुटेरे पुलिस के हाथ नहीं लग सके। समाचार लिखे जाने तक घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज नहीं हो सका था।

## दबंगों ने बच्चों के विवाद में मां-बच्चों को पीटा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी चुन्नी बेगम पत्नी नौशाद द्वारा दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीते दिन वह घर के बाहर बैठी थी। उसी समय मोहल्ले के ही राजा, जानू, अमन, साहिल आए और बच्चों के विवाद को लेकर अभद्रता करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आए उसके बच्चों को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## 65 वाहनों का चालान कर 63 हजार रुपये का किया जुर्माना

**चित्रकूट।** यातायात माह नवम्बर के परिप्रेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर यातायात प्रभारी घनश्याम पाण्डेय व यातायात सह प्रभारी योगेश कुमार यादव ने यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने को जांच कर 65 वाहनों का 63 हजार रुपये का ई-पेन्डिंग चालान किया। मंगलवार को यातायात प्रभारी घनश्याम पाण्डेय व सह प्रभारी योगेश कुमार यादव ने ट्राफिक चौराहा, मंडी गेट, लोढवारा मोड में वाहनों की जांच की। जांच दौरान तीन सवारी, बिना मास्क, बिना हेलमेट, ओवर स्पीड व बिना सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने वाले वाहनों के यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 65 वाहनों का चालान किया। उन्होंने कोरोना गाइडलाइन का उल्लंघन करने वाले बीस लोगों से 35 सौ रुपये जुर्माना वसूला। इस दौरान वाहन चालकों को पम्पलेट के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। वाहन चालकों से यातायात नियमों के पालन की अपील की।

# दो बदमाशों को लूट में हुई पांच-पांच साल की सजा

**चित्रकूट।** यातायात माह में पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने रात में बस स्टैण्ड में यातायात पुलिस व कोतवाली कर्वी पुलिस से वाहनों की जांच करवाई। जांच में तीन सवारी, बिना मास्क, बिना हेलमेट, ओवर स्पीड व बिना सीट बेल्ट के जांच करवाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का चालान करवाया।

सोमवार की रात पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सीओ सिटी रजनीश कुमार यादव, कोतवाल अरुण कुमार पाठक, यातायात प्रभारी घनश्याम पाण्डेय व योगेश कुमार यादव, पीआरओ एसपी वीरेन्द्र त्रिपाठी ने वाहनों की जांचकर तमाम वाहनों का चालान कर लोगों को मास्क लगाकर चलने के प्रति जागरूक किया। इसी क्रम में सरैंया चौकी पुलिस प्रभारी ज्ञानेन्द्र कुमार की टीम ने राममूरत उर्फ छोटू पुत्र अत्रिमुनि निवासी अहिरनपुरवा मजरा हनुवा को एक तमंचा व दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

एसपी के निर्देश पर न्यायालयों में अपराधियों के खिलाफ लम्बित मुकदमों की सघन पैरवी कर रैपुरा थानाध्यक्ष सुशीलचन्द्र शर्मा व पैरोकार धनेश कुमार द्विवेदी ने विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित श्रीमती निहारिका चौहान की अदालत में गवाहों को समय से पेश कराकर डकैती एक्ट मामले में बबलू सिंह पुत्र भोला सिंह निवासी कोल गदहिया व अमित उर्फ राजू रैकवार पुत्र रामदीन निवासी मुसीवां थाना कमासिन जिला बांदा को पांच-पांच वर्ष की सजा व तीस-तीस हजार रुपये जुर्माने से दंडित कराया है। जुर्माना न देने पर छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। उल्लेखनीय है कि छह अगस्त 2016 की रात नौ बजे राजनारायण वर्मा पुत्र मोतीलाल निवासी भदेवरा थाना राजापुर से दोनों बदमाशों ने 28 हजार रुपये व मोबाइल फोन छीन लिया था। इस मामले में बबलू सिंह व अमित के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था।

# जल्द शुरू होगा राम जानकी मंडपम का संचालनः अर्चना पाण्डेय

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** राम जानकी मंडपम का भवन जर्जर होने के कारण विगत कई वर्षों से बंद चल रहा है। जिसके संचालन के लिए समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों सहित समाजसेवी संस्थाओं द्वारा अधिकारियों से मांग की जा रही थी। पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय व अधिकारियों ने नागरिकों की सुविधा के लिए जल्द ही राम जानकी मंडपम का संचालन किए जाने की बात कही। मंगलवार को नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित प्राचीन राम लला विराजमान मंदिर पनगवां ट्रस्ट द्वारा संचालित रामजानकी मंडपम विगत कई वर्षों से भवन जर्जर होने के कारण बंद चल रहा था। जिससे मध्यमवर्गीय परिवारों के समक्ष वैवाहिक कार्यक्रमों सहित अन्य कार्यक्रमों के लिए निजी गेस्ट हाउसों में मोटी रकम देकर कार्यक्रम संपन्न कराए जा रहे है। जनहित की समस्या को पूर्व में वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मयंक गुप्ता द्वारा सांसद सुब्रत पाठक, पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय सहित जिलाधिकारी के समक्ष उठाया गया था। समाज सेवी संस्था ग्रेटर गुरसहायगंज डेवलपमेंट एक्शन कमेटी के अध्यक्ष अधिवक्ता सचिन कुमार श्रीवास्तव ने भी अपर मुख्य सचिव से इसके संचालन की मांग की। जबकि नगर विकास समिति के अध्यक्ष हरिओम गुप्ता, संस्था देश की आवाज के अध्यक्ष रंजीत गुप्ता उर्फ टिल्ले, अखिल भारतीय व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शिवम राज वर्मा, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डा0 सुधीर दीक्षित द्वारा पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे से जनहित में राम जानकी मंडपम के संचालन की मांग उठाई गई थी। जिस पर पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पांडे की अध्यक्षता मे हुई ट्रस्ट की बैठक में निर्णय लिया गया कि क्षतिग्रस्त हाल को छोड़कर शेष को मांगलिक कार्यों के लिए संचालित कराया जाएगा। क्षतिग्रस्त हाल को जल्द से जल्द पीडब्ल्यूडी से सर्वे कराकर स्टीमेट तैयार कराया जाएगा। जिसके बाद भवन का निर्माण व जीर्णोद्धार का कार्य कराया जाएगा। इस खबर पर नागरिकों में हर्ष की लहर दौड गई।



नगर के मुख्य चौराहा स्थित राम मंदिर।

# राजस्व शिकायतों की भरमार

## ● 187 शिकायती प्रार्थना पत्रों में से मौके पर हुआ 11 का निपटारा

संवाददाता। सुलतानपुर



**जिलाधिकारी** रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को तहसील सदर जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कोविड-19 के प्रोटोकाल के अनुरूप टोकेन सिस्टम का प्रयोग कर एक-एक फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारियों से किये जाने का निर्देश दिया। डीएम ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाली जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ समयबद्ध ढंग गुणवत्तापूर्ण करते हुए तत्सम्बन्धी रिपोर्ट उप जिलाधिकारी को भेजवाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा भूमि विवाद, विद्युत, चकबन्दी, पुलिस, आपूर्ति, सिंचाई, कृषि, शौंचालय, आवास की मांग आदि के प्रकरण पर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौके पर निरीक्षण कर भूमि विवाद का निपटारा करायें एवं शौंचालय व आवास की मांग सहित विभिन्न समस्याओं का भी निस्तारण प्राथमिकता के साथ किये जायें। उन्होंने राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व विभाग के प्रकरणों को गम्भीरता से लेते हुए निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग के प्रार्थना पत्र का निस्तारण समयबद्ध ढंग से करना सुनिश्चत करें। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस सदर में डीएम के समक्ष कुल 187 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें सर्वाधिक राजस्व के 97, पुलिस के 25, विकास के 43, स्वास्थ्य विभाग के 02 तथा अन्य विभागों के 20 प्रार्थना पत्र मिले, जिसमें मौके पर जिलाधिकारी द्वारा 11 प्रार्थना पत्रों का सम्बन्धित अधिकारियों से निस्तारण कराया गया।

# चेयरमैन के पति पर गंभीर आरोप

**सुल्तानपुर।** नगर पालिका परिषद की चेयरमैन बबिता जयसवाल और उनके विवादित पति अजय जयसवाल की हरकतें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। संपूर्ण समाधान दिवस में जिला अधिकारी रवीश कुमार के सामने सभासद आधे दर्जन मोहल्ले वासियों को लेकर पहुंचे और शिकायती पत्र दिया। शिकायती पत्र में उन्होंने चेयरमैन पति अजय जयसवाल द्वारा अधिशासी अधिकारी के साथ मिलकर वार्ड संख्या 9 दरियापुर से अगस्त माह में सेवानिवृत्त हुए सफाई कर्मी के स्थान पर सफाई कर्मी नियुक्त नहीं करने वार्ड की सफाई व्यवस्था को ध्वस्त करने के लिए खराब हुई हाथ ठेलिया को नगर पालिका में जमा करा उसे वापस वार्ड में नहीं देने दोनों पारियों में नगरपालिका की ओर से दी गई मैजिक वाहन को बीते 22 तारीख से पालिका अध्यक्ष के पति अजय जयसवाल द्वारा द्वेष बस हटा लिए जाने का आरोप लगाया है। मोहल्ले वासियों के अनुसार वार्ड की सफाई व्यवस्था लचर हो रही है।

# देवरानी-जेठानी के विवाद में देवर की गई जान

## ● आरोपी महिला व पति पुलिस हिरासत में

संवाददाता। सुलतानपुर

**बरुआ गांव** में मंगलवार को धान ओसाने को लेकर आपस में झगड रहीं दो महिलाओं को समझाने में एक युवक की जान चली गई। गुत्थम-गुत्था देवरानी-जेठानी को अलग करने पहुंचे देवर पर भाभी ने कल्छुल से ताबडतोड प्रहार कर दिया, जिससे अस्पताल पहुंचने से ही उसकी मौत हो गई। वारदात के बाद पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया है।

गोमती नदी किनारे बरुआ जगदीशपुर गांव निवासी जयकरन के बेटे कमलेश व रमेश यादव के बीच मंगलवार को धान ओसाने को लेकर गांव से बाहर पाही पर विवाद हो गया था। लोगों के हस्तक्षेप से मौके पर विवाद शांत हुआ। दोनों घर पहुंचे। थोडी ही देर में देवरानी-जेठानी में झगड़ा शुरू हो गया। दोनों एक दूसरे को पीटने लगीं। हल्ला-गुहार पर पहुंचे कमलेश यादव मारपीट कर रही दोनों महिलाओं को छुड़ाने लगे। कमलेश की भाभी रंजना रसोई से लोहे की कल्छुल लेकर पहुंची और देवर के सिर पर ताबडतोड प्रहार कर दिया। हमले से कमलेश लहूलुहान होकर गिर पड़ा। नाजुक हालत में उसे जिला चिकित्सालय ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही कमलेश की मौत हो गयी। घटना की सूचना पर कोतवाली देहात पुलिस गांव पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के पिता जयकरन की तहरीर पर कोतवाली देहात पुलिस ने रंजना देवी व उनके पति रमेश यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

# अधिवक्ताओं ने जाम किया गोंडा-लखनऊ मार्ग

संवाददाता। करनैलगंज (गोंडा)

**तहसील** के अधिकारियों के विरुद्ध अधिवक्ताओं की चल रहे आंदोलन में मंगलवार को रोड जाम किया गया। करीब आधे घंटे तक गोंडा-लखनऊ मुख्य मार्ग पर वकीलों ने जाम लगाया। इसके साथ ही तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए तहसील के अधिकारियों का स्थानांतरण तत्काल करने की मांग करने के साथ तहसील में संपूर्ण तालाबंदी कराई।

मंगलवार को करनैलगंज तहसील के अधिवक्ता लामबंद होकर तहसील परिसर में प्रदर्शन व नारेबाजी करने लगे। उसके बाद अधिवक्ताओं का हुजूम तहसील के बाहर गोंडा लखनऊ मार्ग पहुंच गया। जहां लम्बी कतार बनाकर मार्ग को जाम कर नारेबाजी करने लगे। जिससे मार्ग के दोनों तरफ वाहनों का जमावड़ा लग गया। सूचना पाकर कोतवाल मनीष जाट भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये और समझा बुझाकर सड़क का आवागमन बहाल कराने का प्रयास करने लगे। मगर अधिवक्ता सीआरओ को मौके पर आकर वार्ता करने की मांग पर अड़े रहे। कुछ ही देर में एसडीएम ज्ञानचन्द गुप्ता भी आ गये उनके पहुंचते ही अधिवक्ता उत्तेजित होकर नारे बाजी करने लगे। काफी प्रयास के बाद ढाई बजे मुख्य राजस्व अधिकारी से वार्ता होने का आश्वासन देकर उन्होंने जाम हटवाकर मार्ग का आवागमन बहाल कराया। इस बीच करीब आधा घण्टा तक मार्ग का आवागमन बाधित रहा। इस मौके पर सूर्यकांत उर्फ वेद तिवारी, त्रिलोकीनाथ तिवारी, रामसुरेश तिवारी, हृदयनरायन मिश्र, श्यामधर शुक्ल, सुरेंद्र कुमार द्विवेदी, अरविंद कुमार शुक्ल सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# आग लगने से घर का सामान खाक

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे नउवन मजरे दीपेमऊ सोहवन गांव में अज्ञात कारणो से लगी आग की चपेट में आने से घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुची फायर ब्रिगेड की टीम ने कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जिससे और बडी घटना होने से बच गई। जानकारी के अनुसार पूरे नउवन गांव निवासी रामशंकर पुत्र सुंदरलाल के मकान में रखे छप्पर में अचानक अज्ञात कारणो से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया तथा पूरे घर का सामान धू-धू कर जलने लगा। इसी बीच ग्रामीणो ने आगजनी की सूचना फायर बिग्रेड को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने ग्रामीणो की मदद से आग पर काबू पाया। ग्रामीणो के अनुसार यदि समय रहते आग पर काबू न पाया जाता तो गांव के काफी घरो को नुकसान हो सकता था।

# डीएम, एसपी ने सुनी लोगों की समस्याएं

संवाददाता। गोंडा




**जिला** स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी डा. नितिन बंसल, एसपी शैलेष कुमार पाण्डेय व सीडीओ शशांक त्रिपाठी ने जनशिकायतें सुनीं। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समयबद्ध ढंग से शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण हो, यह प्रत्येक अधिकारी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस से बिना सूचना अनुपस्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए हैं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें भूमि विवादों से सम्बन्धित प्राप्त हुईं, जिन पर जिलाधिकारी ने राजस्व व पुलिस विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शीघ्रातिशीघ्र एक सप्ताह के अन्दर शिकायतों को निस्तारित कराएं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मिश्रौलिया कानूनगो पण्डरीकृपाल, थाना इटियाथोक निवासिनी प्रभावती पत्नी दुलारे ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके पति के दो सगे भाइयों ने उसके हिस्से की जमीन ले ली है और खतौनी में अंकना भी करा लिया है। इस पर डीएम ने तहसीलदार सदर से मौके पर ही प्रकरण की रिपोर्ट मांगी तो पता चला कि शिकायतकर्ता के ससुर ने ही जरिए रजिस्टर्ड वसीयत अपनी जमीन अपने दो बेटों के नाम कर दी है और तीसरे बेटे दुलारे को अपनी सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। रानी पत्नी ओम प्रकाश निवासिनी रामभारी ने बताया कि उसने वर्ष 2017 में मत्स्य तालाब के पट्टे हेतु आवेदन किया था परन्तु उसे पट्टे का आवंटन नहीं हो सका। इस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम को निर्देश दिए कि जांच कराकर तत्काल मामले का निस्तारण कराएं। ग्र्राम भमैचा निवासिनी चतुरा देवी ने बताया कि उसकी पति की मृत्यु के उपरान्त उसके नाम का अंकना खतौनी में नहीं हुआ।

# तीन सौ शीशी नेपाली शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

संवाददाता। श्रावस्ती



**जनपद में** अपराधों की नशीली पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य तथा एस एस बी की 42 वी वाहिनी ने द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे एस एस बी के कोदिया कमांडर बिपेद्र सिंह को मुखविरो से मिली सूचना के आधार पर आउट पोस्ट के प्रभारी मदन सिंह मुख्य आरक्षी राकेश कुमार आरक्षी सन्तोष कुमार व विष्णु कुमार और जमुनहा पुलिस चौकी प्रभारी अखिलेश यादव मुख्य आरक्षी वकील अहमद व आरक्षी जितेंद्र की सयुक्त टीम गठित कर सोमवार को पिलर संख्या 442।13। के 400 मीटर के अंदर भारतीय क्षेत्र में रामपुर घाट के पास नाकेबंदी की गयी तभी तीन व्यक्ति तीन व्यक्ति सर के ऊपर पेटी रखकर नेपाल से भारतीये सीमा में दाखिल हो रहे थे जिस पर एसएसबी जमुनहा सहायक उपनिरीक्षक मदन सिंह ने उनको रोकने का प्रयास किया। इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर सभी ने पेटी फेककर नेपाल की ओर भागने लगे। इस दौरान 2 व्यक्ति राप्ती नदी में कूदकर भगाने में सफल हों गये जबकि एक व्यक्ति को जवानों ने दौड़ाकर पकड़ लिया पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम साबित राम पुत्र बलेसर निवासी बासगड़ी के रूप में बताया और फेके गए समान को एकत्रित करने पर 10 पेटी में 300 शीशी नेपाली कर्णाली शराब मिला पकड़े व्यक्ति को तथा बरामद शराब को जमुनहा पुलिसचौकी प्रभारी अखिलेश यादव को सौप दिया।

# 446 शिकायतों में से 22 का निस्तारण

संवाददाता। श्रावस्ती



**जमुनहा** सम्पूर्ण समाधान तहसील दिवस में आये हर फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और समय सीमा के अन्तर्गत उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जॉच अब फरियादियो के मोबाइल पर बात कर की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी बाड़ा मिला तो निस्तारण करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उक्त बातें तहसील भिनगा में आयोजित तहसील दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने के दौरान जिलाधिकारी टी0 के0 शिबु ने कही। सम्पूर्ण समाधान दिवस में बदलपुर निवासिनी पूजा देवी पत्नी भोलेनाथ ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि कई बार सचिव से अनुरोध करने के बावजूद परिवार रजिस्टर की नकल नहीं मिल पा रही है इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने वहीं पर उपस्थित एसडीएम को जांच कर कार्यवाही का निर्देश दिया है अकबर पुर निवासी अजीत पुत्र फारूक ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनके खेत में विपक्षी कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं जांच कर उचित कार्वाई कराई जाए जिस पर भी जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को कार्रवाई का निर्देश दिया है वही समरा माता कला निवासिनी खातूना पत्नी रोज अली ने अवगत कराया कि हमारे पति को पट्टे में भूमि मिली थी उस पर विपक्षी साधव राम अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं गंगापुर निवासी दद्दू पुत्र राम अदालत चक मार्ग अवैध कब्जा हटवाने की गुहार लगाई संबंधित प्रकरणों में भी जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को कार्रवाई का निर्देश दिया है। वही बनकटवा निवासिनी संगीता पत्नी अरविंद दत्तनगर निवासिनी बडकली पत्नी पंकज ने आवेदन पत्र देकर जिलाधिकारी से आवास दिलाने की गुहार लगाई जिस पर जिलाधिकारी ने जांच कर कार्यवाही करने का उप जिला अधिकारी को निर्देश दिया।

# राजकीय यूनानी चिकित्सालय में लटक रहा है ताला, घर बैठे ले रहे वेतन

संवाददाता। ऊंचाहार,रायबरेली

**वेतन** भरपूर लेने के बावजूद अपने ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने वाला कोई अन्य विभाग नहीं बल्कि धरती के भगवान के रूप में माने जाने वाले चिकित्सक व उनका स्टाफहै। जिसमें प्रतिमाह चिकित्सक समेत तीन स्टाफ पर लगभग डेढ़ लाख रूपए से अधिक सरकार वेतन के रूप में बकायदा दे रही है। जिसके बावजूद पूरा स्टाफ नदारद रहता है। जिसमें स्थानीय ग्रामीणों की माने तो यहां पर महज कागजी कोरम पूर्ण करके ही प्रतिमाह विभाग से पैसा लिया जाता है। मरीज हमेशा परेशान रहते है। बताते चले कि जिला रायबरेली से 40 किलोमीटर दूर ऊंचाहार नगर स्थित है। ऊंचाहार नगर पंचायत कार्यालय के सामने राजकीय यूनानी चिकित्सायल बना हुआ है। जिस चिकित्सालय में बकायदा डाक्टर,फर्मासिष्ट आदि पदों पर तैनाती है। जिसमें तीनों के लिए सरकार विभाग को प्रतिमाह वेतन के रूप में डेढ़ लाख रूपए से अधिक पैसा मरीजों के देखभाल के नाम पर खर्च भी करती है। लेकिन ये स्टाफ कब आएगा,कब जाएगा। ये कोई और नहीं बल्कि ये तीनों स्टाफ तय करते है। मरीज दवा पाया या नहीं ये उनके लिए मायने नहीं रखता है। मंगलवार के दिन सुबह से सांयकाल तक अस्पताल में ताला लटक रहा था। एक महिला मरीज अपने मासूम बच्चे के उपचार के लिए चिकित्सालय आई। डाक्टर के न मिलने पर भूमि पर बैठकर इंतजार किया और न मिलने पर वो निराश होकर चली गई है। ये तो एक बानगी ही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि चिकित्सक व स्टाफ अभिलेख अपने पास ही रखते है।

# चार करोड़ 67 लाख की लागत से बनने वाले गोदाम का विधायक ने किया भूमि पूजन

## ● इस अवसर पर सरेनी विधायक ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां, पूर्ववर्ती सरकारों पर साधा निशाना

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**सरेनी** विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने लालगंज मंडी समिति मे चार करोड 67 लाख की लागत से बनने वाले भंडारागार निगम के गोदाम का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य को गति प्रदान की है।इस अवसर पर बोलते हुये विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि ''काम करना मेरी फितरम मे है,जनसेवा मेरी आदत मे है''।अपने उद्बोधन मे विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार ने बिजली पानी की समस्या को पूरी तरह दूर कर दिया है।जनता को 18 घंटे बिजली मिल रही है।नहरो मे भरपूर पानी आ रहा है।पूर्व की सरकारों मे बिजली पानी के लिये उन्होने स्वयं आन्दोलन किया था।सरेनी विधानसभा क्षेत्र मे सडको का जाल बिछाया जा रहा है।लालगंज से सरेनी रोड का निर्माण 39 करोड की लागत से चल रहा है।उन्होने बेरोजगारों को रोजगार प्रदान हो,व्यवसायिक षिक्षा मिले जिसके बाबत सरेनी विधानसभा क्षेत्र मे दो आईटीआई कालेज खुलवाये है।उन्होने मंडी समिति की बाउन्ड्री वाल व सडको के लिये 42 लाख रूपये स्वीकृत कराया है।विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाद के सबका साथ सबका विकास के लक्ष्य के साथ काम कर रही है।रोजगार के अवसर सरकार उपलब्ध करा रही है। प्रधानमंत्री आवास,षौचालय,फ्री गैस कनेक्सन आदि योजनायें सरकार के द्वारा संचालित है जिनका लाभ जनता को उठाना चाहिये।गौरतलब है कि मंडी समिति मे 5 हजार मैट्रिकटन अनाज रखने का गोदाम बनाया जा रहा है।गोदाम बनाने का कार्य यूपी आरएनएसएस को मिला है।यह गोदाम उत्तर प्रदेस राज्य भंडारागार निगम लिमिटेड की सम्पत्ति होगी।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता सिवप्रकास पाण्डेय उर्फ बच्चा पाण्डेय ने किया।वहीं कार्यक्रम के मौके पर मंडी सचिव मुकेस जायसवाल,लिपिक प्रेम बाबू सचान,दरोगा रामेन्द्र सिंह,रवि बाजपेयी,पंकज कुमार,एई अजय प्रताप सिंह,जेई संतोष कुमार वर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता कैलास बाजपेयी,यतीन सिंह चौहान,भगवत किसोर,छतोह ब्लाक प्रमुख मोनू सिंह,जंग बहादुर सिंह,राधेस्याम गुप्ता,बीके सिंह,मनोज अवस्थी,मुन्नीलाल बाजपेयी,ब्रम्हेन्द्र सिंह,बृजलाल पासवान आदि मौजूद रहे।

# गंगा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन नमामी गंगे योजना का प्रयास

**डलमऊ रायबरेली।** नमामि गंगे परियोजना व नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त प्रयास से डलमऊ के गंगा घाटों पर चलाए जा रहे गंगा महोत्सव एवं स्वच्छता अभियान में मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक गोयल व पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने हिस्सा लिया। डलमऊ के गंगा घाट पहुंचकर मुख्य विकास अधिकारी ने घाटों की साफ-सफाई का जायजा लिया साथ ही अधिकारियों ने हाथों में झाड़ू पकड़कर स्वच्छता का संदेश भी दिया। साथ ही नेहरू युवा केंद्र के कार्य सेवकों के द्वारा डलमऊ के वीआईपी घाट पर गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। आगामी कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्य विकास अधिकारी व पुलिस अधीक्षक एवं नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ नाव से विभिन्न घाटों की हकीकत देखी और अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह को बेहतर तरीके से तैयारी किए जाने के लिए निर्देश दिया। डलमऊ के गंगा घाट पर नेहरू युवा केंद्र एवं नमामि गंगे परियोजना के कर्मचारियों के द्वारा गंगा उत्सव कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें पंचायती राज विभाग की अहम भूमिका है। एडीओ पंचायत श्रवण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पंचायती राज विभाग से 27 सफाईकर्मियों की नियमित ड्यूटी लगाई गई है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी डलमऊ सविता यादव तहसीलदार डलमऊ प्रतीत त्रिपाठी नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रिजेश दत्त गौड़, माधवेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# क्विक न्यूज

## मनचलों ने महिला दुकानकार को पीटा

**कूरेभार, सुलतानपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हन्ना हरौरा गांव निवासी माया देवी पत्नी अजय कुमार कसौधन घर पर ही गुमटी में परचून की दुकान चलाती है। सोमवार को गांव के ही मनचले हरिशंकर विश्वकर्मा व सूरज विश्वकर्मा पुत्र मथुरा ने घर पर सामान मंगवाने के वास्ते माया देवी से छेड़छाड़ शुरू कर दी। शोर शराबा करने पर मनचलों ने जमकर मारा पीटा और धमकी दी। माया ने इस घटना की लिखित तहरीर कूरेभार थाने पर दी है। पुलिस ने मेडिकल करा मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त पुनरीक्षण सम्बन्धी बैठक 12 को

**गोंडा।** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगजीत वर्मा ने बताया है कि विधानसभा निर्वाचन नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में विचार-विमर्श हेतु आगामी 12 नवंबर को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला अधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई है। बैठक में उन्होंने समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/मंत्री से प्रतिभाग करने का अनुरोध किया है।

## शिक्षकों ने की बैठक

**गोंडा।** गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव आगामी 01 दिसंबर को होने के संबंध में महाराजा देवी बक्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर में शिक्षकों की एक बैठक विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमे श्री सिंह ने कहा कि यह चुनाव शिक्षक एमएलसी का है, अत: इस पर हम समस्त शिक्षकों को अपना प्रतिनिधि चुनना चाहिए। जिससे शिक्षकों की आवाज प्रदेश सरकार के उच्च सदन में रखी जा सके। इस अवसर पर बृजेंद्र प्रताप सिंह, डॉ0 पदमनाथ पांडे, मजहरूल हक अंसारी, सतपाल सिंह, कन्हैया लाल, चंद शेखर, आनंद कुमार पांडेय, सुग्रीव प्रसाद, कृष्ण गोपाल गुप्ता, शशि कुमार सिंह, सतीश कुमार, रघुनाथ द्विवेदी, मोहम्मद यूनुस, रामेश्वर प्रताप सिंह, अशोक कुमार, महेश मिश्रा, सुरेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

## दिमागी बुखार से सामाजिक कार्यकर्ता की मौत

**करनैलगंज (गोंडा)।** नगर के मौर्य नगर मोहल्ला निवासी सामाजिक कार्यकर्ता संतोष कुमार मौर्या का दिमागी बुखार होने के कारण इलाज के दौरान मौत हो गयी। उनके मौत की खबर के बाद करनैलगंज में शोक की लहर फैल गई। मंगलवार सुबह उनका अंतिम संस्कार करनैलगंज के सरयू घाट पर किया गया। निधन की सूचना मिलने के बाद सैकड़ों लोगों का तांता उनके दरवाजे पर उनके अंतिम दर्शन के लिए लगा रहा। सभी धर्म और समुदाय के लोगों ने उनके अंतिम यात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। भारी संख्या में लोगों ने उनके अंतिम यात्रा में प्रतिभाग किया। करनैलगंज के पूर्व राज्य मंत्री योगेश प्रताप सिंह, पूर्व चेयरमैन शमीम अहमद अच्छन, सपा नेता महफूज खान, फहीम अहमद उर्फ पप्पू, पवन कुमार ओझा, गणेश पांडेय, राजू रस्तोगी, व्यापार मंडल अध्यक्ष राहुल सिंह, अरुण कुमार वैश्य, वसीम अहमद सहित भारी संख्या में लोग शामिल हुए और शोक व्यक्त किया।

## जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने रामलीला का किया शुभारंभ

**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के सैनी व सिंघनी गांव में रामलीला का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार सिंह ने फीता काटकर किया। मंच पर बोलते हुए शिवकुमार सिंह ने कहा कि हमें अपने जीवन में श्रीराम के आदर्शों को अपनाना चाहिए। रामलीला के पहले दिन श्रीराम के जन्मलीला को बहुत ही सुंदर और आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य सुकई मौर्य, बजरंग सिंह, अनिल दूबे प्रधान प्रत्याशी ऐंजर अरविंद सिंह त्रिलोकचंदी उर्फ बब्लू, प्रधान संतोष,सुशील सिंह,हंसराज यादव, सुरेश यादव, रामभवन यादव,राम प्रकाश मिश्रा, मुन्ना यादव, शिवमूर्ति दुबे, डॉ विष्णु यादव, अखिलेश सिंह, आशा यादव, अतुल मिश्रा, अभिमन्यु मिश्रा व श्याम प्रीत आदि लोग मौजूद रहे।

## युवक ने की आत्महत्या

**श्रावस्ती।** गिलौला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्रामसभा गोडारी में एक व्यक्ति ने पारिवारिक कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्म हत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला थाना गिलौला के ग्राम सभा गोडारी गांव की है जहाँ 35 वर्सिये मंगल प्रसाद पुत्र त्रिलोकी ने पारिवारिक कलह से तंग आकर मंगलवार को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी परिजनों ने स्थानीय पुलिस थाने को दी। सूचना मिलने पर मोके पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए संयुक्त जिला अस्पताल भिनगा स्थित पोस्टमार्टम हाउस को भेजकर जांच में जुट गयी है। प्रभारी थाना अध्यक्ष अजीत शुक्ला ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के कारणों का पता चल पायेगा उसी आधार पर कार्यवाही की जाएगी अभी घटना की जांच की जा रही है।

## ठगी करने वालों पर कार्रवाई की मांग

**श्रावस्ती।** सिरसिया थाना क्षेत्र के बदलपुर उल्लहवा गांव निवासिनी महिला ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर सऊदी अरब भेजने के नाम पर लाखों की ठगी करने के आरोपी के विरुद्ध कार्यवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिरसिया थाना क्षेत्र के बदलपुर उल्लहवा गांव की रहने वाली छोटकी पत्नी रंगीलाल ने बताया कि भिनगा कोतवाली क्षेत्र के लौकिपुरवा व मल्हीपुर थाना क्षेत्र के अली नगर गांव निवासी दो लोगो ने उनसे व उनके पति से उनके लड़के को सऊदी अरब भेजने के नाम पर एक लाख 90 हज़ार रुपये ले लिए सलेकिन उनके लड़के को सऊदी अरब नही भेजा जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो दोनों जालसाज उन्हें धमकी दे रहे हैं। महिला ने एसपी से मिलकर प्रार्थना पत्र देकर जालसाजों के विरुद्ध कार्यवाई की मांग की है।

## कृपाशंकर बनाए गए जिला सचिव

**बछरावां रायबरेली** बछरावां विकासखंड के हसवा पोस्ट भैरमपुर के निवासी कृपाशंकर शुक्ला पुत्र शिव प्रसाद शुक्ला को आज भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन के जिला सचिव बनाया गया इस मौके पर कृपाशंकर शुक्ला ने कहा कि मैं अपने पद की गरिमा को रखते हुए काम करूंगा जो भी पद दिया गया इमानदारी से पद का निर्वाहन करूंगा और राष्ट्रीय अध्यक्ष मानसिंह राष्ट्रीय महामंत्री अशोक कुमार वर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष कमलेश यादव का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया

## गुमटी में लगाई आग

**बछरावां।** रायबरेली बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत बहादुरपुर गांव में बीती देर रात गांव के किराना व्यापारी की गुमटी में अज्ञात अराजक तत्वों ने आग लगा दी जिससे पूरी गुमटी जलकर राख हो गई सामान जलकर नष्ट हो गया।बड़ी मशक्कत के साथ ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया जानकारी पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की है।विदित हो थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव निवासी मंसाराम गुप्ता पुत्र राम मनोहर गुप्ता गांव में अपने घर से कुछ दूरी पर ही लकड़ी की गुमटी रखकर किराना का व्यापार करते हैं और उसी से अपने घर की रोजी रोटी चलाते हैं। बीती रात में लगभग 12रू30 बजे कुछ अज्ञात अराजक तत्वों ने उनकी गुमटी में आग लगा दी। लोगों ने जब सुलगती हुई गुमटी देखी तो आनन-फानन मंसाराम को सूचित किया ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक गुमटी में रखा अधिक का किराना का पूरा सामान जलकर राख हो गया। सूचना बछरावां पुलिस को दी गई पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। उप जिला अधिकारी महाराजगंज विनय मिश्रा ने बताया कि लेखपाल को भेजकर मामले की जानकारी कराई जा रही है पीड़ित को मदद उपलब्ध कराई जाएगी।अध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि आग लगने की जानकारी प्राप्त हुई है। आग लगाने वालों की जानकारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# संजीदगी से करें जन समस्याओं का निस्तारण: डीएम

## जिले की चारो तहसीलों में सम्पन्न सम्पूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता। सोनभद्र



**जिले** की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने विभागीय अधिकारियों के लगे स्टालों का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिया और फरियादियों के कतार के बीच जाकर लोगों के दुख-दर्द को जाना। जिलाधिकारी ने मुख्य सम्पूर्ण समाधान दिवस राबर्ट्सगंज में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जन शिकायतों का तत्काल गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें, जिससे जिले स्तर पर कम से कम जन शिकायतें प्रस्तुत हों। जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयाध्यक्षों का दायित्वबोध कराते हुए कहा कि वे संजीदगी के साथ जन समस्याओं का निस्तारण करें। उन्होंने लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए तीन दिनों के अन्दर लम्बित प्रकरणों को निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धितों को दिया। जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि विकास विभाग से जुड़ी शिकायतें जैसे जन कल्याणकारी व विकास परक कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान देते हुए समस्याओं के निदान के सम्बन्ध में समय से कार्रवाई करें। इस अवसर पर कुल 144 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही सात मामलें निस्तारित हुए। 133 मामले एक सप्ताह के अन्दर निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धितों को दिए। उप जिलाधिकारी रमेश कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी में जनता के दुख-दर्द को सुना गया। उप जिलाधिकारी दुद्धी रमेश कुमार ने मौके पर 51 मामलों को सुनते हुए मौके पर तीन मामलों को निस्तारित किये। इसके बाद उन्होंने छह टीमें बनाकर क्षेत्र में जाकर जमीनी हकीकत के मुताबिक निस्तारण के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों के टीमों को भेजा। घोरावल सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन डॉ. राजीव कुमार सिंह व उप जिलाधिकारी घोरावल जैनेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें 78 फरियादी आए और छह मामले निस्तारित किये। अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर उन्होंने मौके पर 16 मामलों को सुनते हुए मौके पर दो मामलों को निस्तारित किये। बाकी बचे 12 मामलों को औपचारिकताओं को पूरा करते हुए समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## जिलाधिकारी ने गन्ना मूल्य भुगतान की समीक्षा की

संवाददाता। बस्ती

**डीएम** आशुतोष निरंजन ने कैम्प कार्यालय में गन्ना मूल्य भुगतान की समीक्षा की। पाया कि वर्ष 2019-20 में 62974 लाख रूपए के सापेक्ष 48539 लाख रुपए किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है। शेष 14434 लाख रुपए का शीघ्र भुगतान करने का निर्देश दिया। समीक्षा में बलरामपुर चीनी मिल बभनान द्वारा 35736 लाख के सापेक्ष 31946 लाख रुपए कुल 89 प्रतिशत गन्ना मूल्य का भुगतान किया जाना पाया गया। चीनी मिल के प्रबंधक द्वारा अवगत कराया गया कि 23 नवंबर तक संपूर्ण गन्ना मूल्य का भुगतान कर दिया जाएगा। अवशेष गन्ना मूल्य 3790 लाख एवं गन्ना विकास अंशदान 167 लाख रुपए 23 नवंबर तक भुगतान करने का निर्देश दिया।

# तीन खाद विक्रेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## कालाबाजारी पर अंकुश लगाने की कवायद

संवाददाता। संतकबीरनगर

**कालाबाजारी** पर अंकुश लगाने के लिए लगातार जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने अपना कड़ा रूख अख्तियार किया है जो भी कालाबाजारी में संलिप्त पाये जा रहे है उनके विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत हो रहा है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश पर तीन खाद विक्रेताओ के विरूद्ध नामजद मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जिला कृषि अधिकारी पीसी विश्वकर्मा ने बताया कि भारत सरकार के उर्वरक मंत्रालय से टॉप 20 यूरिया बायर्स की सूची प्राप्त करायी गई जिसकी जांच कराई गई जांच में पाया गया कि जिला सहकारी फेडरेशन गायघाट के प्रोपराइटर मृत्युंजय सिंह एवं हरिराम यादव के द्वारा तीन किसानों को बहुत अधिक मात्रा में यूरिया उर्वरक की बिक्री की गई। उन्होने बताया कि यूरिया उर्वरक की बिक्री उनकी भूमि जोत से अधिक मात्रा में की गई। इसी प्रकार गणेश खाद भंडार जिगिना हैसर बाजार के प्रोपराइटर गणेश द्वारा 4 किसानों को उनकी जोत से बहुत अधिक मात्रा में यूरिया उर्वरक की बिक्री की गई। जांच में पाया गया कि किसान के पास भूमि जोत बहुत ही कम है। उन्होने बताया कि इस प्रकार दोनों उर्वरक विक्रेताओं के द्वारा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985, उर्वरक (परीसंचालन नियंत्रण) आदेश 1973 का उल्लंघन किया गया है, दोनों उर्वरक विक्रेताओं के विरुद्ध थाना महुली एवं थाना धनघटा में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी भारत सरकार से माह अक्टूबर की भी टॉप 20 यूरिया बायर की सूची प्राप्त हो गई है। उन्होने बताया कि सूची के किसानों का सत्यापन कराते हुए नियमानुसार उर्वरक विक्रेताओं को के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। सभी उर्वरक विक्रेताओं को सचेत किया जाता कि समस्त उर्वरक की बिक्री किसान को उनकी भूमि जोत एवं बोई जाने वाली फसल के अनुपात में ही करें।

## 11 को होगी बस्ती चीनी मिल की नीलामी

**बस्ती**। तहसीलदार सदर पवन जायसवाल ने बताया कि बस्ती चीनी मिल के पार्ट की एवं कुर्क षुदा जमीन ग्राम करमा तत्पा कड़र स्थित भूमि रक्बा 9.1840 हेक्टेअर जिसका मूल्यांकन एक करोड़ पैसठ लाख प्रति हेक्टेअर की दर से 16 करोड़ है, की नीलामी 11 नवंबर को सदर तहसील के सभागार में दिन में दो बजे होगी। कुर्क शुदा नीलामी 15 अक्टूबर 20 को तहसील सभागार में दिन में दो बजे से होगी। बताया कि बोली लगाने वाले व्यक्ति को नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से पहले 2.60 करोड़ का डिमांड डाफ्ट या नकद जमा करना होगा। बोली की शुरुआत 25.79 करोड़ से शुरु होगी।

वाल्टरगंज और बस्ती चीनी मिल जो कि 'ए यूनिट फेनिल शुगर मिल' की है, के विरुद्व विभिन्न विभागों से निर्गत वसूली प्रमाण-पत्रों का बकाया 58.57 करोड़ का है। बकाया न जमा करने की स्थिति में कुर्क की गई चल अचल संपत्ति की नीलामी 15 अक्टूबर को होने जा रही है।

# प्रधानाध्यापक सहित 70 शिक्षामित्र मिले गैरहाजिर

संवाददाता। बस्ती

**विकास** खण्ड बस्ती सदर के 36 विद्यालयों में किए गए निरीक्षण के दौरान 70 अनुपस्थित पाए गए। इनमें 9 प्रधानाध्यापक, 24 सहायक अध्यापक, 34 शिक्षामित्र, दो अनुदेशक, एक अनुचर शामिल है। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए सभी से बीएसए ने स्पष्टीकरण तलब किया है।

बीएसए जगदीश प्रसाद शुक्ल ने बताया कि विद्यालयों में उपस्थिति जांचने के लिए निरीक्षण कराया गया। निरीक्षण के दौरान कम्पोजिट विद्यालय नगहरा में शिक्षामित्र अंगद प्रसाद, सुमन देवी, सुशीला देवी, रामपुर में सहायक अध्यापक प्रेमलता यादव, गीता यादव, नचना में सहायक अध्यापक किरन चौधरी, अवध किशोरी, सुपेलवा में सहायक अध्यापक राधा कन्नौजिया, विनीता चौधरी, शिक्षामित्र मनोज, रजनी, ऊषा देवी, माधुरी, विभा, प्राथमिक विद्यालय बकैनियाद्वीप में शिक्षामित्र सुरभि पाण्डेय, प्रीती गुप्ता, कटया में शिक्षामित्र लाल बहादुर दूबे, किरन श्रीवास्तव, मरवटिया बाबू में शिक्षामित्र रामराज यादव, बकैनियाद्वीप चौबाह में शिक्षा मित्र संध्या सिंह, बल्लीपट्टी में प्रधानाध्यापक शची श्रीवास्तव, शिक्षामित्र माधवी सिंह, नन्दपुर में शिक्षामित्र साधना उपाध्याय।

जामडीह प्रथम में सहायक अध्यापक पंकज पाण्डेय, शिक्षामित्र संज्ञा, जामडीह द्वितीय में प्रधानाध्यापक गीतारानी, बहकोलवा में प्रधानाध्यापक इन्दू कुमारी, सहायक अध्यापक वन्दना यादव, बैसुखिया में शिक्षामित्र हनुमान चौधरी, कुसमौर में प्रधानाध्यापक जायदा खातून, शिक्षामित्र पूनम सिंह, मीनू श्रीवास्तव, पूनम पाण्डेय, भगवती प्रसाद, नौगढ़ में शिक्षामित्र वन्दना, मूड़घाट में सहायक अध्यापक शाजिदाबेगम, संतपुर में सहायक अध्यापक हेमूलता, रूधौली में सहायक अध्यापक प्रभाकर धुसिया, दयालपुर में शिक्षामित्र सरिता चौधरी, सुनीता चौधरी, चाईबारी में शिक्षामित्र राधिका देवी, बढ़याकला में शिक्षामित्र सूर्यबाला, जिगिना में शिक्षामित्र वन्दना मिश्रा, गिदही में सहायक अध्यापक नीरू, शिक्षामित्र गीता सिंह, भेलखा में प्रधानाध्यापक विन्दू कुमारी, शिक्षामित्र हेमलता, टेमा में प्रधानाध्यापक कन्हैया लाल गौतम, शिक्षामित्र मीरा देवी, बरकनिया में शिक्षामित्र प्रीती, विजयपाल,गंगिया कोहल में प्रधानाध्यापक जया यादव, उच्च प्राथमिक विद्यालय खसुआ में प्रधानाध्यापक उर्मिला पाण्डेय, सहायक अध्यापक नीलम, शिप्रा श्रीवास्तव, अनुदेशक संदीप, किरन, अनुचर राजेश, जामडीह में सहायक अध्यापक किरन देवी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय महरीपुर में सहायक अध्यापक अपराजिता मिश्रा, अनुसरना सिंह, बक्सर में सहायक अध्यापक याकूब सिद्दीकी, पकड़ी हृदयी में सहायक अध्यापक शैलेश सिंह, नचना में सहायक अध्यापक वन्दना पाण्डेय, बलवंत, संजय, मंजू, छरौछा में प्रधानाध्यापक रमेश चन्द्र पाण्डेय, सहायक अध्यापक देवेन्द्र मणि त्रिपाठी अनुपस्थित मिले।

## कोरोना संक्रमितों के लिए कारगर है आइवर मेन्टीन 12

संवाददाता। बस्ती

**कोरोना** वायरस संक्रमित और उसके सम्पर्क में आए लोगो के लिए आइवर मेन्टीन 12 एक कारगर दवा है। इससे कोरोना संक्रमण के खतरे से बचा जा सकता है। सीएमओ डा. एके गुप्ता ने बताया कि आइवर मेन्टीन 12 कोरोना वायरस के खिलाफ केवल कारगर है, बल्कि इसका कोई साइड् इफेक्ट अभी तक नही पाया गया है।

डा. ने बताया कि यह दवा सभी सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध है। संक्रमित व्यक्ति और उसके सम्पर्क में आए व्यक्ति को शतप्रतिशत खिलाया जाए। कन्टेनमेन्ट जोन में निवास करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह दवा लाभप्रद सिद्ध होगी। कहा कि यह कोई नई दवा नही है। इससे पहले इसका प्रयोग अन्य बीमारियों में किया जा चुका है।

# अनाथालय की जमीन पर व्यवसायिक और नर्सिंग होम हो रहे हैं संचालित

## सदर तहसील के अभिलेखों में अध्यानंद अनाथालय के नाम दर्ज हैं 13 बिस्वा एक धुर

## एडीएम ने तहसीलदार को टीम बनाकर जांच का दिया आदेश

संवाददाता। बस्ती

**मालवीय** रोड के बाह्मण महासभा कार्यालय के बगल में स्थित अनाथालय के करोड़ों रुपये की जमीन पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। कहा गया कि तहसील के अभिलेखों में दर्ज अध्यानंद अनाथालय के नाम के 13 बिस्वा एक धुर जमीन सालों से दुरुपयोग हो रहा है। उक्त जमीन पर डेढ़ दर्जन व्यवसायिक प्रतिष्ठान और नर्सिंग होम संचालित हो रहा है। किराए के रुप में हर माह भारी धनराशि वसूली जा रही है। टैक्स की चोरी की जा रही हैं, सौ रुपये के स्टांप पर किराएनामे का अनुबंध किया गया, स्टांप की चोरी करने की नीयत से किराएनामें का पंजीकरण भी नहीं कराया गया। बताया गया कि सड़क के किनारे के जमीन की मालियत वर्तमान में 10 से 15 करोड़ आंकी गई है। एडीएम रमेशचंद्र ने पहले लेखपाल से जांच कराई और उस रिपोर्ट के आधार पर तहसीलदार को टीम बनाकर जमीन की पैमाइश कराने का आदेश दिया।

सदर तहसील के अभिलेखों में मोहल्ला पिकौरा दत्तूराय में फसली वर्ष 1407 1408 एवं 1409 में खाता नंबर 87 और गाटा संख्या 99/2 में अध्यानंद अनाथालय के नाम दर्ज है। लगभग 20-25 साल पहले यहां पर अनाथालय का बोर्ड लगा हुआ था। वर्तमान में सड़क किनारे अनाथालय की जमीन पर लगभग डेढ़ दर्जन प्रतिष्ठान और नर्सिंग होम संचालित हो रहा है। किराएदारों का कहना है कि जो किराए की रसीद और अनुबंध किया गया, उकी वैधानिक मान्यता नहीं हैं, क्यों कि रसीद पर संस्था का पंजीकरण संख्या नहीं है। तत्कालीन कमिष्नर लक्ष्मी षंकर चौबे जमीन को खाली कराने और ध्वस्तीकरण का आदेष भी दे चुके है, मगर राजनैतिक दबाव के चलते कार्रवाई नहीं हो सकी। काबिजदार रघुवंष उपाध्याय का कहना है कि 30 साल पहले आवासीय अनाथालय चलता था। कहा कि श्रीमददयानंद बाल आश्रम मालवीय रोड के नाम से टस्ट बनाया गया। जब उनसे पूछा गया कि जब टस्ट है तो इसका नाम सरकारी अभिलेखों में क्यों अनाथालय के रुप में दर्ज है, पर कोई जबाव नहीं दिया। कहा कि कुछ जमीन उनके द्वारा खरीदी गई, जिसमें मकान का निर्माण है। जिन लोगों को किराए पर नहीं दिया गया, वही लोग शिकायत कर रहे है।

# व्यक्ति को आगे बढ़ाने में कारगर है ईमानदारी: बालाजी आयंगर

## रिहंद परियोजना में संपन्न हुआ सतर्कता जागरूकता सप्ताह

संवाददाता। बीजपुर( सोनभद्र )




**एनटीपीसी** की रिहंद परियोजना में आयोजित किए गए सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन समारोह संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ कार्यकरी निदेशक बालाजी आयंगर ने अन्य सहअतिथियों के साथ संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि श्री आयंगर ने अपने संबोधन के जरिए रिहंद परियोजना में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित किए ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को धन्यवाद का पात्र बताया। उन्होने प्रेक्षागृह में उपस्थित लोगों को आगाह करते हुए कहा कि ईमानदारी इंसान को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है। वे सभी सिर्फ जागरूकता सप्ताह तक ही ईमानदारी का निर्वहन न करें बल्कि अपने समूचे जीवन काल में इसे अपनाने का प्रयास करें। कार्यक्रम की समाप्ति पर मुख्य अतिथि एवं सहअतिथियों ने पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रथम प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक हिमालिनी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य महाप्रबंधक अनंत चरन साहू महाप्रबंधक एस कृष्णा, महाप्रबंधक एम रमेश, अपर महाप्रबंधक केएस मूर्ति, वर्तिका महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मा आयंगर, विभागाध्यक्ष, विभिन्न यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रबंधक नीरज कुमार आदि के साथ-साथ काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे ।

## धान फसल नुकसान की क्षतिपूर्ति दिलाये जाने के लिए की पहल

**संतकबीरनगर**। समाजवादी पार्टी के युवा नेता प्रदीप सिंह सिसौदिया ने कहा कि जनपद में धान फसल के नुकसान की क्षतिपूर्ति किसानों को शासन द्वारा अवश्य दिलायी जायेगी। इसके लिए वह लगातार प्रयत्नशील है। उन्होने बताया कि जिलाधिकारी को 15 अक्टूबर को गांव कोनी में भ्रमण के समय अत्याधिक वर्षात होने की वजह से जनपद के घाघरा, राप्ती, कुआनो, आमी और कष्टहरणी नदी के तटों के किनारे किसानों के धान के फसल बर्बाद होने पर सरकार द्वारा फसल के नुकसान और क्षतिपूर्ति नही मिलने की लिखित शिकायत किया गया था। जिलाधिकारी ने जनपद के तीनों तहसीलों के उप जिलाधिकारी को एवम साथ ही खलीलाबाद के तीन न्याय पंचायतों जिसमे देवरिया गंगा, सिकरी और विश्वनाथपुर के किसानों के नुकसान का आकलन कर कार्रवाई करने का वादा किया था।

# खुले में लगे ट्रांसफार्मर से हो सकती है अनहोनी



संवाददाता। सेमरियावां ( संतकबीरनगर )

**ब्लाक** के करमाखान में विद्युत विभाग की लापरवाही से आबादी के बीच खुले में ट्रांसफार्मर लगा देने से ग्रामीणों को हमेशा बड़ी अनहोनी का डर सता रहा हैं ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से ट्रांसफार्मर के चारों ओर बैरिकेडिंग करने की मांग की है। गांव के इरसाद अहमद के आवास के सामने तथा संपर्क मार्ग की पटरी पर स्थापित ट्रांसफार्मर जहां हर दिन चिनगारी उगलता है वही जिसके घर के सामने स्थापित है उनके घर के लोग इससे हर पल दहशत मे रह रहे है इतना ही नहीं ट्रांसफार्मर के जर्जर खुले तार लोगो के लिए और भी मुश्किल बढ़ा दिया है। गाँव के मोहम्मद हनीफ़ शमशुद्दीन, रियाज अहमद, राम शब्द, इरशाद अहमद, वजाहत हुसैन, कलीम अहमद आदि ने बताया कि आबादी के तथा सड़क के पटरी पर स्थापित 200 केवी का खुला ट्रांसफार्मर हर पल लोगों के लिए खतरा बना हुआ है घर के छोटे छोटे बच्चे खुले मन से खेलकूद नहीं पाते बरसात में चारो तरफपानी भर जाने से खतरा और भी बढ जाता है। लोगो ने ट्रान्सफर्मर के चारों तरफ सुरक्षा कवच लगवाए जाने की मांग विद्युत विभाग के अधिकारियों से की है।

# श्रीकृष्णा मिशन हास्पिटल प्रबन्धक से स्पष्टीकरण तलब

संवाददाता। बस्ती

**ओपीडी** में आए मरीजो का कोविड-19 जांच एंटीजन/आरटीपीसीआर से शतप्रतिशत न कराए जाने पर डीएम आशुतोष निरंजन ने श्री कृष्णा मिशन हास्पिटल बरगदवा के प्रबन्धक से स्पष्टीकरण तलब किया है। जबकि संदिग्ध/गम्भीर मरीजो का आरटीपीसीआर से कोविड-19 की जांच न कराने पर पीएमसी हास्पिटल मालवीय रोड के प्रबन्धक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। श्री कृष्णा मिशन हास्पिटल के प्रबन्धक को लिखे पत्र में कहा है कि हास्पिटल द्वारा मरीजों का न तो शतप्रतिशत जांच किया गया, न ही कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए मरीजो की समय से आईडी जनरेट किया गया। कोविड-19 पॉजिटिव मरीज को अत्यन्त गभीर हालत में एल-3 चिकित्सालय कैली रेफर कर दिया गया। पीएमसी चिकित्सालय के प्रबन्धक को जारी नोटिस में कहा गया है कि 29 अक्टूबर को अस्पताल द्वारा 53 मरीजो की कोविड-19 जांच कराया गया। जॉच में कोई भी मरीज पॉजिटिव नही पाया गया। जबकि पूर्व में सीएमओ द्वारा यह निर्देशित किया गया था कि कोविड-19 के संदिग्ध/गम्भीर मरीजो का एंटीजन के साथ आरटीपीसीआर जांच अवश्य कराई जाय लेकिन आप द्वारा केवल एंटीजन जॉच कराई गई, आरटीपीसीआर नही कराया गया, जिससे गम्भीर मरीज की मृत्यु हो जा रही है। दोनो अस्पतालों को जारी नोटिस में यह भी कहा गया है कि यदि इस सम्बन्ध में कोई रिपोर्ट प्राप्त नही होती है तो चिकित्सालय का पंजीकरण/मान्यता समाप्त करते हुए विधिक कार्यवाही भी की जाएगी।

# पुरस्कार वितरण के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हुआ समापन

**सोनभद्र**। एनटीपीसी सिंगरौली में मनाये गये सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन विद्युत गृह के मुख्य महाप्रबंधक देबाशीष चटटोपाध्याय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सर्तकता जागरूकता सप्ताह-2020 की थीम सर्तक भारत समद्ध भारत पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए कहा कि हम अपनी जागरूकता एवं सर्तकता से इस बुराई को हटा मिटा सकते है। नियमों एवं प्रक्रियाओं की सही जानकारी बहुत जरूरी है। इन्ही शब्दों के साथ सतर्कता जागरूकता मिशन में सभी की सहभागिता की अपेक्षा रखी। एनटीपीसी लिमिटेड की परंपरा का पालन करते हुए एनटीपीसी गीत के समवेत गायन से पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह का शुभारंभ हुआ। तदुपरांत महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण अपने विचार रखते हुए कहा कि कोविड-19 के दौरान उत्पन्न विपरीत स्थितियों के बाद भी 23 कार्यक्रमों के माध्यम से 546 लोगों की सर्तकता जागरूकता सप्ताह में सहभागिता काबिले तारीफ है खासकर इसमें बच्चों की प्रतिभागिता सराहनीय बताया क्योंकि भ्रष्टाचार की शुरूआत घर से होती है। इसी क्रम में आयोजन से जुड़े सभी लोगो के प्रति साधुवाद जताया। विदित रहे कोरोना काल के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन होने के कारण सप्ताह के बहुत सारे आयोजन आन लाइन कराये गये थे, जिसका अवलोकन किया गया तथा छात्र-छात्राओं एवं छोटे बच्चों द्वारा सजायी गयी पेन्टिग प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए बच्चों के प्रयास की मुक्त कंठ से सराहना किया। कार्यक्रम के अंतिम सोपान पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रथम विजेताओं को पुरस्कार स्वयं मुख्य अतिथि श्री नायक द्वारा प्रदान किया गया।

# यातायात जागरुकता माह में सभी को जागरूक कर रही पुलिस



संवाददाता। संतकबीरनगर

**यातायात** जागरुकता माह के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह निर्देशन व क्षेत्राधिकारी यातायात के प्रवेक्षण में मंगलवार को प्रभारी यातायात संतोष कुमार मिश्र द्वारा शहर खलीलाबाद के क्षेत्र स्थित चौराहों पर यातायात के नियमों से संबन्धित बैनर लगवाये गये, तथा लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी, दुपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेल्मेट का प्रयोग करने, कार ड्राइविंग करते समय सीट बेल्ट बाधने व तेज रफ्तार से वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने की सलाह दी गयी साथ ही यातायात जागरुकता के क्रम मे पम्पलेट भी वितरित किया गया। इस मौके पर यातायात पुलिस के एचसीपी जगदम्बा गुप्ता, एचसीपी अनिल शर्मा, एचसीपी भोला प्रसाद एचसीपी नन्द लाल, का. कृष्णानन्द पाण्डेय वअन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# कल से बदले नियमों के साथ बंटेगा राशन

## बदलाव: शिशु, गर्भवती, धात्री व किशोरियों को दिया जायेगा गेहूँ

## चावल, दाल, देसी घी एवं स्किम्ड मिक्स पाउडर का भी होगा वितरण

संवाददाता। मिर्जापुर

**जिले** में पांच नवम्बर से कुछ बदलाव के साथ राशन वितरण होगा इसके लिए बाल विकास विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। नये नियम के तहत अब फोर्टीफाइड अनुपूरक पोषाहार की जगह सूखा राशन जैसे गेहूं, दाल, चावल व दुग्ध पदार्थ केन्द्र से वितरित किया जायेगा। बाल विकास विभाग ने राशन के वितरण में बदलाव लाने के बाद पांच नवम्बर से अक्टूबर माह के राशन का वितरण शुरू करेगा। जिसके तहत जिले के 2668 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अब सूखे राशन के वितरण की प्रणाली को नवम्बर माह से लागू किया है। इसके लिए विभाग अक्टूबर माह में ही सभी बाल विकास परियोजना अधिकारीए मुख्य सेविका व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पत्र के माध्यम से भी अवगत कराया जा चुका है।

प्रमोद कुमार सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास एवं पुष्टाहार ने बताया कि शिशुए गर्भवतीए धात्री व किशोरियों के स्वास्थ्य व सही पोषण को गति प्रदान करने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विभाग के माध्यम से लाभार्थियों को दिए जा रहे फोर्टीफाइड अनुपूरक पोषाहार (वीनिंग फूड) मीठा, नमकीन, दरिया व लडडू प्रीमिक्स के स्थान पर सूखा राशन गेहूं, दाल, चावल व दुग्ध पदार्थ जैसे देसीघीए स्किम्ड, मिक्स पाउडर केन्द्र से वितरित किया जाना सुनिश्चित किया गया है। आरएनसिंह बाल विकास परियोजना अधिकारी जमालपुर के अनुसार शासन स्तर व प्रदेश स्तरीय विभागीय अधिकारियों द्वारा जिले के केन्द्रों पर पुष्टाहार उत्पादन व वितरण का निर्णय लिया जा चुका है।

परियोजना स्तर पर इस तरह की प्रणाली को विकसित होने तक पोषाहार के रूप में ड्राई राशन (दाल, चावल, गेहूं, व दुग्ध पदार्थ) देशी घी एवं स्किम्ड मिल्क पाउडर आंगनबाड़ी केन्द्रों से वितरित किया जायेगा।

उन्होने बताया कि गर्भवती, धात्री, महिलाओं व 11 से 14 वर्ष की किशोरियों को प्रतिमाह 2 किलो गेहूँ, एक किलो चावल, 750 ग्राम दाल एवं तिमाही 450 ग्राम देशी घी, 750 ग्राम स्किम्ड मिक्स पाउडर पोषाहार के रूप में विभाग द्वारा उपलब्ध कराने का काम किया जायेगा। 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों को प्रतिमाह 1.5 ग्राम गेहूं, एक किलो चावल, 450 ग्राम दाल एवं तिमाही 450 ग्राम देशी घीए 400 ग्राम स्किम्ड मिक्स पाउडर दिया जायेगा। यह व्यवस्था तीन वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों पर भी लागू है। इसी प्रकार अति कुपोषित बच्चों को प्रतिमाह 2.5 किलो गेहूंए 1०5 किलो चावलए 500 ग्राम दाल एवं तिमाही 900 ग्राम देशी घीए 750 ग्राम स्किम्ड मिक्स पाउडर पोषाहार के रूप में वितरित किया जायेगा। डीपीओ ने बताया कि पूर्व की भांति ही नवीन ड्राईराशन भी कलर कोडेड होगा। गर्भवती व धात्री के लिए पीलाए 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों के लिए आसमानी नीला, 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए हल्का हराए किशोरियों के लिए गुलाबी व अति कुपोषित बच्चों के लिए लाल रंग की पैकेजिंग में ड्राई राशन को दिया जायेगा।

## अनियंत्रित ट्रक ने मारी सीडीओ की कार को ठोकर बाल–बाल बचे सीडीओ

**देवरिया।** देवरिया में चल रहे उपचुनाव के दौरान भ्रमण के दौरान सीडीओ शिवशनकारप्पा जीवन जो गौरी बाजार से देवरिया आ रहे थे वही बेताब दीपों के समीप ट्रक ने उनके वाहन को पीछे से ठोकर मार दी जिससे बाल.बाल सीडीओ बच गए वहीं पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया। देवरिया उपचुनाव का आज मतदान चल रहा था जहां दोपहर सीडीओ गौरी बाजार से देवरिया आ रहे थे अभी मैं बैतालपुर डिपो के समीप पहुंचे थे कि उनकी कार को ट्रक ने ठोकर मार दी जिस पर वह बाल.बाल बच गए वहीं उनके साथ चल रही है कोर्ट ने तुरंत ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया और ड्राइवर को गिरफ्तार कर गौरी बाजार थाने भेज दिया।

## फैक्ट्री में आग लगने से लाखों का सामान जलकर हुआ राख

**मुग़लसराय, चन्दौली ।** अलीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड के किनारे चल रही टेंट की फैक्ट्री में अचानक आग लग गई जिससे टेंट हाउस का लाखों का सामान जलने के साथ ही फैक्ट्री से सटे रिहायशी क्षेत्र का एक मकान भी आपकी लपेटे में आ गया जिससे मकान सहित उसके कमरों का सामान भी आग की लपटों से खराब हो गया। घटनास्थल पर अलीनगर पुलिस सहित फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची तब जाकर आग पर काबू पाया गया।

## मदरसे में नारी सुरक्षा एवं सम्मान से संबंधित गोष्ठी का हुआ आयोजन

**धानापुर,चन्दौली।** निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण उत्तर प्रदेश एवं अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा के दिशा निर्देशन में मंगलवार को कस्बा स्थित मदरसा मिस्बाहुल उलूम में मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं महिला शालीनता से संबंधित गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य मौलाना खालिद ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के बगैर मानवता का विकास अधूरा है इसलिए बालिकाओं को सशक्त करने के लिए उन्हें शिक्षित करना जरूरी है।

## उपवास कार्यक्रम में जौनपुर के तमाम शिक्षक शामिल

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष चेत नारायण सिंह के नेतृत्व में वित्तविहीन शिक्षकों को आर्थिक मदद,मानदेय, पुरानी पेंशन बहाली, अद्यतन कार्यरत शिक्षकों के विनियमितीकरण सहित 11 सूत्रीय मांगों के चल रहे सतत उपवास कार्यक्रम में शिक्षा निदेशक कार्यालय लखनऊ में जनपद से भी कई शिक्षक शामिल हुये। जिलाध्यक्ष सुधाकर सिंह के नेतृत्व में जनपद से शामिल शिक्षक नेताओं में प्रदेश उपाध्यक्ष नरसिंह बहादुर सिंहए जिला मंत्री प्रमोद सिंहए संगठन मंत्री केशनाथ तिवारी आदि प्रमुख रहे। मीडिया को प्रेषित विज्ञप्ति में जिलाध्यक्ष सुधाकर सिंह ने बताया कि आगामी 1 दिसम्बर को वाराणसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव के बाद शिक्षक समस्याओं को लेकर संघर्ष को सदन से लेकर सड़क तक लड़ा जाएगा।

## ट्रक एसोसिएशन ने डीएम को सौंपा पत्रक, परिवहन अधिकारी पर लगाए गंभीर आरोप

**गाजीपुर।** ट्रक एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को जिलाधिकारी से मुलाकात कर पत्रक सौंपते हुए परिवहन अधिकारी द्वारा अवैध वसूली का आरोप लगाया। उत्तर प्रदेश ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार यादव ने बताया कि संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा ट्रकों से एंट्री फीस लेकर ओवरलोड गाड़ियों का संचालन कराया जा रहा है। अवैध वसूली से पुल पुलिया क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। जिससे ट्रक मालिकों में आक्रोश है। साथ ही सरकार की छवि खराब हो रही है। उन्होंने भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग उठाई है ताकि सड़क और पुल पुलियो की सुरक्षा हो सके।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 725 आवेदन में 34 आवेदन पत्रों का हुवा निस्तारण

**गाजीपुर।** जन समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर के राइफल क्लब सभागार में जिलाधिकारी एम पी सिंह अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमे 140 आवेदन प्राप्त हुए और मौके पर 06 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातो तहसीलो की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 725 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 34 आवेदन पत्रों का निस्तारण किया गया। तहसील कासिमाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 49 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें निस्तारण शून्य रहा। जखनियॉ तहसील में अपरजिलाधिकारी वि0रा0 की अध्यक्षता में 138 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 08 का मौके पर निस्तारण किया गया।जमानियां तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 72 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया।

# देवरिया सदर विस का मतदान शान्तिपूर्ण सम्पन्न





संवाददाता। देवरिया

**337-देवरिया** विधानसभा उप निर्वाचन का मतदान शान्तिपूर्ण सम्पन्न हुआ। मण्डलायुक्त जयंत नार्लिकर एवं डीआईजी राजेश मोदक भी जनपद में पहुॅच कर मतदान कार्यो का जायजा लिया। जिलाधिकारी अमित किशोर पुलिस अधीक्षक डा श्रीपति मिश्र, सामान्य प्रेक्षक डी डी कपाडिया एवं व्यय प्रेक्षक राजेश रंजन पूरे दिन क्षेत्रों में भ्रमणशील रहे। शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी चुनाव सम्पन्न कराने हेतु तैनात मतदान कार्मिकों, पुलिस अधिकारियों व जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटो सहित जुडे अन्य अधिकारियों को निर्देश देते रहे। सभी बूथो पर कोविड-19 के प्राविधानों का पालन कराये जाने के निर्देश देते रहे। इस दौरान सभी बूथो पर कोविड हेल्पडेस्क की व्यवस्था की गयी थी। सभी मतदाताओ को थर्मल स्क्रीनिंग के साथ सैनिटाइजए मास्क व ग्लब्स भी तैनात कार्मिको द्वारा उपलब्ध कराया गया। मण्डलायुक्त गोरखपुर जयंत नार्लिकर, डी आई जी राजेश मोदक के साथ मतदान कार्यो का जायजा लेने हेतु विधानसभा क्षेत्र में पहुॅचे। इस दौरान उन्होने चन्द्र शेखर इंटर कालेज गौरी बाजार एवं देवगांव में स्थापित बूथ के मतदान कार्यो का निरीक्षण किये। उन्होने कोविड हेल्प डेस्क पर अपनी थर्मल स्क्रीनिंग करायी तथा उपलब्ध कराये जा रहे कोविड 19 के संक्रमण से बचाव सामग्रियों यथा मास्क, ग्लब्स, सेनेटाइजर का भी निरीक्षण किया। उन्होने इस डेस्क पर तैनात कर्मी को सभी की स्क्रीनिंग व मास्क आदि की उपलब्धता कराये जाने का निर्देश दिया। कहा कि हर हाल में कोविड19 के दिशा निर्देशों के पालन के साथ ही मतदान कार्य को पूरी निष्पक्षता पारदर्शिता से सम्पन्न करायें। इसमें कोई कोताही नही होनी चाहिये। डी आई जी राजेश मोदक ने कहा कि उप चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा लिये गये निर्णयों से संतुष्टि जताते हुए कहा कि पुलिस बल की पर्याप्त उपलब्धता है। हर हाल में निष्पक्षए निर्विघ्न भयमुक्त व शान्तिपूर्ण मतदान होना चाहिये। जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर ने टाउनहाल परिसर के विद्यालय में बने बूथ पर थर्मल स्क्रीनिंग के पश्चात् मतदान किया।

## 51.5 प्रतिशत पड़े मत

**देवरिया।** आज सम्पन्न हुए देवरिया विधानसभा उप चुनाव में कन्ट्रोल रुम से मिली जानकारी अनुसार लगभग 51.5 प्रतिशत मत पडे। ज्ञातव्य हो कि इस विधानसभा क्षेत्र के 14 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हुआए। जहां सुबह 9 बजे मतदान का 6.9 प्रतिशतए 11 बजे मतदान का 18़01 प्रतिशतए अपरान्ह् 1 बजे मतदान का 31.85 प्रतिशतए 3 बजे मतदान का 41.06 प्रतिशत, 5 बजे मतदान का 48.48 प्रतिशत तथा मतदान समाप्ति पश्चात् कुल लगभग 51.05 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किये। जहां महिलाओं की भागीदारी सबसे ज्यादा रही वह युवा मतदाता मतदान किए तो बुजुर्ग भी कम नहीं रहे बुजुर्ग भूतों पर पहुंचकर मतदान प्रक्रिया में भाग लेते रहे सभी मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गए।जो सुरक्षा के पुख्ता इन्तजामो के साथ महाराजा अग्रसेन कालेज ऑफ कामर्स देवरिया में बने स्ट्रान्ग रुम में जमा करने की कार्यवाही देर रात्रि तक पीठासीन अधिकारियों द्वारा की गयी।

## देर रात तक जमा होती रहीं ईवीएम



**देवरिया।** मंगलवार को सम्पन्न हुए देवरिया विधानसभा उप चुनाव में कन्ट्रोल रुम से मिली जानकारी अनुसार लगभग 51़05 प्रतिशत मत पडे। ज्ञातव्य हो कि इस विधानसभा क्षेत्र के 14 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हुआए जो सुरक्षा के पुख्ता इन्तजामो के साथ महाराजा अग्रसेन कालेज आफ कामर्स देवरिया में बने स्ट्रान्ग रुम में जमा करने की कार्यवाही देर रात्रि तक पीठासीन अधिकारियों द्वारा की गई जहां कर्मचारी बड़ी संख्या में देर रात तक अपने पुत्रों को ठीक करने के बाद ईवीएम मशीनें जमा करते रहें वही अधिकारी और कर्मचारी देर रात तक जमे रहे।

## मल्हनी उपचुनाव को लेकर बन्दी का रहा मिलाजुला असर

**शाहगंज, जौनपुर।** मंगलवार को स्थानीय नगर में करवा चौथ की पूर्व संध्या पर महिलाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। नगर के प्रमुख बाजारों में महिलाएं खरीददारी करती नजर आईं। सबसे अधिक भीड़ कोतवाली रोड पर देखने को मिली। वहीं मंगलवार को साप्ताहिक बाजार होने के कारण बाहर के किसान जब नगर के गल्ला मंडी पहुंचे तो उन्हें ज्ञात हुआ कि आज बन्दी है जिससे लोगों में हापोह की स्थिति बनी रही।

बताते चलें कि जनपद के मल्हनी विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव हेतु मंगलवार को जिलाधिकारी ने पूरे जनपद को बन्द रखने का निर्देश दिया था जिसका मिला.जुला ही असर देखने को मिला। नगर के प्रमुख बाजारों में भारी चहल.पहल रही। दोपहर में कोतवाली पुलिस ने जिलाधिकारी के निर्देश का हवाला देते हुए नगर की दुकानों को बन्द कराना शुरू किया। वहीं अपने अनाजों को गल्ला मंडी लेकर पहुंचे किसानों में बन्दी की खबर सुनकर काफी मायूसी देखने को मिली।

# मल्हनी विस के सभी प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद



## 12 का होगा फैसला समर्थक अपने प्रत्याशी को बता रहे विजयी

संवाददाता। जौनपुर

विधायक पारसनाथ यादव के निधन के चलते जनपद के मल्हनी विधानसभा में मंगलवार को हुये उपचुनाव में 16 प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम में कैद हो गया जिसका फैसला आगामी 12 नवम्बर को होगा। जिलाधिकारी दिनेश सिंह एवं आरक्षी अधीक्षक राजकरन नैयर सहित तमाम प्रेक्षकोंए प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की देख.रेख में हुये उपचुनाव के बाबत 3 लाख 65 हजार से अधिक मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना था। किसी का नाम मतदाता सूची में नाम न रहने तो किसी के बाहर रहने से काफी लोग मतदान करने से वंचित रह गये। फिलहाल काफी दुरूस्त व्यवस्था के बीच मल्हनी विस उपचुनाव सकुशल सम्पन्न हो गया। कुछ मतदान केन्द्रों पर ईवीएम में गड़बड़ी आयी लेकिन कुछ ही देर में सब कुछ सही हो गया। जिन लोगों के भाग्य ईवीएम में कैद हुये हैं, उनमें यहां से विधायक रहे स्व् पारसनाथ यादव के पुत्र लकी यादव सपा, धनंजय सिंह निर्दल, मनोज सिंह भाजपा, राकेश मिश्र कांग्रेस सहित तमाम प्रत्याशी हैं। चुनाव के बाबत कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 238 रही है जहां 554 मतदेय स्थल बनाये गये थे। मतदान के लिये कुल बैलेट यूनिट 1108, कण्ट्रोल यूनिट 554 एवं वीवीपैट 554 रही जिसकी देख.रेख के लिये 6 जोनल एवं 22 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात रहे। मतदान के बाद सभी ईवीएम को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नवीन कृषि मण्डल समिति परिसर शीतला चौकियां धाम में बने स्ट्रांग रूम में रखवा दिया गया जिसकी सुरक्षा के लिये कड़े पहरे भी लगाये गये। सुबह 7 बजे से शुरू हुआ मतदान शाम 6 बजे तक चला जिसके बाद सभी प्रत्याशियों के समर्थकों द्वारा अपने उम्मीदवार को अपने गणित से जीतहार का अन्तर बनाया जाने लगा। भाग्य ईवीएम में कैद हो गया जिसका फैसला आगामी 12 नवम्बर को होगा।

## 56.65 प्रतिशता मतदान, अधिकारी सक्रिय रहे

**जौनपुर।** मल्हनी विधानसभा के उप चुनाव हेतु मतदान की प्रक्रिया आज 3 नवम्बर को सुबह 7 बजे से सायं काल 6 बजे तक सुरक्षा व्यवस्थाओं के बीच हल्की फुल्की झड़पें के साथ सम्पन्न हो गयी। सरकारी आंकड़े के अनुसार इस उप चुनाव में कुल मतदाता संख्या 3,65,013 में मतदान का प्रतिशत 56.65 रहा है। सुरक्षा व्यवस्था में जिले के सभी प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारीयों सहित वाराणसी मंडल के मंडलायुक्त एवं आईजी परिक्षेत्र वाराणसी भी मल्हनी में पूरे दिन चक्रमण करते रहे है। इसके बाद भी निर्दल एवं सत्ता धारी दल के लोगों द्वारा कुछ बूथों पर फर्जी मतदान कराये जाने की खबर है। लेकिन आयोग के अधिकारी अथवा जिला प्रशासन के अधिकारियों को आल इज ओके ही नजर आया और यही सरकारी स्तर से संदेश भी जारी किया गया है। यहाँ बतादे कि प्रातःकाल मतदान की प्रक्रिया शुरू होते ही परसुरामपुर मतदान केंद्र पर मशीन खराब हो गयी एजेन्टो द्वारा कड़ा विरोध करने पर लगभग 45 मिनट बाद मशीन पहुंचाया गया इस लिये यहां मतदान विलम्ब से शुरू हो सका। इसके अलावां सत्ता धारी दल के लोगों द्वारा कलवारी के बूथ नम्बर 72 एवं 72अ पर दिन में लगभग 12बजे के आस पास एक दर्जन यादवों का मत फर्जी ढंग से डाल दिया गया जब मतदाता धर्मेन्द्र यादव एवं जड़ावती देवी सहित 8 से 10 की संख्या में मतदाता पहुंचे तो पीठासीन अधिकारी ने बता दिया कि वोट पड़ चुका है। मतदाताओ ने विरोध किया आयोग की प्रेक्षक को सूचित किया गया लेकिन सत्ता पर के लोगों पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी। इसी तरह भुआ कला के मतदान स्थल 29,30,31पर भी निर्दल प्रत्याशी के समर्थको द्वारा कैप्चर कर फर्जी वोट डालने की शिकायत मिली आयोग के प्रेक्षक को बताया गया लेकिन कार्यवाही नहीं हो सकी। यही नहीं बिन्दुली मतदान केंद्र पर फर्जी वोटिंग को लेकर सपा और निर्दल प्रत्याशी के समर्थको के बीच विवाद धक्का मुक्की झड़प तक पहुंचा हलांकि सुरक्षा बलों ने स्थित पर काबू पा लिया और दोनों पक्षों को हटा कर फिर मतदान शुरू कराया इस विवाद में कुछ समय के लिये मतदान प्रक्रिया बाधित रही है। मतदान शान्ति पूर्वक संपन्न कराने के लिए जिले के प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारी सहित मंडल स्तर के अधिकारी गण तथा आयोग द्वारा भेजे गये प्रेक्षक पूरे दिन मल्हनी मे चक्रमण करते रहे इसके बाद भी हल्की झड़पों का होना यह संकेत करता है कि कहीं न कहीं सरकारी मशीनरी सत्ता पक्ष की मदत गार रही है।



## जौनपुर में तमंचे के बल पर स्वर्ण व्यवसायी से बदमाशों ने लुटे 4 लाख के जेवर

**शाहगंज, जौनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव में मंगलवार की शाम दुकान बंद कर जा रहे स्वर्णाभूषण व्यवसायी से बदमाशों ने तमंचे के बल पर नगद समेत सवा चार लाख रुपये मूल्य का जेवरात लूट लिया। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हैं। मल्हनी विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर जनपद के सभी थानों पर पुलिस की मुस्तैदी को अपराधियों ने पोलखोल कर रख दिया। आजमगढ़ जनपद के फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के अम्बारी चौकी क्षेत्र के बिलारमऊ बाजार निवासी सूरज सेठ का सरपतहा थाना क्षेत्र के सरायमोहिद्दीनपुर में अहम ज्वेलर्स के नाम से स्वर्णाभूषण की दुकान है। मंगलवार की शाम साढ़े छह बजे दुकान बंद कर बाइक से घर जा रहे थे। कोतवाली क्षेत्र के बडागांव पेट्रोल पम्प के समीप तीन बाइक पर सवार नकाबपोश छह असलहाबंद लूटेरो ने तमंचा सटा व्यवसायी का बैग ले शाहगंज की ओर भाग निकले। स्वर्ण व्यवसायी के मुताबिक बैग में लगभग तीन लाख रुपये के सोने के जेवरात व एक लाख रुपये मूल्य के चांदी के जेवरात समेत बीस हजार रुपये नगद रखें हुए थे। लूट की घटना के बाद पीड़ित सरायमोहिद्दीनपुर चौकी पहुचा। जहां घटना स्थल कोतवाली बता शाहगंज भेज दिया गया। इस बावत कोतवाली निरीक्षक दुर्गेश्वर मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है।

## तीन अंतरजनपदीय शातिर लुटेरे चढ़े पुलिस के हत्थे

**मऊ।** एसओजी व थाना चिरैयाकोट पुलिस टीम ने सोमवार की देर शाम मुखबिर की सूचना पर थाना चिरैयाकोट अंतर्गत रामनवल डिग्री कॉलेज तिराहा सिरसा के पास से तीन अंतर जनपदीय शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि लूट की घटना में सहयोग देने वाले उनके तीन साथी अभी फरार हैं। फरार साथी लुटेरों की भी गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस टीम दबिश दे रही है। उधर पुलिस टीम ने गिरफ्तार तीनों शातिर लुटेरों के पास से चोरी की दो बाइक समेत लूट के 21 हजार 170 रुपया नगदी के साथ दो तमंचा व कारतूस बरामद किया। मामले का पर्दाफाश पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान किया। प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक सुशील घुले ने बताया कि जिले में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई को लेकर सभी क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को दिशा निर्देश जारी किया गया है। इसके तहत एसओजी व थाना चिरैयाकोट पुलिस टीम मंगलवार की देर शाम को सघन चेकिंग करने में जुटी हुई थी। इस बीच पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिला कि कुछ शातिर लुटेरे बड़ी लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक में आए हुए हैं। मुखबिर से सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने रामनवल डिग्री कालेज तिराहा सिरसा के पास घेराबंदी व दबिश दिया। इस दौरान एसओजी व पुलिस टीम ने तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तीनों शातिर लुटेरों की शिनाख्त पंकज यादव पुत्र विजय बहादुर यादव निवासी मजखनी पिपरीडीह थाना सरायलखंसी,राशिद अंसारी पुत्र इरफान अंसारी निवासी खरगजेपुर पीपरीडीह थाना सरायलखंसी, देवेन्द्र यादव पुत्र धर्मदेव यादव निवासी मजखनी पीपरीडीह थाना सरायलखंसी के रुप में किया गया। पुलिस टीम ने लूट की दो बाइकए दो तमंचाए जिंदा कारतूस के साथ लूट के 21170 रुपए भी बरामद कर लिया।

### एसपी ने पुलिस टीम का किया सराहना

**मऊ।** शातिर लुटेरों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में एसओजी निरीक्षक अविनाश सिंह प्रभारीए उप निरीक्षक अमित मिश्राए संजीव सिंहए सुशील यादवए रितेश रायए विवेक पांडेयए जवाहर सरोजए नागेंद्र सिंहए विवेक सिंह सर्विलांस सेलए थाना चिरैयाकोट टीम के रूपेश कुमार सिंह थानाध्यक्षए उप निरीक्षक राजन कुमारए रवि मौर्याए अमन विश्वकर्माए अरुण भारतीए अमित पटेलए अजीत सिंह शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने सफलता हासिल करने वाले पुलिस टीम को प्रोत्साहित किया।

# क्रिकेट सिर्फ खेल नहीं अनुशासन की पाठशाला है : राजीव उपाध्याय

**गाजीपुर।** क्रिकेट के उत्थान के लिए जीडीसीए संस्था के नेतृत्व में क्रिकेट परफारमेंस सेंटर गाजीपुर और विक्ट्री क्लब इसवारी कोलकाता, वेस्ट बंगाल से आए खिलाड़ियों के बीच पांच मैचों की एक सीरीज़ का आयोजन स्थानीय स्वामी सहजानंद डिग्री कॉलेज खेल मैदान में हो रहा है। रविवार को मैच के बाद जीडीसीए के वरिष्ठ सदस्य और कन्वेनर शाश्वत सिंह के द्वारा इन खिलाड़ियों के लिए खेल के साथ मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए स्थानीय एन वाई सुहासिनी थिएटरए मल्टीप्लेक्स में कमांडो फिल्म दिखाने का आयोजन किया गयाए जिसमें वेस्ट बंगाल और जनपद के स्थानीय खिलाड़ियों ने जीडीसीए पदाधिकारियो और स्थानीय गणमान्य नागरिकों के साथ फिल्म का आनंद उठाया। मैदान में प्रतिद्वंदी बच्चे यहां अच्छे दोस्तो के साथ पूरे अनुशासन में मनोरंजन किए और कल फिर इनके बीच कड़ा मुकाबला खेला जाएगा। इस अवसर पर जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता योगेश चंद्र वर्मा, वरुण अग्रवाल, डॉ उमेश चंद्र राय, विनय कुमार सिंह, अजय सराफ शमशाद अहमद, आरिफ अहमद भाई, चांद भाई, मोहम्मद दानिश, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अमित, अरविंद के साथ दर्जनों क्रिकेट खिलाड़ी मौजूद रहे।



## बिजली विभाग की छापेमारी में 10 के खिलाफ एफआईआर

**गाजीपुर।** जनपद में हाई लाश फीडर पर विद्युत विभाग के कर्मचारी अधिकारी और विजिलेंस टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए महराजगंज उप केंद्र अंतर्गत अगस्ता फीडर के अगस्ता सलामतपुर ग्राम में कुल 25 घरों को चैक किया गया जिसमे 15 लोगों पर विद्युत बकाया का मुकदमा दर्ज किया गया वही 10 लोगों पर विद्युत चोरी पर एफ आईआर करने के साथ साथ विद्युत विच्छेदन किया गया। जिसमे 75 हज़ार की वसूली की गई। एसडीओ अभिषेक राय ने बताया कि जितने उपभोक्ता अभी तक कनेक्शन नही लिए है वे लोग तत्काल कनेक्शन ले ले एवम बकाया बिल का तत्काल भुगतान कर दे नही तो चेकिंग में पकड़े जाने पर सीधे एफआईआर दर्ज किया जाएगा। चेकिंग टीम में विजिलेंस प्रभारी एके सिंह बिजिलेंस अवर अभियंता पंकज चौहान, एसडीओ अभिषेक राय, अवर अभियंता मिथिलेश यादव, सुपरवाइजर मीटर शशिकांत भारती, और लाइनमैन लोग उपस्थित रहे।

# श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ भरत मिलाप मेला सम्पन्न

## विश्व हिन्दू परिषद व रामलीला कमेटी ने किया आयोजन

संवाददाता। मुंगराबादशाहपुर जौनपुर



स्थानीय नगर में आयोजित किए जाने वाला दो दिवसीय भरत मिलाप मेला सोमवार को प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ सम्पन्न हुआ। बताते हैं कि पूर्वांचल में आयोजित होने वाले मेलों में मुंगराबादशाहपुर का ऐतिहासिक दो दिवसीय भरत मिलाप का मेला अलग स्थान रखता है। पूर्वांचल में वाराणसी के विश्व प्रसिद्ध नाटी इमली के भरत मिलाप के बाद मुंगराबादशाहपुर का भरत मिलाप मेला समूचे पूर्वांचल के मेलों में प्रसिद्ध है। यह दो दिवसीय भरत मिलाप का मेला कार्तिक कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को प्रारम्भ होकर दो दिन चलता है। पहले दिन लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक चौकी और लागें निकाली जाती हैं और दूसरे दिन समूचे नगर में छः दलों द्वारा विद्युत सजावट से युक्त भव्य गगनचुम्बी स्वागत द्वार बनाए जाते हैं जिसे देखने के लिए जनपद ही नहींए बल्कि पड़ोसी जनपदों से भी बड़ी संख्या में दर्शनार्थी आते हैं। इस वर्ष यह ऐतिहासिक मेला कोरोना वायरस की महामारी की भेंट चढ़ गया। मेले के दूसरे दिन विश्व हिन्दू परिषद एवं श्री रामलीला कमेटी गुड़हाई द्वारा संयुक्त रूप से नगर के नई बाजार के निकट ग्राम बहोरिकपुर में स्थित श्री मनोकामना सिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान जी मन्दिर से देर शाम प्रभु श्रीराम की भव्य झाँकी निकाली गयी जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए पुराने गल्ला मण्डी स्थित आयोजन स्थल पहुंची जहाँ मंच पर पहले से विराजमान भरतए शत्रुघ्न मुनि वशिष्ठ सहित तीनों माताओं के साथ प्रभु श्रीराम की अगवानी किए और भगवान श्रीराम और भैया भरत का मिलाप हुआ। श्रीराम का राज्याभिषेक कार्यक्रम वैदिक विद्वानों द्वारा किए गए मंत्रोच्चारण के बीच हुआ। इसके बाद श्रद्धालु भक्तों द्वारा भगवान की आरती उतारी गयी। कार्यक्रम में गणेश दत्त शुक्ल, मनोज त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष शिव गोविन्द साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कपिलमुनि, विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्त सहमंत्री कृष्ण गोपाल, विभाग सम्पर्क प्रमुख दीपक ,जिला मंत्री विशम्भर दुबे शामिल हुए।

### राम केवट संवाद सुनकर दर्शक हुये भावविभोर

**सिरकोनी, जौनपुर।** स्थानीय ब्लाक के अंतर्गत गोपीपुर गांव में 174 वर्ष से हो रही। ऐतिहासिक बुढ़वा बाबा रामलीला समिति के तत्वावधान में बीती रात की रामलीला में रामकेवट संवादए सीताहरण लीला का भावपूर्ण मंचन हुआ। इसके पहले रामलीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि भगवा वाहिनी की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अंजना सिंह व रमेश सिंह ने फीता काटकर किया। तत्पश्चात् विशिष्ट अतिथि अवनीश चौबे ने रामए लक्ष्मणए सीता की आरती उतारी। मंचन में राम केवट संवाद में ष्मांगी नाव न केवट आना कहहूं तुम्हार मरम न हम जानाष् सुनकर पंडाल में श्रोता भावुक हो उठे। इस दौरान हुये मंचन देखकर दर्शक भावविभोर हो गये। दर्शकों ने जय श्री राम के नारे लगाये जिससे पूरा पण्डाल भक्तिमय हो गया। दूसरे दृश्य में रावण द्वारा सीताहरण का मंचन हुआ जहां मां सीता को बचाने के लिए जटायूं और रावण का युद्ध हुआ जिसे देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे। रामलीला का संचालन कामरेड जय प्रकाश सिंह एडवोकेट व अमित सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

## भू माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई को लेकर व्यापारी का प्रदर्शन



**सकलडीहा,चन्दौली।** भू माफियाओं द्वारा जेसीबी लगाकर जबरन कब्जा और महिला और बच्चों को पीटने की घटना को लेकर व्यापारियों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित व्यापारियों ने मंगलवार को अपनी दुकाने बंद कर महिला और व्यापारियों के साथ एसडीएम कार्यालय और कोतवाली पर विरोध प्रदर्शन किया। एसडीएम द्वारा पुनरू भूमि का सीमांकन कराने व कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपितों पर मुकदमा दर्ज करने पर व्यापारी शांत हुए। इस दौरान सपाए कांग्रेसए माले सहित विभिन्न संगठन के लोगों ने घटना का पुरजोर विरोध जताया। चेताया कि तहसील प्रशासन राजस्व कर्मियों की मिली भगत से अवैध कब्जा को रोकवाया नही तो विशाल धरना प्रदर्शन होगा। आरोप है कि सफेदपोश नेताओं के सहयोग व तहसील प्रशासन और राजस्व कर्मियों की मिली भगत से भू माफिया कस्बा सहित आसपास गांव की गढ़ई व पोखरी औने पौने दाम में दबाब बनाकर रजिस्टरी करा लिया है। यही नही पुरानी अभिलेखी नख्से में भी छेड़छाड़ व कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध है। जिसका फायदा भू माफियाओं प्लाटिंग करके ले रहे है। सोमवार को जबरन रास्ता लेने के लिये पुलिस और तहसील प्रशासन के सहयोग से जमकर तांडव मचाया। जेसीबी लगाकर जहां व्यापारियों की दिवार तोड़ दिया। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार और पकड़वाकर थाने भेज दिया गया बच्चे और युवक को पीटा गया।

# इंडिका कार व टैंकर में भीषण टक्कर, चार मरे

## बहराइच हाईवे स्थित शहाबपुर टोल प्लाजा के पास हुई घटना

### एक अन्य किशोरी गंभीर रूप से घायल

**संवाददाता**। मसौली (बाराबंकी)



**बाराबंकी**-बहराइच हाईवे पर शहाबपुर टोल प्लाजा के पास देर रात टैंकर की टक्कर से इंडिका कार टैंकर और ट्रक के बीच फंसकर पिस गयी जिसमे कार चालक सहित दो महिला एव एक पुरुष की मौत हो गई। कार में सवार एक अन्य किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों के बीच फंसकर कार चकनाचूर हो गई। मसौली पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद और घायल किशोरी व चारों शवों को निकाला। घायल महिला को जिला अस्पताल भिजवाया गया जहां से गम्भीर अवस्था में ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। बीती मध्यरात्रि इंडिका कार नम्बर यूपी 32 एफ़एन 1505 के कार चालक सिराज अहमद पुत्र रौनक अली निवासी ग्राम बंजरिया थाना हरदीपुर बहराईच केरल से आये बशीर खां पुत्र मेराज खां को एयरपोर्ट लखनऊ से लेकर बहराईच जा रहे थे। रास्ते में नेपाल देश की रहने वाली भीमा उसकी पुत्री अंजू व बहन दीपा मिल गयी जिसे कार में बिठा लिया। गाड़ी बाराबंकी शहर पार कर शहाबपुर टोल प्लाजा के पास पहुंची ही थी कि पीछे से आ रहे टैंकर नम्बर यूपी 53 बीटी 2745 का टायर पंचर हो गया जिससे टैंकर अनियन्त्रित होकर कार को चपेट में लेते हुए पूर्व से रोड़ के नीचे खड़े ट्रक नम्बर यूपी 41 एटी 5354 से सट गया, जिससे कार दोनों बड़े वाहनों के बीच बुरी तरह पिस गयी जिससे इंडिका कार पूरी तरह चकनाचूर हो गयी। मध्यरात्रि टोल प्लाजा के निकट हुई भीषण दुर्घटना के कारण हड़कम्प मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस कार में बुरी तरह फंसे चालक सिराज पुत्र रौनक अली निवासी बंजरिया थाना हरदीपुर व तुला मंझौला जनपद बहराईच व 26 वर्षीय बशीर खां पुत्र मेराज खाँ निवासी ग्राम तुला मंझौला गुलटी बहराईचए 40 वर्षीय भीमा पत्नी मुकेश ग्राम रात्ती थाना कातनापुर जनपद बांके नेपाल व 15 वर्षीय धीमा की पुत्री अंजू को बाहर निकालते तब तक मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के भेज दिया है तथा दुर्घटना में भीमा की छोटी बहन 22 वर्षीय दीपा पुत्री नन्दलाल खत्री ग्राम मधवा थाना शमशेरगंज जनपद बांके नेपाल गम्भीर रूप से घायल हो गयी जिसे मसौली पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया हालात गम्भीर होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया है। प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र शर्मा ने बताया कि मध्यरात्रि हुई भीषण दुर्घटना में कार चालक सहित चार लोगो की मौत हो गई है तथा सभी मृतको के परिजन आ गये है घायल महिला को ट्रामा सेंटर लखनऊ में भर्ती कराया गया है तथा तीनों वाहनों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

# डीएम कार्यालय में युवक ने केरोसिन डालकर किया आत्मदाह का प्रयास

**संवाददाता**। बाराबंकी



**पुलिसिया** कार्रवाई से परेशान एक युवक ने मंगलवार को डीएम कार्यालय के सामने मिट्टी का तेल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया किंतु आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचा लिया। घटना से जिला कलेक्ट्रेट प्रांगण में अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। आनन-फानन में पहुंचे अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया जानकारी के अनुसार मामला सतरिख थाना क्षेत्र के एक गांव का है पीड़ित फरियाद अली ने बताया कि गांव के ही लोगों से उसका जमीनी विवाद चल रहा है । जिसको लेकर वह बीते कई दिनों से सतरिख थाने का चक्कर लगा रहा था, मगर पैसों के अभाव में थाने के दरोगा लालता प्रसाद द्वारा उसे बार-बार दौड़ाया जा रहा था जिससे वह काफी परेशान हो गया था, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ भी नहीं हो रहा था। पीड़ित ने बताया कि इस संबंध में उसने उच्चाधिकारियों से भी शिकायत की लेकिन उसकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है जिससे वह काफी परेशान रहता थक हार कर आज उसने यह कदम उठाया फिलहाल उसके इस कदम से जिला कलेक्ट्रेट प्रांगण में कार्यालय के गार्ड एवं अधिवक्ताओं ने पहुंचकर उसकी जान बचाई घटना की जानकारी होने पर अधिकारियों के भी होश उड़ गए मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन दीया तब जाकर स्थिति सामान्य हो सकी इसी के साथ पुलिसिया कार्यशैली की पोल भी खुल कर सामने आ गई भाजपा सरकार में पुलिस गरीबों के साथ किस प्रकार से न्याय कर रही है इसका अंदाजा उपरोक्त घटना से ही लगाया जा सकता ऐसे में यह कहना अतिशयोक्ति न होगा की सरकार की छवि पुलिस ही धूमिल कर रही है।

# कोर्ट के आदेश पर चार के खिलाफ हत्या का केस दर्ज

**संवाददाता**। लालगंज ( **प्रतापगढ़** )

**कोर्ट** के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ युवक का अपहरण कर हत्या का केस दर्ज किया है। कोतवाली के उमरपुर निवासी रामलखन सरोज ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती 12 अक्टूबर को आरोपियो ने अवैध सम्बन्ध की शंका मे उसके बेटे की हत्या कर लाश नाले मे फेंक दिया था। पीडित ने घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी किंतु दुर्घटना के नाम पर जांच के बहाने पुलिस मुकदमा नही दर्ज कर रही थी। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। पीड़ित की तहरीर के मुताबिक गांव के हरिश्चंद्र बोलेरो चलाया करता है। हरिश्चंद को शंका हो गई कि पीड़ित के बेटे विवेक का उसकी पुत्री के साथ अवैध सम्बन्ध है। बीती 10 अक्टूबर को आरोपी हरिश्चंद्र ने मृतक विवेक 21 को बुलवाया तथा बोलेरो पर यह कहकर कि रिश्तेदारी दावत मे चलना है। विवेक को बोलेरो पर अपने साथ ले जाने वालों मे हरीलाल तथा अशोक व कमलेश भी शामिल रहे। आरोप है कि आरोपियो ने उसके बेटे को कोतवाली के लोहंग नाले मे मारकर फेंक दिया।

देर शाम तक जब विवेक घर वापस नही लौटा तो उसकी मां ने फोन किया। इस पर मृतक का मोबाइल स्विच आफ निकला। बारह अक्टूबर को शाम मृतक विवेक का शव नाले से बरामद हुआ। घटनास्थल से दो सौ मीटर दूर पर मृतक की बाइक भी पड़ी मिली। कोर्ट के आदेश पर आरोपी हरीलाल, हरिश्चंद्र, अशोक व कमलेश के खिलाफ पुलिस ने सोमवार की रात हत्या का केस दर्ज किया। इस बाबत कोतवाल संजय यादव का कहना है तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है, जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

# पुनरीक्षण में लापरवाही पर आठ लेखपालों का रुका वेतन

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। खतौनी पुनरीक्षण के कार्य मे लापरवाही को लेकर एसडीएम ने आठ ग्राम पंचायतो के लेखपालो का वेतन रोकने का आदेश दिया है। एसडीएम के आदेश को लेकर मंगलवार को तहसील मे हडकंप मचा रहा। शासन द्वारा वर्ष 2021 मे तहसील के छप्पन ग्रामों मे खतौनी पुनरीक्षण का अभियान चलाया जा रहा है। समीक्षा मे तहसील के आठ लेखपाल अंश निर्धारण मे लापरवाह पाये गये। कनवर्जन कार्य मे लेखपालों की लापरवाही को लेकर एसडीएम ने तहसील मे तैनात खालसा सादात के लेखपाल सूर्यप्रकाश मिश्र, देवराज शुक्ला डोमीपुर, दिनेश उपाध्याय डीहमेंहदी, अमर सिंह पूरे टोडर, रामबिहारी मिश्र सांगीपुर, वीरेन्द्र प्रताप सिंह नरवल व रामअनुराग कैरा तथा पूरे बंशी के लेखपाल का वेतन रोकने का आदेश पारित किया है।

# शिकायतकर्ताओं का निस्तारण समयबद्ध करें: डीएम

### सदर सम्पूर्ण समाधान दिवस में 135 शिकायतकर्ता आए, सात का मौके पर निस्तारण

**संवाददाता**। प्रतापगढ़

**मंगलवार** को सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार की अध्यक्षता में तहसील सदर में आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने भी शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना।

सदर सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 135 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से सात शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। कुल प्राप्त 135 शिकायतों में से 79 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 30, विकास विभाग से 11, शिक्षा विभाग से एक, चकबन्दी विभाग से छह एवं आठ अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज जिलाधिकारी के समक्ष शिकायतकर्ता रूस्तम हरिजन निवासी रामनगर अठगंवा, ब्लाक सदर ने शिकायत किया कि ग्राम प्रधान के बेटे ने शौचालय निर्माण हेतु आयी हुई धनराशि को मुझसे ले लिया है, इस शिकायत को संज्ञान में लेते हुये जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी सदर को निर्देशित किया कि प्रकरण की जांच कराकर दोषी आवश्यक कार्यवाही की जाये। इसी प्रकार शिकायतकर्ता सुनील कुमार पाण्डेय निवासी रामनगर अठगंवा ने शिकायत किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के मजदूरी की धनराशि अब तक प्राप्त नही हुई है जिस पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी सदर को निर्देशित किया कि मजदूरी की धनराशि तत्काल अवमुक्त करने की कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिला स्तरीय अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि आज के सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनता की जो शिकायतें प्राप्त हो रही है इन शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुये कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही को बहुत ही गम्भीरता के साथ लिया जायेगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर मोहन लाल गुप्ता सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**संवाददाता**। बाराबंकी

**आमजन** की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह नवम्बर के प्रथम मंगलवार को तहसील हैदरगढ़ में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी डॉ.आदर्श सिंह ने पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द ने फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान कुल 258 प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से मौके पर 11 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जन समस्याओं का निस्तारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है इसलिए सभी अधिकारी विभिन्न स्तरों से प्राप्त जन शिकायतों का गुणवत्तापरक समयबद्धता के साथ निस्तारण करायें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी अधिकारी कोविड.19 के संक्रमण के रोकथाम एवं बचाव का पालन करते हुए अपने कार्यालय के स्टाफ को भी इसका पालन करायें। धान क्रय केन्द्रों का सुचारू रूप से संचालन किया जाए।

# थ्रेसर की चपेट में आने से किशोर की दर्दनाक मौत

### कोतवाली रामनगर अंतर्गत भवानीगंज गांव का मामला

**संवाददाता**। रामनगर ( **बाराबंकी** )

**भवानीगंज** गांव में मंगलवार की सुबह एक किशोर की धान की मड़ाई कर रहे थ्रेसर मशीन कीचपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार मसौली थाना अंतर्गत ग्राम देवकलिया निवासी मो. हारून का 12 वर्षीय बेटा अयान अपने रिश्तेदार के घर गया था मंगलवार की सुबह धान की फसल से मवेशियों के लिये चारा काटते समय थ्रेसर में फंस गया और अयान का सिर धड़ से अलग हो गया। उसकी घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है जबकि अयान की मौत के बाद परिवारीजनों का रो-रोकर बुराहाल है और घर मे मातम पसरा हुआ है।

## इंसानियत को खत्म करने का काम कर रहा है चीनः राजा

**बाराबंकी**। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के सह संयोजक राजा कासिम ने कहा चीन पूरी इंसानियत को खत्म करने का भरपूर प्रयास कर रहा है। अभी कोरोना महामारी से दुनिया उबर भी नहीं पायी थी कि इस्लाम के आखिरी पैगंबर हुजूर सल्लाहे वाले वसल्लम का चित्र बनवाकर अपनी सरकारी मीडिया सीसी टीवी के माध्यम से प्रसारित करके दुनिया में सम्प्रदायिक दंगे करवाकर मानव जाति को समाप्त करने का पुनः षडयंत्र रचा है।

चीन की सदबुद्धि के लिए राजा कासिम के नेतृत्व में मंच के कार्यकर्ता ने हाजी वारिस अली शाह में चादर चढ़ा कर दुआ की।

दुआ करने वालों में आरएसएस प्रचारक तुषार कान्त, वारसी, ताहिर किदवई, सभासद विशाल सोनी उपस्थित रहे।

## डीएम ने प्रचार वाहन को किया रवाना

**बाराबंकी**। जिलाधिकारी डॉ. आदर्श सिंह ने सतरंग कार्यक्रम के तहत कौशल विकास योजना के प्रचार-प्रसार के लिए जिलाधिकारी आवास से एलईडी वैन व सांस्कृतिक दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। एलईडी वैन के माध्यम से कौशल विकास योजना के प्रचार.प्रसार के साथ सांस्कृतिक दल द्वारा नुक्कड़ नाटक के कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस वाहन से लोगों को कौशल विकास की योजनाओं के प्रति जागरूकता आएगी और वे रोजगार से जुड़ी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। एलईडी वैन एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कौशल विकास योजना का प्रचार.प्रसार एवं जागरूकता जनपद भर में किया जायेगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# धान क्रय केन्द्रों पर अनियमितता व किसान उत्पीड़न से वकील आक्रोशित

**संवाददाता**। लालगंज ( **प्रतापगढ़** )



**धान** क्रय केन्द्रों पर अनियमितता व चकबंदी विभाग में काश्तकारों के उत्पीडन को लेकर मंगलवार को वकीलो ने समाधान दिवस मे हंगामा काटा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश की अगुवाई मे वकीलो के जत्थे ने नारेबाजी करते हुए समाधान दिवस मे चकबंदी विभाग तथा धान क्रय केन्द्रो पर अनियमितताओ का आरोप लगाते हुए गुस्से का इजहार किया। अध्यक्ष अनिल महेश ने कहा कि धान क्रय केन्द्रो पर किसानो की धान की खरीद नही हो रही है। विभाग के लोग राइसमिल संचालकों से मिलीभगत कर कालाबाजारी कर रहे है। वहीं उन्होने पिछले वर्ष धान की खरीद मे किसानो की बोरियों को वापस न किये जाने पर लाखो के घोटाले का भी आरोप लगाया है। ज्ञापन मे चकबंदी विभाग पर भी किसानो की चक की अदलाबदली को लेकर मातहतो द्वारा गांव गांव वसूली का आरोप लगाते हुए छोटे काश्तकारों को परेशान किये जाने पर भी वकीलों ने नाराजगी जताई। एसडीएम राम नारायण ने वकीलों को समझा बुझाकर माहौल शांत कराया। ज्ञापन देने के पहले भी वकीलो ने एसडीएम कोर्ट के सामने नारेबाजी की। वहीं प्रशासन को कार्रवाई न होने पर संयुक्त किसान आंदोलन शुरू किये जाने को लेकर आगाह भी किया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने एसडीएम को कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, उपाध्यक्ष विनय शुक्ल, हरिशंकर द्विवेदी आदि मौजूद थे।

## आठ गुण्डे किए गए जिला बदर

**अमेठी**। जिन व्यक्तियों का आस.पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नही करता है ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ा रूख अपनाते हुये अपर जिला मजिस्ट्रेट वंदिता श्रीवास्तव ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने जिन 08 गुण्डों को जिला बदर किया है उनमें विपिन सिंह पुत्र धीरेंद्र सिंह निवासी शीतलाबक्स का पुरवा मजरे फूलपुर थाना संग्रामपुरए शेर बहादुर पुत्र अमीन निवासी ग्राम पुरे सिक्का मजरे उड़वा थाना जायसए शहजाद उर्फ टिडी पुत्र नौशाद निवासी ग्राम मकदूपुर कला थाना बाजार शुकुलए मैकूलाल उर्फ़ मक्कू पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम ढडरूवा मजरे पाकरगांव थाना मोहनगंज शामिल हैं।

# साइबर अपराध जागरूकता पर वेबिनार का आयोजन



सिरौलीगौसपुर ( **बाराबंकी** )। राष्ट्रीय सेवा योजनाए उत्तर प्रदेश कॉलकम के तत्वावधान एवं यूनिसेफयूपी के सहयोग से साइबर अपराध जागरूकता अभियान चलो एक साइबर सुरक्षित महिला बनेंए मिशन शक्ति-2020 के अंतर्गत के विषय पर वेबिनार का आयोजन किया। इसका मुख्य उददेश्य महिलाओं को साइबर क्षेत्र में सुरक्षित एवं सशक्त बनाना हैं । वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित बाराबंकी पुलिस अधीक्षक आई पी एस डॉ अरविंद चतुर्वेदी एवं मुख्य अतिथि के रूप में पधारे उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा निदेशक डॉ अमित भारद्वाज और एन एस एस के राज्य संपर्क अधिकारी अंशुमालि शर्मा मौजूद रहे। निदेशक उच्च शिक्षा डॉ अमित भरद्वाज ने एनएसएस द्वारा ऑनलाइन साइबर अपराध जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया कहा कि पूरे प्रदेश में बालिकाओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया जाएगा । इन सभी मुख्य जनों का स्वागतए अध्यक्षता कर रहे डॉ संजीव शर्मा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत ने सहज एवं सरल वाणी के माध्यम से किया। बताते चले कि भारत में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों मेंए साइबर क्राइम बहुत ही बढ रहा है। ऐसे में इस वेबिनार की भूमिका और बढ़ जाती है जहां महिलाओं को ऐसा माहौल दिया जाए जहां वे अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके । मिशन शक्ति उत्तर प्रदेश सरकार की एक पहल है, जहां महिलाओं को सशक्त बनाया जाए और उन्हें इस काबिल बनाया जाए जहाँ वे सभी चुनौतीयो का डट कर सामना करे।

## बन्दोईया कांड को लेकर ब्राह्मण समाज ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

गौरीगंज ( **अमेठी** )। बीते दिनों मुंशीगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत बंदोइया गांव में प्रधान पति की हत्या के मामले में राजनीतिक साजिश के तहत निर्दोष लोगों को फंसाने का आरोप लगाते हुए ब्राह्मण स्वाभिमान एकता मंच ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंप कर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। मंगलवार को बंदोइया में हुए हत्याकांड को लेकर ब्राह्मण स्वाभिमान एकता मंच अध्यक्ष दिनेश तिवारी की अगुवाई में कार्यकर्ताओ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में संगठन के पदाधिकारियों ने बीते 29 अक्टूबर को मुंशीगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बंदोईया में ग्राम प्रधान छोटका के पति अर्जुन कोरी की निर्मम तरीके से हुई हत्या के मामले में कुछ राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा राजनीतिक साज़िश के तहत निर्दोष नाबालिग लोगों को फंसाने का आरोप लगाया।

# मेहंदी प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाए हुनर



सिरौलीगौसपुर ( **बाराबंकी** )। सीता देवी महाविद्यालय मेंपारिजात धाम बरौलिया विगत वर्ष की भांति इस बार भी मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं ने कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए उचित दूरी एवं सुरक्षा का अनुपालन किया । इस प्रतियोगिता में उम्मे हरम, रागिनी, काजल, प्राची, नेहा और वंदना मिश्रा आदि ने प्रति भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर अर्चना त्रिपाठी तथा समस्त प्रवक्ता श्रीमती रेनू सिंह, अलका सैनी, श्रीमती विमलेश, शिवांगी शुक्ला, आमीना इकबाल, ऋतु जैन, रंजू जायसवाल, पंकज तिवारी, डॉक्टर प्रत्युष, ललित चतुर्वेदी, जीएस त्रिपाठी, राहुल अवस्थी, सर्वेश, अमित, मनीष कुमार एवं रमाकांत आदि ने उपस्थित होकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंदना मिश्रा रागिनी तिवारी द्वितीय स्थान काजल दीक्षित प्राची जयसवाल नेहा तिवारी एवं तृतीय स्थान उम्मे हरम पूजा देवी अर्चना मिश्रा ने सांत्वना प्राप्त किया ।

## सपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचायें: तिलक

**ललितपुर**। समाजवादी पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर प्रतिदिन आमजन पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। लगातार बढ़ रहे जनाधार से जहां एक ओर पार्टी को मजबूती मिल रही है तो वहीं वरिष्ठ पदाधिकारियों व नये कार्यकर्ताओं में जोश का संचार हो रहा है। वर्तमान में एमएलसी चुनाव का शंखनाद हो चुका है। एमएलसी स्नातक क्षेत्र के चुनाव की तिथियां घोषित होते ही समाजवादी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सक्रियता से अपने दायित्वों के निर्वाह्न में जुट गया है। मंगलवार को समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष तिलक यादव एडण् के स्टेशन रोड स्थित आवास इन्द्रप्रस्थ पर दर्जनों लोगों ने पहुंच कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता लेने वालों में अमित, विकास, वीरेन्द्र, राजीव, राजेन्द्र, विक्रान्त, अर्जुन, इन्द्रजीत बाल्मीकि, अजय बाल्मीकि, संतराम बाल्मीकि, अजित बाल्मीकि आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पीड़ित की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर करें निस्तारण: डीएम



**संवाददाता**। अमेठी

**शासन** के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के अंतर्गत आज जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में खुले मैदान एवं कोविड.19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान विधायक तिलोई मयंकेश्वर शरण सिंह ने भी जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की जन समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायेए शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की सबसे ज्यादा शिकायतें आई हैं जिसमें अवैध कब्जा से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई हैं उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिए कि गांव में जाकर निरंतर भ्रमण कर अवैध कब्जा सहित छोटे.मोटे विवाद निपटाएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्रवाई अमल में लाई जायें।